सूर्योदय : 6:55
सूर्यास्त : 5:25
अधिकतम तापमान : 21.0
न्यूनतम : 11.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-191 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, गुरुवार, 02 जनवरी 2025
01 रजब 1446 हिजरी



हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com




## साल के पहले दिन मोदी सरकार का किसानों को बड़ा तोहफा

# डीएपी पर सब्सिडी बढ़ाने का एलान

**मोदी कैबिनेट**
**1350**
**रुपये में मिलेगी डीएपी**



**नई दिल्ली।** नए साल के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट ने किसानों को लेकर अहम फैसले लिए हैं। कैबिनेट ने डीएपी खाद पर सब्सिडी और फसल बीमा योजना को लेकर किसानों को सौगात दी है। इन मामलों पर अब पीएम मोदी की ओर से प्रतिक्रिया आई है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को फसल बीमा योजना के लिए आवंटन बढ़ाने सहित केंद्रीय मंत्रिमंडल के कुछ अन्य फैसलों का उल्लेख करते हुए कहा कि नये साल में सरकार का पहला फैसला किसानों को समर्पित है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक के बाद एक पोस्ट में यह भी कहा कि उनके नेतृत्व वाली केंद्र सरकार किसानों के कल्याण को आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस फैसले का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, नए वर्ष का पहला निर्णय हमारे देश के करोड़ों किसान भाई-बहनों को समर्पित है। हमने फसल बीमा के लिए आवंटन बढ़ाने को मंजूरी दी है। इससे जहां अन्नदाताओं की फसलों को और ज्यादा सुरक्षा मिलेगी, वहीं नुकसान की चिंता भी कम होगी। उन्होंने कहा, हमारी सरकार किसानों के कल्याण को आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। हमें अपने सभी किसान बहनों और भाइयों पर गर्व है जो हमारे राष्ट्र का पेट भरने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। 2025 का पहला, मंत्रिमंडल का फैसला हमारे किसानों की समृद्धि बढ़ाने के लिए समर्पित है। मुझे खुशी है कि इस संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। प्रधानमंत्री ने केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा किसानों को सस्ती दर पर डीएपी उर्वरक की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए एकमुश्त विशेष पैकेज को 3,850 करोड़ रुपये तक बढ़ाने के फैसले का जिक्र करते हुए कहा कि इससे किसानों को सस्ती कीमतों पर डीएपी की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। मंत्रिमंडल के इस फैसले से किसानों को डाय-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) की 50 किलो वजन की एक बोरी 1,350 रुपये में मिल सकेगी।

### प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना 2026 तक बढ़ी

प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने वर्ष 2021-22 से लेकर वर्ष 2025-26 तक कुल 69,515.71 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना को 2025-26 तक जारी रखने की मंजूरी दे दी। इस निर्णय से 2025-26 तक देश भर के किसानों को नहीं रोके जा सकने योग्य प्राकृतिक आपदाओं से फसलों के जोखिम कवरेज में मदद मिलेगी।

# एक साथ पांच हत्याओं से दहल उठा लखनऊ

- पिता की मदद से बेटे ने की थी हत्याएं
- गला रेतने के साथ काट दी थी हाथ की नसें

**होटल में खूनी खेल**
आरोपी पुलिस की गिरफ्त में




**लखनऊ।** लखनऊ में बुधवार की सुबह एक होटल में एक ही परिवार के पांच सदस्यों की हत्या कर दी गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आरोपी व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) (मध्य लखनऊ) रवीना त्यागी ने कहा कि घटना नाका क्षेत्र में स्थित होटल शरनजीत में हुई। त्यागी ने बताया, आरोपी की पहचान अरशद (24) के रूप में हुई जिसने अपने ही परिवार के पांच सदस्यों की कथित तौर पर हत्या कर दी। इस घटना के बाद स्थानीय पुलिस ने त्वरित कार्वाई करते हुए उसे घटनास्थल से ही पकड़ लिया। पुलिस के मुताबिक, मृतकों की पहचान आलिया (नौ), अलशिया (19), अक्सा (16), रहमीन (18), सभी अरशद की बहनें और अस्मा (आरोपी युवक की मां) के रूप में हुई है। त्यागी ने बताया कि 24 वर्षीय अरशद आगरा का रहने वाला है और प्रारंभिक पूछताछ से पता चला कि उसने घरेलू विवाद के कारण इस घटना को अंजाम दिया। उन्होंने कहा कि फॉरेंसिक टीम को साक्ष्य एकत्रित करने के लिए घटनास्थल पर भेजा गया है और इस मामले की विस्तृत जांच शुरू की गई है। घटनास्थल पर पहुंचे संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध एवं मुख्यालय) बबलू कुमार ने संवाददाताओं को बताया कि फॉरेंसिक टीम साक्ष्य संग्रह करने के लिए सक्रियता के साथ जांच कर रही है और वरिष्ठ अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है। उन्होंने कहा, ''होटल के कर्मचारियों से भी पूछताछ की जा रही है और किसी भी तथ्य के सामने आते ही, उसे मीडिया के साथ साझा किया जाएगा।

## न्यूज डायरी

### रामनगरी में उमड़ा भक्तों का सैलाब



**अयोध्या।** राम नगरी अयोध्या में नए साल का जश्न श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने नववर्ष की शुरुआत श्रीरामलला के आशीर्वाद से की। सरयू तट से श्रीरामलला के दरबार तक पूरा वातावरण जय-जय श्रीराम...से गूंजता रहा। कोहरे और ठंड पर आस्था भारी पड़ी। रामलला की मंगला आरती से शुरु हुआ दर्शन-पूजन का सिलसिला शयन आरती तक जारी रहा। देर शाम तक दो लाख से अधिक भक्तों ने हाजिरी लगाई। श्रद्धालुओं की श्रद्धा, भक्तिभाव और उत्साह का नजारा अयोध्या को आध्यात्मिकता का एक बड़ा केंद्र बना गया।

### जमीन तलाशने की प्रक्रिया शुरू की

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री



दिवंगत डॉ मनमोहन सिंह के स्मारक के लिए जगह तलाशने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अंतिम चयन के लिए पूर्व पीएम के परिवार से भी बातचीत जारी है। सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) के अधिकारियों ने राष्ट्रीय स्मृति स्थल में संजय गांधी स्मारक के आसपास के स्थलों का दौरा किया और कुछ स्थानों की पहचान की जहां एक स्मारक बनाया जा सकता है।

### जेल नियमावली में संशोधन

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जेलों में कैदियों के साथ उनकी जाति के आधार पर भेदभाव और वर्गीकरण की जांच करने के लिए जेल नियमावली में संशोधन किया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को भेजे गए पत्र में कहा है कि कैदियों के साथ किसी भी तरह के जाति आधारित भेदभाव के मुद्दे को सुलझाने के लिए ''आदर्श कारागार नियमावली, 2016'' और ''आदर्श कारागार एवं सुधार सेवा अधिनियम, 2023'' में संशोधन किया गया है। कैदियों के साथ जाति आधारित भेदभाव पर उच्चतम न्यायालय के तीन अक्टूबर, 2024 के आदेश के मद्देनजर ये बदलाव किए गए हैं।

# कोर्ट ने आठ पाकिस्तानी नागरिकों को सुनाई 20 साल कैद की सजा

**मुंबई।** मुंबई की एक विशेष अदालत ने 2015 में करीब सात करोड़ रुपये मूल्य के 200 किलोग्राम से अधिक मादक पदार्थ जब्त करने के मामले में आठ पाकिस्तानी नागरिकों को बुधवार को 20 साल कारावास की सजा सुनाई। मादक पदार्थ निषेध से संबंधी एनडीपीएस अधिनियम मामलों के विशेष न्यायाधीश शशिकांत बांगर ने आठ लोगों को मादक पदार्थ निरोधक कानून के तहत इन अपराधों का दोषी ठहराया। एनडीपीएस अधिनियम के तहत दोषियों को 20 साल जेल की सजा सुनाई गई। अदालत ने दोषियों पर दो-दो लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। वर्ष 2015 में तटरक्षक बल ने गुजरात तट के पास 6.96 करोड़ रुपये मूल्य की 232 किलोग्राम हेरोइन ले जा रही एक नौका से आरोपियों को गिरफ्तार किया था। अभियोजन पक्ष के अनुसार, नौका पर 11 ड्रम थे जिनमें 20 प्लास्टिक की थैलियां थीं जिनमें गेहुंआ भूरे रंग का पाउडर था। अभियोजन पक्ष ने कहा कि हर



पैकेट की सामग्री की जांच करने पर पता चला कि गेहुंआ भूरे रंग का पाउडर हेरोइन है। आठ पाकिस्तानी नागरिकों के पास से तीन सैटेलाइट फोन, जीपीएस (ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम) नेविगेशन चार्ट तथा अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी बरामद किए गए। बाद में उन्हें दक्षिण मुंबई स्थित येलो गेट पुलिस को सौंप दिया गया। विशेष लोक अभियोजक सुमेश पुंजवानी ने आरोपियों के लिए अधिकतम सजा का अनुरोध करते हुए कहा कि यह अन्य मादक पदार्थ तस्करों के लिए सबक हो सकता है।

# अमेरिका में आतंकी हमला, दस की मौत

## लुइसियाना में नए साल के जश्न पर हुआ हादसा, 30 से ज्यादा लोग घायल

- आरोपी ने जानबूझकर लोगों पर चढ़ाया ट्रक

**न्यू आर्लीन्स।** अमेरिका के लुइसियाना राज्य के न्यू आर्लीन्स में एक वाहन भीड़ में घुस गया, जिससे दस लोगों की मौत हो गई। जबकि 30 से ज्यादा लोग घायल हो गए। घटना बोर्बन स्ट्रीट पर नए साल के जश्न के दौरान हुई।



समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस ने कानून प्रवर्तन अधिकारियों के हवाले से कहा, पुलिस के साथ मुठभेड़ के बाद न्यू आर्लीन्स की घटना का संदिग्ध मारा गया। न्यू आर्लीन्स पुलिस ने कहा कि वह इस भीषण हादसे से निपट रहे हैं। एक कार ने कथित तौर पर लोगों को कुचला। न्यू आर्लीन्स के मेयर लाटोया कैंट्रेल ने इसे आतंकवादी हमला कहा है। मीडिया से बातचीत में कैंट्रेल ने कहा, हमें पता है कि न्यू आरलीन्स शहर पर आतंकवादी हमला हुआ है। घटना की जांच चल रही है। वहीं, मेयर के बयान के कुछ समय बाद एफबीआई एजेंट ने मीडिया से कहा कि यह कोई आतंकवादी घटना है या नहीं इसकी जांच चल रही है। हालांकि, एफबीआई के न्यू आर्लीन्स कार्यालय की प्रभारी एलेथिया डंकन ने कहा, घटना स्थल पर एक परिष्कृत विस्फोटक उपकरण (आईईडी) बरामद हुआ है। हम यह पुष्टि करने का प्रयास कर रहे हैं कि घटना स्थल पर इसका उपयोग हुआ है या नहीं। राष्ट्रपति जो बाइडेन को भी घटना की जानकारी दे दी गई है। पुलिस अधीक्षक ऐनी किर्कपैट्रिक ने बताया कि हादसा शहर के सीजर्स सुपरडोम में आयोजित कॉलेज फुटबॉल क्वार्टरफाइनल ऑलस्टेट बाउल के शुरू होने से कुछ घंटे पहले हुई। लोग बुधवार तड़के 3:15 बजे नए साल का जश्न मना रहे थे। आरोपी ने पिकअप ट्रक को तेजी से चलाते हुए बॉर्बन स्ट्रीट पर जश्न मना रहे लोगों की भीड़ पर चढ़ा दिया।

मरने वाले और घायल सभी स्थानीय निवासी हैं। इसमें कोई आगंतुक नहीं है। किर्कपैट्रिक ने बताया कि आरोपी ने लोगों की भीड़ पर जानबूझकर तेज गति से ट्रक चलाया। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि आरोपी हिरासत में है या नहीं या उसकी हालत क्या है

## यूपी में ट्रैफिक रूल तोड़ने वालों पर सख्त हुई योगी सरकार

# बार-बार चालान होने पर निरस्त होगा लाइसेंस

- दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए जागरुकता जरूरी
- उप्र राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की सीएम ने बैठक की

### एंबुलेंस का रिस्पॉन्स टाइम न्यूनतम करें

एंबुलेंस का रिस्पॉन्स टाइम न्यूनतम करें। स्कूलों-कॉलेजों में रोड सेफ्टी क्लब की तर्ज पर प्रत्येक जनपद में रोड सेफ्टी पार्क बनाए जाएं। रोड सेफ्टी अवेयरनेस कार्यक्रमों से स्कूली बच्चों को जोड़ते हुए यातायात नियम से जुड़े विषयों पर नाटक, संगीत, कविता, निबंध, संगोष्ठी, भाषण, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिताएं कराई जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि परिवहन निगम के बसों के ड्राइवरों की नियमित स्वास्थ्य जांच अनिवार्य रूप से कराई जाए। बसों की फिटनेस का भी ध्यान रखा जाए। हर निकायों में वेंडिंग जोन बनाकर रेहड़ी-पटरी वालों को स्थापित किया जाए। ट्रॉमा सेंटर में पहुंचाएं। सड़कों पर कहीं भी अवैध स्टैंड न लगे, उनके लिए स्पेस बनाया जाए।



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नव वर्ष के पहले दिन बुधवार को उप्र राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक ली। उन्होंने सभी विभागों को सड़क सुरक्षा से संबंधित आवश्यक निर्देश दिए। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जनपदीय सड़क सुरक्षा समिति जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 5 जनवरी तक हर हाल में बैठक संपन्न कर लें। उन्होंने कहा कि ओवरलोडिंग कतई बर्दाश्त नहीं है। इसे स्टॉर्टिंग पॉइंट पर ही रोका जाए। एक्सप्रेस व हाइवे पर लोडेड वाहन भी खड़े रहते हैं, जो दुर्घटना का कारण बनते हैं। इन वाहनों को क्रेन के माध्यम से हटवाया जाए। हेलमेट, सीट बेल्ट तथा सड़क सुरक्षा के अन्य मानकों को अपनाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाकर प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी वाहन का बार-बार चालान होने पर लाइसेंस/परमिट निरस्तीकरण आदि की कार्रवाई की जानी चाहिए। इस कार्रवाई को अनिवार्य रूप से फॉस्टैग से जोड़ा जाए। सूचना, परिवहन व सड़क सुरक्षा से जुड़े विभागों की तरफ से अपील करने वाली होर्डिंग लगाई जाए। इसे सभी 75 जनपदों, 350 तहसीलों, 1500 थानों व सभी नगर निकायों के बाहर भी लगाया जाए। राहगीरों/आमजन को जागरूक किया जाए कि दुर्घटना को देखकर भागें नहीं, बल्कि घायलों को गोल्डेन ऑवर के अंदर समीप के हॉस्पिटल या

# जैश-ए-मोहम्मद के आतंकियों की मदद वाले चार गिरफ्तार



**श्रीनगर।** आतंकवाद के खिलाफ एक बड़ी सफलता में सुरक्षा बलों ने बुधवार को कहा कि उन्होंने जम्मू-कश्मीर के त्राल से प्रतिबंधित संगठन जैश-ए-मोहम्मद के चार आतंकवादी सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। सुरक्षा बलों ने कहा कि उनकी गिरफ्तारी के दौरान उनके पास से आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद की गई। जम्मू कश्मीर के सांबा और जम्मू जिलों में दो कथित अपराधियों को जन सुरक्षा अधिनियम (पीएसए) और स्वापक औषधि एवं मन प्रभावी पदार्थ (पीआईटी-एनडीपीएस) अधिनियम के तहत हिरासत में लिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि विजयपुर निवासी राहुल कुमार को हिरासत में लेने का औपचारिक आदेश सांबा जिला मजिस्ट्रेट से प्राप्त करने के बाद पीएसए के तहत मामला दर्ज किया गया और बाद में उसे कठुआ जिला जेल ले जाया गया। उन्होंने कहा कि कुमार की कुख्यात आपराधिक गतिविधियों ने क्षेत्र में सार्वजनिक शांति और सौहार्द के लिए गंभीर खतरा पैदा किया है।

# मुंबई हमले के मास्टर माइंड तहव्वुर राणा को जल्द लाया जाएगा भारत

**भारत की बड़ी कामयाबी**

- 26/11 मुंबई हमले के आरोपी तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण का रास्ता साफ
- 2009 में एफबीआई ने राणा को किया था गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** भारत को 26/11 मुंबई आतंकी हमला मामले में बड़ी सफलता मिली है। पाकिस्तानी मूल के कनाडाई कारोबारी तहव्वुर राणा को भारत में लाने का रास्ता साफ हो गया है। अमेरिका की अदालत ने अब प्रत्यर्पण पर मुहर लगा दी है। एफबीआई ने साल 2009 में राणा को शिकागो से दबोचा था।

तहव्वुर राणा मौजूदा समय में लॉस एंजिल्स की जेल में बंद है। 63 वर्षीय राणा ने लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी डेविड कोलमन हेडली को मदद पहुंचाई थी। हेडली मुंबई अटैक का मास्टरमाइंड है। भारत उसके भी प्रत्यर्पण की मांग लंबे समय से करता आ रहा है।

अब भारत-अमेरिका प्रत्यर्पण संधि के तहत राणा को लाने का रास्ता साफ हो गया है। अदालत में भारत ने राणा के खिलाफ मजबूत साक्ष्यों को रखा। इसके बाद अमेरिका अदालत ने कहा कि भारत में राणा के खिलाफ लगे आरोप अमेरिका से अलग हैं। हालांकि वह अमेरिका के आरोपों के तहत बरी हो चुका है।

अदालत ने माना कि डेविड हेडली की मदद पहुंचाने वाले राणा के खिलाफ भारत के सुबूत मजबूत हैं। इन साक्ष्यों को आधार पर अब राणा को जल्द भारत लाया जाएगा। 2011 में अमेरिका की एक अदालत ने राणा को आतंकी हमलों को बढ़ावा देने के आरोपों से बरी कर दिया। मगर लश्कर-ए-तैयबा को मदद पहुंचाने और डेनमार्क में आतंकी साजिश मामले में उसको दोषी ठहराया गया था। डेविड हेडली ने भी राणा के खिलाफ गवाही दी थी। उसे मुंबई हमले की पूरी जानकारी थी। वह पाकिस्तान में आतंकी आकाओं के संपर्क में भी था। जानकारी के मुताबिक तहव्वुर राणा का संबंध पाकिस्तान की कुख्यात खुफिया एजेंसी आईएसआई से हैं। राणा का जन्म पाकिस्तान में हुआ है। मगर बाद में वह कनाडा का नागरिक बन गया। कनाडा जाने से पहले राणा ने 10 वर्षों तक पाकिस्तान की सेना में बतौर डॉक्टर किया। बाद में वह भारत के खिलाफ आतंकी साजिश रचने लगा।

## बेंगलुरु के बाद अब दिल्ली में भी अतुल सुभाष जैसा केस

**नई दिल्ली।** बेंगलुरु के बाद देश की राजधानी दिल्ली में भी अतुल सुभाष जैसा मामले सामने आया है। मॉडल टाउन इलाके में एक 40 साल के शख्स ने 54 मिनट का वीडियो



बनाकर खुदकुशी कर ली। मृतक की पहचान पुनीत खुराना के रूप में हुई है। पुनीत ने फंदे लगाकर जान दे दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। दिल्ली पुलिस के अनुसार, शाम 4.18 बजे आत्महत्या की सूचना मिली। मौके पर पहुंचने पर पता चला कि पुनीत खुराना (40) बिस्तर पर अचेत अवस्था में पड़ा था। उसके गले पर रस्सी का निशान था, उसने फांसी लगाकर आत्महत्या की थी। उसे बीजेआरएम अस्पताल में भर्ती कराया गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए सुरक्षित रख लिया गया है। मृतक के परिजनों ने मृतक की पत्नी और ससुराल वालों पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है। दिल्ली पुलिस ने बताया कि मृतक का मोबाइल फोन और अन्य संबंधित सामान पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। मामले की जांच की जा रही है। पुनीत खुराना की मौत के बाद उनके परिवार ने उनकी पत्नी और ससुराल वालों पर उत्पीड़न का आरोप लगाया है।

## बढ़ेगी नौसेना की ताकत, दो युद्धपोत-एक पनडुब्बी को किया जाएगा शामिल

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना में 15 जनवरी को स्वदेश निर्मित दो युद्धपोतों और एक डीजल-इलेक्ट्रिक पनडुब्बी को शामिल किया जाएगा। इससे बल की समग्र प्रतिरोधक क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि तीनों प्लेटफॉर्म - निर्देशित मिसाइल विध्वंसक सूरत, स्टील्थ फ्रिगेट नीलगिरि और पनडुब्बी वाग्शीर - नवीनतम हथियारों और सेंसरों से लैस हैं। युद्धपोत और पनडुब्बी को मुंबई में नौसेना डॉकयार्ड में एक समारोह में सेवा में शामिल किया जाएगा। दोनों युद्धपोतों में महिला अधिकारियों और नाविकों की एक बड़ी संख्या के लिहाज से विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं, जो कि भारतीय नौसेना की अग्रिम पंक्ति की लड़ाकू भूमिकाओं में लैंगिक समावेशन की दिशा में उठाए गए कदमों के अनुरूप है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया, ''यह ऐतिहासिक कार्यक्रम भारतीय नौसेना की युद्ध क्षमता को महत्वपूर्ण बढ़ावा देगा, साथ ही इससे स्वदेशी जहाज निर्माण में देश की प्रमुख स्थिति रेखांकित होगी। तीनों प्लेटफॉर्म को पूरी तरह से मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल), मुंबई में डिजाइन और निर्मित किया गया है, जो रक्षा उत्पादन के महत्वपूर्ण क्षेत्र में भारत की बढ़ती आत्मनिर्भरता का प्रमाण है। नौसेना ने एक बयान में कहा, ''इन उन्नत युद्धपोतों और पनडुब्बियों को सफलतापूर्वक सेवा में शामिल करना युद्धपोत डिजाइन और निर्माण में तेज प्रगति को दर्शाता है, जो रक्षा निर्माण में भारत की स्थिति को मजबूत करता है। नीलगिरि, प्रोजेक्ट 17ए के तहत बनाए जा रहे सात फ्रिगेट में से पहला है, जिसमें महत्वपूर्ण स्टेल्थ विशेषताएं हैं।



# नगर विधायक राजीव गुम्बर ने आईटीआई छात्रों को बांटे टैबलेट



अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** नगर विधायक राजीव गुम्बर ने कहा कि केन्द्र व उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकारें युवाओं को कौशल विकास मिशन के अंतर्गत स्वरोजगार से जोड़ने का काम कर रही है, ताकि देश में युवाओं को रोजगार मुहैया कराया जा सकें। नगर विधायक राजीव गुम्बर आज यहां पेपर मिल रोड स्थित केयर पैरामैडिकल प्राईवेट आईटीआई में स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत आयोजित टैबलेट वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बिना किसी भेदभाव के सभी पात्रों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का काम कर रही है। उन्होने युवाओं का आह्वान किया कि वह इस योजना से प्राप्त टैबलेट का प्रयोग कर अपने भविष्य को उज्जवल बनाने का काम करें। डा.रविन्द्र कुमार गुप्ता ने कहा कि संस्थान के विद्यार्थी सपनें देखें, किन्तु सपने को पूरा करने के योग्य भी बनें। उन्होंने कहा कि हर किसी को अपनी क्षमताओं की सीमा में ही अपना लक्ष्य हासिल हो सकता है। विद्यार्थी अपनी व्यवसायिक शिक्षा के उद्देश्य को केवल नौकरी पाने तक सीमित ना करें। यह तो छोटा और व्यक्तिगत लक्ष्य है, और आपकी क्षमताओं की सीमा तक तो आप इसे प्राप्त कर ही लेंगे। बडा और अधिक सार्थक लक्ष्य देश और समाज के काम आना है। इसलिए बड़ा लक्ष्य हासिल करने का प्रयास करें। इससे पूर्व विधायक राजीव गुम्बर, संस्थान के डॉ.रविन्द्र कुमार गुप्ता, पार्षद अजय शर्मा, प्रधानाचार्य क्षितिज कुमार गुप्ता तथा राजबीर पंवार ने संयुक्त रूप से सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात विधायक राजीव गुम्बर ने पात्र 32 विद्यार्थियो को टैबलेट वितरित किए। विधायक गुम्बर ने योजना एवं टैबलेट के उपयोग से सन्दर्भ में छात्रों से सवाल भी पूछे। इस मौके पर अक्षय कुमार वत्स, अजय शर्मा आदि ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन राजबीर पंवार ने किया।

## श्रद्धालुओं ने नववर्ष पर किया बाला जी महाराज का गुणगान



**सहारनपुर।** सिद्धपीठ श्री बालाजी धाम में नव वर्ष के प्रथम दिन सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने बाला जी महाराज के दर्शन किए तथा बाबा के चरणों में अपने परिवार के कल्याण के लिए प्रार्थना की।

स्थानीय बेहट रोड स्थित सिद्धपीठ श्री बालाजी धाम में प्रातः काल आरती के उपरांत से ही भक्त बाबा के दर्शन के लिए पहुंचने शुरू हो गए थे। देर शाम तक परिवार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करते रहे। नववर्ष पर आज सबसे पहले भक्तों ने सुंदरकांड पाठ और भजन किया। इस अवसर पर श्री बालाजी धाम के संस्थापक अतुल जोशी महाराज ने कहा कि वैसे तो सनातन सभ्यता का नव वर्ष नव संवत्सर को प्रारंभ होता है, लेकिन संपूर्ण विश्व में सर्व प्रचलित होने के कारण कैलेंडर नव वर्ष आज के दिन मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि यह वर्ष सभी के लिए नए उद्देश्यों और नए संकल्पों को लेकर आगे बढ़ने का प्रयास करने का संकल्प ले। इस अवसर पर नगर विधायक राजीव गुंबर, अपर आयुक्त उद्योग श्रीमति अंजू रानी, नगर निगम के कर अधिकारी सुधीर शर्मा, पार्षद वीरसेन, पार्षद मयंक गर्ग, पूर्व महानगर भाजपा राकेश गर्ग आदि ने भी बालाजी महाराज के दर्शन किए।

# अजय कुमार आसपा के मण्डलीय प्रवक्ता नियुक्त



अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** आज़ाद समाज पार्टी कांशीराम के सहारनपुर मण्डल प्रभारी इंजी. डीपी सिंह ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद चंद्रशेखर आजाद के निर्देश पर देवबंद निवासी एडवोकेट अजय कुमार को मण्डलीय प्रवक्ता नियुक्त किया है।

उक्त जानकारी देते हुए मण्डल प्रभारी इंजी. डीपी सिंह ने बताया कि बहुजन महापुरुषों के बहुजन हिताय बहुजन सुखाए सिद्धान्त पर आधारित बहुजन विचार धारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए देवबंद की गांधी कालोनी निवासी कर्मठ, जुझारू व निष्ठावान कार्यकर्ता एडवोकेट अजय कुमार को सहारनपुर मण्डल प्रवक्ता की ज़िम्मेदारी सौंपी गयी है। नवनियुक्त मण्डलीय प्रवक्ता अजय कुमार ने कहा कि उन्हे जो जिम्मेदारी सौंपी गयी है, उसे वह पूरी निष्ठा व लगन से निभाने का काम करेंगे। साथ ही बहुजन महापुरूषों व पार्टी की नीतियों के अनुसार पार्टी सुप्रीमों व सांसद चंद्रशेखर आजाद के दिशा-निर्देश पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे।

## पुलिस ने मोबाइल बरामद कर व्यक्ति को सौंपा



**बिहारीगढ।** थाना बिहारीगढ़ पुलिस ने सर्विलांस सेल की मदद आमवाला जयंतीपुर से तीन माह पूर्व खोया गया मोबाइल फोन बरामद कर पीड़ित को थाने बुलाकर सौंप दिया।

पीड़ित हंशी कुमार पुत्र तेजपाल सिंह निवासी आमवाला ने बताया कि उसे खोए हुए अपने मोबाइल फोन की उम्मीद नहीं थी, लेकिन बिहारीगढ पुलिस ने जैसे ही फोन करके मुझे जानकारी दी तो मेरी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। थाना प्रभारी निरीक्षक जावेद खान ने हंशी कुमार को नववर्ष पर उसका मोबाइल फोन सौंपते हुए कहा कि थाने पर पहुंचने वाले हर फरियादी की मदद करना ही उनका मकसद है और इससे आत्मीय संतुष्टि भी मिलती है। खोया हुआ मोबाइल पाकर हंशी कुमार ने थाना पुलिस का आभार जताया। इस मौके पर उपनिरीक्षक विजय सिंह, सुखबीर सिंह, सुरेन्द्र सिंह, वेदप्रकाश, कांस्टेबल विशाल सिंह, गौरव पंवार, रवि कुमार, देवेन्द्र आदि मौजूद थे।

# नाबालिग से दुष्कर्म करने का आरोपी भेजा जेल



अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** थाना फतेहपुर पुलिस ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म के मामलें में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया। थाना फतेहपुर प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि विगत् 18 दिसम्बर को वादी की तहरीर पर वादी की नाबालिग पुत्री के साथ आरोपी निखिल द्वारा दुष्कर्म करने तथा आरोपियों निखिल पुत्र प्रमोद कुमार, शुभम पुत्र विनोद कुमार व अमरीश पुत्र मेवाराम निवासीगण ग्राम बडकला थाना फतेहपुर द्वारा वादी के साथ गाली गलौच करने तथा जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में थाना फतेहपुर में वांछित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। उन्होने बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक सौरभ यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर गांव बड़कला से नामजद आरोपी निखिल को गिरफ्तार कर लिया तथा उसका चालान काटकर जेल भेज दिया।

# पृथक पश्चिम प्रदेश निर्माण ही सभी समस्याओं का एक मात्र हल: भगत

अवधनामा संवाददाता



**सहारनपुर।** भारतीय किसान यूनियन वर्मा व पश्चिम प्रदेश मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भगत सिंह वर्मा ने कहा कि लगातार बढ़ती हुई समस्याओं का एक मात्र हल पृथक पश्चिम प्रदेश निर्माण ही है। उन्होंने कहा कि उप्र चार भागों में बांटकर पृथक पश्चिम प्रदेश निर्माण के लिए पश्चिम प्रदेश मुक्ति मोर्चा का संघर्ष जारी रहेगा। भगत सिंह वर्मा आज यहां मौहल्ला आलीहंग्रान स्थित पार्षद हाजी इमरान सैफी के कार्यालय पर आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 26 जिलों को मिलाकर बनने वाला पृथक पश्चिम प्रदेश देश ही नहीं दुनिया का सबसे धनवान और विकसित राज्य होगा, जिसमें शिक्षा और चिकित्सा अंतर्राष्ट्रीय स्तर की होगी और सभी को निशुल्क प्राप्त होगी। उन्होंने पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 26 जिले प्रदेश सरकार को 80 प्रतिशत राजस्व देते हैं। इसके बावजूद भी यहां एक भी एम्स, आईआईएम और आईआईटी नहीं है। इसी तरह स्पोर्ट यूनिवर्सिटी और बेहतर यूनिवर्सिटी भी नहीं है। सभी विभागों के मुख्यालय व संस्थान लखनऊ और पूर्वांचल में है। उन्होंने आरोप लगाया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सबसे घटिया शिक्षा और चिकित्सा की व्यवस्था है। उत्तर प्रदेश बड़ा राज्य होने के कारण यहां प्रति व्यक्ति वार्षिक आय बिहार के बाद सबसे कम है। उत्तर प्रदेश की जनसंख्या 25 करोड़ है और यह एक राज्य है, जबकि अमेरिका की जनसंख्या 35 करोड़ है और वहां 50 राज्य हैं। इसीलिए अमेरिका विकसित देश है। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे राज्यों के निर्माण से ही देश की उन्नति संभव है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से राज्य पुनर्गठन आयोग को गठित करके उत्तर प्रदेश को चार भागों में बांटकर पृथक पश्चिम प्रदेश का निर्माण कराने, सहारनपुर और मेरठ में दो एम्स स्थापित कराने, मेरठ में आईआईटी की स्थापना कराने और आईआईएम भी बनाये जाने, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में खेलों को प्रोत्साहन देने के लिए मेरठ में स्पोर्टस यूनिवर्सिटी की स्थापना कराये जाने की मांग की। बैठक की अध्यक्षता करते हुए नगर निगम के पार्षद हाजी इमरान सैफी ने कहा कि पृथक पश्चिम प्रदेश निर्माण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अलग राज्य की लड़ाई के लिए सभी को आगे आकर संघर्ष करना होगा। बैठक का संचालन करते हुए प्रदेश महामंत्री आसिम मलिक ने कहा कि पश्चिम प्रदेश मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भगत सिंह वर्मा के नेतृत्व में पृथक पश्चिम प्रदेश निर्माण की लड़ाई घर-घर पहुंचाई जा रही है और जल्द ही यह बड़ा जन आंदोलन बनने जा रहा है। बैठक में राष्ट्रीय कार्य समिति सदस्य रजत शर्मा, मंडल मीडिया प्रभारी दुष्यंत सिंह, जिला संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह, एडवोकेट अकमल गौड़, समाजसेवी जीशान अली सैफी, हामिद सैफी, अकबर सैफी, मोहम्मद वसीम, तस्लीम सलमानी, मोहम्मद सादिक, मतीन सैफी, शरीफ अहमद, जावेद अख्तर, मोहम्मद एहतेशाम, रिहान अली व मुस्तकीम आदि मौजूद रहे।

# 170 ग्राम नाजायज चरस के साथ आरोपी दबोचा



**सहारनपुर।** थाना फतेहपुर पुलिस ने एक शातिर नशा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 170 ग्राम अवैध चरस बरामद कर ली। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार थाना फतेहपुर पुलिस ने थाना प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार, उपनिरीक्षक सौरभ यादव व महिला उपनिरीक्षक माधुरी शर्मा के नेतृत्व में चलाये जा रहे चैकिंग अभियान के तहत गंगाली मार्ग स्थित एक आम के बाग से शातिर नशा तस्कर शाकिर पुत्र महताब निवासी ग्राम सिकन्दरपुर भैंसवाल थाना भगवानपुर जिला हरिद्वार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 170 ग्राम अवैध चरस बरामद कर उसके खिलाफ धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

## 1685 ग्राम अवैध गांजा बरामद कर आरोपी को भेजा जेल

**सहारनपुर।** थाना रामपुर मनिहारान पुलिस ने एक शातिर नशा तस्कर को दबोचकर उसके कब्जे से 1685 ग्राम अवैध गांजा बरामद कर लिया। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया।

मिली जानकारी के अनुसार थाना रामपुर मनिहारान पुलिस ने थाना प्रभारी संजीव कुमार व उपनिरीक्षक विजय सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर टपरी मिनी बाईपास के निकट से एक शातिर नशा तस्कर फैजान उर्फ फैजू पुत्र इदरीश निवासी ग्राम लण्ढौरा गुर्जर थाना रामपुर मनिहारान को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1685 ग्राम अवैध गांजा बरामद कर उसके खिलाफ धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। थाना प्रभारी संजीव कुमार ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि वह अवैध गांजा पडौसी जिले व राज्यो से सस्ते दामों में खरीदकर आस-पास के क्षेत्र में अधिक दामों में बेचकर काफी मुनाफा कमा लेता है। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया।

# पर्यटन विभाग की निर्माणाधीन महत्वपूर्ण परियोजनाओं का किया निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल सिद्धपीठ मां शाकम्भरी देवी में पर्यटन विभाग की निर्माणाधीन परियोजनाओं का निरीक्षण कर संबंधित विभागों को गुणवत्ता पूर्ण ढंग से समयबद्धता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने सिद्धपीठ मां शाकम्भरी देवी में राही पर्यटक आवास और थीम पार्क की बेहतर भूमि के चिन्हीकरण हेतु कई स्थलों का भ्रमण किया। उन्होने पंचमुखी मंदिर के पास की जमीन पर थीम पार्क बनाने के लिए प्रस्ताव बनाकर भेजने के निर्देश दिए। उन्होने निर्देश दिए कि कार्यदायी संस्था और संबंधित विभाग आपस में बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करें। आमजन की सुविधाओं के अनुसार स्थल का चयन करते हुए पार्किंग की क्षमता बढाई जाए। जिलाधिकारी ने बेहट-शाकम्भरी मार्ग के चौडीकरण के कार्य की गुणवत्ता को भी परखा। उन्होंने पीडब्ल्यूडी विभाग को निर्देश दिए कि कार्य को गुणवत्तापूर्ण ढंग से समयबद्धता के साथ पूर्ण किया जाए। मनीष बंसल ने बताया कि सिद्धपीठ मां शाकम्भरी देवी में टीएफसी, पार्किंग, ऑपन ऐयर थिएटर, राही पर्यटन आवास गृह, लैण्डस्केपिंग, फुटपाथ, म्यूरल्स स्कल्पचर्स वाटर फउण्डेशन, शक्तिपीठ में प्रवेश द्वार काम्पलेक्स, मार्ग प्रकाश व्यवस्था, साइनेज की स्थापना, पर्यटन सुविधाओं का सृजन, शाकुम्भरी देवी शक्तिपीठ में 51 शक्तिपीठों पर आधारित थीम पार्क के कार्य किए जाने है। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, उप जिलाधिकारी बेहट मानवेंद्र सिंह, उप निदेशक पर्यटन श्रीमती प्रीती श्रीवास्तव सहित कार्यदायी संस्था के पदाधिकारी एवं वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## अवैध चरस के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**सहारनपुर।** मण्डी कोतवाली पुलिस ने एक नशा तस्कर को दबोचकर उसके कब्जे से अवैध चरस बरामद कर उसका चालान काटकर जेल भेज दिया। मण्डी कोतवाली प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि उपनिरीक्षक नरेन्द्र सौंलकी व उपनिरीक्षक अतुल कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सकलापुरी रोड स्थित मदरसे के सामने से एक शातिर नशा तस्कर बाबर पुत्र कलीम निवासी नूर बस्ती बडी मस्जिद के पास थाना कोतवाली नगर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 120 ग्राम अवैध चरस बरामद कर उसका चालान काटकर जेल भेज दिया।

## क्या आज कोर्ट में हाजिर होंगी कंगना? आगरा की अदालत में कल कंगना रनौत पर सुनवाई की तारीख

अवधनामा संवाददाता

**आगरा।** किसानों एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रति अमर्यादित एवं अभद्र टिप्पणी करने के मामले में हिमाचल प्रदेश के मंडी क्षेत्र से भाजपा सांसद एवं फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत के मामले में आज (2 जनवरी 2025) को स्थानीय न्यायालय में सुनवाई होगी। उनके खिलाफ दायर वाद स्पेशल कोर्ट एमपी एमएलए अनुज कुमार सिंह की कोर्ट में विचाराधीन है।

वरिष्ठ अधिवक्ता एवं राजीव गांधी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रमाशंकर शर्मा एडवोकेट ने कंगना रनौत के विरुद्ध स्पेशल कोर्ट एमपी एमएलए में 11 सितंबर 2024 को एक बाद दायर किया है। वाद उन्होंने कंगना रनौत द्वारा अगस्त 2020 से दिसंबर 2021 तक केंद्र सरकार के काले कानून के विरोध में धरने पर बैठे किसानों को हत्यारा, बलात्कारी और अलगाववादी बताने तथा राष्ट्रपति महात्मा गांधी के प्रति अपमानजनक टिप्पणी का आरोप लगाया है।

इस मामले में वादी अधिवक्ता शर्मा के अलावा गवाहों के बयान के बाद कोर्ट ने कंगना को तीन बार नोटिस भेज कर सूचित किया कि वे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हों तथा अपना पक्ष रखें।

कंगना कोर्ट द्वारा भेजे गए तीन बार के नोटिस प्राप्त होने के बावजूद भी ना तो कोर्ट में हाजिर हुई और नहीं उनकी ओर से कोई अधिवक्ता कोर्ट में हाजिर हुआ। कोर्ट ने कंगना को भेजे गए नोटिस की तामीलात पर्याप्त मानते हुए अगली सुनवाई के लिए आज 2 जनवरी 2025 की तिथि नियत की है।

# बीच चौराहे पर आगरा में युवक की गोली मारकर हत्या



अवधनामा संवाददाता

**आगरा।** महानगर में कानून व्यवस्था कितनी सख्त और अलर्ट हैं यह हो रही आए दिन अपराधिक घटनाएं से जाहिर हो रहा हैं। यहां मानों अपराधियों में पुलिस का खौफ ही न रहा हो। दरअसल थाना सिकंदरा के अंतर्गत कारगिल चौराहा-शास्त्रीपुरम रोड पर पश्चिमपुरी के पास आज रात दस बजे बाद उस समय सनसनी फैल गई सरेराह एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक का साथी को भी मारपीट किए जाने से चोटें आई हैं।

जानकारी अनुसार यह हत्याकांड कारगिल चौराहा से पश्चिमपुरी के बीच हुआ। बाइक पर जाते दो युवकों को युवकों के ही एक समूह ने रास्ते में रोक लिया और लखनपुर निवासी रोहित के साथ मारपीट करने लगे। इसी दौरान हमलावर ग्रुप की ओर से एक गोली चलाई गई जो रोहित के साथी आमिर को लगी। आमिर गंभीर रूप से घायल हो गया। लोग उसे अस्पताल लेकर जा रहे थे कि रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

सरेराह हुए इस हत्याकांड से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और मृत आमिर के साथी रोहित से घटना के बारे में ब्यौरा लिया। रोहित ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि उसके साथ मारपीट और उसके साथी की हत्या करने वाले रवि, विकास, समर्थ और विवेक हैं। ये चारों युवा भी इसी क्षेत्र के रहने वाले हैं। घटना की पृष्ठभूमि में बताया गया है कि इस क्षेत्र में युवाओं के दो गुट बन गए हैं, जिनके बीच पिछले दो साल से समय-समय पर एक-दूसरे से मारपीट जैसी घटनाएं होती आ रही हैं। पिछले 15 दिन पहले भी दोनों गुटों के बीच मारपीट हुई थी।

समझा जा रहा है कि इसी गैंगवार में आज राहुल नगर, बोदला निवासी आमिर और उसके साथी लखनपुर निवासी रोहित को घेरा गया था। शुरुआत में तो मामला मारपीट तक ही था, लेकिन इस बीच दूसरे ग्रुप की ओर से चली गोली ने आमिर की जान ले ली।

## श्री सांई सिद्धपीठ मंदिर में धूमधाम के साथ मनाया नववर्ष

**सहारनपुर।** स्थानीय बेहट रोड स्थित श्री साई सिद्ध पीठ मन्दिर में नववर्ष के उपलक्ष में प्रातः बाबा का स्नान 21 सुगंधित द्रव्य से किया गया, उसके पश्चात बाबा को सुंदर वस्त्रों से सुसज्जित किया गया। धूनी पूजन के पश्चात आयोजित भंडारे में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा का भोजन प्रसादी ग्रहण किया। इसी कड़ी में साई स्किल डेवलपमेंट सेंटर के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया। उसके पश्चात साई भजन संध्या में श्रद्धालु बाबा के भजनों पर झूमने के लिए मजबूर रहे। श्री साई सिद्ध पीठ मंदिर के वित्त ट्रस्टी शिव कुमार सिंघल, ट्रस्टी विनीत कर्णवाल, अल्का कर्णवाल ने मंदिर जी की सुंदर व्यवस्था बनाई। इस अवसर पर डीएफओ श्वेता सेन, मानसी कश्यप, अनिरुद्ध राणा, टोनी राणा, अजय जैन, राजवीर सैनी आदि मौजूद रहे।

# लायनेस क्लब ने हर्षोल्लास से मनाया नववर्ष कार्यक्रम



अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** लायनेस क्लब सहारनपुर मयूर के तत्वावधान में आयोजित नववर्ष कार्यक्रम में लायनेस व उनके बच्चों ने डांस के साथ नववर्ष का स्वागत किया। द्वजीपीओ रोड स्थित एक होटल मे लायनेस क्लब सहारनपुर मयूर द्वारा आयोजित चक दे मयूर 2025 में क्लब के सदस्यों ने अपने परिजनों व बच्चों के साथ जमकर डांस किया। इस दौरान बच्चों को गेम्स भी खिलाये गये। क्लब के प्रेसिडेंट अनुज जैन ने बताया कि बहुत कम ऐसे मौके होते है, जिसमें परिवार के लोग मिलजुल कर किसी कार्यक्रम में हिस्सा लेते हैं और एक साथ सेलिब्रेट करते हैं आज नववर्ष के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम में परिवार के सभी लोगों ने खूब मजा किया। अलग-अलग तरीके के पकवान का लुत्फ उठाया। उन्होंने बताया कि संस्था सेवा भाव के कार्य करती रहती है और पूरे साल संस्था द्वारा गरीब बच्चों को किताबें जरूरत के सामान वितरित किए जाते है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विजय गुप्ता, मनीष धवन, आशीष गर्ग, संजीव कुमार, राजीव ठाकुर, मनोज गुप्ता, अंजू, राजीव सचदेवा, राखी, लाइनर्स रेखा, नेहा, नविता, प्रियंका आदि मौजूद रहे।

# सर्द रात में स्योंहारा यूथ टीम ने जरूरतमंद लोगों को पहुंचाई मदद



संरक्षक डॉ मनोज वर्मा. प्रबंधक असज़द चौधरी और अमीन अहमद ने सराहा

अवधनामा संवाददाता

**स्योहारा।** आज के ज़माने मे एक और जहा ज्यादातर युवा नए साल की रात मे मौज मस्ती करते हुए नववर्ष के जश्न मे डूबे रहते है तो वही कस्बा स्योंहारा के अग्रिम सामाजिक संस्था स्योंहारा यूथ सोसाइटी के सदस्यों का संगठन हर साल 31 दिसंबर की रात मे सड़क किनारे खुले आसमान मे जिंदगी गुजर करने वाले गरीबों और बेसहारा लोगों की सर्दी से बचाव के लिए मदद करते हैं, इसी मुहिम को जारी रखते हुए सोसाइटी के सदस्यों ने इस वर्ष भी 2024 की आखिरी रात मे सडकों के किनारे सो रहे जरुरतमंद लोगों को गर्म कपड़े कंबल के साथ ब्रैड बिस्किट और खाद्य सामग्री बाटी। संस्था अध्यक्ष तनवीर चौधरी ने कहा कि 31 दिसम्बर की रात से संस्था की और से एक छोटी सी कोशिश उन लोगो के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए की जाती है जो बेसहारा रातों को खुले आसमान के नीचे जिन्दगी बसर कर रहे है उनके सिरहाने ब्रेड बिस्किट व गर्म कपड़े व खाने पीने का समान रखते है जिससे 1 जनवरी की सुबह इन जरूरतमंदो को एक नई खुशी का अहसास हो और ये कार्य पूरी बस्ती मे निरंतर सात दिनों तक चलता है इस मानवीय काम मे संस्था के सदस्यों जुबैर जेदी, वासित अली, अमीन अहमद, शब्बु जेदी, तनवीर चौधरी, दानिश, शाह अली आदि का विशेष योगदान रहा। संस्था के संरक्षक डॉ मनोज वर्मा और प्रबंधक असज़द चौधरी और अमीन अहमद ने सभी सदस्यों के इस नेक काम की सराहना करते हुए हौसला अफजाई की।

# अलीगढ़ पुलिस ने चोरी की रिपोर्ट गुमशुदगी में की दर्ज

अवधनामा संवाददाता

**अलीगढ़।** महानगर में पुलिस द्वारा क्राइम को बाईपास किया जाता हैं। प्राप्त जानकारी अनुसार थाना सासनी गेट अन्तर्गत पीड़ित का मोबाइल उसकी दुकान से चोरी हो गया। तीन दिन बाद पुलिस ने चोरी की घटना को गुम शुदगी में दर्ज किया।

खिरनी गेट निवासी उमेश उपाध्याय को हाथरस अड्डा पर अंग्रेजी दवाई की दुकान है। विगत 19 दिसम्बर को प्राथी की दुकान के काउंटर की दराज से अज्ञात द्वारा चुरा लिया गया। जिसकी लिखित तहरीर उपाध्याय ने थाना सासनी गेट को दी। थाना सासनी गेट ने 3 दिन बाद काफी चक्कर लगाने के बाद इंस्पेटर क्राइम ने चोरी की घटना को गुमशुदगी में दर्ज की।

पीड़ित का आरोप है कि इंस्पेटर क्राइम ने पीड़ित से तहरीर को बदलवाकर चोरी की जगह गिरने की तहरीर लिखवाकर दर्ज की। आखिर क्यों पुलिस ऐसा करती हैं तहरीर बदलने पर मुकदमा दर्ज करती है।

# कमिश्नर, डीएम-सीडीओ एवं एडीएम ने जरूरतमंदों को वितरित किए कंबल

अवधनामा संवाददाता

**अलीगढ़।** नव वर्ष के शुभ आगमन से पहले सर्द रात्रि में गरीब लोगों का हाल जानने एवं सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के लिए आयुक्त, अलीगढ़ मंडल, अलीगढ़ चैत्रा वी0, जिला मजिस्ट्रेट विशाख जी0, सीडीओ प्रखर कुमार सिंह, एडीएम वित्त मीनू राणा रात्रि भ्रमण पर निकले। प्रमुख स्थानों पर भ्रमण के दौरान उन्होंने खुले आसमान के नीचे बैठे लोगों से बात कर हाल-चाल जाना और जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए। कंबल प्राप्त कर लोगों ने प्रदेश सरकार समेत अधिकारियों का आभार प्रकट किया। इसके अलावा, सड़क किनारे, डिवाइडर, पार्कों या खुले आसमान के नीचे सोने को मजबूर व्यक्तियों को पहचान कर उन्हें रैन बसेरों में पहुँचाया गया। यह पहल शीतलहर से सुरक्षित रहने और बेसहारा लोगों की सहायता के लिए की गई, जोकि वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों की संवेदनशीलता और जनहित की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने सभी रैन बसेरों का संचालन सुनिश्चित किए जाने के साथ ही सभी चिन्हित स्थलों पर अनिवार्य रूप से अलाव जलवाने के भी निर्देश दिए। मंडलायुक्त एवं डीएम ने रात्रि भ्रमण के दौरान मसूदाबाद एवं सारसौल बस अड्डा, नौरंगीलाल इंटर कॉलेज एवं गांधी पार्क क्षेत्र में बने अस्थाई एवं स्थाई शेल्टर होम का निरीक्षण करते हुए सर्दी से सुरक्षित रहने के लिए आसरा पाए लोगों से बातचीत कर सुविधाओं को भी परखा। कमिश्नर चैत्रा वी. ने प्रशासनिक, निगम एवं निकाय अधिकारियों को निर्देशित किया कि भीषण सर्दी एवं शीत लहर से गरीब एवं असहाय लोगों को सुरक्षित रखा जाए। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि यदि उनको कोई भी व्यक्ति खुले आसमान में सड़क किनारे फुटपाथ पर सोता मिले तो नजदीक के रैन बसेरे के बारे में बताएं और यथा संभव पहुंचाएं। मंगलवार की रात्रि में एडीएम वित्त मीनू राणा ने भी रैन बसेरे का भ्रमण कर बुनियादी सुविधाओं का जायजा लिया।

## दयानंद इंटर कॉलेज में नववर्ष धूमधाम से मना





**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** फर्रुखाबाद के विकासखंड राजेपुर क्षेत्र स्थित दयानंद इंटर कॉलेज अमृतपुर में दिनांक 1 जनवरी 2025 नए वर्ष के उपलक्ष्य में बच्चों व समस्त स्टाफ द्वारा कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया जिसमें कॉलेज के दफ्तरी राकेश बाबूजी का विदाई समारोह भी कॉलेज के समस्त स्टाफ और कॉलेज के छात्र एवं छात्राओं के द्वारा भी बड़ी धूमधाम से किया गया। कॉलेज प्रांगण में विदाई समारोह में शामिल प्रधानाचार्य राकेश कुमार गुप्ता एवं सभी शिक्षक जिसमें धीरज कुमार अग्निहोत्री अरुण कुमार श्री प्रमोद कुमार अनूप सिंह विनोद कुमार सभी प्रवक्ता एवं हमारे कॉलेज के शिक्षक बृजेश कुमार श्री अखिलेश कुमार श्रीमती रीना चौहान श्रीमती रंजना सक्सेना शिवपाल श्री उमेश कुमार होशियार सिंह सचदेवा श्री हरजीत सिंह एजाज अहमद खान लाल देवेंद्र प्रताप सिंह और कॉलेज के सभी सम्मानित कर्मचारी गण जिसमें धर्मेंद्र कुमार रामदास नरेंद्र कुमार अग्निहोत्री इत्यादि कर्मचारीगण विदाई समारोह में शामिल हुए।

## शराब की दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** फर्रुखाबाद आबकारी आयुक्त, उप्र के आदेश एवं



जिलाधिकारी, फर्रुखाबाद के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी फर्रुखाबाद के पर्यवेक्षण में विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत दिनांक 01/01/2025 को आबकारी निरीक्षक क्षेत्र- 1 कुमार गौरव सिंह मय स्टाफ द्वारा क्षेत्रांतर्गत फुटकर आबकारी दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया स्टाक रजिस्टर, Online Payment, CCTV कैमरा POS मशीन से बिक्री का परीक्षण किया गया जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण/बिक्री/परिवहन की रोकथाम हेतु प्रवर्तन कार्य निरंतर जारी रहेगा।

# बेसहारा की जरूरतों को पूरा करना एक पुनीत कार्य है: नितेश शर्मा



अवधनामा संवाददाता

**बस्ती।** भीषण ठंड में गरीब, बुजुर्ग व बेसहारा की जरूरतों को पूरा करना एक पुनीत कार्य है। इसमें समाज के लोगों को आगे आकर सहयोग करना चाहिए। यह बातें सामाजिक कार्यकर्ता नितेश शर्मा ने युवा विकास समिति बस्ती व रूरल अवेयरनेस फॉर कम्युनिटी इवोलूसन द्वारा अक्षय शक्ति वेलफेयर एसोसिएशन के सहयोग से गौर विकास खंड के रमवापुर गाँव में जरूरतमंदों को कंबल वितरण के दौरान बतौर मुख्य अतिथि के रूप में कहीं। उन्होंने इस दौरान करीब 30 कंबल जरूतमंदो में बांटा। विशिष्ठ अतिथि सेवानिवृत्त सूबेदार राम गदाधर पाण्डेय नें कि कहा कि मनुष्य के जीवन की सार्थकता तब है, जब वह गरीब और असहायों की सेवा करे। सर्दी के इस मौसम में गरीबों को गर्म कम्बल वितरण करना सच्ची मानव सेवा है। नेशनल अवार्डी किसान राम मूर्ति मिश्र ने कहा कि यह कम्बल हर उस गरीब व बुजुर्गों के लिए जीवन दायिनी साबित होगा जिनके पास ठण्ड से बचने का और कोई उपाय नही है। इस गलन भरी ठंड में कंबल वितरण से बड़ा पुनीत कार्य कुछ नहीं हो सकता। बृहस्पति कुमार पांडेय ने बताया कि अक्षय शक्ति वेलफेयर एसोसिएशन के वरिष्ठ अधिकारी डॉ. नारायण एबी अय्यर जी के सहयोग से इस साल यह कंबल उपलब्ध कराया गया था। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम आगे भी जारी रहेगा। उपस्थित जरुरतमंदो नें सभी का आभार व्यक्त करते हुए संस्था के कार्यों की सराहना की।

# मिशन शक्ति फेज़ पांच के तहत पांच सामाजिक महिला कार्यकर्ताओं का हुआ सम्मान

अवधनामा संवाददाता



**अंबेडकरनगर।** उपजिलाधिकारी टाण्डा और क्षेत्राधिकारी टाण्डा श्री शुभम कुमार द्वारा आज मिशन शक्ति फेज 5 के तहत महिलाओं और बालिकाओं के सशक्तिकरण और जागरूकता के लिए उल्लेखनीय कार्य करने वाली 5 सामाजिक महिला कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह क्षेत्राधिकारी कार्यालय टाण्डा में आयोजित किया गया, जहां इन महिलाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

सम्मानित की गई महिलाएं-आरती विश्वकर्मा - ग्राम बड़ागांव थाना इब्राहिमपुर, गीता देवी - ग्राम अमीनपुर थाना इब्राहिमपुर, ज्योति सिंह - ग्राम पृथ्वीपुर थाना हँसवर, माधुरी - ग्राम पृथ्वीपुर, थाना हँसवर,रंजना वर्मा (पत्नी आलोक वर्मा) - ग्राम बिरही थाना अलीगंज इन महिलाओं ने अपने-अपने क्षेत्र में महिलाओं और बालिकाओं के अधिकार, शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, और स्वावलंबन को बढ़ावा देने में उल्लेखनीय योगदान दिया है।कार्यक्रम के दौरान उपजिलाधिकारी डॉ शशि शेखर और क्षेत्राधिकारी शुभम कुमार ने कहा कि इन महिला कार्यकर्ताओं ने समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए विभिन्न अभियानों और गतिविधियों के माध्यम से सराहनीय प्रयास किए हैं। जागरूकता अभियान का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति सजग करना और उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करना है।मिशन शक्ति फेज 5 के अंतर्गत यह पहल समाज में महिलाओं और बालिकाओं के लिए एक मजबूत संदेश है, जो उनके अधिकारों और आत्मनिर्भरता की दिशा में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है।

## ट्रक ने अज्ञात वाहन में टक्कर मारी

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस वे पर छिरिया सलेमपुर के पास बालू लेने जा रहे ट्रक ने अज्ञात वाहन में टक्कर मार दी। टक्कर लगने के कारण चालक की मौत हो गयी जबकि परिचालक को हल्की चोट आयी है। जनपद आगरा थाना किरावली के ग्राम सिगार निवासी जितेन्द्र कुमार 25 वर्ष पुत्र भूरी सिंह ट्रक चालक फतेहपुर सिकरी से ट्रक लेकर बालू लेने चकासी जा रहे थे। चालक के परिचालक सोनू पुत्र चोब सिंह निवासी तेहवा रावत जनपद फतेहपुर सीकरी जा रहे थे। अपरान्ह बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस वे के 200.1 किमी के पास आगे जा रहे अज्ञात वाहन में पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगने के के ट्रक का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर लगने के बाद चालक जितेन्द्र कुमार गम्भीर रूप घायल हो गये जबकि परिचालक सोनू को मामूली चोटें आयी। घटना की सूचना मिलते ही मलकपुरा चौकी प्रभारी मदनपाल पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गये तथा घायल चालक को एम्बुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। चिकित्सक ने चालक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने सड़क दुर्घटना में मृत हुए चालक के परिवार व ट्रक मालिक मुन्ना को घटना की जानकारी दे दी तथा विधिक कार्यवाही पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## सीसी इंटरलॉकिंग उखाड़कर गड्ढ़ों में तब्दील

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** जालौन नगर में डाली जा रही पाइप लाइन से मोहल्ले की सीसी इंटरलॉकिंग उखाड़कर गड्ढ़ों में तब्दील हो चुकी हैं। सड़कों को सही कराने के लिए बागवान सेवा समिति के अध्यक्ष ने मंडलायुक्त को शिकायती पत्र भेजा है। बागवान सेवा समिति के अध्यक्ष अशफाक राइन ने कमिश्नर विमल कुमार दुबे को शिकायती पत्र भेजकर लिखा कि नगर में पेयजल योजना के तहत पाइप लाइन बिछाई जा रही है। सड़कों को खोदकर पाइप लाइन को बिछा तो दिया जाता है। लेकिन खोदी गई सड़क को ठेकेदार द्वारा सही नहीं कराया जाता है। जिसके चलते गलियों में बाइक ले जाने में परेशानी होती है। अगर कोई बीमार हो जाए तो उन्हें अस्पताल तक ले जाने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है। गर्भवती महिलाओं को भी दिक्कत होती है। इतना ही नहीं लगभग सभी मोहल्लों के लोग परेशान हैं। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि नगर में जहां पाइप लाइन बिछाने के लिए सड़क खोदी जा रही है। उसको पाइप लाइन बिछाने के बाद तुरंत सही कराने के निर्देश दिए जाएं। ताकि नगर के लोगों को परेशान न होना पड़े।

## धामपुर का नाम रोशन कर रहे कोरियोग्राफर आमिर

**धामपुर अवधनामा संवाददाता।** दिल्ली में आयोजित मॉडलिंग, डांसिंग एवं ब्राइडल



शो में सेलिब्रिटी बॉलीवुड अभिनेत्री बिंदिया तिवारी ने धामपुर निवासी कोरियोग्राफर निगार फैशन आर्ट डिजाइनर को मॉडलिंग में प्रथम पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। दिल्ली के निर्माण बिहार झील चौक गीता कॉलोनी सिटी पैलेस बैंक्वेट हॉल में मॉडलिंग डांसिंग ब्राइडल शो का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में वीआईपी अतिथियों में गीता डागर, अजीज इंडिया, शकील अहमद, पिंकी, सोनिया टक्कर आदि शामिल रहे। प्रोग्राम डायरेक्टर सोनिया शर्मा ने निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता मनोज शर्मा ने की तथा संचालन मानसी ने किया। कार्यक्रम में संध्या, पलक जैन, राधिका, सुरभि शर्मा, ललित बहादुर आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ प्राप्त करने के लिए आनलाइन पंजीकरण अनिवार्य है

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** केंद्र सरकार द्वारा कृषकों को प्रदान की जा रही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ प्राप्त करने के लिए आनलाइन पंजीकरण अनिवार्य है। निर्धारित पोर्टल पर पंजीकरण न होने पर किसानों को सम्मान निधि का लाभ नहीं मिल सका। इसलिए सभी किसान अपना पंजीकरण अवश्य कराएं। एसडीएम विनय कुमार मौर्य ने जानकारी देकर बताया कि केंद्र सरकार द्वारा किसानों के हित में किसान सम्मान निधि योजना चलाई जा रही है। इस योजना का लाभ लेने के लिए अब निर्धारित पोर्टल पर किसानों का पंजीयन अनिवार्य कर दिया गया है। उन्होंने तहसील क्षेत्र के किसानों से अपील करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड इत्यादि का लाभ प्राप्त करने के लिए अपने नजदीकी जन सेवा केंद्र या अपने ग्राम पंचायत भवन पर संबंधित पंचायत सहायक, लेखपाल अथवा कृषि विभाग के कर्मचारी के माध्यम से किसान आसानी से अपना पंजीकरण करा सकते हैं। कृषकों द्वारा भारत सरकार के पोर्टल पर स्वयं लॉग-इन करके भी अपना पंजीकरण करने की सुविधा है। बताया कि सभी जन सेवा केंद्रों को निर्देश दिए गए है कि यदि कोई कृषक पंजीकरण के लिए आता है उनका पंजीकरण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। इसके अतिरिक्त इस कार्य में लगाए गए पंचायत सहायक, लेखपाल, कृषि विभाग के कर्मचारी को भी कड़े निर्देश दिये गए है कि किसानों के पंजीकरण में किसी प्रकार की लापरवाही पर कठोर कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने बताया कि पंजीकरण की आखिरी तिथि 15 जनवरी 2025 है। इसलिए किसान इस तिथि से पूर्व अपना पंजीकरण अवश्य करा लें। अन्यथा उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल सकेगा।

## ग्राम पंचायत अकोढ़ी दुबे में जनचौपाल का आयोजन

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** मंडलायुक्त की मौजूदगी में ग्राम पंचायत अकोढ़ी दुबे में जनचौपाल का आयोजन किया। जनचौपाल में मंडलायुक्त ने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर ग्राम पंचायत में हुए कार्यों का सत्यापन किया, ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत में हैंडपंप, नाली, खंडजा, सडक, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेंशन, महिला सम्मान, महिला सुरक्षा महिला सशक्तिकरण आदि व्यवस्थाओं के बारे में ग्रामीणों से जानकारी ली। ग्रामीणों ने चकरोड पर अतिक्रमण की बात कही, जिस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि दो दिन के अंदर सभी चकरोड पर अवैध अतिक्रमण हटाया जाना सुनिश्चित करें। कहा कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं से बिना किसी भेदभाव के सभी पात्रों को लाभान्वित किया जाए। प्रदेश सरकार की मंशानुरूप भ्रष्टाचार मुक्त, जीरो टॉलरेंस नीति के तहत गुणवत्तापरक और पारदर्शी कार्य किए जाएं। कहा कि शासन से साफ निर्देश हैं कि गांव की समस्या का गांव में ही समाधान हो, इसी के तहत आप सबके बीच योजनाओं का सत्यापन किया जा रहा है। कोई भी पात्र व्यक्ति योजना से वंचित है तो उसे योजनाओं से जोड़कर लाभांवित कराएं। समस्त प्रकार की पेंशन योजनाओं का घर-घर सत्यापन कराया जाए जो व्यक्ति मृतक हो गए हैं उनके नाम हटाकर, नए लाभार्थियों चिन्हित कर जोड़ा जाए। हर जरूरतमंद को आवास, शौचालय और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से भी गांव के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की।

# जेल से छूटे बंदी ने नाम न छापने की शर्त पर जेल में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में बताया सच

अवधनामा संवाददाता




**अम्बेडकरनगर।** जेलों की हालत किसी से छिपी नहीं है। जेल में हर सुख सुविधा मुहैया होती है बस उसकी रेट लिस्ट फिक्स है। जेलों में हालात बद से बदतर हैं ये सभी जानते हैं। क्षमता से अधिक बंदी जेलों में हैं। यही हाल अम्बेडकरनगर की जिला जेल का भी है। जेल में बंदियों को सारी सुविधाएं मुहैया होती है। बंदियों द्वारा बताया जाता है कि जिला जेल में बंदियों को सारी सुविधाएं मुहैया कराई जाती है।

जेल में मोबाइल और कैमरा ले जाने की अनुमति नहीं है। लेकिन, एक बंदी ने जो आंखों देखा हाल जो बताया वो हैरान करने वाला था। मीडिया टीम ने जेल के हालातों की बारीकी से पड़ताल करने के लिए जब सुरागकसी की तो नाम और पहचान गुप्त रखने की शर्त पर एक बंदी ने जानकारी दी।बंदी के मुताबिक सप्ताह में जब नॉनवेज खाने का मन होता है, उपलब्ध करा दिया जाता है। जेल से मोबाइल फोन से बात करने के एवज में कूपन के रूप में भुगतान करना पड़ता है।जेल में बंदी जब आता है तो मशक्कत के नाम पर उसकी रसीद काट दी जाती है। मशक्कत के नाम पर अच्छी खासी रकम ऐंठ ली जाती है। इसके बाद शुरू होता है बैरक से लेकर खाने, पीने, कपड़े आदि का सिलसिला। बंदी के मुताबिक जब भी जेल में परिजन मिलने आते हैं तो कमाई शुरू हो जाती है। मिलाई के दौरान जो भी सामान परिजन बंदियों को देकर जाते हैं। उसका कुछ हिस्सा जेल के सिपाहियों द्वारा रख लिया जाता है। वहीं यदि परिजन पैसे देकर जाते हैं तो कमीशन के नाम पर उनसे पैसे ले लिए जाते हैं। जब भी चेकिंग की जाती है तो कभी भी बंदियों के सामान में रुपये पैसे नहीं मिलते हैं। ये रुपये वहां मौजूद सिपाहियों द्वारा रख लिए जाते हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मंथली मुलाकात पर अपराधी का अपराध व बेग्राउंड देख कर उसकी मुलाकात की कीमत तय की जाती है। साथ ही सामान व सुविधा की कीमत नगद या गिफ्ट्स की एवज में भी ली जाती है।धूम्रपान करने वालों के लिए भी विशेष सुविधाएं उपलब्ध हैं। जिला जेल में मिलने वाली सुविधाओं से अधिकारी भी वाकिफ हैं लेकिन, कबूलने को तैयार नहीं है।जबकि सूखा नाश जैसे चरस, गांजा, भांग पांच गुना तक महंगे रहते हैं। गुटका, पाऊच तीस से पचास रुपए तक अंदर मिल सकता है। यही स्थिति सिगरेट की है। इसके अलावा कुछ ऐसी मेडिकल की दवाई जो इलाज के लिए उपयोग में आती हैं, कैदी उन्हें नशे के रूप में करते है। जैसे नाइट्रावेट, क्लोजटू फोकसिवन के साथ ही सर्दी खांसी के सीरप जैसे कोरेक्स, बेनएड्रिल इन्हें बाजार कीमत से तीन गुना कीमत पर मिलती है। इसके अलावा खाने की सामग्री के पैसे तो कम ही लगते हैं, मगर यह सामग्री कैदी के पास जाते-जाते आधी हो जाती है। जबकि मियादी कैदियों से उनके मनपसंद काम के एवज में ली जाती हैं मोटी रकम। पुराने कैदियों का कहना है कि जेल में हर कैदी को कुछ विशेष तरह की सुविधा मिलती है।

## श्री खाटू श्याम वेलफेयर सोसाइटी द्वारा भंडारे का आयोजन

**नजीबाबाद अवधनामा संवाददाता।** नजीबाबाद में आदर्श नगर बिजली घर निकट श्री



खाटू श्याम वेलफेयर सोसाइटी के सौजन्य से समिति के अध्यक्ष संदीप शर्मा एवं समाजसेवी विनय शर्मा के सहयोग से रात्रि कीर्तन से पूर्व भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें नाना प्रकार के व्यंजनों का प्रसाद वितरण किया गया और सैकड़ो श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के जिला सदस्यता प्रभारी रणवीर सिंह निराला वरिष्ठ भाजपा नेता चौधरी ईशम सिंह व भाजपा अनुसूचित मोर्चा जिला मंत्री गायत्री निराला ने भी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया। दूसरे भंडारे में अवधेश शर्मा, सतीश कुमार, विनय शर्मा, रामावतार कुशवाहा, सूबेदार मुनेश कुमार चौहान, सुदेव कुमार, नीरज कुमार, गौतम सेठी, रमाकान्तवालिया, आशुतोष, तनिष्का, समिति के सभी सदस्यों का योगदान रहा।

## बड़ी दुर्घटना को दावत दे रहा बिना रेलिंग का पुल

**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** तहसील क्षेत्र के टोंडी नदी पर बना पुल का रेलिंग न होने के कारण बड़े हादसे को दावत दे रहा है। लगभग 1 वर्ष पहले क्षतिग्रस्त हो गई है। उच्च अधिकारियों को बार-बार अवगत कराने के बावजूद भी अब तक रेलिंग का निर्माण नहीं कराया गया। इस मार्ग से प्रतिदिन लगभग एक दर्जन से अधिक गांव की स्कूली बस व राहगीर गुजरते हैं इस समय बाबा गोविंद साहब का मेला भी चल रहा है नजदीक होने के नाते ज्यादातर श्रद्धालु इसी रास्ते का इस्तेमाल कर रहे हैं। यह रास्ता दुल्हूपुर बाजार से होकर करीमनगर खास, कोरझा, पाभीपुर, पिंडोरिया, सीता घाट, होते हुए आजमगढ़ जिले को जोड़ता है। भूप नारायण पांडे, विजय प्रजापति, संगम पाण्डेय, राम आशीष यादव ने बताया कि संसद और विधायक को इस समस्या के बारे में अवगत कराया गया है। पुल भी अब जर्जर हो गया है इस पर नए पुल का निर्माण होना चाहिए।

# कमिश्नर, डीएम एवं एडीएम ने शेल्टरहोम पचपेडिया का निरीक्षण किया

अवधनामा संवाददाता

**बस्ती।** 31 दिसम्बर रात्रि 9.00 बजे मण्डलायुक्त अखिलेश सिंह, जिलाधिकारी रवीश गुप्ता एवं अपर जिलाधिकारी प्रतिपाल सिंह चौहान ने राजस्व तथा नगरपालिका टीम के साथ संयुक्त रूप से नगर पालिका क्षेत्र में बनाये गये शेल्टरहोम पचपेडिया एवं पुराना डाकखाना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मौके पर अधिशासी अधिकारी नगरपालिका सुनिष्ठा सिंह एवं शेल्टरहोम के केयरटेकर उपस्थित रहे। शेल्टरहोम में रूके हुए लोगों से वार्ता की गयी और शेल्टरहोम के आवश्यक सुविधाओं के सम्बन्ध पूछताछ किया गया। शेल्टरहोम ठंड से बचाव हेतु आवश्यक प्रबन्ध किया गया था जैसे कि शौचालय साफ-सुथरे पाये गये। पीने की पानी की सुचारू रूप से व्यवस्था पायी गयी। शेल्टरहोम में रूके लोगों को सोने के लिए पर्याप्त व्यवस्था बनायी गयी है। साथ ही शेल्टरहोम के बाहर अलाव जलाने की व्यवस्था है व अलाव जलता हुआ पाया गया। मण्डलायुक्त ने मौके पर उपस्थित अधिशासी अधिकारी नगरपालिका को शेल्टरहोम में ठंड से बचाव हेतु पर्याप्त व्यवस्था बनाये रखने तथा ठंड में जरूरतमंद को तत्काल शेल्टरहोम में शिफ्ट कराये जाने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान उन्होने जरूरतमंद 20 लोगों को कम्बल का वितरण भी किया। निरीक्षण के दौरान सिविल लाईन, कचहरी क्षेत्र झंडा तिराहा, अमहट घाट, कम्पनीबाग चौराहा, पचपेडिया, पुराना डाकखाना चौराहा, रोडवेज चौराहा पर अलाव जलता हुआ पाया गया।

उन्होने नगर पालिका क्षेत्र में कान्हा गौशाला का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय गौशाला में निराश्रित गोवंश को ठंड से बचाव हेतु पर्याप्त व्यवस्था पायी गयी। साथ ही गौशाला के अन्दर अलाव की व्यवस्था एवं चारो तरफ तिरपाल लगाकर गोवंशों को सुरक्षित किया गया है।

## सीडीओ ने आरआरसी सेंटर का किया निरीक्षण

**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार सिंह द्वारा विकास खण्ड लोधा की ग्राम पंचायत ताजपुर रसूलपुर स्थित आरआरसी केन्द्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि आरआरसी केन्द्र का निर्माण वर्ष 2023-24 में हुआ है। ग्राम में 01 कूड़ा गाडी कियाशील है, जिसको चलाने के लिए पंचायत द्वाराएक अतिरिक्त सफाई कर्मचारी रखा गया है। कूडा गाडी प्रतिदिन 200 परिवारों से घर-घर जाकर कूड़ा एकत्र करती है। गाँव में अब तक लगभ 54 हजार रूपये स्वच्छता शुल्क के रूप में संग्रहित किए गए हैं।

## सूचना

मैं राजकुमार पुत्र श्री रहतू नि. गांव ढकदई, नुकुड, ज़िला सहारनपुर सूचित कर रहा हूं कि मेरा पुत्र संजू मेरे कहने सुनने में नहीं है उसकी संगत एवं आचरण अच्छी नहीं है अत: विवश हो कर मैने पुत्र संजू को अपने परिवार से और अपनी कुल चल अचल संपत्ति से भी बे दखल कर उससे सभी संबंध विच्छेद कर लिये हैं भविष्य मैं अपने किसी भी कार्य हेतु वोह खुद ज़िम्मेदार होगा।

## सूचना

न्याय. मा. ग्रामीण न्याय, बेहट ज़िला सहारनपुर प्र. वाद स. 26 सन 2023 मूल वाद स. 41 सन 2013। मोश रईस खान पुत्र मो. सलीम खान नि. संसारपुर ज़िला सहारनपुर आदि...बनाम 1.. माजिद पुत्र अब्दुल हमीद नि. गांव खिड़का भटकवा तह. बेहट ज़िला सहारनपुर 2. यशपालपुरी पुत्र चननराम नि. भवन स.54/6 लेबर कॉलोनी, सहारनपुर विपक्षी हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बाबत के इस न्यायालय में दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप असालतन या वकालतन दि. 9 जनवरी 2025 को सुबह दस बजे न्याय. में हाज़िर हो कर जवाब अपना पेश करें और कुल गवाह और दस्तावेज़ जो आप ताईद में इस्तेमाल करना चाहें पेश करें ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय सुना जायेगा और फैसला होगा।

**आज्ञा से न्यायाधीश ग्राम न्यायालय, बेहट ज़िला सहारनपुर**

## लखनऊ नगर निगम जलकल विभाग, जोन-1 लालबाग, लखनऊ

पृ0सं0 : 1467/EE-1/नि0 दिनांक 01/01/2025

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारो से निम्नलिखित आपूर्ति/कार्यो हेतु पृथक-पृथक निविदाएं इस कार्यालय में दि0 08/01/2025 अपरान्ह 2.30 बजे तक आमन्त्रित की जाती है, जो दिनांक 08/01/2025 को अपरान्ह 3.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेंगी। सम्बन्धित कार्य की निविदा प्रपत्र अधिशासी अभियन्ता जोन-1 जलकल विभाग नगर निगम लखनऊ के कैश काउन्टर से निर्धारित शुल्क (Non-Refundable) जमा करके प्राप्त किये जा सकते है। निविदा की शर्ते निविदा प्रपत्र में उल्लिखित है, जो किसी भी कार्यदिवस में अवलोकित की जा सकती है। निविदा के साथ वांछित धरोहर राशि जमा करना अनिवार्य है। किसी भी या समस्त निविदाओं को बिना कोई कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में विदित है।

| क्र. सं. | कार्य/आपूर्ति का विवरण | निविदा शुल्क (रू.) | धरोहर धनराशि (रू.) | कार्य/आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जोन-प्रथम अन्तर्गत चुटकी भण्डार प्राथमिक विद्यालय स्कूल के बगल में 110 एम0एम0 ब्यास की लगभग 75 मीटर पी0वी0सी0 पाइप लाइन डालने आदि का कार्य। | 100.00 | 2200.00 | 15 दिवस |

अधिशासी अभियन्ता जोन-1
जलकल विभाग

# नववर्ष 2025 पर बच्चों का मनोरंजक और शैक्षिक भ्रमण



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** नववर्ष 2025 के उपलक्ष्य में ओ एन एकेडमी, बारुन बाजार ने अपने छात्रों के लिए एक विशेष शैक्षिक और सांस्कृतिक भ्रमण का आयोजन किया। इस यात्रा में छात्रों ने अयोध्या के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों का दौरा किया, जिनमें कोरियन पार्क, राम की पैड़ी, और रामकथा संग्रहालय प्रमुख रहे।कोरियन पार्क ने छात्रों को कोरिया और भारत के ऐतिहासिक सांस्कृतिक संबंधों से अवगत कराया। इसकी अद्वितीय स्थापत्य कला और शांत वातावरण ने बच्चों को प्रभावित किया। राम की पैड़ी पर छात्रों ने भगवान श्रीराम की जीवन यात्रा और उनके आदर्शों को समझने का प्रयास किया। रामकथा संग्रहालय में उन्हें भारतीय संस्कृति और रामायण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त हुईं।

विद्यालय के प्रबंधक धर्म पाल पांडेय जी ने कहा, ÷नववर्ष के इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों को हमारी सांस्कृतिक धरोहर और इतिहास से परिचित कराना है। इस प्रकार के अनुभव बच्चों के मानसिक और नैतिक विकास में सहायक होते हैं।÷इस अवसर पर बच्चों ने खूब मनोरंजन किया और उन्हें स्वादिष्ट जलपान भी कराया गया। यात्रा में विद्यालय के शिक्षक भी उपस्थित रहे और उन्होंने बच्चों का पूरा मार्गदर्शन किया।यह यात्रा बच्चों के लिए नववर्ष का एक यादगार अनुभव बनी और उन्हें प्रेरणा और ज्ञान से समृद्ध कर गई।

# पुलिस ने अवैध शराब बनाते अभियुक्त को किया गिरफ्तार

*अवधनामा संवाददाता*

**सोहावल -अयोध्या।** रौनाही पुलिस ने अवैध कच्ची शराब बनाने व बेचने वाले अपराधियों की गिरफ्तारी व बरामदगी हेतु अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने एक अभियुक्त को कच्ची शराब बनाते समय धर दबोचा और उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मंगलवार को आधी रात के करीब प्रभारी निरीक्षक रौनाही पंकज कुमार सिंह के नेतृत्व में अवैध कच्ची शराब बनाने वालों के खिलाफ चलाए गए अभियान में सत्ती चौरा चौकी प्रभारी एसएन सिंह, कॉन्स्टेबल रितिक राव,शिवा सिंह यादव,रविन्द्र यादव, संदीप यादव ने पुलिस टीम बनाकर मुखबिर की सूचना पर ग्राम पिरखौली में छापेमारी किया। इस दौरान पुलिस ने श्याम पुत्र रामऔतार को अबैध कच्ची शराब बनाते दबोच लिया। छापेमारी के दौरान लगभग दस लीटर कच्ची शराब व करीब 50 लीटर लहन और शराब बनाने के उपकरण भी पुलिस ने बरामद किए। चौकी प्रभारी एसएन



सिंह ने मौके पर बरामद लहन को नष्ट करवा दिया। पूंछे जाने पर रौनाही थाना प्रभारी पंकज सिंह ने बताया कि अवैध शराब बनाने वाले अभियुक्त के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत जेल भेजा दिया गया।

# अयोध्या आइडल का क्वार्टर फिनाले हुआ आयोजित

**अयोध्या।** अयोध्या आइडल का क्वार्टर फिनाले आयोजित किया गया, जो अयोध्या महोत्सव का एक महत्वपूर्ण हिस्सा था। इस कार्यक्रम में गायन और नृत्य की प्रतिभाओं ने अपनी अद्भुत प्रस्तुति दी।

गायन में सेमी क्लासिकल और नृत्य में 90 के दशक के गीतों पर आधारित थीम पर प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम का संयोजन न्यास की प्रबंध निदेशक नाहिद कैफ ने किया।

इस अवसर पर आदित्य गुप्ता, जिया, अनित, राम सिंह, बंटी, एंडी एस ग्रुप, उत्कर्ष आराध्या व गौतम की टीम ने अपनी जोरदार प्रस्तुति दी। उनकी प्रतिभा और उत्साह ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। यूनिवर्सल एकेडमी के बच्चों ने महाभारत पर अपनी प्रस्तुति दी, जो बहुत ही प्रभावशाली थी।अयोध्या आइडल का यह क्वार्टर फिनाले एक सफल और यादगार कार्यक्रम साबित हुआ। यह कार्यक्रम अयोध्या की सांस्कृतिक धरोहर को बढ़ावा देने और प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए एक महत्वपूर्ण प्रयास है। इस कार्यक्रम की सफलता में ऋचा उपाध्याय, उज्जवल चौहान, निकिता, तनु, अभिनव, अवनीश सिंह और शशांक का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## अंतिम संस्कार में जा रहे बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, मौत

**जैदपुर बाराबंकी।** अंतिम संस्कार में जा रहे मोटरसाइकिल सवार को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, जिससे मौके पर एक यूवक की मौत हो गयी। भाई ने थाना जैदपुर में की शिकायत, पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। बताते चलें कि शिव किशोर पुत्र स्व. बसन्त लाल निवासी ग्रांम- तिलसिया थाना, असन्द्रा जिला बाराबंकी ने जैदपुर थाने में शिकायती पत्र देते हुये अवगत कराया कि बीती मंगलवार को मेरे बड़े भाई रामकिशोर पुत्र स्व0 बसन्तलाल निवासी उपरोक्त उस करीब 38 वर्ष है जो घर से गांव के ही हरीश पुत्र जय प्रकाश उम्र करीब 35 वर्ष निवासी उपरोक्त के साथ अपनी मोटर सायकिल हीरो होण्डा सुपर स्प्लेन्डर यूपी 32 बिके 0850 से अजपुरा गांव मिट्टी में जा रहे थे कि समय करीब साढे छः बजे शाम (6.30) बजे शाम को मिटौरा लखन चौराहे से आगे जैदपुर की तरफ लगभग 100 मीटर पर अज्ञात वाहन से एक्सीडेन्ट हो गया।

# डीएम ने शहर में बने रैन बसेरों का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश



**बाराबंकी।** जन-सामान्य को शीतलहर से बचाव हेतु जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह व राजस्व और नगर पालिका टीम के साथ संयुक्त रूप से तहसील नवाबगंज के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर अलाव एवं स्थाई रैन बसेरों का निरीक्षण करने के साथ-साथ रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, लेबर अड्डों एवं चिकित्सालय के आस पास निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कहा कि ठंड के मौसम में रात्रि के दौरान विशेषकर बेघर , मजदूर और दूर दराज के इलाकों से आए हुए यात्रियों के लिए अलाव और रैन बसेरे जीवन रक्षक साबित होते हैं। शासन का यह प्रयास है कि कोई भी व्यक्ति ठंड के कारण प्रभावित न हो और जरूरतमंदों को तुरंत राहत मिले। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अलाव की स्थिति रैन बसेरे की साफ सफाई और वहां उपलब्ध सुविधाओं को परखा। इसके साथ ही शौचालय, बिस्तर, आगंतुक रजिस्टर इत्यादि सुविधाओं को देखा एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जरूरतमंद व असहाय वर्ग के लोगों को ठंड से बचाव के लिए कंबल वितरित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि ठंड के दृष्टिगत कोई भी व्यक्ति सड़क किनारे या खुले आसमान के नीचे ना सोए, रैन बसेरे का आश्रय लें।

# टीबी को खत्म करने के लिए मरीज को इलाज करना जरूरीः भूषण कुमार

*अवधनामा संवाददाता*

**मसौली बाराबंकी।** टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत बुधवार मसौली ब्लाक की ग्राम पंचायत बड़ागांव, मसौली मे जिला विकास अधिकारी भूषण कुमार एव खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव ने क्षय रोग से पीड़ितों को पोषण पोटली का वितरण किया तथा टीबी को जड़ से खत्म करने के लिये सभी को आगे आने के लिए प्रेरित किया। ग्राम पंचायत बड़ागांव के पंचायत भवन सभागार मे 13 टीबी मरीजों को लाई, चना, गुड़, सत्तू, मूंगफली गजक और टीवी रोग से संबंधित दवाइयो की पोटली वितरित करते हुए जिला विकास अधिकारी भूषण कुमार ने कहा कि टीबी को खत्म करने के लिए उसका इलाज करना जरूरी है हम सभी लोगो को इन मरीजों को ज्यादा से ज्यादा जागरूक करने पर ध्यान देना होगा उन्होंने बताया कि टीबी से ग्रसित होने पर मरीजों की सेहत बिगड़ जाती है। ऐसे में उन्हें दवाओं के साथ पौष्टिक आहार की जरूरत होती है। वहीं आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं होने के कारण टीबी मरीज खाने- पीने में पोषक आहार नहीं ले पाते हैं। जिससे



उनके शरीर में पोषक तत्वों की कमी की वजह से कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उनके शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता भी कम हो जाती है। उन्हीं पोषण की जरूरतों को पूरा करने के लिए अगले छह महीने तक लगातार फूड बास्केट उपलब्ध करायी जाएगी। खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि कहा कि समय-समय पर अपना चेकअप और निरंतर दवाओं का सेवन भी साथ करते रहे। सही देखभाल और उचित ट्रीटमेंट से हम इसे जड़ से भी समाप्त कर सकते उन्होंने टीबी के मरीजों को नियमित दवा लेने और पौष्टिक भोजन लेने का आह्वान किया। क्षय रोग नियंत्रण बड़ागांव के समन्वयक मनीष कुमार श्रीवास्तव ने रोगियों को बताया कि टीबी की दवा नाश्ते के बाद ही लें। गर्म तासीर वाली चीजें जैसे चाय, कॉफी, खट्टी व मिर्च मसाले वाली चीजें खाने से बचें। रोज सुबह हल्का हल्का व्यायाम करें, खाने में फाइबर वाली चीजें जैसे हरी सब्जियां, मौसमी फल, दालें, सोयाबीन ज्यादा से ज्यादा लें। खाने के तुरन्त बाद लेटें नहीं बल्कि थोड़ा टहलें।

इस मौके पर खण्ड शिक्षा अधिकारी फिजा मिर्जा, अवर अभियंता प्रमोद कुमार गौतम, सहायक विकास अधिकारी आई एस बी मदन गोपाल कनौजिया, ग्राम प्रधान नूर फातिमा, पंचायत सचिव जैसराम, उत्तम कुमार वर्मा, पंचायत सहायक सैय्यदा बानो सहिस्स्त सभी विद्यालयों के शिक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा बहु, व क्षय रोग से पीड़ित मरीज मौजूद रहे। इसी क्रम मे पंचायत भवन मसौली मे ग्राम प्रधान नाजमा अंसारी की मौजूदगी मे 6 टीबी मरीजों को जिला विकास अधिकारी भूषण कुमार एव खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव ने पोषण पोटली का वितरण किया।

# अवैध शराब व मार्फिन समेत तीन आरोपी गिरफ्तार



*अवधनामा संवाददाता*

**जैदपुर बाराबंकी।** अलग अलग घटनाओं में पुलिस ने अवैध मार्फिन व कच्ची शराब के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।जानकारी के अनुसार उपनिरीक्षक योगेन्द्र मिश्रा व अलोक कुमार सिंह सहयोगी पुलिस के जवानों के साथ गश्त के दौरान शंका होने पर मकबूलगंज की ओर से आ रहे मकसूद उर्फ कल्लू पुत्र रहमत अली निवासी टिकरा उसमा थाना जैदपुर को गिरफ्तार किया। वहीं अवैध चाकू व पांच लीटर अवैध शराब के साथ जैदपुर पुलिस ने अलग अलग जगहों से दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर की संबंधित धाराओं में कार्यवाही। बताते चलें कि उपनिरीक्षक देव प्रकाश शुक्ला हमराही च लीटर अवैध? शराब ले जाते चंद्र शेखर पुत्र रामदेव ग्राम दौलतपुर थाना जैदपुर को गिरफ्तार कर कार्यवाही की, दूसरी तरफ उपनिरीक्षक शोम्य कुमार जायसवाल ने मुखबिर की सूचना पर हरीश नगर जाने वाले मार्ग के पास जुबेर पुत्र यूनुस निवासी अहमदपुर थाना जैदपुर को एक अदद नाजायज चाकू के साथ धर दबोचा, जिसके विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की गयी।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में ग्रामीण खेल लीग प्रतियोगिता आयोजन के संबंध में सम्पन्न



*अवधनामा संवाददाता*

**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में उ0प्र0 ग्रामीण खेल लीग प्रतियोगिता आयोजन कराए जाने के संबंध में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी निर्देश दिए कि खेल संघो के माध्यम से खेल लीग प्रतियोगिता आयोजन का आयोजन विधान सभा वार जन प्रतिनिधियों के करकमलों द्वारा सम्पन्न कराएं जाए। उन्होने कहा कि विकास खण्ड जनपद स्तर खेल प्रतियोगिता सब जूनियर, जूनियर, एंव सीनियर, बालक बालिका वर्ग की विकास खण्डों पर 08 खेल विधाओं- एथलेटिक्स, कुश्ती, कबड्?डी, वालीबॉल, फुटबाल, भारत्तोलन, जूडों एंव बैडमिन्टन जिसका तिथिवार (कार्यकम) आयोजन किया जायेगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जिला विघालय निरीक्षक जिला क्रीड़ाधिकारी, प्रभारी जिला युवा कल्याण एंव प्रा0वि0द0 अधिकारी मोहित कुमार एंव समस्त क्षेत्रीय युवा कल्याण एंव प्रा0वि0द0 अधिकारी, कनिष्ठ सहायक एंव सम्बन्धित खेल संघो के सचिव अध्यक्ष उपस्थित रहे।

## डीएम तथा सीडीओ ने सभी अधिकारियों को विकास भवन सभागार में दी नव वर्ष की बधाई

**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने नगर आयुक्त डॉ0 विपिन कुमार मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 अपराजिता सिंह सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारीयों के साथ विकास भवन सभागार में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी तथा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय सिंधौली की बालिकाओं को ट्रेक सूट, पुष्प गुच्छ एवं चॉकलेट देकर प्रोत्साहित किया। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी को मिलकर अच्छे से लोगों के हित में कार्य करना है। सभी को टीम भावना के साथ बेहतर ढंग से कार्यों को निष्पादित किया जाए जिससे लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले। लोगों के बीच में अच्छा वातावरण बनाकर कार्य करना है। उन्होंने कहा कि लोगों को उसकी शिकायतों को अच्छे ढंग से सुना जाए तथा उनके साथ अच्छा व्यवहार कर शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए प्राथमिकता पर विस्तारित किया जाए। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के अनुभव एवं सुझाव साझा किए। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी पवन कुमार सिंह, पीडी डीआरडीए अवधेश राम, जिला पंचायत राज अधिकारी घनश्याम सागर सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## हरि कौशल पब्लिक स्कूल मे दो दिवसीय खेल कूद प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ



*अवधनामा संवाददाता*

**शाहजहाँपुर** जिला ओलंपिक संघ शाहजहाँपुर द्वारा हरिकौशल त्यागी पब्लिक स्कूल जमुही प्रांगण में आयोजित दो दिवसीय खेल कूद प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला क्रीड़ा अधिकारी एस पी वमनिया जिला ओलम्पिक संघ के अध्यक्ष विनय गुप्ता जिला सचिव नरेंद्र त्यागी ने संयुक्त रूप से किया आज हुए खो खो प्रतियोगिता में हरिकौशल त्यागी स्कूल व हथौड़ा स्टेडियम की टीम फाइनल में पहुंची फाइनल कल होगा कबड्डी बालक में कलान विजेता स्टेडियम हथौड़ा उपविजेता रही विजेता उपविजेता टीम को जिला ओलंपिक संघ द्वारा मैडल एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला कीडा अधिकारी ने कहा कि नव वर्ष पर जिला ओलंपिक संघ द्वारा खेलो के लिए एक नई पहल की गई है खिलाड़ियों को खेलने को मंच मिले यह खेलों और खिलाड़ियों के लिए बहुत अच्छी शुरुआत है जिला ओलंपिक संघ अध्यक्ष विनय गुप्ता ने कहा कि जिला ओलम्पिक संघ हमेशा खेलो के लिए कार्य करता है है कौशल त्यागी पब्लिक स्कूल ने अपना सहयोग प्रदान कर बहुत सराहनीय कार्य किया है खेलकूद में मुख्य रूप से जिला कबड्डी संघ सचिव राहुल तोमर , सचिन प्रेमी खो खो सचिव विपिन अग्निहोत्री भर्तोत्लन सचिव अजयपाल वर्मा एथलीट संघ संयुक्त सचिव बृजेश कुमार, प्रमोद पांडे, मयंक मिश्रा, रविन्द्र, श्यामा अवस्थी, योगेंद्र किशन त्यागीआदि उपस्थित रहे।

## तस्करी कर पिकअप से लाई जा रही 56 बोरा लहसुन बरामद

**पुलिस व एसएसबी संयुक्त टीम को मिली सफलता**




**निचलौल ( महराजगंज)।** नए वर्ष को लेकर सीमा पर सुरक्षा एजेंसियां एलर्ट मोड पर है। सभी चोर नाके, पगडंडियों पर पुलिस का चौकन्ना पहरा लगा है। मंगलवार की रात करीब साढ़े नौ बजे लक्ष्मीपुर खुर्द पुलिस व ठूठीबारी एसएसबी की संयुक्त पेट्रोलिंग टीम द्वारा पिलर संख्या 504/9 के समीप नेपाल से भारत पिकअप पर लाई जा रही 56बोरा लहसुन बरामद किया है। बोरा का वजन करने पर प्रति बोरा 28 किलो बताता गया। पकड़े गए पिकअप सहित समान को कस्टम निचलौल को विधिक कार्यवाही के लिए सौंप दिया गया है। लक्ष्मीपुर चौकी इंचार्ज महेंद्र यादव ने बताया कि नए साल को लेकरएसएसबी ठूठीबारी बीओपी इंचार्ज आलोक नाथ मय टीम के साथ लक्ष्मीपुर खुर्द के पिलर संख्या 504/9 के समीप पेट्रोलिंग किया जा रहा था कि नेपाल से भारत की तरफ एक पिकअप आता दिखाई दिया। जिसको टीम ने घेराबंदी कर पकड़ लिया। वहीं चालक अंधेरा का फायदा उठाकर नेपाल भागने मे सफल हो गया।

# बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मिला पुरस्कार

## तीन दिवसीय अटल खेल कूद प्रतियोगिता का हुआ समापन



*अवधनामा संवाददाता*

**निचलौल (महराजगंज)।** निचलौल थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा बैठवलिया स्थित मनरेगा मिनी स्टेडियम में सीमा जागरण मंच की ओर से तीन दिवसीय अटल खेल कूद प्रतियोगिता का मंगलवार को समापन हो गया। प्रतियोगिता के दौरान कबड्डी, ऊंची कूद, लंबी कूद, दौड़, रंगोली सहित अन्य खेलों में खिलाड़ियों ने अपना दमखम दिखाया। प्रतियोगिता की अध्यक्षता कर रहे सीमा जागरण गोरक्ष प्रांत के महामंत्री जितेंद्र पाल सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता के समापन पर 200 मीटर दौड़ बालिका वर्ग में जानकी, 400 मीटर दौड़ में अर्चना गुप्ता, 800 मीटर दौड़ में ऊषा सहानी ने प्रथम स्थान हासिल की। वही 400 मीटर दौड़ बालक वर्ग में सत्येंद्र चौहान, 800 मीटर दौड़ में सुरेन्द्र मद्धेशिया, 1600 मीटर दौड़ में शैलेश यादव ने प्रथम स्थान हासिल की। गोला क्षेपण बालिका वर्ग में हर्षिता चौधरी जबकि पुरुष वर्ग में शशिकांत ने प्रथम स्थान हासिल की। वही चक्र क्षेपण पुरुष वर्ग युवराज और महिला वर्ग में हर्षिता ने जीत हासिल की। लंबी कूद पुरुष वर्ग में निलेश और महिला वर्ग गूंजा यादव ने जीत हासिल की। ऊंची कूद पुरुष वर्ग में नूरमोहमद और महिला वर्ग में गूंजा ने जीत हासिल की। भाला फेंक पुरुष वर्ग में शशिकांत और महिला वर्ग में हर्षिता ने जीत हासिल की। कबड्डी में बालक वर्ग में राहुल संस्कृतियान शिक्षा संस्थान और महिला वर्ग में चौक बाजार की टीम विजयी रही। इन्होंने आगे कहा कि इन सभी खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया है। इस दौरान जितेंद्र पाल सिंह, संतोष सिंह,शिवचरण वर्मा, ,आदित्य तिवारी, हिमांशु, उमाशंकर पाल, दुष्यंत सिंह, सतीश यादव, शशि भूषण गुप्ता, नंदेश्वर शर्मा, मंजू जायसवाल, प्रभाकर जयसवाल, विकास तिवारी, कौशल सिंह समेत भारत नेपाल के दर्शक भारी संख्या में मौजूद रहे।

## घरेलू मारपीट में घायल व्यक्ति की मौत

**महराजगंज।** बीते मंगलवार की रात घुघली थानाक्षेत्र के ग्राम विशुनपुर गबडुआं में घरेलू मामले में पिता पुत्र का आपस में मारपीट हो गया। जिसमें पिता की मृत्यु हो गईं। मामले में पुलिस ने पुत्र को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही में जुट गई। जानकारी के अनुसार बीते रात थाना घुघली पुलिस को पीआरवी के माध्यम से सूचना मिली कि ग्राम विशुनपुर गबडुआं निवासी घुरहू यादव की उसके पुत्र मुरारी के साथ घरेलू विवाद को लेकर मारपीट हो गई थी। जिसमें घुरहू घायल है। प्राप्त सूचना के आधार पर स्थानीय पुलिस द्वारा मौके पर पहुंच कर घायल घुरहू को अस्पताल भेजवाया गया। लेकिन बुधवार को घुरहू की अस्पताल में मृत्यु हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया हैं। इस संबंध में सीओ सदर आभा सिंह ने बताया कि मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया हैं।

# आईपीएल ने 25 दिसम्बर तक गन्ना मूल्य का किया भुगतान

**सिसवा बाजार (महराजगंज)।** सिसवा आईपीएल चीनी मिल के यूनिट हेड संदीप पवार व लेखाधिकारी नीरज श्रीवास्तव ने बताया कि सिसवा आईपीएल चीनी मिल द्वारा सत्र 2024-25 में 15 दिसम्बर से 25 दिसम्बर तक खरीदे गए 02 लाख 39 हजार कुंतल गन्ने का मूल्य 8 करोड़ 83 लाख रुपये सहित कुल मूल्य 24 करोड़ 65 लाख रुपये का भुगतान 1ह्य1255 किसानों के खाते में भेज दिया गया है। विभागाध्यक्ष गन्ना धीरज सिंह व उप प्रबंधक विकेंद्र राणा ने किसानों से आग्रह किया है कि चीनी मिल को साफ सुथरा, जड़ रहित और ताजा गन्ना ही मिल को सप्लाई करें।

# नए साल के जश्न में डूबे लोगों ने मां सोनाड़ी देवी का लिया आशीर्वाद

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज (मिठौरा)।** नगर पंचायत चौक स्थित मां सोनाड़ी देवी मंदिर में नये साल पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। लोगों ने श्रद्धापूर्वक देवी माता का दर्शन कर सुख शांति के लिए प्रार्थना किया। बताते चले कि चौक क्षेत्र में सोनाड़ी देवी मंदिर काफी प्रसिद्ध हैं काफी दूर दूर से श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचते हैं। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नव वर्ष के अवसर पर मंदिर परिसर में काफी दूर दूर से लोग पहुंचकर सुख शांति के लिए प्रार्थना किए। नये साल की खुशी के इस माहौल में लोग परिवार व मित्रों के साथ यहां पहुंच पिकनिक का आनंद लेते हुए दिखाई दे रहे थे। कुछ युवक और युवतियां जंगल में स्थित मां ?सोनाड़ी देवी मंदिर में



सेल्फी लेने में मशगूल रहे। तो कुछ लोग खाने पीने में मस्त रहे। जश्न मनाने वालों का यह सिलसिला देर शाम चलता रहा। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अजय मद्धेशिया, सभासद त्रिभुवन, पवन गुप्ता आदि ने बताया कि वह लोग नये साल का जश्न मनाने के लिए सुबह से ही घर से निकले है। सबसे पहले वह लोग घने जंगलों के बीच स्थित मां ?सोनाड़ी देवी मंदिर देवी मंदिर पहुंच दर्शन कर आशीर्वाद लिये। चौक वन क्षेत्राधिकारी ऋषभ नायक ने बताया कि नये साल पर वन संपदा और वन्य जीवों की सुरक्षा को लेकर वन कर्मियों की टीम सतर्क रही ।

# मोदुदाअ अन्तर्गत आशुलिपिक पद हेतु सेवा निवृत्त कार्मिक 15 जनवरी तक कर सकते हैं आवेदन

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के अन्तर्गत आशुलिपिक पद पर सेवा निवृत्त कार्मिक को संविदा के आधार पर 65 वर्ष की आयु सीमा तक अथवा पूर्णकालिक (सेवा / स्थानान्तरण / प्रतिनियुक्ति ) कार्मियों की तैनाती होने, जो भी पहले हो, के लिए सेवायें प्रदान करने के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों से 15 जनवरी समय 4 बजे अपरान्ह तक पंजीकृत / स्पीड पोस्ट / व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर आवेदनपत्र आमन्त्रित किये गए हैं।

आशुलिपिक 1 पद के लिए वांछित योग्यता एवं अर्हतायें जिला न्यायालय / केन्द्र सरकार/ राज्य सरकार/सरकारी संस्था / सरकारी विभाग / बोर्ड इत्यादि के समान कार्यानुभव रखने वाले सेवा निवृत्त कार्मिक की संविदा के आधार पर चयन इस शर्त के अधीन किया जायेगा कि सेवा निवृत्त कार्मिक को संविदा के रूप में मिलने वाली राशि सम्बन्धित कार्मिक के अन्तिम आहरित वेतन में वाले से शुद्ध पेन्शन की धनराशि (राशिकरण के पूर्व यदि कोई हो) को घटाने पर प्राप्त होने वाली राशि के बराबर प्रतिमाह मानदेय देय होगा। जिला न्यायालय से सेवा निवृत्त कर्मचारी को वरीयता दी जायेगी। आवेदन करने के लिए आयु 1 जनवरी को 60 से 65 वर्ष के बीच होगी।31-12-2024 तक सेवा निवृत्त होने वाले कर्मचारीगण ही, आवेदन के अर्हय होगें। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन-पत्र (जिसमें नाम, पिता का नाम, जन्मतिथि, स्व-प्रमाणित फोटो एवं सम्पूर्ण पता, मोबाईल नम्बर आदि स्पष्ट उल्लेख हो) के साथ आवश्यक अभिलेख यथा शैक्षिक प्रमाणपत्र, चरित्र प्रमाणपत्र, सेवा-निवृत्त पेन्शन प्रपत्र इत्यादि संलग्न कर, कार्यालय मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, सिद्धार्थनगर के पते पर प्रेषित करें। अन्तिम तिथि व समय के पश्चात् प्राप्त होने वाले किसी भी आवेदनपत्र पर विचार नही किया जायेगा। चयन हेतु गठित समिति के अध्यक्ष को, समस्त आवेदन-पत्रों को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का सम्पूर्ण अधिकार होगा साक्षात्कार कार्य हेतु अभ्यर्थियों को उनके मोबाइल पर सूचना दी जायेगी। उक्त जानकारी अरविन्द राय पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, सिद्धार्थनगर ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी है।

# आबादी की भूमि पर अवैध बाउंड्री दीवार को तहसील प्रशासन ने हटाया

अवधनामा संवाददाता



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत बगुलहवा स्थित प्राथमिक विद्यालय से सटे भूमि पर बाउंड्री घेरकर हुये कब्जा को एसडीएम चंद्रभान सिंह ने बुधवार को दोपहर बाद बुलडोजर के साथ पहुंचकर अवैध बाउंड्री अतिक्रमण को हटवाया। जिलाधिकारी से ग्राम पंचायत बगुलहवा निवासी मोहम्मद अयूब, जैफुल्लाह, राम नारायण, मजीबुल्लाह, बुधई, राजकुमार, आस मोहम्मद, रामनिवास आदि लोगों ने जिला अधिकारी के पास पहुंच कर बिस्मिल्लाह पुत्र नसीबदार द्वारा जबरन विद्यालय से सटे आबादी की भूमि पर बाउंड्री घेरकर कब्जा करने की शिकायत किया था।

शुक्रवार को डीएम के निर्देश पर तहसील शोहरतगढ़ राजस्व विभाग की टीम ने नायब तहसीलदार के साथ गावं में पहुंच कर विद्यालय से सटे आबादी भूमि का पैमाइश कर भूमि को कब्जाधारी से खाली करने का निर्देश दिया था। लेकिन कब्जा धारक ने अवैध कब्जा नहीं हटाया। जिस पर बुधवार को एसडीएम ने राजस्व व पुलिस टीम के साथ पहुंचकर कार्यवाही करते हुये बाउंड्री को बुलडोजर से जमीदोज कराते हुए खाली कराया। एसडीएम चंद्रभान सिंह ने कहा कि अवैध रूप से कब्जा धारक को जमीन खाली करने का निर्देश दिया गया था। अवैध कब्जा न खाली करने पर उच्चाधिकारियों के निर्देश पर कब्जा खाली करा दिया गया है। अवैध कब्जाधारक को कड़ी चेतावनी देते हुए आगे कोई कार्य न करने की सख्त हिदायत दी गयी है।उपजिलाधिकारी ने कहा कि खाली कराये गये जमीन पर विद्यालय अपने अनुसार आवश्यक निर्माण कार्य अब प्रारंभ कर सकेगा। इस दौरान तहसीलदार अजय कुमार, उपनिरीक्षक रमाशंकर पाण्डेय, मोहम्मद अयूब, लेखपाल राजेश कुमार, सैफुल्लाह, रामनारायन, मजीबुल्लाह, आस मोहम्मद, भीष्म, बुधई, रामकुमार, कमरुद्दीन, अशोक कुमार, फतेह मोहम्मद, असगर अली, बिस्मिल्लाह, अब्दुल, श्याम सुंदर, सीताराम, गुल हसन, अबरार आदि मौजूद रहे।

# दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन




अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की स्वायत्त इकाई नेहरू युवा केंद्र/ माय भारत के तत्वावधान में जिला युवा अधिकारी अनुराग यादव के निर्देशानुसार दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन आदर्श पब्लिक हाई स्कूल महापाली बर्डपुर में किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक श्यामधनी राही को आदर्श पब्लिक हाई स्कूल के प्रबंधक दीपेन्द्र कुमार चौधरी ने बुके देकर स्वागत किया। विशिष्ट अतिथि के रूप मे घनश्याम चौधरी भाजपा सेक्टर प्रमुख, रामदेव चौधरी, श्रीमती सोनम चौधरी प्रधानाचार्या आदर्श पब्लिक हाई स्कूल उपस्थित रही। प्रथम दिवस में बालिका कबड्डी मे नैन्सी कसौधन की टीम स्लो साइकिलिंग में प्रथम सुनेहा कुमारी द्वितीय नंदनी तृतीय स्थान सुमन चौधरी ने प्राप्त किया तथा दूसरे दिन वॉलीबॉल मे जीशान की टीम, बालक वर्ग 400 मी. दौड़ रवि किशन प्रथम समित द्वितीय स्थान रविन्द्र प्रजापति तृतीय व बैडमिंटन मे मधु प्रथम, प्रीती द्वितीय, काजल यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता खिलाड़ियों को शील्ड व मोमेंटो तथा ग्रुप खिलाड़ियों को खेल किट देकर सम्मानित किया गया। बतौर रेफरी पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक सनूप कुमार उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन बृजेश चौधरी ने किया। इस दौरान शिक्षक लक्ष्मीकान्त अग्रहरि, मुलायम सिंह यादव, राज, लखमेंद्र, मुन्नूलाल प्रजापति सहित पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक शोहरतगढ अजय कुमार गुप्त उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने बीएच एनडी सत्र का किया गया निरीक्षण



**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 द्वारा आयुष्मान उपकेन्द्र सिकरी बखरिया में बीएचएनडी सत्र का निरीक्षण किया गया एन एम द्वारा डयू लिस्ट अपडेट नही था जिलाधिकारी द्वारा एएनएम को नोटिस निर्गत करने का निर्देश गया व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सिकरी बखरिया मे आयोजित बीएचएनडी सत्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 द्वारा आयुष्मान आरोग्य मन्दिर में तैनात एएनएम व स्टाफ नर्स उपस्थित थी। जिलाधिकारी द्वारा लेबर रूम, बैक्सीन रजिस्टर, एएनसी रजिस्टर, एचआरपी रजिस्टर का अवलोकन किया गया। जिलाधिकारी द्वारा नवजात शिशुओं को टीका न लगने पर स्टाफनर्स वन्दना चौधरी पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। इसके साथ आशा, एएनएम को टीकाकरण एवं एचआरपी रजिस्टर में अंकित गर्भवती महिलाओं का ब्लड कम हाने पर उनकी निगरानी न करने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये उनका नजदीकी सीएचसी पर जांच कराने का निर्देश दिया। इस दौरान डा मोहम्मद मोहसिन, फार्मासिस्ट नबी अहमद, आशा, स्टाप नर्स बन्दना चौरसिया आदि मौजूद रहे।

# समय से गुणवत्तापूर्ण कार्य करें राजस्व निरीक्षक : जिलाधिकारी

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** समय से गुणवत्ता पूर्ण कार्य करे राजस्व निरीक्षक, जिससे हर व्यक्ति को न्याय मिले उक्त बातें जिलाधिकारी डॉ राजा गणपति आर ने कही। वह बुधवार को जनपद के विभिन्न तहसीलों में कार्यरत पांच राजस्व निरीक्षकों के सेवानिवृत्त के उपरान्त आयोजित सम्मान समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त हो रहे राजस्व कर्मियों को आने वाली पीढ़ी को सीख लेनी चाहिए।

अपर जिलाधिकारी उमाशंकर सिंह ने कहा किसी भी राजस्व निरीक्षक को कोई समस्या हो तो हमसे कभी मिल सकता है समस्या का समाधान भरसक किया जायेगा। बुद्धवार को तहसील सभाकक्ष नौगढ़ में आयोजित सम्मान समारोह में जिलाधिकारी ने सभी सेवानिवृत्त राजस्व निरीक्षकों को अंगवस्त्र एवं सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। सर्वप्रथम राजस्व निरीक्षक संघ के तरफ से प्रमोद श्रीवास्तव एवं दिलीप चौरसिया ने जिलाधिकारी,अपर जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी का कार्यक्रम में आने के लिए स्वगात किया। तहसील बांसी से सेवानिवृत्त रामशंकर द्विवेदी, रामकुमार तिवारी, प्रभु दयाल यादव, तहसील शोहरतगढ़ से सेवानिवृत्त श्रीराम चौरसिया, तहसील डुमरियागंज से सेवानिवृत्त राधेश्याम यादव को सम्मानित किया।

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष सुजीत जायसवाल एवं जिला मन्त्री राजेश मिश्र ने सभी राजस्व निरीक्षकों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन राजस्व निरीक्षक रामकरन गुप्ता ने किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी उमाशंकर सिंह, एसडीएम सदर डॉ0 ललित कुमार मिश्र, तहसीलदार डॉ0 संतराज सिंह, नायब तहसीलदार माधुर्य यादव, नवीन श्रीवास्तव, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष सुजीत जायसवाल जिलामंत्री राजेश मिश्र, राजस्व निरीक्षक प्रमोद श्रीवास्तव, दिलीप चौरसिया, शीतल द्विवेदी, गणेश त्रिपाठी, देवानन्द, रामदेव यादव, यशोदा नन्द मिश्र, रामकरन गुप्ता, सुधीर श्रीवास्तव, गिरीश मिश्र, अब्दुल गफ्फार, अशोक श्रीवास्तव, अरुण श्रीवास्तव, अवधेश सिंह, अनिल श्रीवास्तव, महेश्वर मिश्र आदि ने संबोधित किया।

## कड़ाके की ठंड में किसी व्यक्ति को न लगे ठंडक, दिया जा रहा है कम्बल : सांसद

**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** विकास खंड मिठवल क्षेत्र अंतर्गत निःशुल्क कंबल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि सांसद जगदंबिका पाल ने सैकड़ो जरूरतमंदों को निःशुल्क कंबल का वितरण किया। सांसद जगदंबिका पाल ने कंबल वितरित करते हुए कहा कि हमारी सरकार में सभी जरूरतमंदों को इस इस कड़ाके की ठंड से बचने के लिए निशुल्क कंबल दिया जा रहा है, ताकि वह ठंड से बच सके और उनके चेहरे पर मुस्कान हो, कड़ाके की ठंड में किसी भी व्यक्ति को ठंडक न लगे। हर सुख दुख में आपका संसद आपका बेटा बनकर आपके बीच हमेशा उपस्थित रहता है। इस अवसर पर राजेंद्र पांडेय, राजेंद्र त्रिपाठी, विजय चौधरी, विरेंद्र राव, विजय सिंह, दिलीप तिवारी, विष्णु मिश्रा, अनुराग उपाध्याय, स्कंद मिश्रा विक्रम शर्मा मनोज प्रधान अरुण सिंह प्रधान राजेश सिंह प्रधान राजा रामगढ़ बृजेश चौधरी राम मणि मिश्रा राजू शर्मा दिनेश कुमार चौधरी पंकज उपाध्याय बच्चू लाल अनूप भट्ट रामसहारे गुप्ता शिवम मिश्रा पिंकू प्रधान दिनेश सिंह पप्पू चौधरी इंद्र मोहन चौधरी विनोद कुमार श्री राम राम भवन यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

## समाजसेवी ने लोटन कस्बे में जलवाया अलाव



**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** ठंड में हुई बढ़त को देखते हुए लोटन कस्बे के मेन चौराहे पर युवा समाज सेवी ग्राम नेतवर के सन्नी सिंह द्वारा बुधवार को पुलिस बुथ के सामने अलाव जलवाया गया। इस दौरान आने जाने व ठेला पटरी वालो को ठंडे से कुछ राहत मिलने पर कहा कि जो काम नेता व सरकार को करना चाहिए वह काम युवा समाज सेवी अपने निजी पैसे से अलाव जलाया जा रहा है। तेज हवा व पारा लुढ़कने के साथ गलन का जबरदस्त असर दिखाई दे रहा है। विगत कई वर्षों सन्नी सिंह की ओर से चौराहों पर अलाव की व्यवस्था की जाती है। इससे लोगों को काफी राहत मिलती। क्षेत्र के प्रेमचन्द, मोदनवाल, काजू, महेन्दर, अनिल जायसवाल, सुनील जायसवाल, संतोष, दिलीप, कमालुद्दीन सहित तमाम लोगों ने चौराहो पर अलाव जलाने की मांग की है।

## अजगर के बच्चे को देख दहशत, वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू कर पकड़ा

**इटवा सिद्धार्थनगर/निहाल चौधरी।** इटवा नगर पंचायत के पेड़ारी गांव में बुधवार को एक घर की नींव के पास सड़क किनारे अजगर के बच्चे का दिखाई देना ग्रामीणों के लिए हैरान कर देने वाला था। यह अजगर का बच्चा करीब 5 फीट लंबा था, जिससे गांव में दहशत फैल गई। महिलाएं, पुरुष और बच्चे सभी इकट्ठा हो गए, और कभी अजगर की रेंगने से तो कभी भगदड़ मचने से माहौल और भी तनावपूर्ण हो गया। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम इटवा पहुंची और अजगर को रेस्क्यू करते हुए पकड़ा। वन विभाग की टीम ने बताया कि अजगर को नदी के किनारे या जंगल जैसी सुरक्षित जगह पर छोड़ दिया जाएगा। वन क्षेत्राधिकारी इलियास खान ने बताया कि जैसे ही उन्हें सूचना मिली, तत्काल टीम को भेजा गया। मौके पर अजगर का बच्चा पाया गया, जिसे टीम ने सफलतापूर्वक अपने कब्जे में लिया और सुरक्षित स्थान पर छोड़ने की प्रक्रिया शुरू कर दी।

हल्लौर के करबला पर जिकरे अहलेबैत से हुआ नये साल का आग़ाज़

# हम वो कौम है जो सूरज को पलटानें वाले को वसीला बनाते हैं : शाहकार हुसैन जैदी

अवधनामा संवाददाता




**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** कुछ लोग सूरज को वसीला बनाते हैं खुदा तक पहुंचने का, कुछ लोग सितारों को वसीला बनाते हैं खुदा तक पहुंचने का, कुछ लोग चांद को वसीला बनाते हैं खुदा तक पहुंचने का, कुछ लोग पहाड़ों को वसिला बनाते हैं खुदा तक पहुंचने का, कुछ लोग दरिया के पानी को वसीला बनाते हैं।

उक्त बाते क्षेत्र के हल्लौर स्थित करबला पर आयोजित जिकरे अहलेबैत से नये साल का आगाज़ कार्यक्रम के दौरान इमाम जुमा व जमात हल्लौर मौलाना शाहकार हुसैन ज़ैदी ने संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि अल्हम्दुलिल्लाह हम वो कौम है जो सूरज को पलटानें वाले को वसीला बनाते हैं हम सूरज को नहीं हमारी किस्मत में वह है जिसने सूरज को पलटूवाया हम वह है जिसे चांद के दो टुकड़े किए सितारों को दरवाजे पर बुला लेने वाले को खुदा तक पहुंचाते हैं फर्क तो होगा ही जो मोजिज़ा देखकर मुसलमान हुए हैं उनका इसलाम अलग और जो साहिबे मोजिजात पर मुसलमान हुए हैं उनका इस्लाम अलग होगा। अंत में करबला के मसायब बयान किया। तकरीर के बाद बकायदा तौर पर महफ़िल का आगाज़ हुआ। नात ए पाक फ़ैज़ी व आलम हल्लौरी ने पेश किया तत्पश्चात मुकामी शायरो में बेताब, नफ़ीस, हसन जमाल, सावन, अम्मार, पैकर, कायनात, हसन सादिक, मुमताज, रैना, हानी, कौसर, लकी, फरहान, कामयाब, नौशाद, खुलुस,आदि शायरो ने अपने अपने कलाम पेश कर खूब वाह वाही बटोरी। रात एक बजे तक चले इस कार्यक्रम मे भारी संख्या मे लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के पूर्व मोअत्तर रज़ा इब्ने खुशतर रज़ा की याद मे मजलिस आयोजित की गई जिसे ज़ाकिरे अहलेबैत जमाल हैदर करबलाई ने खिताब किया।

अन्त मे कार्यक्रम आयोजक हसन ताकीब रिज़वी ने आये हुए ज़ाकिर और शायरो को नए साल के उपलक्ष्य पर साल व लिफ़ाफ़ा भेंट करते हुए तमाम लोगो का शुक्रिया अदा किया। इस मौके पर ग्राम प्रधान ताकीब रिज़वी, खुशतर रज़ा, काजिम् रज़ा, मोहम्मद मेहदी, गुलाम, गुलाम मेंहदी, लल्ला, मनव्वर रज़ा, शम्स हैदर, नेहाल, खुशतर रज़ा, शाहिद अंजू, शमीम रज़ा शम्मू, वफादार, राशिद कप्तान, महफूज़ मैक्स, शालू भाई जान, गुड्डन बाबा, शहरोंज़ सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# गोदभराई एवं अन्नप्राशन कार्यक्रम का किया गया आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** बाल विकास परियोजना बांसी द्वारा बाल विकास परियोजना अधिकारी श्रीमती नीलम वर्मा की अगुवाई में बांसी तहसील सभागार में तहसीलदार की अध्यक्षता में गोदभराई एवं अन्नप्राशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान पौष्टिक भोजन संबंधी खाद्य सामग्री के बारे में चर्चा/ जानकारी दी गई। इस दौरान गर्भवती महिलाओं को पोषण पोटली के साथ गोदभराई की गई तथा 6 माह की आयु पूर्ण करने वाले बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया।

इस दौरान ज्योति की गोदभराई व अदनान का अन्नप्राशन कराया गया। इसमें सर्कल सुपरवाइजर, ब्लॉक कोर्डिनेटर तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में पोषण संबंधी चर्चा की गई। पोषण संबंधी चर्चा में पोषण ट्रैकर पर कार्य करने के बारे में बताया गया। साथ ही उसमें आने वाली समस्याओं का पता करके उन समस्याओं का समाधान भी किया गया। इसमें आंगनबाड़ी वर्करों के अलावा कई गांवों से आई महिलाओं ने भी भाग लिया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा पोषण को लेकर पेटिंग बनाई गई और उन पर स्लोगन के जरिये जागरूकता का संदेश भी दिया गया।

सभी लाभार्थियों को एनीमिया मुक्त करने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया गया ताकि वे अपने क्षेत्र के लाभार्थियों को सही खान-पान के बारे में बता सकें और उन्हें समझा सकें और लोगों को जागरूक कर सके।

## इं एजाज़ अहमद अंसारी ने जेई के विरुद्ध लिखा पत्र




**अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव इंजीनियर एजाज़ अहमद अंसारी ने जेई अम्बेडकर नगर के अपशब्द बोल को लेकर प्रबंधन निदेशक मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है। एजाज़ अहमद अंसारी ने प्रबन्धक को भेजे गये पत्र में कहा है कि टाण्डा अम्बेडकर नगर में तैनात जेई रविशंकर निषाद नद्वारा बुनकर समाज को गली देते हुए कहता है कि लूट डालो मार डालो का ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, जिसे मीडिया बन्धुओं ने अपने माध्यम से आम जनमानस तक पहुंचाया है। जो कि आपसी सौहार्द और भाईचारे को बिगाड़ने और माहौल खराब करने का कार्य है। टाण्डा का बुनकर समाज कस्बे में सबसे अधिक बिजली बिल के रूप में विभाग को राजस्व देता है। अनुरोध किया है कि उक्त जेई को निलंबित कर कठोर विभागीय कार्रवाई करें, जिससे बुनकर समाज को विश्वास में लिया जा सके और उनके आक्रोश को शान्त किया जा सके।

## समाजसेवी बरकत अली ने किया अंतिम संस्कार

**अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** दिनांक 29.12.24 को थाना सम्मनपुर अंतर्गत ग्राम मतलूमपुर में ग्राम प्रधान ने सूचना दिया कि एक लावारिस नवजात शिशु मृत्यु अवस्था में पड़ी है थाना सम्मनपुर उपनिरीक्षक सुरेंद्र प्रताप हेड कांस्टेबल विवेक यादव मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पहचान हेतु पोस्टमार्टम हाउस में 72 घंटे के लिए रखवाया था पहचान न होने के कारण दिनांक 1.1.2025 को समाजसेवी बरकत अली से संपर्क करके लावारिस नवजात शिशु के अंतिम संस्कार का अनुरोध किया समाजसेवी बरकत अली पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर लावारिस नवजात शिशु का कांस्टेबल अमितेश यादव के साथ नवजात शिशु का अंतिम संस्कार किया।

## पत्रकार के साथ टांडा तहसीलदार ने की अभद्रता

**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** जनपद के जिला संवाददाता अर्पित सिंह श्रीवास्तव के साथ मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर में एक इनोवा गाड़ी चालक ने एक्सीडेंट में उसके भाई और उसके मित्रों को चोटहिल कर दिया था जिसकी सूचना मिलने पर अपने परिजनों के साथ पत्रकार जब मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर के इमरजेंसी वार्ड में पहुंचा तो उपचार एवं अन्य जानकारी जुटाने की कोशिश करने लगा जिसके बाद उपजिलाधिकारी के साथ पहुंचे तहसीलदार निखिलेश कुमार ने जैसे ही कुछ जानकारी एक्सीडेंट से संबंधित जुटाने के लिए उपजिलाधिकारी शशि शेखर से मिलने का प्रयास करना ही चाह रहा था कि तहसीलदार टांडा ने उस पत्रकार से अभद्रभाषा का प्रयोग कर उसके कंधे पर हाथ लगाते हुए धकेल दिया और भद्दी-भद्दी गालियां से नवाजते हुए उसे मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर के इमरजेंसी वार्ड से बाहर धकेल कर भागा दिया, जिससे उस पत्रकार की छवि स्वार्जनिक स्थल पर मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर में तैनात कर्मचारियों एवं उसने समर्थकों के बीच धूमिल होने से पत्रकार काफी आहत में हो कर मानसिक तनाव में हैं, उल्लेखनीय हैं कि उपरोक्त प्रकरण से क्षुब्ध होकर दैनिक सत्ता संकेत समाचार पत्र के जिला संवाददाता एवं युवा पत्रकार प्रेस क्लब के जिला अध्यक्ष अर्पित सिंह श्रीवास्तव ने 31 दिसंबर की रात्रि लगभग 10 बजे के आस-पास इनोवा गाड़ी चालक द्वारा तेजराफ्तर में उसके भाई आदित्य सिंह श्रीवास्तव का एक्सीडेंट कर चोटहिल कर दिया था जिसकी जानकारी होने पर पहुंचे मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर में पत्रकार के साथ उपजिलाधिकारी शशि शेखर के साथ पहुंचे तहसीलदार निखिलेश कुमार ने जैसे ही एक्सीडेंट के बाबत कुछ जानकारी जुटाने का प्रयास उपजिलाधिकारी शशि शेखर से करने का प्रयास किया ही था कि तहसीलदार टांडा निखिलेश कुमार ने सत्ता संकेत हिन्दी दैनिक समाचार पत्र के जिला संवाददाता के कंधे पर हाथ डाल कर उसे धक्का मुक्की करते हुए ढकेल दिया और भद्दी-भद्दी गालियां से नवाजते हुए मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर के इमरजेंसी वार्ड से भागा दिया जिससे पत्रकार छवि सावर्जनिक स्थल पर धूमिल हो गई।



# पीएमएसएमए दिवस पर 178 गर्भवती महिलाओं की हुई जांच, 67 उच्च जोखिम वाली महिलाएं चिन्हित

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** भनवापुर ब्लाक अंतर्गत सीएचसी सिरसिया में बुधवार को गर्भवती महिलाओं के लिए स्वास्थ परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। अधीक्षक डॉ.शैलेन्द्र मणि ओझा के अगुवाई में चिकित्सा टीम के द्वारा प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत सरिता, मनीषा, रेखा, मंजू, पूजा, शाहिना बानो, जया देवी , दुर्गावती आदि सहित कुल 178 गर्भवती महिलाओं का हेल्थ चेकअप करते हुए इलाज तथा चिकित्सीय परामर्श दिया गया।

शिविर में जांच के दौरान 67 उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को चिन्हित करते हुए चिकित्सीय इलाज किया गया। डॉ.शैलेंद्र मणि ओझा ने बताया कि उच्च जोखिम होने का मुख्य कारण उच्च रक्त चाप,फीटस का बेड़ा होना,गंभीर एनिमिया, प्लेसेंटा का विकृत होना आदि पाया गया। शिविर के माध्यम से गर्भावस्था के शुरुआती दिनों में ही उच्च जोखिम वाले खतरे के लक्षण को चिन्हित करते हुए गर्भावस्था के प्रारंभिक दिनों में ही चिकित्सीय इलाज एवं परामर्श देते हुए अथवा उच्च चिकित्सालय पर संदर्भित करते हुए जच्चा और बच्चा को सुरक्षित किया जा सकता है। इस दौरान डॉ. सिद्धार्थ जयसवाल, डॉ श्रेया चौधरी, डॉ सवीहा मलिक, प्रेम कुमार त्रिपाठी, रुपम पाठक, सविता मौर्या, अर्चना चौधरी, वर्षा सागर, रेखा पाण्डेय, कृष्ण गोपाल पाण्डेय, रविंद्र कुमार, अश्वनी अग्रहरि आदि मौजूद रहे।

## फिर क्यों

कहते है दुनियां में अहिंसा प्रेमियों की संख्या ज्यादा है फिर भी इतनी हिंसा क्यों। कहते है एक मछली सारे तालाब को गन्दा कर देती है फिर इसकी तुलना में तो हिंसावादियों की संख्या बहुत ज्यादा है। अपने पुराने पुराणों, वेदो में अहिंसा को सर्वोपरि माना गया है। महाभारत का आप्तबचन है अहिंसा पर्मोधर्मा। अहिंसा को साकार करने के लिये ही महाभारत में हिंसा का आश्रय लेना पड़ा था। आज भी शान्ती के नाम पर बम बाजी हो रही है। इस्रायल का युद्ध आज का प्रमाण है। अहिंसा का मतलब शान्ती। पर आज पूरा विश्व शान्ती के नाम पर खतरनाक मारक अस्त्रों के निर्माण में मुल्क का महत्वपूर्ण पूजी जो राष्ट्र और जनता के उत्थान के लिये लगाया जाना चाहिये था उस पूजी का बहुत बड़ा हिंसा वाले जरूरत संसाधनों का कटकर लगाया जा रहा है। यहां तक की गरीब देश जिनकी आधारभूत सहिलियते जगमग है वहां भी भारी मात्रा में माटक अस्त्रों का निर्माण किया जा रहा है। पाक का उदाहरण लीजिये जनता भूखे मर रही है पर सत्ता अस्त्रों के निर्माण में उन्हें इक्टठा करने में लगी हुई है। जनता का झूठे खतरे बता बरगलाने में लगी रहती है। पाक को फेलस्टेट माना जा रहा है। ऐसे कई छोटे छोटे देश है जिनकी बड़ी आबादी मानवीय जरूरतों से मरहूम है। वही देश यू.एन.ओ. में शान्ती का प्रस्ताव पास करते है कुछ खतरनाक बीमारियों से लोगो को बचाने की प्रतिबद्धता दोहराते है, कुछ देशो को जरूरत पर मेडिकल एड भी देते है फिर अपने मुल्कों में साथ वही विनाशक हाथियारबाजी में लग जाते है।

प्रकृति तो विस्फोट कर ही रही है पर्यावरण का सन्तुलन लगातार हथियार बन्दी की वजह से बिगड़ता जा रहा है पर विनाश के संसाधान जुटाने में राष्ट्र लगे हुये है। पर्यावरण को लेकर बैठके भी हो रही है पर बैठक के बाद अश्वासन के बाद फिर वही रफ्तार एनजीओ ऐड के जुगाड़ में व्यस्त रहते है। भारत में तो अहिंसा को बहुत ऊंचा स्थान प्राप्त है। अब तक जितने भी धर्म युद्ध हुये है शान्ती स्थापित करने के लिय हुये है। अभी भी कई राष्ट्र शान्ती स्थापना के लिये युद्ध में लगे हुये है। अब हमें सकारात्मक पहलुओं की ओर बढ़ना चाहिये। पुरानी घटनाओं से प्रेरणा ले सकते है। महाभारत में कृष्ण ने चक्र उठा लिया था। पर उनकी पूजा के लिये जो मुर्तियां स्थापित है। वह अहिसावादी दृश्य है जिसमें कृष्ण राधा के साथ वंशी बजाते दिखते है। यहां बौद्ध धर्म, जैन धर्म, अहिंसा की प्रभावी वकालत करते है। सारा आर्टीफीसियल इन्टेलिजेन्स और शान बैकर है अगर दुनियां मे शान्ती नहीं रहेगी तो लोगो को बचाने के नाम पर लोगों को मारने की तरकीबे बन्द होनी चाहिये और तत्काल बन्द होनी चाहये।

## ग्रामीण क्षेत्रों में शैक्षिक संसाधनों को पूरा करने की ज़रूरत


रामी नाइक

भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की समस्या हमेशा ध्यान देने की मांग करती रही है। हालांकि समय के साथ इसमें काफी सुधार हुआ है, लेकिन स्थिति अभी भी उतनी संतोषजनक नहीं है जितनी होनी चाहिए। ग्रामीण क्षेत्रों में शैक्षिक बुनियादी ढांचे की कमी, शिक्षकों की कमी, शैक्षिक संसाधनों का अभाव और कमजोर सामाजिक परिवेश के कारण शिक्षा के संबंध में जन जागरूकता की कमी जैसे मुद्दे इसके विकास में एक बड़ी बाधा बन रहे हैं। इसके अतिरिक्त जर्जर स्कूल भवन, शौचालय, स्वच्छ पेयजल और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव भी बच्चों की शैक्षणिक विकास को रोकते हैं। कई बार संसाधन और ढांचे बेहतर होते हैं तो शिक्षकों की कमी इसकी गुणवत्ता को प्रभावित करती है।

राजस्थान के बीकानेर जिला स्थित राजपुरा हुडान गांव में संचालित प्राथमिक विद्यालय इसका एक उदाहरण है। ब्लॉक लूणकरणसर से करीब 18 किमी दूर इस गांव के प्राथमिक विद्यालय का भवन तो बेहतर है लेकिन शिक्षकों और अन्य संसाधनों की कमी यहां पढ़ने वाले बच्चों के शैक्षणिक विकास को प्रभावित कर रहे हैं। जिससे अभिभावकों की चिंता बढ़ती जा रही है। इस संबंध में 55 वर्षीय एक अभिभावक करणी सिंह बताते हैं कि इस स्कूल का भवन तो बेहतर है लेकिन इसमें अन्य सुविधाओं की काफी कमी है। यहां करीब 45 बच्चे पढ़ते हैं। स्कूल में शौचालय की स्थिति ठीक नहीं है। वह बच्चों के इस्तेमाल के लायक नहीं है। इसके अतिरिक्त स्कूल में पीने के साफ़ पानी की भी कमी है। एक हैंडपंप लगा हुआ है जिससे अक्सर खारा पानी आता है। जिसे पीकर बच्चे बीमार हो जाते हैं। इसके कारण कई बार बच्चे स्कूल आना नहीं चाहते हैं। वह कहते हैं कि प्राथमिक शिक्षा बच्चों की बुनियाद को बेहतर बनाने में मददगार साबित होती है। लेकिन जब सुविधाओं की कमी के कारण बच्चे स्कूल ही नहीं जायेंगे तो उनकी बुनियाद कैसे मज़बूत होगी? उन्हें आगे की शिक्षा प्राप्त करने में कठिनाई आएगी। करणी सिंह बताते हैं कि राजपुरा हुडान में एक उच्च माध्यमिक विद्यालय भी संचालित है। जिसका भवन भी काफी बेहतर है लेकिन यहां भी कई बुनियादी सुविधाओं की कमी देखने को मिलती है। वहीं एक अन्य अभिभावक बैजुनाथ कहते हैं कि उनके तीन बच्चे हैं। जिनमें से 2 इसी प्राथमिक विद्यालय में पढ़ते हैं। लेकिन स्कूल में सुविधाओं की कमी के कारण बच्चों की शिक्षा प्रभावित हो रही है। इस स्कूल में शिक्षकों की कमी एक गंभीर समस्या है। जो शिक्षक यहां तैनात हैं उनके पास आवश्यक प्रशिक्षण और संसाधनों का अभाव है। जिसका प्रभाव बच्चों के रिज़ल्ट पर देखने को मिलता है। वहीं शिक्षकों की कमी से पठन-पाठन भी प्रभावित होता रहता है। इसके अतिरिक्त स्कूल में पानी की समस्या के साथ साथ बिजली भी नहीं रहती है। गर्मी के दिनों में बिना पंखें के बच्चों को पढ़ने में काफी मुश्किलें आती हैं। वह कहते हैं कि गांव में एक प्राइवेट स्कूल है, जहां सक्षम परिवार के बच्चे पढ़ने जाते हैं। लेकिन वह और उनके जैसे गांव के ज्यादातर अभिभावक आर्थिक रूप से काफी कमजोर हैं। ऐसे में वह अपने बच्चों को सरकारी स्कूल में ही भेजने पर मजबूर हैं। लेकिन यदि स्कूल में सुविधाओं की कमी होगी तो बच्चों का पढ़ने में कैसे दिल लगेगा?

स्कूल के पास ही संचालित आंगनबाड़ी की 40 वर्षीय कार्यकर्ता संतोष बताती हैं कि बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर के नाम पर स्कूल का भवन तो अच्छा बनाया गया है, लेकिन इसके अतिरिक्त स्कूल में अन्य सुविधाओं की कमी है। न तो स्वच्छ जल उपलब्ध है और ना ही स्कूल में नियमित रूप से बिजली रहती है। अभी जाड़े के मौसम में तो बच्चों को ज्यादा समस्या नहीं आती है लेकिन गर्मी के दिनों में लाइट नहीं रहने से बच्चे बहुत कम स्कूल आते हैं। इसके अलावा बच्चों के लिए खेल का मैदान, जो उनके सर्वांगीण विकास में बहुत अधिक सहायक होता है, इसकी भी यहां कमी देखने को मिलती है। वह बताती हैं कि राजपुरा हुडान गांव की जनसंख्या करीब 1831 है। यहां सभी समुदायों की लगभग मिश्रित आबादी देखने को मिलती है। आर्थिक सक्षमता के मामले में भी यह अंतर साफ नजर आता है। जो परिवार आर्थिक रूप से कमजोर हैं उन घरों के बच्चे गांव के सरकारी स्कूल में ही पढ़ने जाते हैं। प्रथम फाउंडेशन की ओर से जारी एनुअल स्टेटस ऑफ एजुकेशन रिपोर्ट 2023 के अनुसार देश में 14 से 18 वर्ष की आयु के लगभग 25 फीसदी छात्र कक्षा 2 स्तर के पाठ आसानी से नहीं पढ़ पाते हैं। वहीं इस आयु वर्ग के तकरीबन 42.7 फीसदी स्टूडेंट्स अंग्रेजी में वाक्य पढ़ने में कमजोर हैं। सर्वे किए गए छात्रों में साक्षरता एवं न्यूमरेसी की मूलभूत स्किल्स में भी कमी पाई गई है। 51.6 फीसदी छात्र अरिथमेटिक के आसान सवाल भी हल नहीं कर पा रहे थे। बियॉन्ड बेसिक्स नाम से जारी इस रिपोर्ट के अनुसार 14 से 18 आयु वर्ग के सर्वे में शामिल कुल युवाओं में से 86.8 फीसदी स्टूडेंट्स ही शैक्षणिक संस्थानों में नामांकित हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**
**स्थानीय संपादक**
**मोहम्मद आलम रिज़वी**
**RNI No UPHIN/2010/31173**
**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**
**avadhnamahindi@gmail.com,**

**कौमी एकजुटता पर चोट करते नये नारे भी अस्तित्व में आए। 2024 को सियासी पिच पर चौंकाने वाले साल के रूप में भी याद किया जाएगा। क्यों कि देश के जनमत से लोकसभा चुनाव से लेकर विभिन्न विधानसभा चुनाव तक ऐसा जनादेश निकला, जिसका अंदाजा राजनीति के बड़े-बड़े विश्लेषक भी नहीं लगा पाए। जिसके चलते एक्जिट पोल और राजनीतिक ज्योतिषियों के सारे पूर्वानुमान धरे के धरे रह गए। इसका सबसे बड़ा उदाहरण 18वीं लोकसभा के चुनाव ही रहे। चुनाव से पहले देश भर के मीडिया में भाजपा की बयार चलने का दावा किया जा रहा था।**

# महिलाओं की ताकत और गठबंधन का दौर लौटाने वाला साल


शाहिद नकवी



साल 2024 देश में जहां प्राकृतिक आपदाओं के लिए याद किया जाएगा तो वहीं राजनीतिक लिहाज से भी कम यादगार साल नहीं है।देश में गठबंधन राजनीति की फिर से शुरुआत करने वाला ये साल रहा। कौमी एकजुटता पर चोट करते नये नारे भी अस्तित्व में आए। 2024 को सियासी पिच पर चौंकाने वाले साल के रूप में भी याद किया जाएगा। क्यों कि देश के जनमत से लोकसभा चुनाव से लेकर विभिन्न विधानसभा चुनाव तक ऐसा जनादेश निकला, जिसका अंदाजा राजनीति के बड़े-बड़े विश्लेषक भी नहीं लगा पाए। जिसके चलते एक्जिट पोल और राजनीतिक ज्योतिषियों के सारे पूर्वानुमान धरे के धरे रह गए। इसका सबसे बड़ा उदाहरण 18वीं लोकसभा के चुनाव ही रहे। चुनाव से पहले देश भर के मीडिया में भाजपा की बयार चलने का दावा किया जा रहा था।यही नहीं खुद भाजपा भी आत्मविश्वास से लबालब थी। तभी भाजपा ने चुनाव से पहले नारा दिया था कि इस बार 400 पार। इसके लिए भाजपा ने काफी पहले से तैयारी की और उसके तमाम नेताओं ने आक्रमक प्रचार किया।


विभिन्न राजनीतिक पंडितों ने भी माना कि भाजपा रिकॉर्ड सीटें जीत सकती है और भाजपा के नेतृत्व में एनडीए का आंकड़ा 400 पार जा सकता है। इसी बीच आक्रमक हिंदुत्व के सामने विपक्ष खास कर राहुल गांधी संविधान बचाने का नारा लेकर आए। पिछले दस सालों में पहली बार विपक्ष को मुकाबले का अस्त्र मिला और जब नतीजे आए तो सभी हैरान रह गए। भाजपा बहुमत का आंकड़ा भी नहीं छू सकी और महज 240 सीटों पर सिमट गई। आम चुनाव के दौरान विपक्षी गठबंधन ने आरोप लगाया कि भाजपा को बंपर बहुमत मिला तो वे संविधान बदल देंगे। विपक्ष चुनाव प्रचार में संविधान को लेकर ऐसा नैरेटिव गढ़ने में सफल रहा और यही वजह रही कि जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने, अयोध्या में राम मंदिर निर्माण जैसे क्रांतिकारी फैसलों के बाद भी भाजपा अकेले दम पर बहुमत का आंकड़ा नहीं छू सकी। यही नहीं अयोध्या में भव्य भगवान राम का मंदिर बनाने और देश के गांव-गांव? में उसका प्रचार करने के बाद भी भाजपा को अयोध्या जैसी सीट पर भी हार का सामना करना पड़ा। शायद ये हार भाजपा ही नहीं संघ भी बहुत तकलीफ़ देने वाली रही। भाजपा की हिंदुत्व की राजनीति के केंद्र रही हिंदी बेल्ट के अहम राज्य उत्तर प्रदेश में उसे महज 33 सीटों से संतोष करना पड़ा। जबकि उसने पांच साल पहले ही यूपी की 80 सीटें में से 62 पर लगभग एकतरफा लड़ाई में कब्जा किया था।जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाने के क्रांतिकारी और एतिहासिक फैसले और वहां परिसीमन करने के बाद भी भाजपा इस राज्य में एक बार फिर अपना मुख्यमंत्री नहीं बना सकी। यहां तक की उसे सत्ता से भी हांथ धोना पड़ा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अजेय दिखने वाली लोकप्रियता पर भी प्रश्नचिन्ह लगा। साथ ही केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की चाणक्य नीति पर सवालिया निशान लगा। वैसे किसी नेता की लोकप्रियता को उसके नेतृत्व और चुनावी नतीजे तय करते हैं। तो इस हिसाब से देखा जाए तो फिर लोकसभा चुनाव के बाद हुए विधानसभा चुनाव के नतीजों ने साफ कर दिया है कि प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता अभी भी बरकरार है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ देश में हिंदुत्व के नये आइकन के रूप में उभरे हैं। उ त्तर प्रदेश से बाहर हिंदी पट्टी को छोड़ कर दूसरे राज्यों में भी जिस चुनावों में जिस तरह उनकी मांग बढ़ी है, वह ये बताने के लिए काफी है कि वह देश के लोकप्रिय नेताओं में से एक प्रमुख नेता हैं। सपा प्रमुख अखिलेश यादव भी उत्तर प्रदेश के बाहर लोकप्रिय हुए हैं।

राहुल गांधी ने अपनी छवि में बहुत सुधार किया और मेहनतकश लोगों के बीच जा कर उनकी तकलीफों को समझने की कोशिश की है। लेकिन विवादों से उनका पीछा इस साल भी नहीं छूटा और फिर नये मुकदमों के झमेले में फंस गए। लोकसभा में विपक्ष के नेता के तौर पर दलों को साथ लेकर चलने की उनकी क्षमताओं की अभी परख होनी बाकी है। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी अब भी सर्वमान्य नेता बनी हैं लेकिन उड़िसा में ढाई दशक से काबिज नवीन पटनायक का किला ढ़ह गया। यहां कांग्रेस नहीं भाजपा शासक बनी।इस साल भी दक्षिण राज्यों में भाजपा के सपने अधूरे रह गए। हरियाणा और महाराष्ट्र के चुनाव ने साबित कर दिया कि सत्ता विरोधी लहर से नहीं माना जाना चाहिए कि सत्ता मिल जाएगी। रणनीति, कुछ फैसले,सही टिकट वितरण से नतीजे पलटे जा सकते हैं,जैसा भाजपा ने किया। महाराष्ट्र में सीएम पद भी हासिल कर लिया। देश में गठबंधन राजनीति का लंबा इतिहास रहा, लेकिन 2014 और 2019 के आम चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत के बाद ऐसा माना जा रहा था कि देश से गठबंधन राजनीति की विदाई हो चुकी है और लोग अब किसी भी पार्टी को निर्णायक जनादेश देना पसंद करते हैं। 2024 के चुनाव में भी यही उम्मीद थी कि जनता स्पष्ट बहुमत देगी, लेकिन चुनाव नतीजों ने सारी उम्मीदों को ध्वस्त करते हुए गठबंधन राजनीति को फिर से जिंदा कर दिया। पिछले दो कार्यकाल में बंपर जनादेश पाने वाली भाजपा इस बार गठबंधन के साथियों पर निर्भर है। वहीं विपक्ष भी गठजोड़ बनाकर लगातार सरकार को घेरने की कोशिश कर रहा है। यहां तक की सरकार के कई बिल अटके हैं और उन्हें कानूनी जामा पहनाने के लिए बहुमत जुटाने में पसीना आ रहा है। लोकसभा में अच्छी वापसी के बाद यह माना जा रहा था कि कांग्रेस फिर से उस जोश के साथ लौट रही है जो कभी पार्टी के पास हुआ करती थी। लेकिन हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों के नतीजों ने कांग्रेस की राजनीति को फिर से सवालों के घेरे में खड़ा कर दिया है। कांग्रेस किसी भी मुद्दे को बनाए रखने में कामयाब क्यों नहीं हो पा रही है? कांग्रेस और विपक्ष को सबसे पहले यह तय करना होगा कि उनके लिए क्या मुद्दा है।इंडिया गठबंधन में अब राहुल के नेतृत्व पर सवाल खड़े होने लगे हैं। ममता बनर्जी भी कोलकाता में रह कर राष्ट्रीय राजनीति करना चाहती हैं। प्रियंका गांधी के चुनावी राजनीति में उभार और संसद में अपने पहले भाषण से ही इंदिरा गांधी की याद दिलाने से भी कांग्रेस में नेतृत्व को लेकर एक नई बहस शुरू हो सकती है।साल 2024 में एक बार फिर महिलाएं राजनीतिक दलों के लिए बड़ी वोट बैंक साबित हुई हैं। महाराष्ट्र, हरियाणा और झारखंड विधानसभा चुनाव में महिलाएं ही निर्णायक साबित हुई। जाहिर है कि सोशल मीडिया महिला वोटरों को मोबिलाइज़ और उत्साहित करने में बड़ी भूमिका निभा रहा है। इसके अलावा जो स्थानीय निकायों के चुनाव या पंचायत चुनाव कई राज्यों में हुए हैं उसकी वजह से महिलाएं राजनीतिक

# साइबर ठगी, यूजीसी और हैंडबुक

**हैंडबुक में दर्ज कुछ महत्वपूर्ण उपायों की चर्चा करे तो इसमें मुख्य रूप से सलाह दी गई है कि यूपीआई से भुगतान में कभी भी अपना पिन साझा न करें। भुगतान से पहले प्राप्तकर्ता की पहचान सत्यापित करें।नेट बैंकिंग फ्रॉड से बचने के लिए अंजान लिंक्स पर क्लिक न करें। बैंकिंग लेनदेन के लिए सार्वजनिक वाई फाई का प्रयोग न करें। ऐसी ऑनलाइन योजनाओं में निवेश न करें जो असामान्य रूप से उच्च रिटर्न का वादा करती हों। सोशल मीडिया पर अज्ञात लोगों की मित्रता उनके सत्यापन के बिना न करें।**


प्रेम शर्मा



इंटरनेट की दुनिया मे साइबर अपराध समाज के लिए कोढ़ बनता जा रहा है। इसकी रोकथाम के लिए यूजीसी की हैंडबुक कितनी कारगर साबित होगी यह तो कहा नही जा सकता लेकिन हेड बुक की हिदायतों और जानकारियों को अमल में लाया जाएगा तो काफी हद तक साइबर ठगों से बचा जा सकता है। बहुत ही साधारण तरीके से उक्त हैंडबुक में साइबर अपराधों से बचने की जानकारी दी गई है। देश में बढ़ते साइबर खतरों के खिलाफ यूजीसी, यानी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा शुरू किये गये अभियान के महत्व को समझा जा सकता है। इसके तहत विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में पढ़ाने वाले शिक्षकों, छात्रों और दूसरे कर्मचारियों को शामिल किया गया है, साथ ही, साइबर खतरों से बचने के लिए उनके लिए एक हैंडबुक भी तैयार की गयी है। इस 126 पन्नों की हैंडबुक में साइबर हमलों से बचने के लिए क्या करना है, क्या नहीं, इस बारे में विस्तार से समझाया गया है। जैसे, इंटरनेट के इस्तेमाल के दौरान किसी भी ऐप या वेबसाइट पर भरोसा न करना, मोबाइल या लैपटॉप का इस्तेमाल करते समय उसमें एंटी वायरस रखना, कोई भी ऐप या सॉफ्टवेयर अधिकृत स्टोर से जांच-परख के बाद ही खरीदना, अलग-अलग इंटरनेट अकाउंट के लिए अलग-अलग पासवर्ड रखना, और उन्हें बदलते रहना आदि। यही नही इसमें अपने व्यक्तिगत विवरण और वित्तीय लेन-देन के पिन को सोशल मीडिया या व्हाट्सऐप पर साझा न करने, स्पैम ई-मेल या मित्रता के संदिग्ध अनुरोधों पर प्रतिक्रिया न देने और गुमनाम स्रोतों से आये संदेशों पर क्लिक न करने की सलाह दी गयी है।

हैंडबुक में दर्ज कुछ महत्वपूर्ण उपायों की चर्चा करे तो इसमें मुख्य रूप से सलाह दी गई है कि यूपीआई से भुगतान में कभी भी अपना पिन साझा न करें। भुगतान से पहले प्राप्तकर्ता की पहचान सत्यापित करें। नेट बैंकिंग फ्रॉड से बचने के लिए अंजान लिंक्स पर क्लिक न करें। बैंकिंग लेनदेन के लिए सार्वजनिक वाई फाई का प्रयोग न करें। ऐसी ऑनलाइन योजनाओं में निवेश न करें जो असामान्य रूप से उच्च रिटर्न का वादा करती हों। सोशल मीडिया पर अज्ञात लोगों की मित्रता उनके सत्यापन के बिना न करें। डिजिटल अरेस्ट से बचने के लिए धमकी भरे काल या ईमेल से न घबराएं और प्रतिक्रिया न दें। सोशल मीडिया हैकिंग से बचने के लिए जटिल और यूनिक पासवर्ड का प्रयोग करें। गेमिंग एप फ्रॉड से बचने के लिए केवल आधिकारिक एप स्टोर्स से ही गेम और एप्स डाउनलोड करें। डेटिंग एप पर सतर्क रहें और पासवर्ड या निजी तस्वीरें साझा न करें। इस हैंडबुक में साइबर सुरक्षा से जुड़े कानूनी पक्ष, देश में साइबर अपराध से जुड़े कानून और सजा के बारे में तो बताया ही गया है। साइबर हमले की स्थिति में संबंधित प्राधिकरण से शिकायत करने के लिए भी कहा गया है। दरअसल, साइबर हमलों का शिकार होने वालों में बड़ी संख्या में उच्च शिक्षा से जुड़े छात्र-छात्राएं हैं, क्योंकि वे अपनी दैनंदिन गतिविधियों में एंड्रॉयड मोबाइल, कंप्यूटर और लैपटॉप का अधिक इस्तेमाल करते हैं। चूंकि यह पीढ़ी साइबर मामलों में तुलनात्मक रूप से ज्यादा कुशल भी होती है। इसलिए विश्वविद्यालय परिसर में मिलने वाली जानकारियों को वे अपने परिजनों और परिचितों में साझा भी कर सकते हैं।

हैंडबुक में यह भी जानकारी दी गई है कि बाहर जाते समय ऑनलाइन पोस्ट शेयर करने से बचें, ताकि किसी को आपके बाहर होने की खबर न लगे। डार्क वेब के प्रति सजग रहें, बच्चे अगर ऑनलाइन पढ़ाई या गेम खेलते हैं पर निगरानी भी जरूरी है। अपने बायोमैट्रिक डेटा और आधार को कभी किसी को न बताएं और उसे डिजिटली लॉक रखें, दो चरण का लॉक लगाएं। वाइस ओवर इंटरनेट प्रोटोकॉल वाइप के जरिये अपने अपने ऑनलाइन प्लेटफार्म पर हमें सुरक्षा प्रोटोकॉल रखें। किसी सार्वजनिक पावर चार्जिंग स्टेशन पर कभी मोबाइल चार्ज न करें, वहां हमेशा हैकिंग का खतरा बना रहता है।बैंक की ओर से खाते को लेकर कभी कोई डिटेल नहीं मांगी जाती है, आप जानकारी न दें। एटीएम पिन का पासवर्ड, ओटीपी समेत अन्य जानकारी भी किसी से शेयर न करें। इंटरनेट पर किसी भी संदिग्ध लगने वाले लिक को क्लिक न करें। ऑनलाइन बुकिंग के दौरान प्रचलित मोबाइल एप का ही प्रयोग करें। एटीएम केबिन में कार्ड प्रयोग करते समय सतर्क रहें और मदद न लें। एटीएम में स्कैनर लगा शातिर लोगों की डिटेल चुरा लेते हैं। मोबाइल पर किसी तरह की लाटरी व पुरस्कार के लालच में न पड़े। हर दिन अपने फेसबुक दोस्तों से जांचें कि कोई क्लोन तो नहीं। किसी भी कीमत पर फिशिंग संदेशों से कोई समझौता नहीं -ओएलएक्स फाड किसी भी लालच में आकर एडवांस भुगतान किसी कीमत पर नहीं। सोशल साइट या मोवाइल पर आने वाले ऑफर्स से बचें। कभी किसी भी मजबूरी में किसी ऑनलाइन लोन ऑफर से दूर रहें। 92, 90, 09 या 344 से शुरू होने वाले कॉल से बचें, कॉल बैंक भी नहीं करें। अपने सोशल एकाउंट व बैंक एकाउंट पर पासवर्ड बदलते रहे। बुक में यह भी बताया गया कि वर्तमान समय में किस तरह के साइबर अपराध हो रहे है। इनमें डिजीटल अरेस्ट, बैंकिंग व वित्तीय ठगी, निवेश के नाम पर ठगी,- पार्सल के नाम पर, परिचित बनकर भी ठगी की जा रही है। आयोग के मुताबिक, शैक्षणिक और प्रशासनिक कामकाज में डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर अधिक से अधिक निर्भरता के कारण ही साइबर सुरक्षा पर ध्यान देना इतना महत्वपूर्ण हो गया है. उसका यह भी मानना है कि इस अभियान में शामिल होकर छात्र, अध्यापक और कर्मचारी न सिर्फ खुद को, बल्कि संस्थान और देश को सुरक्षित रखने में भी मदद कर सकते हैं. उसने इस संदर्भ में सभी विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के प्रमुखों को अपने यहां एक व्यवस्था बनाने के लिए भी कहा है. देश में साइबर अपराधों के खिलाफ जागरूकता पैदा करने में यह अभियान बेहद उपयोगी साबित हो सकता है।

# अपनी मौत की भविष्यवाणी : कितनी सटीक कितनी ग़लत?

**अब एक बार फिर इसी तरह की अपनी ही मृत्यु की भविष्यवाणी को लेकर तिब्बतियों के धर्मगुरु दलाई लामा का नाम चर्चा में आया है। गत दिनों हिमाचल प्रदेश के मैक्लोडगंज स्थित मुख्य बौद्ध मंदिर में दलाई लामा की दीर्घायु के लिए एक प्रार्थना सभा आयोजित की गयी। इसे संबोधित करते हुये उन्होंने कहा कि वह 100 से 110 वर्ष की आयु तक जीवित रहेंगे। मेरा पूरा जीवन बौद्ध धर्म के प्रति समर्पित रहा है और आगे भी ऐसे ही समर्पण की भावना से बौद्ध धर्म के प्रचार व प्रसार सहित तिब्बती समुदाय के लोकहित के प्रति काम करता रहूंगा।**


निर्मल रानी



यह एक आम परन्तु सही व स्थापित धारणा है कि कोई भी व्यक्ति अपने भविष्य के बारे में पूरे दावे के साथ कुछ भी नहीं कह सकता। ख़ासतौर पर मृत्यु के बारे में तो कोई भी नहीं जानता कि उसकी मौत कब,किस क्षण,किस जगह और किन परिस्थितियों में व किन कारणों से आनी है। परन्तु इसी संसार में अपवाद स्वरूप कुछ गिनी चुनी ऐसी हस्तियां भी हुई हैं जिन्होंने जहाँ अनेकानेक विश्वस्तरीय व चौंकाने वाली भविष्यवाणियां तो की ही हैं साथ ही अपनी मृत्यु की भी सटीक भविष्वाणी कर दुनिया के उस वर्ग को हैरानी में डाल दिया जो वर्ग यह दृढ़ विश्वास करता था की किसी को भी अपने मरने का समय नहीं पता। जिन लोगों ने अपने मरने के सही समय की मृत्यु से पहले ही भविष्यवाणी की थी उनमें एक नाम महान फ़्रेंच एस्ट्रोलॉजर नास्त्रेदमस का है। कहा जाता है कि अपनी मृत्यु से एक दिन पूर्व नास्त्रेदमस ने अपने सचिव को बता दिया था। कि कल सूर्योदय के समय मैं तुम्हें ज़िंदा नहीं मिलूंगा। और वही हुआ, जब अगले दिन का सूर्योदय हुआ तो नास्त्रेदमस की भविष्यवाणी सही साबित हुई और वे सूर्योदय से पहले ही मृत्युलोक को प्रस्थान कर चुके थे। इसी तरह बाबा वेंगा के बारे में भी यही कहा जाता है कि उन्होंने भी अपने मरने से काफ़ी पूर्व अपनी मृत्यु की तिथि व समय घोषित कर दिया था। जो बिल्कुल सही साबित हुआ।

इसी तरह हमारे देश में चंडीगढ़ स्थित राम दरबार नामक एक प्रसिद्ध सूफ़ी स्थान है। यहाँ की गद्दीनशीन माता राम बाई जी अम्मी हुज़ूर अत्यंत प्रसिद्ध, प्रतिष्ठित व प्रभावी फ़क़ीर थीं। देश विदेश में तथा नौकरशाही व फ़िल्म जगत में उनके काफ़ी मुरीद थे और अभी भी हैं। अम्मी हुज़ूर ने अपने वारिस, गद्दीनशीन शहज़ादा पप्पू सरकार को अन्य भक्तजनों की उपस्थिति में अपनी मृत्यु से छः महीने पूर्व ही यह बता दिया था कि उनका देहावसान 20 जनवरी 1983 को होगा। और उन्होंन अपने वारिस पप्पू सरकार को ही यह वसीयत भी की थी कि मैं इस जगह (दरबार में) परलोक सिधारूंगी और इस स्थान पर तुम अपने हाथों से मेरा अंतिम संस्कार करना।और सब कुछ उसी तरह हुआ। आज भी 14 से 20 जनवरी तक उसी स्थान पर अम्मी हुज़ूर की याद में उनका साप्ताहिक विशाल उर्स विशाल आयोजित होता है।

परन्तु यह तो चंद ऐसे लोगों की अपनी मृत्यु सम्बन्धी भविष्यवाणियां हैं जिन्हें जानकर लोग आश्चर्यचकित होते हैं। परन्तु आम जीवन में भी तमाम लोग ऐसे मिल जाते हैं जो बिना कुछ जाने बुझे,बिना किसी तर्क व तथ्य के इस तरह की बातें करते रहते हैं। सीधे शब्दों में प्रकृति की व्यवस्था पर भी अपना नियंत्रण बताने जैसे भद्दा प्रयास करते हैं। ऐसे ही मेरे एक पारिवारिक सम्बन्धी थे श्याम लाल जी। बेहद चुस्त दुरुस्त व साफ़ सुथरे रहने वाले श्याम लाल जी 75 वर्ष की आयु में साईकिल चलाकर लगभग प्रतिदिन मेरे घर आते थे। एक बार बातों बातों में उनके मुंह से निकला कि 100 साल तक तो मैं कहीं नहीं जाता। मेरी बात नोट कर लो। इसके पहले उन्होंने कभी इस तरह की बात नहीं की थी। इस भविष्यवाणी के बाद श्यामलाल जी पूरा एक वर्ष भी नहीं गुज़ार सके और चल बसे।

पिछले दिनों ऐसा ही एक दावा उस समय चर्चा में आया जबकि 89 वर्ष की आयु में हरियाणा के 5 बार मुख्यमंत्री रहे चौधरी ओम प्रकाश चौटाला का निधन हो गया। अभी कुछ महीने पहले ही हरियाणा का विधानसभा चुनाव संपन्न हुआ है। चुनाव में उन्होंने काफ़ी सक्रिय भूमिका निभाई थी। चुनाव से पहले उन्होंने खुद को स्वस्थ बताया था और न केवल सार्वजनिक सभाओं में बल्कि मीडिया से निजी बातचीत के दौरान भी कहा था कि मैं पूरी तरह स्वस्थ हूँ और मैं 115 साल तक जिऊंगा। परन्तु गत 20 दिसंबर को जब 89 वर्ष की आयु में उन्होंने अपने नश्वर शरीर को त्यागा उस समय जहां उनके राजनैतिक जीवन व हरियाणा के विकास के लिये उनके द्वारा किये गए कार्यों को याद किया जा रहा था वहीं उनकी मृत्यु सम्बन्धी भविष्यवाणी को भी लोगों ने याद किया कि वह किस तरह ग़लत साबित हुई।

अब एक बार फिर इसी तरह की अपनी ही मृत्यु की भविष्यवाणी को लेकर तिब्बतियों के धर्मगुरु दलाई लामा का नाम चर्चा में आया है। गत दिनों हिमाचल प्रदेश के मैक्लोडगंज स्थित मुख्य बौद्ध मंदिर में दलाई लामा की दीर्घायु के लिए एक प्रार्थना सभा आयोजित की गयी। इसे संबोधित करते हुये उन्होंने कहा कि वह 100 से 110 वर्ष की आयु तक जीवित रहेंगे। ÷मेरा पूरा जीवन बौद्ध धर्म के प्रति समर्पित रहा है और आगे भी ऐसे ही समर्पण की भावना से बौद्ध धर्म के प्रचार व प्रसार सहित तिब्बती समुदाय के लोकहित के प्रति काम करता रहूंगा। दलाई लामा ने अपने अनुयायियों को पूरा भरोसा दिलाया कि वह 100 से 110 वर्ष की आयु तक उनकी सेवा करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि मेरा यह आत्मबल भी है और प्रार्थना भी है। मैं इसके लिए प्रार्थना भी करता हूं कि मेरा यह प्रयास दूसरों के हितों की रक्षा करने व उनकी मदद करने को लेकर सफल हो।÷अब देखना होगा कि 89 वर्ष की आयु में उनके 100 से 110 वर्ष की आयु तक जीवित रहने का उनका आत्मबल व उनकी प्रार्थना कितनी कारगर व सटीक साबित होती है।

परन्तु वास्तविकताओं पर आधारित इन धारणाओं के बीच कि मृत्यु के बारे में कोई नहीं जानता कि उसकी मौत कब,कहाँ और कैसे आनी है। उसके बावजूद यदि अपवाद स्वरूप किसी भविष्यवक्ता,अध्यात्मवादी संत अथवा महापुरुष की ऐसे भविष्यवाणी सही हो जाये तो निश्चित रूप से उसकी भविष्यवाणी उसके व उसके अद्वितीय व्यक्तित्व के विषय में बहुत कुछ सोचने को मजबूर कर देती है। अन्यथा सामान्य लोगों को तो इस तरह की भविष्यवाणियों से परहेज़ ही करना चाहिये। क्योंकि ऐसी भविष्यवाणियों का सीधा सा अर्थ है उस सर्वशक्तिमान अथवा ईश्वरीय सत्ता व उसकी व्यवस्था में दख़ल अंदाज़ी की कोशिश करना जोकि सर्वथा अनुचित है।

# दो से तीन दिनों में करवट लेगा मौसम

## हवा का रुख बदलेगा, कम होगी गलन, कोहरा छंटने से धूप खिलेगी

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** नए विकसित हो रहे पश्चिमी विक्षोभ के असर से बृहस्पतिवार से मौसम फिर से करवट लेगा। तेज हवाओं की वजह से प्रदेश में कोहरा छंटेगा, धूप खिलेगी और अगले दो से तीन दिनों में दिन के तापमान में 4 से 6 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। इससे कड़ाके की सर्दी, घने कोहरे और गलन भरी हवा से फौरी तौर पर राहत मिलने वाली है।

मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से पहाड़ों से आ रही उत्तरी पश्चिमी हवाओं का रुख बदलेगा। पछुआ के साथ दक्षिण की हवा भी शामिल होने से दिन और रात दोनों के तापमान में हल्की बढ़त देखने को मिलेगी साथ ही कोहरा छंटने से धूप खिलेगी और गलन भरी हवा से कुछ राहत मिलने के आसार हैं।



हालांकि इस बीच प्रदेश के तराई इलाकों समेत कहीं कहीं हल्के से मध्यम कोहरा देखने को मिलेगा।

राजधानी लखनऊ की बात करें तो नए साल के पहले दिन बुधवार को सुबह सर्द पछुआ हवाएं चलीं, लेकिन दोपहर बाद धूप खिलने से मौसम खुशनुमा हो गया। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह का कहना है कि मौसम के बदलाव के बीच अब उत्तर के पहाड़ों की ओर से आ रही हवा का रुख बदलेगा। कोहरा छंटेगा और धूप खिलने की परिस्थितियां बनेंगी। अगले दो से तीन दिन में रात के पारे में 2 से 4 डिग्री और दिन के पारे में 4 से 6 डिग्री की बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। वहीं, दो जनवरी को कुछ जिलों में कोल्ड डे की चेतावनी जारी की गई है। तीन जनवरी से पांच जनवरी तक मौसम शुष्क रहने की संभावना है। कुछ जिलों में देर रात और सुबह कोहरा रहेगा। छह जनवरी को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में हल्की वर्षा की संभावना है।

एक जनवरी को सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संतकबीरनगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतमबुद्धनगर, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली और आसपास के जिलों में घना कोहरा छाने की संभावना है।

विशेषज्ञों ने लोगों को ठंड से बचने के लिए गर्म कपड़े पहनने और ज्यादा समय बाहर न बिताने की सलाह दी है। छोटे बच्चों और बुजुर्गों को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। उधर, कोहरा नहीं होने की वजह से बस और ट्रेन के संचालन में अभी कोई परेशानी नहीं दिख रही है।

### दो जनवरी को लखनऊ समेत कई जिले में कोल्ड डे

दो जनवरी को प्रदेश में बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, संत रविदासनगर, हरदोई, फरुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अंबेडकरनगर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर और आसपास के क्षेत्रों में शीत दिवस होने की संभावना जताई गई है।

# जिला स्तरीय पत्रकार स्थायी समिति की बैठक सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार जनपद स्तर पर पत्रकारों एवं जिला प्रशासन के मध्य सौहार्दपूर्ण सम्बन्ध स्थापित करने तथा प्रेस की स्वतन्त्रता को अक्षुण्य बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल की अध्यक्षता में कार्यालय कक्ष में गठित जिला स्तरीय पत्रकार स्थायी समिति की बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक के प्रारम्भ में जिलाधिकारी द्वारा सभी सदस्यों का परिचय प्राप्त किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रेस एवं प्रशासन एक दूसरे के पूरक है। पत्रकारों की समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा। जिलाधिकारी ने समिति के संयोजक सदस्यध्सहायक निदेशक सूचना को स्थायी समिति की बैठक नियमानुसार प्रत्येक 02 से 03 माह में कराते रहने तथा पत्रकार उत्पीड़न सम्बन्धी प्रकरण यदि प्राप्त होता है तो उसे समिति के समक्ष विचार-विमर्श हेतु प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया। बैठक के दौरान पत्रकार बन्धुओं द्वारा अवगत कराया गया कि पत्रकारों के साथ समस्त कार्यालयों, तहसील एवं थानों पर शिष्टता के साथ व्यवहार किया जाए। जिलाधिकारी ने सहायक निदेशक सूचना को निर्देश दिया कि मान्यता प्राप्त पत्रकारों की सूची के अनुसार सभी का आयुष्मान कार्ड बनाया जाय एवं गैर मान्यता,ग्रामीण पत्रकारों के हेल्थ कार्ड बनाये जाने के लिए निदेशालय स्तर से वार्ता की जाए। इस अवसर पर बैठक में सहायक निदेशक सूचना अशोक कुमार द्वारा उपस्थित अध्यक्ष तथा सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए बताया कि पत्रकार उत्पीड़न सम्बन्धी कोई प्रकरण कार्यालय में प्राप्त नही है। समिति के सदस्यों द्वारा आशा व्यक्त की गयी कि आगे भी इस तरह का कोई समस्या नही आएगी। बैठक के अन्त में सभी का आभार व्यक्त किया गया।

इस अवसर पर राहुल विश्वकर्मा, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), आजमगढ़, विनय कुमार गुप्ता, मुख्य राजस्व अधिकारी, आजमगढ़, अपर जिलाधिकारी वि0धा0 आजाद भगत सिंह, चिराग जैन, अपर पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण (सदस्य), अब्दुल कादिर जाफ्री, सा0 आजमगढ़ बागी, चन्द्रशेखर सिंह, दैनिक मान्यवर, मदन मोहन मिश्र, सा0 आजमगढ़ टाइम्स, अशोक कुमार, दै0 भारत दूत, बृजभूषण उपाध्याय (विशेष आमंत्री, ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष) उपस्थित रहे।

# अभियंताओं ने काली पट्टी बांध किया निजीकरण का विरोध



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** नए वर्ष के पहले दिन ही आज उत्तर प्रदेश पावर ऑफिसर्स एसोसिएशन के बैनर तले आज पूरे उत्तर प्रदेश में दक्षिणांचल व पूर्वांचल के निजीकरण के खिलाफ दलित व पिछड़े वर्ग के अभियंता कार्मिकों ने सुबह 10 बजे से शाम 5:00 बजे तक काली पट्टी बांधकर अपना नियमित काम किया और उत्तर प्रदेश सरकार से मांग उठाई की दक्षिणांचल व पूर्वांचल को पीपीपी मॉडल में दिए जाने का फैसला उत्तर प्रदेश सरकार व पावर कॉरपोरेशन वापस ले इससे दलित व पिछला वर्ग के अभियंता कार्मिकों का जहां बडे पैमाने पर नुकसान होगा वही स्वीकृत पद के आधार पर लगभग 16000 पदों का आरक्षण समाप्त हो जाएगा जिसको लेकर पावर ऑफिसर एसोसिएशन लंबे समय से अपना संवैधानिक आंदोलन चला रही है।बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने कहा था बिजली सस्ती नहीं बहुत सस्ती होनी चाहिए और हमेशा ही सरकारी क्षेत्र में रहनी चाहिए उनका मानना था सरकारी क्षेत्र में ही आम जनता गरीब जनता का ज्यादा भला हो सकता है इसलिए बाबा साहब के विचारों को ही उत्तर प्रदेश सरकार को आगे बढ़ाना चाहिए।

# मेरी बहनों को हैदराबाद में बेच देते...

## लखनऊ हत्याकांड के आरोपी का कबूलनामा, वीडियो में बताया- क्यों उठाया खौफनाक कदम

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के होटल में मां और चार बहनों की सामूहिक हत्या करने वाले अरशद का एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो हत्याकांड के बाद का बताया जा रहा है। इस वीडियो में अरशद ने मां और चार बहनों की हत्या की बात कबूल की है। साथ ही आगरा में रहने वाले पड़ोसियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

वायरल वीडियो में अरशद ने कहा- आज बस्ती वालों की वजह से, उनसे थक हारकर, मजबूरी में मेरे परिवार ने यह कदम उठाया है। आज अपने हाथ से अपनी बहनों को और अपने आपको मैंने मारा है। पुलिस को जब यह वीडियो मिले तो जानें की घटना के पीछे कारण बस्ती वाले हैं। इन्होंने हमारे घर छिनने के चक्कर में कितने जुल्म हम सब पर किए। हमने



आवाज उठाई किसी ने हमारी न सुनी, लेकिन मजबूरन आज हमें दस-पंद्रह दिन से फुटपाथ पर भटकने को विवश हैं। हमारा घर छिन लिया है, मकान के कागजात हमारे पास है। जो-जो हम मंदिर के नाम पर करना चाहते थे, हम अपना धर्म परिवर्तन करना चाहते थे। वीडियो में मो. अरशद मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ से आरोपियों को न छोड़ने की बात कह रहा है। आगरा के टेढ़ी बगिया के इस्लाम नगर निवासी मो. अरशद ने वीडियो में आरोप लगा रहा है कि बस्ती के कुछ दबंग जमीनों पर कब्जा करते हैं, गैरकानूनी धंधे करते हैं। उसने वीडियो में आगरा के ही रानू उर्फ अफताब अहमद, अलीम खान, सलीम, ड्राइवर, अहमद, आरिफ, अजहर व अन्य रिश्तेदार व आटो चालक पर गंभीर आरोप लगाए हैं। साथ ही कहा कि बस्ती के दबंग पिता मो. बदर व मुझे झूठे मामले में जेल पहुंचाकर बहनों को हैदराबाद में बेचना चाहते थे। इसलिए यह गुनाह मैंने व पिता ने मिलकर किया है। बहनों का गला दबाकर, हाथों की नसें काटकर हत्या करनी पड़ी।

आरोप लगाया कि उसने कई धार्मिक संगठनों से मदद मांगी पर किसी ने मदद नहीं की। उसने वीडियो में बताया कि हमारा परिवार बदायूं का रहने वाला है। बस्ती में लोग कहते हैं कि हम बंगलादेशी है, इसका सबूत बदायूं में रहने वाली ताई हैं, जिनसे वर्ष 1947 तक दस्तावेज मिल जाएंगे, जो बताते हैं कि हमारा नाता हिन्दुस्तान से पुराना है। वीडियो में बताया कि वह धर्म परिवर्तन करना चाहता थे और अपने खाली प्लाट पर मंदिर बनवाना चाहता था। वीडियो में मो. अरशद कह रहा है कि घर का सामान अनाथ आश्रम में दान दे दीजिए और घर में मंदिर बनवाए। हमें इंसाफ दिलाओ, मो. अरशद ने होटल मालिक को बेगुनाह भी बताया है।

# होटल में हत्याकांड : जमीन पर कब्जाकर मंदिर बनवाएं

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के नाका थाना स्थित एक होटल में हुए हत्याकांड के आरोपी मोहम्मद असद ने वारदात के बाद वीडियो बनाकर जारी किया। उसने ये वीडियो मां व बहनों की हत्या करने के बाद बनाया और बताया कि उसकी जमीन को कब्जाने के लिए कुछ लोग उसे लगातार तंग कर रहे थे और जमीन छीनने के लिए उसके बांग्लादेशी होने की झूठी कहानी फैला रहे थे। मदद के लिए उसने भाजपा, बजरंग दल पुलिस और नेताओं से मदद मांगी पर किसी ने मदद नहीं की।

वीडियो में आरोपी ने बताया कि वह 13 दिनों से अपने परिवार के साथ भटक रहा था। जब कहीं भी न्याय नहीं मिला तो वो लखनऊ आया और होटल में अपने परिवार सहित रुक गया और रात में अपनी मां व चार बहनों की पिता के साथ मिलकर हत्या कर दी। आरोपी युवक ने कहा कि वह तंग आकर परिवार सहित धर्म परिवर्तन करना चाहता था। उसका परिवार पूजा भी करता है। उसने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से गुजारिश की है कि उसकी जमीन पर कब्जा लेकर मंदिर का निर्माण किया जाए और परिवार को तंग करने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। आरोपी असद ने बताया कि उसके परिवार को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था जिसके बाद उसने अपने पिता के साथ मिलकर मां बहनों की हत्या कर दी। उसने बताया कि किसी का गला दबाया और किसी की नस काटी। खुद को प्रताड़ित करने के लिए उसने मुसलमानों को ही दोषी ठहराया। आरोपी ने बताया कि कुछ लोग उसके मकान को छीनना चाहते थे इसलिए लगातार उसे प्रताड़ित कर रहे थे।

- आरोपी असद ने वीडियो बनाकर सीएम योगी से की अपील- जमीन पर कब्जाकर मंदिर बनवाएं

# उपभोक्ता परिषद 'भ्रष्टाचार मुक्त एक आत्मनिर्भर सुधार मॉडल' करेगा प्रस्तुत

- जिसमें भ्रष्टाचार पर सीधे बर्खास्तगी का होगा प्रस्ताव

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद की तरफ से नए वर्ष में यह संकल्प लिया गया है की दक्षिणांचल व पूर्वांचल को बिना निजीकरण के वर्तमान सरकारी क्षेत्र में भ्रष्टाचार मुक्त एक आत्मनिर्भर सुधार मॉडल बनाने की कार्य योजना जल्द ही उपभोक्ता परिषद विद्युत नियामक आयोग में दाखिल करेगा जिसमें भ्रष्टाचार पर केवल 15 दिन में सीधे बर्खास्तगी सहित सख्त कानूनी बदलाव प्रस्तावित किया जाएगा उपभोक्ता परिषद ने कहा वर्तमान में पूर्वांचल दक्षिणांचल सहित सभी बिजली कंपनियों की वार्षिक राजस्व आवश्यकता वर्ष 2025-26 की दाखिल की जा चुकी है ऐसे में दोनों बिजली कंपनियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए जो मसौदा आयोग में प्रस्तुत किया जाएगा उसमें वर्ष 2025-26 के वार्षिक राज्य आवश्यकता के घाटे के आकलन पर आधारित होगा कानून के तहत वर्ष 2025 26 का वार्षिक राजस्व आवश्यकता दाखिल किया चुका है इसलिए अप्रैल 2026 तक कानून दोनों बिजली कंपनियों को पीपीपी मॉडल में नहीं दिया जा सकता विद्युत नियामक आयोग ने भी वार्षिक राजस्व आवश्यकता पर कार्यवाही शुरू कर दी है बहुत जल्दी डिफिशिएंसी नोट जारी होने की उम्मीद है इसलिए उसको आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम ने जहां 2025-26 के लिए कल 28120 करोड की वार्षिक राजस्व आवश्यकता दाखिल की है वही दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम ने 23009 करोड की वार्षिक राजस्व आवश्यक ता दाखिल की है इस प्रकार पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम का जो कुल गैप सब्सिडी को जोडते हुए वर्ष 2025-26 के लिए निकाला गया है वह 2988 करोड है और वहीं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम का कुल गैप यानी घाटा लगभग 2437 करोड है जिसको मुख्य आधार मानकर आत्मनिर्भर प्रस्ताव बनाया जा रहा है।

जहां पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम को वर्ष 2025-26 में लगभग 21456 करोड की केवल बिजली खरीदनी है वहीं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम को भी लगभग 16889 करोड की बिजली खरीदनी है सभी पहलुओं पर गंभीरता से अध्ययन कर ऐसा मॉडल तैयार किया जाएगा जो वित्तीय तकनीकी पहलुओं पर पूरी तरीके से मानक पर खरा उतरेगा।

# एरा विवि ने स्लोवाकिया के पावोल विवि के साथ किया एमओयू

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** एरा विश्वविद्यालय ने स्लोवाकिया के पावोल जोजफसफारिक विश्वविद्यालय के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसका उद्देश्य शैक्षणिक और अनुसंधान सहयोग को बढ़ावा देना, आपसी हितों के क्षेत्रों में संयुक्त अनुसंधान गतिविधियों का आयोजन करना, संकाय सदस्यों, शोध विद्वानों और छात्रों को शैक्षणिक यात्राओं के लिए आदान-प्रदान करना, उद्योग के साथ संबंधों और सहयोग को मजबूत करना एवं कई अन्य स्तरों पर संयुक्त डबल डिग्री कार्यक्रम विकसित करना है जो एरा विश्वविद्यालय और पावोल जोजफ सफारिक विश्वविद्यालय, स्लोवाकिया के पारस्परिक लाभों में योगदान देगा।

पावोल जोजफ सफारिक विश्वविद्यालय की स्थापना 1959 में स्लोवाकिया के दूसरे शास्त्रीय विश्वविद्यालय के रूप में की गई थी। पी. जे. सफारिक विश्वविद्यालय की वर्तमान संरचना में पाँच संकाय शामिल हैं दृ चिकित्सा संकाय, विज्ञान संकाय, विधि संकाय, लोक प्रशासन संकाय, कला संकाय और पी. जे. सफारिक विश्वविद्यालय में शारीरिक शिक्षा और खेल संस्थान भी शामिल हैं। विश्वविद्यालय तीन मुख्य चक्रोंदृ स्नातक, परास्नातक, डॉक्टर और पीएचडी में शिक्षा प्रदान करता है। विभिन्न क्षेत्रों में अध्ययन शिक्षा की प्रक्रिया स्लोवाक और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में प्रदान की जाती है।

कोसिसे में पावोल जोजफ सफारिक विश्वविद्यालय व्यापक अंतरराष्ट्रीय संदर्भ में नवीनतम वैज्ञानिक निष्कर्षों के आधार पर उच्च शिक्षा प्रदान करता है। विश्वविद्यालय दुनिया भर के शैक्षणिक संस्थानों के साथ बहुत गहनता से सहयोग करता है। कोसिसे में पावोल जोजफ सफारिक विश्वविद्यालय कई अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय रैंकिंग में अपनी स्थिति की निगरानी कर रहा है।

# सीएमएस शिक्षिका 'मोस्ट इनोवेटिव एजूकेटर अवार्ड' से सम्मानित

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज प्रथम कैम्पस की वरिष्ठ शिक्षिका डा. सुनीता पाण्डेय को शैक्षिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान हेतु 'मोस्ट इनोवेटिव एजूकेटर अवार्ड' से नवाजा गया है। नई दिल्ली स्थित होटल हॉलीडे इन में आयोजित एक भव्य सम्मान समारोह में भारत-पे के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री अशनीर ग्रोवर ने डा. सुनीता पाण्डेय को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर इस प्रतिष्ठित सम्मान से नवाजा। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने इस उपलब्धि हेतु डा. पाण्डेय को हार्दिक बधाई दी है।

यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि डा. पाण्डेय ने वर्तमान तकनीकी दौर में छात्रों की क्षमताओं को समझते हुए अपनी



शिक्षण पद्धति में सृजनात्मकता व नवीनता को प्रमुखता से अपनाया है और नवीनतम तकनीकों का उपयोग कर 'टीचिंग-लर्निंग' के उच्चस्तरीय मानक स्थापित करने उल्लेखनीय भूमिका निभाई है।

डा. पाण्डेय ने रचनात्मक व सृजनात्मक शैक्षणिक गतिविधियों द्वारा छात्रों को प्रोत्साहित करने और उनकी बहुमुखी प्रतिभा को विभिन्न राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय मंचों पर प्रदर्शित करने में उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। शैक्षिक क्षेत्र में डा. पाण्डेय अपने कठिन परिश्रम एवं 'टीचिंग-लर्निंग' के उच्चस्तरीय मानक स्थापित करने हेतु विशेष रूप से जानी जाती हैं।

श्री खन्ना ने बताया कि सी.एम.एस. शिक्षकों की लगन व कर्तव्यनिष्ठा के बलबूते ही विद्यालय दिन प्रतिदिन नये कीर्तिमान गढ़ रहा है। सी.एम.एस. शिक्षकों ने विद्यालय के 65 वर्षीय शैक्षिक सफर में कई आयाम स्थापित किए हैं जिस पर सिर्फ लखनऊवासियों को ही नहीं अपितु पूरे प्रदेश व देश को गर्व है। इन्हीं विद्वान शिक्षकों की बदौलत सी.एम.एस. अपने छात्रों को भौतिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक तीनों प्रकार की शिक्षा देकर उन्हें चुस्त एवं संतुलित व्यक्तित्व का धनी, मानव जाति के लिए ईश्वर का उपहार एवं टोटल क्वालिटी पर्सन बनाने के लिए प्रयत्नशील है।

# मैं हूं डॉन... गाने पर खूब थिरकी टीएमयू की फैकल्टीज़

## पुराने और नए फिल्मी गीतों पर सीनियर्स ने बांधा समां

अवधनामा संवाददाता

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के निदेशक प्रशासन श्री अभिषेक कपूर, मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर के प्रिंसिपल प्रो. एनके सिंह की गरिमामयी मौजूदगी में डीन एकेमिक्स मेडिकल प्रो. एसके जैन, सीसीएसआईटी के डीन प्रो. आरके द्विवेदी और पैथोलॉजी की एचओडी प्रो. सीमा अवस्थी की तिकड़ी बालीवुड की मशहूर फिल्म- डॉन के गाने मैं हूं डॉन..., मैं हूं डॉन... पर खूब थिरकी।

कड़ाके की ठंड से बेपरवाह प्रो. एसके जैन और प्रो. आरके द्विवेदी के डांस के अंदाज पर सभी ने खूब ठाहके लगाए। नव वर्ष के इस कार्यक्रम में पुराने और नए फिल्मी गीतों पर इन सीनियर्स ने समां बांध दिया। इस अविस्मरणीय तिकड़ी डांस के डीन स्टुडेंट वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह, टिमिट निदेशक प्रो. विपिन



जैन, चीफ वार्डन श्री विपिन जैन, मेडिकल के वाइस प्रिंसिपल प्रो. प्रीथपाल सिंह मटरेजा, डॉ. विनम्र तिवारी, डॉ. आमिर शेख, डॉ. राजीव अरोड़ा, डॉ. अवनीश सिंह, श्री संजय जैन आदि साक्षी बने। इन्होंने गाने के संग-संग तालियां बजाकर इस तिकड़ी की जमकर हौसलाफजाई की।

कार्यक्रम में सीनियर टीचर्स ने हमें और जीने की चाहत न होती..., शाम ढले तेरी याद आती है...., गुलाबी आंखें जो तेरी देखी...., ढोल जगीरो दा....., बहारो फूल बरसाओ मेरा महबूब आया है...., तेरे जैसा यार कहां, कहां ऐसा याराना... जैसे गीतों की बारी-बारी से प्रस्तुति दी। डॉ. जसप्रीत कौर ने भी गाने की प्रस्तुति दी, जबकि गिटार पर उनका साथ डॉ. विनम्र तिवारी ने दिया। प्रो. एनके सिंह और प्रो. प्रीथपाल सिंह के बेटों ने भी अपने गायन का जलवा बिखेरा। अमूमन सभी निदेशक, डॉक्टर्स, डीन आदि सपत्नीक नव वर्ष की पूर्व संध्या पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की। इस मौके पर केक काटकर नूतन वर्ष- 2025 का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इससे पूर्व सभी जोड़ों ने फर्स्ट मुलाकात को लेकर अनुभव साझा किए। सीनियर्स ने यह माना, पहले तकरार, फिर प्यार और अंततः शादी का सिलसिला रहा।

इन्होंने अपने-अपने अंदाज में फिल्मी गीत भी सुनाए। जैसे ही घड़ी में 12 बजे, सभी ने एक-दूसरे को हैप्पी न्यू ईयर विश किया।

- सीनियर्स ने यह माना, पहले तकरार, फिर प्यार और अंततः शादी का सिलसिला रहा

# खिदमत ए खल्क का सवाब कई गुना है : मुफ्ती अबुल इरफान

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** आल इण्डिया मोहम्मदी मिशन के तत्वावधान में मुफ्ती अबुल इरफान मियां फिरंगीमहली क़ाज़ी ए शहर लखनऊ वा सरपरस्त ए आला ऑल इण्डिया मोहम्मदी मिशन की सरपरस्ती वा सैयद इकबाल हाशमी राष्ट्रीय अध्यक्ष आल इण्डिया मोहम्मदी मिशन की अध्यक्षता में तालकटोरा इंडस्ट्रियल एरिया में बेवा, गरीब, बेसहारा 47 महिलाओं को वज़ीफ़ा जिसमे 500 से 1500 तक रूपया और गर्म कपड़े बांटा गया।

मुफ्ती अबुल इरफान मियां फिरंगीमहली क़ाज़ी ए शहर लखनऊ वा सरपरस्त ए आला ऑल इण्डिया मोहम्मदी मिशन ने अपने बयान में फरमाया कि अल्लाह रब्बुल इज़्ज़त रहमान है और उसने कायनात के लिए अपनी रहमत के इज़हार के लिए नबी ए रहमत सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम को इस दुनिया ए फ़ानी में भेजो ताकि दुनिया व



आखिरत के गमों को दूर करके अमन व सुकून के साथ उम्मत अपनी बंदगी का इज़हार कर सके और आपकी सारी जिंदगी मजबूर, मज़लूम ,बेकस, बेसहारा, बेवा, यतीम की राहत रसाई फरमाते रहे और अपनी उम्मत को भी पैगाम दिया कि तुम लोग ज़मीन वालों पर रहम करो ताकि आसमान वाला तुम पर रहम करें हर ज़माने में लोग जो मोहब्बतें रसूल सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम में डूबे हुए अपनी हैसियत के मुताबिक अमल करते आए हैं और आज भी लोग जरूरतमंदों की मदद कर रहे हैं। मुफ्ती अबुल इरफान मियां फिरंगीमहली क़ाज़ी शहर लखनऊ सरपरस्त ऑल इंडिया मोहम्मदी मिशन ने अवाम से यह अपील करी है की औलिया अल्लाह की जिंदगी के बारे में पढ़ें, सुने और समझे और अपनी जिंदगी उसी के अनुसार गुज़ारे, और उसके रसूल के गुलामों में अपना नाम दर्ज कराएं इसी में आपकी दुनिया और आखिरत की भलाई है।

# नये साल के मस्ती में बेकाबू होकर पलटी एसयूवी, एक की दर्दनाक मौत

**लखनऊ।** सुशांत गोल्फ सिटी में मंगलवार रात शहीद पथ पर ओवरटेक के दौरान एसयूवी एक कार से टकरा गई। अनियंत्रित एसयूवी डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में एसयूवी चालक महेंद्र रावत (32) की मौत हो गई। गोसाईगंज के अमेठी कस्बा निवासी अश्वनी रावत, दोस्त अकील व धर्मपाल घायल हो गए। चारों दोस्त नए साल का जश्न मनाने निकले थे।

अश्विनी रावत प्लॉटिंग का काम करते हैं। मंगलवार शाम वह अकील, धर्मपाल व चालक महेंद्र रावत के साथ एसयूवी से नए वर्ष पर आयोजित पार्टी में शामिल होने गोमती नगर पहुंचे थे। रात करीब 11 बजे लौटते समय ओमेक्स के पास महेंद्र कार को ओवरटेक कर आगे निकल रहे थे। तभी आगे चल रही एक कार से एसयूवी टकरा गई और डिवाइडर से भिड़कर पलट गई। हादसे में महेंद्र ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटनास्थल पर एडीसीपी साउथ अमित कुमावत, इंस्पेक्टर अंजनी कुमार मिश्रा पुलिस टीम के साथ पहुंचे।

# डीएम ने रैन बसेरे का निरीक्षण कर किया कम्बल वितरण



अवधनामा संवाददाता

**बहजोई (संभल)** जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया द्वारा बहजोई के पजाया स्थित बस स्टैंड के पास बनाये गये अस्थायी रैन बसेरे का निरीक्षण किया सभी व्यवस्थाओं को चैक किया तथा वहाँ स्थित जरुरतमंद लोगों को कम्बल का वितरण भी किया तथा शीतलहर के दृष्टिगत अलाव जलाने की व्यवस्था को भी देखा। जिलाधिकारी ने बताया कि शासन की ओर से जनपद के लिए कुल 3296 कम्बल वितरण का लक्ष्य आया है जिसके अंतर्गत 2105 कम्बलों का वितरण कर दिया गया है शेष कम्बल भी शीघ्र वितरित कर दिये जाएंगे। इसके अतिरिक्त सीएसआर के माध्यम से भी लगभग 1000 कम्बलों की व्यवस्था की गयी उनका भी वितरण किया गया है तथा 92 स्थानों पर अलाव जलाने की व्यवस्था की गयी है तथा अलाव जलाने की जियो टैग फोटो भी मंगाये जा रहे है। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित किया कि दिन में भी अलाव जलाने की व्यवस्था की जाए। इसके उपरांत जिलाधिकारी द्वारा चंदौसी नगर पालिका के अन्तर्गत रेलवे स्टेशन के नजदीक स्थित रैन बसेरे का निरीक्षण किया एवं सभी व्यवस्थाओं को चैक किये एवं संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि महिला एवं पुरुष के लिए अलग से व्यवस्था की जाए। जरुरतमंद लोगों को कम्बल का वितरण किया तथा रेलवे स्टेशन के पास भी जरुरतमंद लोगों को कम्बल वितरण किये गए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, तहसीलदार चंदौसी धीरेन्द्र सिंह, आपदा विशेषज्ञ ए. के यादव, एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# विश्वकर्मा समाज अध्यक्ष का हुआ स्वागत

अवधनामा संवाददाता

■ सजातीय बंधुओं ने जगह-जगह जमकर किया मिष्ठान वितरण

**ललितपुर।** श्री विश्वकर्मा भगवान के पांचों पुत्र लोहकार, काष्ठकार, स्वर्णकार, ताम्रकार, शिल्पकार उपस्थित रहे। सभी ने एक मत होकर वी-5 के बैनर तले व्ही.आई.पी.मोटर बाईपास पर मीटिंग आहूत की, जिसकी अध्यक्षता हरिकिशन झां प्रधान बांसी ने की। इस दौरान समाज के सभी वरिष्ठजनों और वक्ताओं ने अपने-अपने विचार प्रस्तुत किये। समाज को एकराय होकर एकजुट रहने के तरीके सुझाव और संगठन को मजबूत बनाने की अपील की। वक्ताओं में कैलाश नारायण डियोढिया ने समाज के लिए समाज के कोने-कोने से आने वाले लोगों की समस्याओं के निदान करने की बात कही। वहीं रूपनारायण विश्वकर्मा ने समाज के उत्थान के लिए एक समिति के गठन की बात कही, जिसमें की कार्यकारिणी का भी गठन किया जाना चाहिए। रमेश झा ने अधिक से अधिक भागीदारी लेने की बात कही, विजय किशोर सोनी ने समाज की कुरीतियों को हटाते हुए आगे जाने की बात कहीं। गिरीश विश्वकर्मा ने गांव के लोगों को आगे आने की बात कही। वक्ताओं ने



अपने-अपने वक्तव्यों में श्री विश्वकर्माजी के वंशजों में एक ऑक्सीजन देने का कार्य किया। इसी मीटिंग में सभी ने एक राय होकर विजय डियोडिया के लिए सर्वसम्मति से चुना एवं उनके लिए पगड़ी फूलमाला पहनाकर अध्यक्ष पद पर आसीन कराया। विजय डियोडिया ने कहा कि मैं अध्यक्ष नहीं एक सेवक के रूप में समाज का कार्य करूंगा एवं समाज के एक एक सदस्यों के सम्मान की सुरक्षा करूंगा और समाज पर हो रहे अत्याचार के विरोध में सदैव खड़ा रहूंगा। कहा कि समाज के उत्थान के लिए अधिक से अधिक कार्य करूंगा और एक ग्राम पंचायत से लेकर ब्लॉक स्तर व जिला स्तर की कार्यकारिणी के गठन की बात भी कही। समाज श्रेष्ठी कैलाश नारायण डियोडिया ने भी समाज की एक जुटता के विषय में भी प्रकाश डाला। वक्ताओं के अलावा मुख्य रूप से उपस्थित डा.बी.आर.विश्वकर्मा, लखनलाल, नवलकिशोर सोनी, रज्जन लाल झा, विनय ताम्रकार, कैलाश झा, रमेश झा, संजय ताम्रकार, प्रीतम लाल विश्वकर्मा, रामनरेश झा, जगन्नाथ विश्वकर्मा, जगदीश झा, अरविंद ताम्रकार, अंशुल ताम्रकार, जिला पंचायत सदस्य अमर विश्वकर्मा घुटारी, सत्येंद्र विश्वकर्मा, मनोज झां, कमल विश्वकर्मा, लखन, मनोज बिरारी, सिरनाम विश्वकर्मा, गोविंद विश्वकर्मा, कमल विश्वकर्मा सुरेंद्र विश्वकर्मा, राहुल बाबा, हरिशंकर, महेंद झा, राजेंद्र विश्वकर्मा, राजेश झां, हरिशंकर झां, अनुज सोनी, संतोष झां, विरेंद्र झां, डा.संतोष झां, रमेश विश्वकर्मा, डा.हरिदास झा, रामचरण झां, डा.राजकुमार विश्वकर्मा, रामकिशोर, चंदन विश्वकर्मा, सीताराम झां, विकास सोनी, कृष्णकांत, सतीश झां समेत अनेकों लोग मौजूद रहे। संचालन रामदीन विश्वकर्मा ने व आभार लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा आचार्यजी ने व्यक्त किया।

# मथुरा के सिंधीजनों ने आश्रित महिलाओं संग बांटी खुशियां

अवधनामा संवाददाता

■ सिंधी पंचायत ने महिला आश्रम में सर्दी से बचाव को बांटे गर्म कपड़े और खाद्य सामग्री

**मथुरा।** जाते वर्ष की विदाई और आते वर्ष के स्वागत को सभी अपने अपने तरीके से सेलीब्रेट कर रहे हैं। कोई होटलों में तो कोई धार्मिक स्थलों पर जाकर खुशी मना रहा है, ऐसे में समाजसेवा में अग्रणी रहने वाले सिंधीजनों ने बढ़ती ठंड को देखते हुए आश्रित महिलाओं को गर्म कपड़े और आवश्यक वस्तुएं भेंट कर समाजसेवा कर पुण्य कमाया।

मीडिया प्रभारी किशोर इसरानी ने बताया कि सिंधी जनरल पंचायत के तत्वावधान में छटीकरा राधाकुंड मार्ग स्थित मघेरा हनुमान मंदिर के पास राधिका अपना घर महिला आश्रम में माता बहनों को नारायणदास लखवानी, बसंत मंगलानी, जीवतराम चंदानी, डॉक्टर प्रदीप ऊकरानी, एडवोकेट अनीता चावला, सुरेश मेठवानी, लक्ष्मन वाधवानी आदि के सौजन्य से खाद्य सामग्री एवं गर्म शाल टोपा आदि वस्त्र वितरण किये गए। जिससे आश्रित माता एवं बहनों के चेहरे खिल उठे उन्होंने सिंधीजनों को भरपूर आशीर्वाद दिए।

अध्यक्ष नारायण दास लखवानी ने बताया कि स्वामी लीलाशाह जी महाराज के संदेश नर सेवा नारायण सेवा, से प्रेरित होकर समाजसेवा की भावना के तहत ही हम सभी को यह सेवा का सौभाग्य प्राप्त हुआ है।

राम चंद्र खत्री ने बताया कि सिंधी जनरल पंचायत की ओर से खाध्य सामग्री में बिस्किट, चीनी, मसाले, चायपती और सर्फ़, साबुन के साथ ही गर्म शाल और टोपे आदि वितरित किए गए है। मिशन स्माइल फाउंडेशन की महासचिव एडवोकेट अनिता चावला ने बताया कि सिंधी समाज द्वारा ऐसे सेवा कार्य निरंतर किए जाते रहते है, आश्रम में रह रही महिलाओ की जरूरत व शीत ऋतु को देखते हुए यह वितरण किया गया है।इस मौके पर पंचायत अध्यक्ष नारायणदास लखवानी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामचंद्र खत्री, उपाध्यक्ष जीवतराम चंदानी, उपाध्यक्ष डॉक्टर प्रदीप ऊकरानी, महामंत्री बसंत मंगलानी, मंत्री सुरेश मेठवानी तथा मिशन स्माइल फाउंडेशन की महासचिव एडवोकेट अनीता चावला के साथ प्रचार मंत्री हरीश चावला, मीडिया प्रभारी किशोर इसरानी, मंत्री पीतांबर रोहेरा, युवा महामंत्री तरूण लखवानी आदि उपस्थित रहे। आश्रम की देखभाल कर रहे मुकेश शर्मा एवं उसकी पत्नी कीर्ति शर्मा ने सिंधीजनों के सेवाकार्य की प्रशंसा की।

## व्यापारी पहुंचे श्रीगिरिराज जी की शरण

**मथुरा।** व्यापार में हो तरक्की और देश का हो विकास, नये वर्ष के लिए व्यापारियों ने श्रीगिरिराज जी की शरण में पहुंच कर मांगा आशीर्वाद, मौका था फुटकर कपड़ा व्यापारी संघ, मथुरा द्वारा आयोजित 17 वें वार्षिक भण्डारे का, जो मंगलवार को गोवर्धन के आन्यौर मार्ग स्थित गिर्राज वाटिका, बूरे वालों की बगीची में उत्साहपूर्वक सम्मपन्न हुआ। कार्यक्रम के मीडिया प्रचारक किशोर इसरानी ने बताया कि सदा व्यापार में व्यस्त रहने वाले व्यापारियों ने नववर्ष के शुभारंभ से पूर्व परिवार सहित कुछ घंटे गोवर्धन में गुजारे और फुटकर कपड़ा व्यापारी संघ के भण्डारे में भागीदारी की। मथुरा से गोवर्धन तक के लिए संगठन की ओर से निशुल्क बसे चलाई गई थी, वहीं काफी दूकानदार अपने वाहनों से पहुंचे थे।सर्वप्रथम प्रातबेला में सभी सभी फुटकर व्यापारियों ने मिलकर ठाकुर जी का दुग्ध अभिषेक किया और ठाकुर जी का बाल भोग लगाकर आरती की। व्यापारियों ने इस मौके पर भजन कीर्तन भी किया। दोपहर को ठाकुर जी के आशीर्वाद से सभी दूकानदारों ने मिलकर साधु सेवा की, उन्हें वस्त्र एवं दक्षिणा भेंट की।

# गोविंद विहार आवासीय योजना में अभी तक 5600 आवेदन आए

अवधनामा संवाददाता

■ विप्रा के अधिकारियों ने आवेदन की डेट बढ़ा कर सात जनवरी की

**मथुरा।** मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण की गोविंद विहार आवासीय योजना के 121 भूखंडों के लिए अब तक करीब 5600 लोगों ने आवेदन किया है। आवासीय योजना के लिए मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण ने 7 जनवरी तक आवेदन की तिथि बढ़ा दी है।

मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित की जा रही गोविंद विहार आवासीय योजना की पंजीकरण प्रक्रिया को 30 नवंबर को ओपन कर दिया गया था। योजना में 121 आवासीय भूखंडों का आवंटन लॉटरी के माध्यम से होगा। योजना में 3 प्रकार के भूखंड है, जिसमें 90 से 150 वर्ग मीटर के 89 प्लॉट, 151 से 235 वर्ग मीटर के 22 प्लॉट तथा 330 वर्ग मीटर के 10 प्लॉट हैं। 121 आवासीय भूखण्ड हैं जिन्हें 3 श्रेणी (आर- वन् में 89 भूखंड 90 से 150 वर्ग मीटर, आर-2 में 22 भूखंड 151 से 235 वर्ग मीटर के एवं आर-3 में 10 भूखंड 330 वर्ग मीटर के) में क्षेत्रफल वार बांटा गया है।

इनकी दर 24150 रुपये प्रति वर्ग मीटर तय की गई है।मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण के सचिव अरविंद कुमार द्विवेदी ने बताया कि मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण द्वारा लैण्ड पूलिंग स्कीम के अन्तर्गत राजस्व ग्राम जैंत स्थित करीब 27 हेक्टेयर भूमि पर गोविंद विहार आवासीय योजना विकसित की जा रही है। इसमें आवासीय, ग्रुप हाउसिंग, व्यवसायिक, सामुदायिक भूखण्ड, ईडब्लूएस/ एलआईजी भवन विक्रय किए जाएंगे। इस योजना के लिए भूमि राजस्व ग्राम जैंत के भू स्वामी / काश्तकारों से ली गयी है जिसमें 10 भूस्वामियों से विकास अनुबंध किया गया है। इस विकास अनुबंध के अनुरूप गोविंद विहार आवासीय कालोनी के 26.85 प्रतिशत विकसित भूखण्ड प्राधिकरण के स्वामित्व/अधिपत्य में रहेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### गरीब और असहाय लोगों की मदद के लिए आगे आये समाजसेवी



**संभल।** बढ़ती हुई ठण्ड मे गरीब और असहाय लोगों की मदद के लिए समाजसेवियों ने कदम आगे बढ़ाते हुए लिहाफ व कंबलो का वितरण किया। मौहम्मद मुस्तफा ऐजुकेशनल वैलफेयर सोसायटी के पदाधिकारियों ने लगातार बढ़ती हुई ठण्ड के चलते गरीब और असहाय लोगों को सर्दी से बचाने के लिए कदम आगे बढ़ाते हुए लिहाफ और कंबलो का वितरण किया। सोसायटी के अध्यक्ष मौहम्मद दिलशाद ने जानकारी देते हुए बताया कि उनकी सोसायटी हर वर्ष सर्दी के मौसम मे इस तरह के सामाजिक कार्यो को करती है और ऐसे लोग जो बेहद गरीब ओर असहाय हैं उनकी लिस्ट बनाकर खामौशी के साथ जिससे की उनका चेहरा सामने न आये उनको रात के समय कंबल और लिहाफ बांटती है। जैसे-जैसे ज़रूरत महसूस होती है लिहाफ और कंबल बनाकर उनको पहुंचाती है। इस दौरान हाफिज़ तंज़ीम, हाजी नाजिश, समीर वाहिद, रहबर, कादिर, मयंक, अलजै़ब, फैसल, मुकीम, नावेद, ज़ैद, मेराज, मुस्तफा, अज़हर आदि मौजूद रहे।

### पुलिस अधीक्षक ने पदोन्नति होने पर पुलिस कर्मियों के कंधो पर स्टार लगाकर बधाई व शुभकामनाएं दी



**संभल।** पुलिस अधीक्षक जनपद संभल द्वारा कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए के 03 पुलिस कर्मियों को कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड-बी के पद पर पदोन्नत होने पर उनके कंधो पर स्टार लगाकर बधाई व शुभकामनाएं दी गयी। पुलिस अधीक्षक जनपद संभल श्री कृष्ण कुमार द्वारा जनपद संभल में तैनात 05 कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए के कंप्यूटर ऑपरेटर ग्रेड बी के पद पर पदोन्नति होने पर -01. श्री धीरज कुमार (डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर सीसीटीएनएस), 02. श्री विनय श्रीवास्तव (थाना नखासा) 03. श्री नीरज कुमार (थाना कैला देवी) के कंधों पर स्टार लगाकर व मिठाई खिलाकर बधाई दी गयी तथा उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई।

### वाराणसी में दौड़ेंगे अरविन्द कुमार



**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश मास्टर्स एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वावधान में 04 से 05 जनवरी को वाराणसी के उदय प्रताप कॉलेज कैम्पस भोजुवीर में होने वाली 33 वीं मास्टर्स एथलेटिक्स चौम्पियनशिप में नदीपुरा निवासी और पंचायत राज विभाग ललितपुर में कार्यरत अरविन्द कुमार (35 प्लस एज ग्रुप) और उषा प्रजापति (35 प्लस एज ग्रुप) करेंगे। प्रतिभाग उक्त उत्तर प्रदेश मास्टर्स एथलेटिक्स चौम्पियनशिप में प्रतिभाग के लिये जिला पंचायत राज अधिकारी नवीन मिश्रा, रंजीत सिंह, अजय प्रताप सिंह, संजीव बावरा, सैफुल्ला खान, रामकिशन शुक्ला, श्रुति तिवारी, सुशील चौबे, शिया देवी, राजेन्द्र सिंह , रामेश्वर पाल, अभय सिंह, सुखसाहब, कृष्ण कुमार, और समस्त साथी कर्मचारी व खेल प्रेमियों आदि ने प्रसन्नता व्यक्त कर हौसला आफजाई की।

### नेहरू नगर में गाजे-बाजे के साथ सम्पन्न हुआ सुन्दर काण्ड पाठ



**ललितपुर।** शहर के मोहल्ला नेहरू नगर में नये साल के उपलक्ष्य में श्रीसिंह वाहिनी संकीर्तन मण्डली द्वारा गाजे-बाजे के साथ सुन्दर काण्ड पाठ का आयोजन हुआ, जिसमें श्रीसिंह वाहिनी माता मन्दिर एवं हनुमान मन्दिर के पुजारी बाबा प्राण किशनदासजी ने सुन्दर काण्ड का बड़े ही विधि विधान से पूजन कराया। पूजन के उपरान्त मण्डली द्वारा ईश्वर का आहवान के साथ सुन्दर काण्ड पाठ का शुभारम्भ किया। सुन्दर काण्ड पाठ के आयोजन में सम्मिलित होकर श्रद्धालुओं ने धर्म लिया। श्रीसिंह वाहिनी संकीर्तन मण्डली एवं महिलाओं द्वारा भजन कीर्तन किये गये इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस धार्मिक कार्यक्रम में श्रीसिंह वाहिनी संकीर्तन मण्डली के गोकुल प्रसाद यादव, देवेन्द्र यादव, ढोलक वादक गजराज सिंह के अलावा राहुल रैकवार, तुलसी रैकवार, मुन्ना, रामेश्वर, कैलाश, रवि रजक, रवि रैकवार, रोहित, दयाराम, सतीश, बृजेश, बल्ले, देवेन्द्र राय आदि उपस्थित रहे।

# हर्ष कुमार बघेल को स्मरण कर दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** बहुजन समाज पार्टी के विभिन्न पदों पर रहे स्वर्गीय हर्ष कुमार बघेल की जयंती अहिल्याबाई होल्कर पार्क डेम्पीयर नगर स्थित मथुरा में बहुजन समाज पार्टी के पदाधिकारीयो ने बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया और आगरा मंडल प्रभारी राजाराम निगम ने स्वर्गीय हर्ष कुमार बघेल के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा बघेल साहब मिशन मूवमेंट में बहुत ही मेहनती और निडर कार्यकर्ता थे। बहन कुमारी मायावती ने उन पर विश्वास किया और और मांट विधानसभा का टिकट देकर चुनाव लड़ाया था। बसपा जिलाध्यक्ष सत्य प्रकाश कर्दम ने बताया की स्वर्गीय हर्ष कुमार बघेल एक मेहनती और संघर्षशील नेता थे बहुजन समाज के मिशन मूवमेंट को आगे बढ़ाने का काम किया था जिला प्रभारी ओमप्रकाश बघेल ने कहा आज जनपद मथुरा में पाल बघेल समाज के मसीहा और समाज में राजनीति की भूख पैदा करने वाले बहुजन समाज के हक और अधिकारों की लड़ाई लड़ने वाले बसपा के संघर्षशील नेताओ में से एक थे स्वर्गीय श्री हर्ष कुमार बघेल जी की जयंती मनाई गई और बताया पाल बघेल समाज का अगर कहीं भला हो सकता है तो बहुजन समाज पार्टी में इस मौके पर संकल्प भी लिया की जब तक घर-घर में हर्ष कुमार बघेल पैदा नहीं होगा तब तक चुप नहीं बैठेंगे आगरा मंडल प्रभारी राजाराम निगम जिलाध्यक्ष सत्य प्रकाश कर्दम जिला प्रभारी ओमप्रकाश बघेल जिला प्रभारी डॉ. अमर सिंह जिला प्रभारी महेश फालेन जिला महासचिव चौधरी हरी सिंह जिला कार्यकारिणी सदस्य मुख्तार सिंह गौतम पूर्व जिला कार्यकारिणी सदस्य योगेंद्र सिंह विधानसभा अध्यक्ष डॉ सुरेश सिंह चौधरी वीरेंद्र सिंह परिहार पूर्व प्रभारी महेंद्र पाल निगम युवा बसपा नेता चोहल सिंह आदि उपस्थित रहे।

## वार्षिकोत्सव 'अभ्युदय' का जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया शुभारंभ

**मथुरा।** बाबू दाऊदयाल एडवोकेट सरस्वती विद्या मंदिर के जन्मशताब्दी दिवस पर आयोजित वार्षिक उत्सव2025 अभ्युदय कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने विशिष्ट अथिति के रूप फीता काटकर एवं सरस्वती मां के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर किया। जिपं अध्यक्ष ने विद्यार्थियों से बेहतर शिक्षा हासिल कर आदर्श समाज के निर्माण में योगदान देने को कहा। छात्राओं ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में बाबू दाऊदयाल एडवोकेट सरस्वती विद्या मंदिर के छात्र-छात्राओं ने अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर वार्षिक उत्सव में शामिल होने आए लोगों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान बच्चों ने विभिन्न प्रस्तुतियां दीं, जो कहीं न कहीं लोगों को संदेश दे रही थी, विद्यालय के बच्चों द्वारा लोगों को जागरूक करने के लिए अलग-अलग तरह की प्रस्तुतियां दी गई। इस दौरान मेधावियों का सम्मान किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि जयंती प्रसाद, विशिष्ट अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए।

# नए वर्ष पर जैन मंदिरों में श्रद्धालुओं ने किया प्रभु अभिषेक

■ पूर्व संध्या पर महाआरती भक्ताम्मर पाठ के साथ हुई प्रभु आराधना

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** नए वर्ष पर जैन धर्मालुओं ने पार्श्वनाथ नया मंदिर में आचार्यश्री विशद सागर महाराज के प्रभावक शिष्य मुनि विशाल सागर एवं मुनिश्री विभोर सागर महाराज के सानिध्य में प्रथम तीर्थकर आदिनाथ, भरत बाहुवलि भगवान का महामस्तिकाभिषेक श्रद्धा और भक्ति के साथ किया।

पूर्व संध्या में श्रीभक्ताम्मर पाठ मध्य रात्रि तक हुआ जिसके समापन पर महाआरती कर भक्तों ने नए वर्ष को धर्ममय माहौल में मनाया। बुधवार को सुबह से श्रद्धालुओं ने प्रभु का अभिषेक किया। शान्तिधारा मुनि विशाल सागर महाराज ने कराते हुए धर्म की महिमा बताई। संचालन ब्र.मनोज भैया ने करते हुए नए मंदिर में मुनिपुंगव सुधासागर महाराज के आशीर्वाद से विराजमान भगवान बाहुवलि अतिशयकारी प्रतिमा की महिमा बताई। रात्रिकालीन पाठशालाओं के मंगल कलश का पुर्ण्याजन किया। नए मंदिर की वेदिकाओं के महायज्ञनायक यज्ञनायक का चयन किया गया, जिन्हें जैन पंचायत द्वारा प्रतीक चिन्ह के साथ सम्मानित किया। नए वर्ष पर पार्श्वनाथ जैन अटा मंदिर में आचार्य विशद सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में प्रभु अभिषेक शान्तिधारा के अतिरिक्त नगर के अभिनंदनोदय तीर्थ, पार्श्वनाथ समोवशरण मंदिर, ज्ञानोदय तीर्थ, आदिनाथ बड़ा मंदिर, बाहुवलिनगर में धार्मिक कार्यक्रम प्रभावना पूर्वक हुए। देवोदय तीर्थ देवगढ, सतोदय तीर्थ सेरोन, शान्तोदय तीर्थ सेरोन में बहुतायत संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर नए वर्ष को प्रभुचरणों में मनाया।

# श्रद्धालुओं की सेवा में जुटे सिविल डिफेंस स्वयं सेवक

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** नियंत्रक नागरिक सुरक्षा एवं जिला अधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह के निर्देश पर नववर्ष पर बांके बिहारी मंदिर वृंदावन में श्रद्धालुओं की सेवा में जुटी सिविल डिफेंस के स्वयं सेवक जुटे रहे। इन स्वयं सेवकों ने पीली जाकट पहनकर श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रण करने में पुलिस व मंदिर के गार्डो का सहयोग किया। इस दौरान डीएम व एसएसपी ने भी नववर्ष पर मंदिर में ड्यूटी कर रहे सिविल डिफेंस के कार्यकर्ताओं की हौसला अफजाई की।

बतादें कि पिछले सात दिनों से श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ रहा है इसके दृष्टिगत अपर जिला अधिकारी नमामि गंगे व प्रभारी नागरिक सुरक्षा नागरिक राजेश यादव एवं उप नियंत्रक मुनेश कुमार गुप्ता, सहायक उप नियंत्रक जितेन्द्र देव सिंह के नेतृत्व में पोस्ट वार्डन अशोक यादव की क्विक रिस्पांस टीम एवं सिविल डिफेंस मथुरा के वार्डन एवं फायर फाइटर बाके बिहारी मंदिर वृंदावन व मंदिर जाने वाले समस्त चौराहों व तिराहों पर श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करते दिखाई दिए। मंदिर परिसर में बाहर से आए सभी श्रदालुओं को किसी भी प्रकार की कोई समस्या ना हो इसको देखते हुए पुलिस एवं प्रशासन के साथ मिलकर सेवाएं करते नजर आए। उसी तरफ एक लड़की जिसका नाम आरती जो फर्रूखाबाद की रहने वाली थी बह अपने परिवार से भीड़ में बिछड़ गई थी। उसको पोस्ट वार्डन अशोक यादव, हेमंत एवं उनकी टीम के द्वारा उसको उसके परिवार से मिलवाया गया।

नागरिक सुरक्षा विभाग मथुरा से डिविजनल वार्डन भारत भूषण तिवारी डिप्टी डिविजनल वार्डन राजेश कुमार मित्तल,पोस्ट वार्डन अशोक यादव, महेश चन्द, गुलशेर, हेमंत, यतेंद्र, विक्रम राजेंद्र,जीतेश, राकेश, राजेश , विवेक , पवन, अजीत , उमेश, चंद्रपाल आदि वार्डन स्वयंसेवक मौजूद रहे।

## सामलिया ग्रुप ने ग्रामीणों को बांटे दो हजार कंबल

**चौमुहां (मथुरा)।** ब्लॉक के गांव नगला सामलिया स्थित कस्तूरी दयाल आश्रम पर नववर्ष के उपलक्ष्य में सामलिया ग्रुप द्वारा ग्रामीणों को कंबल व मिष्ठान वितरित की गई। यहां करीब 2 हजार ग्रामीणों को कंबल व मिष्ठान का वितरण किया। कंबल पाकर ग्रामीणों के चेहरों पर खुशी दिखाई दी। मुख्यातिथि के उपजा के जिला महाचिव ठाकुर विष्णु पहलवान ने कहा कि समय समय पर ऐसे आयोजन होना जरूरी हैं। इन कार्यक्रमों द्वारा समाज में सामाजिक समरसता का भाव उत्पन्न रहता है। सामलिया ग्रुप के एमडी ठाकुर यशवीर सिंह राघव ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा को ध्येय रखकर सर्दी के मौसम में कंबल व मिठाई वितरित की गई हैं। आगामी समय में कस्तूरी दयाल आश्रम पर ग्रामीणों के लिए निन्शुल्क नेत्र कैंप लगाया जाएगा। जहां जरूरतमंदों के नेत्र परीक्षण के साथ ही निशुल्क ऑपरेशन कराया जाएगा। इस अवसर पर प्रधान देवजीत , ओमप्रकाश मुखिया, बंटी सिसोदिया, लांगुरिया नेताजी, दुर्गपाल सिंह, सुदामा, रज्जो भगत, दीपन, बदन सिंह, अमी चंद, नेत्रपाल, नबाब सिंह, रामजीलाला, अशोक, वीरपाल, अर्जुन राघव, कमल सिंह, बुद्धा सिंह, जगदीश सिंह एडवोकेट, वन दरोगा ओमवीर राघव, संजय सिंह, भीम राघव, जयवीर आदि उपस्थित थे।

# चकबंदी विभाग में मुख्य लिपिक पद से रिटायर पर दी विदाई

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** चकबंदी विभाग में 36 वर्षों तक अपनी सेवा देने के बाद मंगलवार को डीएवी से छात्र संघ के अध्यक्ष रह चुके प्रदीप सिंह मुख्य लिपिक पद से रिटायर हो चुके है। हालांकि राष्ट्रीय शोक के चलते विभाग द्वारा किसी भी तरह का समारोह आयोजित नहीं किया गया। बल्कि प्रदीप सिंह के इकलौते पुत्र अमन सिंह, मित्रगण व समर्थकों के द्वारा उनके कार्यालय से बाहर निकलते ही माल्यार्पण कर रिटायरमेंट जुलूस निकालकर एक अलग ही संदेश दिया है कि सेवानिवृत्ति जीवन की सड़क का अंत नहीं बल्कि यह खुले राजमार्ग की शुरुआत है। अमन सिंह के द्वारा पिता की सेवानिवृत्ति पर देर शाम नगर के जयरामपुर में भव्य निजी समारोह का आयोजन भी किया गया। सन 1989 में गोरखपुर में लिपिक पद से प्रदीप सिंह ने अपने इस सफर की शुरुआत की थी। उन्होंने कहा कि अपनी इस नौकरी को मैने पूजा की तरह किया है और कार्यकाल के दौरान कर्मचारियों ने भी उन्हें ऑक्सीजन की तरह सहयोग दिया है। विभाग के कर्मचारियों को संदेश दिया कि शासन की मंशा अनुरूप कार्य करते हुए गरीबों, पीड़ितो की मदद करे ताकि किसी के साथ अन्याय न हो सके।

# श्रीमद्भागवत कथा मुक्ति का मार्ग प्रशस्त करती है: स्वामी चंदेश्वर गिरी महाराज

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** स्थानीय प्रशांति विद्या मंदिर गोविंद नगर में स्वामी चंद्रेश्वर गिरी चंडी पीठाधीश्वर महाराज के द्वारा श्रीमद् भागवत कथा की जा रही है। दिनांक 31 दिसंबर 2024 को कथा का प्रारम्भ कलश यात्रा के साथ किया गया।कलश यात्रा कुश कुटी से होकर कथा स्थल तक निकाली गयी। कलश यात्रा में कथा व्यास श्री चंद्रेश्वर गिरी महाराज के साथ-साथ सैकड़ो की संख्या में साधु संत व श्रद्धालु मौजूद रहे। आज कथा के प्रथम दिवस कथा व्यास श्री चंदेश्वर गिरी महाराज ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा जीवन में ऐश्वर्य धन संपदा के साथ-साथ मुक्ति का मार्ग भी प्रशस्त करती है।श्रीमद् भागवत कथा पापों का नाश करने वाली है। उन्होंने कहा कि कलयुग में सत्कर्मो के बिना भक्ति प्राप्त नहीं हो सकती। भक्ति के बिना ज्ञान वैराग्य प्राप्त नहीं हो सकता। उन्होंने कहा भागवत कथा श्रवण पान से जीवन में सत्कर्मो की वृद्धि होती है। जीवन में शोक व कष्ट का नाश भागवत ज्ञान यज्ञ के माध्यम से ही संभव है। उन्होंने सत्संग का महत्व बताते हुए कहा कि संतों का साथ थोड़े ही समय करने से ही जीवन में करोड़ों अपराध माफ किये जा सकते हैं। इस अवसर पर कथा के मुख्य यजमान संजय श्रीवास्तव विजय श्रीवास्तव अजय श्रीवास्तव हर्ष श्रीवास्तव उत्कर्ष श्रीवास्तव अर्पित श्रीवास्तव सोमकांत श्रीवास्तव शिवांशु श्रीवास्तव अशोक कुमार श्रीवास्तव अनिल कुमार श्रीवास्तव शशि भूषण श्रीवास्तव विपिन बिहारी श्रीवास्तव रमन शर्मा बिहारी लाल सविता भारत लाल सेन विशाल भटनागर वर्णित भटनागर मनीष भटनागर संजय कुशवाहा संदीप तिवारी गोविंद नारायण व्यास लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा अमन द्विवेदी हाकिम सिंह अमित लखेरा देवेंद्र साहू पूजा कश्यप अमित पंथ आदि लोग मौजूद रहे।

# एमसीजी में कोंस्टास की साहसिक पारी के उनकी पहचान बनने की संभावना नहीं : एलेक्स कैरी



ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक्स कैरी ने कहा कि युवा सलामी बल्लेबाज सैम कोंस्टास ने भारत के खिलाफ मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड(एमसीजी) में खेले गए बॉक्सिंग डे टेस्ट में जिस तरह से साहसिक अर्धशतक जड़ा उससे वह मंत्रमुग्ध थे, लेकिन उन्हें लगता है कि यह पारी भविष्य के मैचों के लिए उनकी पहचान नहीं बनेगी। कोंस्टास ने 26 दिसंबर को एमसीजी में लगभग खचाखच भरे स्टेडियम में अपनी टेस्ट करियर का आगाज करते हुए 65 गेंद पर 60 रन की आकर्षक पारी खेली और इस दौरान भारत के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत गुमरा को निशाने पर रखा।

कैरी ने शुक्रवार को सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी) में भारत के खिलाफ शुरू होने वाले पांचवें टेस्ट से पहले संवाददाताओं से कहा मैं उस पहले सत्र में एक दर्शक था। शायद मेरे मन में वहां मौजूद 90,000 (दर्शकों) की भावनाएं थीं। कई बार मैं इसे नहीं देख सका, कई बार मैंने तालियां बजाई। कोंस्टास को पहले तीन मैच में असफल रहने वाले नाथन मैकस्वीनी की जगह टीम में लिया गया और उन्होंने आते ही ऑस्ट्रेलिया के आक्रामक दृष्टिकोण को अपनाया लेकिन कैरी ने कहा कि उन्हें नहीं लगता कि यह 19 वर्षीय सलामी बल्लेबाज हर मैच में इतना आक्रामक प्रदर्शन करेगा।

उन्होंने कहा वह जो ऊर्जा लेकर आए, वह कुछ अलग थी। शायद इतने अंतर की उम्मीद नहीं थी, लेकिन उन्होंने क्रिकेट की एक ऐसी शैलीको अपनाया जो शायद भारत के लिए भी नई थी। कैरी ने कहा, हम इंतजार करेंगे और देखेंगे कि वह यहां (एससीजी) कैसे खेलते हैं। मुझे नहीं लगता कि यह हर टेस्ट मैच के लिए उनकी पहचान बन जाएगी। लेकिन शुरू में कुछ आक्रामकता अपनाना अच्छा है जिसकी हमें कमी खल रही थी। उन्होंने कहा कि पहले तीन टेस्ट मैचों में मैकस्वीनी और उस्मान ख्वाजा की सलामी जोड़ी ने मुश्किल परिस्थितियों में अच्छा काम किया। कैरी ने कहा 'नाथन और उस्मान ने बहुत सारी गेंदों का सामना करके हमें मुश्किल परिस्थितियों से भी बाहर निकाला। सैम थोड़ा स्कोर करने में सफल रहा और उम्मीद है कि वह यहां भी अच्छा प्रदर्शन करेगा।

## सिडनी टेस्ट में बारिश बनेगी टीम इंडिया के लिए मुसीबत

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 3 जनवरी से सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में आखिरी टेस्ट मैच खेला जाएगा। फिलहाल, 5 मैचों की सीरीज में मेजबान ऑस्ट्रेलियाई टीम 2-1 से आगे चल रही है। ऐसे में भारत के लिए ये मुकाबला करो या मरो का होने वाला है। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025 के फाइनल में जगह बनाने की उम्मीदों को जिंदा रखने के लिए ये टेस्ट मैच भारत के लिए काफी अहम हो जाता है। टीम इंडिया ने पर्थ टेस्ट जीता था, इसके बाद एडिलेड टेस्ट में भारत को हार का सामना करना पड़ा। वहीं गाबा टेस्ट ड्रॉ रहा और मेलबर्न टेस्ट में भी भारत को हार का मुंह देखना पड़ा। ऐसे में यहां से कोई भी ड्रॉ भारत के लिए वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025 के फाइनल में जगह बनाने के लिए फायदेमंद नहीं होगा, क्योंकि जीत ही उसका एकमात्र रास्ता है। ऐसे में सिडनी टेस्ट का मौसम भारतीय टीम की रणनीति खराब कर सकता है।

# चेतेश्वर पुजारा को टीम में चाहते थे कोच गौतम गंभीर, हर्षित राणा पर भी नहीं माने सेलेक्टर्स



भारतीय टीम मेलबर्न टेस्ट जीतने में नाकामयाब रही। जिसके बाद मेजबान ऑस्ट्रेलियाई टीम दो टेस्ट मैच जीतने में कामयाब रही। इसी के साथ कंगारू 2-1 से सीरीज में बढ़त बना चुके हैं। वहीं मेलबर्न टेस्ट में फैंस को चेतेश्वर पुजारा की टीम में कमी खली। वहीं कहा जा रहा है कि गौतम गंभीर भी चेतेश्वर पुजार को टीम में चाहते थे। लेकिन सेलेक्टर्स राजी नहीं हुए।

इंडियन एक्सप्रेस की खबर के मुताबिक गंभीर चाहते थे कि चेतेश्वर पुजारा ऑस्ट्रेलिया आएं। भारत को पर्थ टेस्ट मैच में जीत मिली थी, इसके बावजूद भी गंभीर पुजारा को टीम में चाहते थे लेकिन सेलेक्टर्स की ओर से समर्थन नहीं मिला।

पुजारा ने भारत के खिलाफ 100 से ज्यादा टेस्ट मैच खेले हैं। वह साल 2023 में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के बाद से कोई मैच नहीं खेले हैं। हालांकि, इस मैच में वह पहली पारी में 14 और दूसरी पी में 27 रन बनाकर आउट हुए। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया में उनका बल्ला खूब चला है। उन्होंने 11 मैचों में 993 रन बनाए हैं।

इसके अलावा गंभीर ने जब वॉशिंगटन सुंदर और हर्षित राणा को टीम में जगह देने का फैसला किया तब भी फैसले पर सवाल उठाए गए थे। सभी लोग इस फैसले से सहमत नहीं थे। पिंक बॉल टेस्ट मैच में आकाशदीप को ड्रॉप करके हर्षित राणा को मौका दिया गया।

# नया साल शुरू होते ही जसप्रीत बुमराह के नाम हुआ ये रिकॉर्ड, बने पहले भारतीय गेंदबाज



बुधवार 1 जनवरी 2025 को आईसीसी ने अपनी ताजा रैंकिंग जारी की है। इस टेस्ट रैंकिंग में टीम इंडिया के स्टार गेंदबाद जसप्रीत बुमराह ने इतिहास रच दिया। दरअसल, वह गेंदबाजों की रैंकिंग में टॉप पर कायम है और अब सबसे ज्यादा रेटिंग पॉइंट्स हासिल करने वाले पहले भारतीय गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने रविचंद्रन अश्विन के 904 रेटिंग अंकों को पीछे छोड़ दिया। उनके नाम अब 907 रेटिंग पॉइंट्स हो गए हैं। बुमराह सर्वकालिक सूची में 907 अंकों के साथ इंग्लैंड के डेरेक अंडरवुक के साथ संयुक्त 17वें स्थान पर हैं।

वहीं ऑस्ट्रेलिया कप्तान और तेज गेंदबाज पैट कमिंस को भी इस रैंकिंग में बड़ा फायदा हुआ है। उन्होंने चौथे टेस्ट में 6 विकेट लेकर 15 रेटिंग पॉइंट्स हासिल किए और गेंदबाजों की रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबज हैं। कमिंस ने मेलबर्न में ऑस्ट्रेलिया की बेहतरीन जीत के दौरान 90 अमह रनों की पारी के दम पर टेस्ट ऑलराउंडर रैंकिंग में तीसरा स्थान भी हासिल कर लिया है।

खेलते हुए बुमराह टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज 200 विकेट लेने वाले भारतीय तेज गेंदबाज बन गए। इससे पहले कपिल देव ने मार्च 1983 में पोर्ट ऑफ स्पेन में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट में 50 मैचों में 200 विकेट लेने का रिकॉर्ड बनाया था। बुमराह ने अपने 44वें टेस्ट में ये उपलब्धि हासिल की, जिससे वह रविंद्र जडेजा के साथ संयुक्त रूप से दूसरे सबसे तेज 200 टेस्ट विकेट लेने वाले भारतीय बन गए।

# पहले क्रिसमस और अब न्यू ईयर पर भी एमएस धोनी के साथ नजर आईं कृति सेनन



पूरी दुनिया में नए साल के जश्न में सरोबार है। वहीं इसी कड़ी में भारतीय खिलाड़ी भी अपने परिवार और करीबी दोस्तों के साथ खास मौके का जश्न मनाने अलग-अलग पहुंचे हैं। भारत के पूर्व कप्तान एमएस धोनी भी परिवार के साथ इस खास मौके के लिए गोवा पहुंचे। नए साल के जश्न के उनके कई वीडियो सामने आए हैं। इन वीडियो में धोनी के साथ बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन भी नजर आ रही हैं। बीते कुछ समय में कृति हर सेलिब्रेशन में धोनी के साथ दिखाई दे रही हैं। धोनी और कृति सेनन की तस्वीरों के पीछे का कारण हैं कबीर बहिया। अमेरिका के इस बिजनेसमैन का धोनी और कृति दोनों से ही कनेक्शन बताया जा रहा है। यही कारण है कि भारतीय क्रिकेटर और एक्ट्रेस साथ नजर आ रहे हैं।

कबीर कई सालों से साक्षी धोनी के इंस्टाग्राम पर नजर आए हैं। वह साक्षी के साथ टीम इंडिया को चीयर करते भी नजर आते थे। बल्कि वह आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के मैच देखने पहुंचने थे। बता दें कि, कई मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार कबीर इस समय बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन को डेट कर हैं। दोनों को कई बार एक ही जगह स्पॉट किया गया है।

# मेलबर्न टेस्ट के बाद ड्रेसिंग रूम में टीम इंडिया पर भड़के गौतम गंभीर



मेलबर्न टेस्ट मैच की हार के बाद टीम इंडिया के कोच गौतम गंभीर ड्रेसिंग रूप में जमकर टीम पर बिफरे हैं। भारत इस मैच में ड्रॉ की स्थिति में पहुंच गया था लेकिन आखिरी दिन के आखिरी सेशन में टीम की खराब बल्लेबाजी ने उन्हें हार का मुंह दिखा दिया। हार के बाद ड्रेसिंग रुम में जाकर गंभीर ने साफ शब्दों में कहा कि, अब बस बहुत हो गया। गंभीर ने आरोप लगाया कि खिलाड़ी इंटेंट दिखा रहे हैं लेकिन टीम के बारे में नहीं सोच रहे हैं। गंभीर के मुताबिक अब ऐसा नहीं होगा। अब खिलाड़ी नेचुरल गेम नहीं बल्कि उनके हिसाब से खेलेंगे। गंभीर ने इस दौरान किसी एक खिलाड़ी का नाम ही लिया लेकिन लापरवाही से विकेट खोने वालों को जमकर लताड़ लगाई है। गंभीर खास तौर से मुकाबले में गेम प्लान के हिसाब नहीं खेलने से नाराज थे। उन्होंने कहा कि नेचुरल गेम के नाम पर कई खिलाड़ी अपने हिसाब से बल्लेबाजी कर रहे थे, जबकि उन्हें परिस्थिति के अनुसार खेलना चाहिए था। गंभीर ने कहा कि अब ऐसा नहीं चलेगा। इंडियन एक्सप्रेस के मुताबिक गंभीर ने किसी का नाम नहीं लिया लेकिन ये साफ तौर पर कहा कि खिलाड़ी अपन तथाकथित नेचुरल गेम खेले लेकिन स्थिति के हिसाब से नहीं खेल रहे थे। उन्होंने टीम की प्लानिंग के हिसाब से काम नहीं किया। गंभीर ने ये भी कहा कि पिछले 6 महीने में उन्होंने टीम को ये फैसला करने दिया कि वह क्या चाहते हैं लेकिन अब खिलाड़ी वही करेंगे जो गंभीर चाहेंगे। जो भी उनके फैसले नहीं मानेगा वह थैंक्यू कहकर बाहर करने में देर नहीं करेंगे। भारत वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल की रेस में अब भी है। हालांकि, अब उनकी राह बहुत मुश्किल हो गई है। गंभीर ने इन्हीं हालात को देखते हुए अब सख्ती करने का फैसला कर लिया है। कई सूत्रों ने ये भी कहा है कि ड्रेसिंग रुम का माहौल आदर्श स्थिति से बहुत दूर है। टीम में काफी टेंशन है। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में रोहित शर्मा की फॉर्म और कप्तानी सवालों के घेरे में है।

# राजनेताओं से लेकर विदेशी क्रिकेटरों की पहली पसंद रही हैं सोनाली बेंद्रे, मना रहीं अपना 50वां जन्मदिन




हिंदी फिल्म इंडस्ट्री आज भले ही में एक से बढ़ कर एक खूबसूरती देखने को मिलती हो, लेकिन एक वह भी दौर था अभिनेताओं के सामने अभिनेत्रियों के नाम पर बॉलीवुड के पास सिर्फ कुछ ही नाम थे। नब्बे दशक के उस दौर में भी सोनाली बेंद्रे की खूबसूरती और उनके अभिनय ने दर्शकों को अपनी तरफ खूब आकर्षित किया। कैंसर जैसी भयानक बीमारी को मात दे चुकी सोनाली बेंद्रे आज अपने जीवन के आधे बरस पूरे कर चुकी हैं। एक जमाने में पाकिस्तानी क्रिकेटर शोएब अख्तर भी सोनाली के प्यार में पड़ गए थे। इस खबर ने तब के समय काफी सुर्खियां बटोरी थीं। अपने अभिनय का लोहा पूरी दुनिया में मनवा चुकीं सोनाली बेंद्रे आज लाखों लोगों की प्रेरणा भी बन चुकी हैं।

अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे का जन्म 1 जनवरी 1975 में मुंबई में हुआ था। सोनाली ने कई सुपरहिट फिल्मों में काम किया और वह 90 के दशक में वह इंडस्ट्री की टॉप अभिनेत्रियों में से एक थीं। उन्होंने 1994 में आयी 'आग' फिल्म से अपने बॉलीवुड करियर की शुरुआत की थी। बड़े पर्दे पर आते ही उन्होंने तहलका मचा दिया और लाखों लोगों का दिल जीत लिया। सोनाली बेंद्रे की शुरुआती कुछ फिल्में बॉक्स ऑफिस पर कमाल नहीं दिखा पाई, लेकिन अपनी मासूमियत से वह लोगों के दिल जीतने में कामयाब रहीं। अपनी पहली फिल्म के लिए अभिनेत्री को न्यू फेस ऑफ द ईयर का फिल्म फेयर अवॉर्ड भी मिला था मॉडलिंग की दुनिया से से बॉलीवुड में एंट्री करने वाली सोनाली के साथ 1996 में रिलीज हुई दिलजले में अपने अभिनय से लोगों को खूब प्रभावित किया था। सोनाली के किरदार की इस फिल्म में दर्शकों ने खूब सराहना की थी। इसके बाद सोनाली के जीवन में एक ऐसी फिल्म आई जिसने उन्हें खुशी भी दी और एक नई मुसीबत भी। यह फिल्म थी हम साथ-साथ हैं। इस फिल्म की शूटिंग के दौरान हुई एक घटना के कारण फिल्म के अन्य स्टार्स के साथ सोनाली भी मुसीबत में पड़ गई थीं, जिस कारण उन पर भी पर केस दर्ज हो गया था।

बेंद्रे का नाम कई दिग्गज जानेमाने लोगों के साथ जुड़ चुका है, जिसमें अभिनेता, राजनेता और क्रिकेटर भी शामिल है। जिसमें पहला नाम था सुनील शेट्टी का। ये दोनों 1997 में रिलीज हुई सुपरहिट फिल्म भाई में एक दूसरे के काफी नजदीक आए थे। हालांकि, इनके रिश्ते की खबरों ने ज्यादा सुर्खियां नहीं बटोरी और काफी सीमित रही। बताया जाता है कि दोनों के बीच नजदीकियां इतनी बढ़ गई थीं कि सोनाली ने सुनील शेट्टी को शादी के लिए प्रपोज भी कर दिया था, जिसे सुनील ने स्वीकार कर लिया था, लेकिन आखिर में दोनों की शादी नहीं हो पाई।

अभिनेता सुनील के बाद सोनाली ने राजनेता बाला साहब ठाकरे के भतीजे और मशहूर राजनेता राज ठाकरे को भी डेट किया था। ऐसा माना जाता है कि राज ठाकरे को सोनाली से मोहब्बत थी। खबरों के अनुसार राज ठाकरे सोनाली से शादी करना चाहते थे, लेकिन जब ये बात शिवसेना प्रमुख बाल ठाकरे तक पहुंची तो उन्होंने राज ठाकरे को सोनाली से शादी से साफ मना कर दिया, जिससे दोनों का रिश्ता वहीं खत्म हो गया। सोनाली को चाहने वालों की लिस्ट काफी लंबी है। सोनाली को चाहने वालों की लिस्ट में एक क्रिकेटर का भी नाम है। अपने जमाने के बेहतरीन खिलाड़ी रहे शोएब अख्तर सोनाली के प्यार में दीवाने हो गए थे। एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा था कि सोनाली ने उनका प्रपोजल स्वीकार नहीं किया तो वह उन्हें किडनैप करवा लेंगे। इन सेलेब्स के साथ नाम जुड़ने के बाद 12 नवबंर 2002 को सोनाली ने अपना हाथ जीवन भर के लिए फिल्म डायरेक्टर गोल्डी बहल के हाथों में दे दिया और उनसे शादी कर ली। बताया जाता है कि जब 1994 में सोनाली और गोल्डी की पहली मुलाकात हुई और गोल्डी उन्हें पसंद करने लगे तो उन्होंने सोनाली के सामने अपने दिल की बात रखी, लेकिन सोनाली ने इस प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया। इस इंकार के बाद भी गोल्डी ने हिम्मत नहीं हारी और सोनाली को खूब प्यार करते रहे और उनका खूब ध्यान रखते रहे। इसके बाद उन्होंने 1998 में एक पार्टी के दौरान घुटनों पर बैठकर सोनाली को शादी के लिए प्रपोज किया और सोनाली मान गई।

# कंगना रनौत ने कहा बिग बॉस 18 के कंटेस्टेंट्स ने बड़े नाटक किए...



कंगना रनौत अपनी आगामी फिल्म इमरजेंसी का प्रोमोशन कर रही हैं और हाल ही में सलमान खान के रियलिटी शो बिग बॉस 18 में दिखाई दीं। शो में, उन्होंने एक टास्क में भाग लिया और प्रतियोगियों के बारे में अपने विचार शेयर किए, उन पर अनावश्यक ड्रामा बनाने का आरोप लगाया।

बिग बॉस के घर से बाहर निकलने के बाद, कंगना ने पपराजी से बातचीत की, जिन्होंने घर में उनके अनुभव के बारे में पूछा। फोटोग्राफरों ने पूछा, इमरजेंसी टास्क हुआ कि नहीं? उनके सवालों का जवाब देते हुए, उन्होंने कहा, बड़े नाटक किए इन लोगों ने। बड़े उत्पात मचाए। एक मजाकिया नोट जोड़ते हुए, उन्होंने चुटकी ली, मैंने अंदर जाकर तानाशाही दिखाई है।

बिग बॉस के घर में अपने टास्क के दौरान, कंगना रनौत ने एक सुनहरे चेकर्ड को-ऑर्ड सेट में एक स्टाइल स्टेटमेंट बनाया। एक स्लीक पोनीटेल और कैट-आई सनग्लास के साथ अपने लुक को पूरा किया, जिससे एक्ट्रेस का पहनावे में एक ठाठ दिख रहा था।

कंगना की इमरजेंसी कई देरी का सामना करने के बाद आखिरकार 17 जनवरी को सिनेमाघरों में आने वाली है। मूल रूप से नवंबर 2023 में रिलीज होने की योजना थी, लेकिन फिल्म की रिलीज को जून 2024, फिर 6 सितंबर, 2024 तक टाल दिया गया और सर्टिफिकेशन लंबित होने के कारण इसे और आगे बढ़ा दिया गया। 17 अक्टूबर को, कंगना ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पुष्टि की कि सेंसर बोर्ड ने फिल्म को हरी झंडी दे दी है। फिल्म को सिख समुदाय से कड़ी प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ा था, जिन्होंने इसकी सामग्री के बारे में चिंता जताई थी।

इंदिरा गांधी की जीवनी पर आधारित फिल्म इमरजेंसी में कंगना रनौत ने बतौर लेखक, निर्देशक और सह-निर्माता काम किया है। यह फिल्म 1975 से 1977 तक के 21 महीने के दौर को दिखाती है, जब प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आपातकाल की घोषणा की थी, जो भारत के इतिहास का एक दर्दनाक अध्याय था।

# अब करणवीर पर लीगल एक्शन नहीं लेंगी सारा, कहा अगर उन्हें तमीज होती तो दो बार....



सलमान खान का सबसे कंट्रोवर्शियल रियलिटी शो बिग बॉस 18 को लगभग 3 महीना हो चुका है, दर्शकों को शो काफी पसंद आ रहा है। दरअसल, इस शो के 3 महीने बाद सभी कॉन्टेस्ट्स खुलकर गेम खेल रहे है। दरअसल, सिलेब्रिटी कोच अरफीन खान की पत्नी सारा अरफीन बीबी हाउस में लंबा समय बीतने के बाद घर से बेघर हो चुकी है। वैसे तो सारा मेंटल कोच की पत्नी हैं फिर भी शो में उन्हें बार-बार आपा खोते देखा गया। वह घर के अंदर करीब 3 महीने रही है। बिग बॉस 18 के घर से बेघर होते ही इंटरव्यू के दौरान उन्होंने अविनाश मिश्रा और करणवीर मेहरा के साथ झगड़े और धक्का-मुक्की पर बात रखीं।

सारा शो में बार-बार हिंसक हुई है। बिग बॉस के घर में उन्हें पागल और साइकोपैथ कहा गया है। इंडियन एक्सप्रेस के इंटरव्यू में सारा ने बताया कि, मैं कभी फिजिकल फाइट नहीं करती, मैं अग्रेसिव हो जाती हूं, यह शो ऐसा ही है कि आपा खोना नॉर्मल है। लोग ड्रामा देखना चाहते हैं, उन्हें प्यार दिखाने से कोई फायदा नहीं होगा। अगर मैं स्पाइसी प्लेवर डाल सकती हूं तो इसमें गलत क्या है? अपनी बाउंड्रीज बचाने के लिए ये मेरा गेमप्लान था। चुम दरंग और करणवीर मेहरा ने मेरे साथ फिजिकल वॉइलेंस की उसकी वजह से मेरी पीठ पर खरोंचें आई लेकिन मैंने कुछ नहीं कहा। उन लोगों ने मुझे पागल और साइकोपैथ कहा कि लेकिन किसी ने मेरे लिए स्टैंड नहीं लिया। मुझे जनता ने टारगेट किया।

सारा ने यह भी बताया कि कैसे बहस के दौरान उनके पेशे को हमेशा शो में घसीटा जाता था, उन्होंने बताया, उन्होंने हर बार माइंड-कोच कार्ड का इस्तेमाल किया, यह पहले से तय था। उन्हें इस बात से डर लगता था कि हम माइंड कोच हैं इसलिए उन्होंने हमें निशाना बनाना शुरू कर दिया। अविनाश ने हमारे पेशे को लेकर कई बार हमें नीचा दिखाया है, वह वही था जिसने एक नैरेटिव सेट किया और बाद में करणवीर ने इसका इस्तेमाल किया। लेकिन हम भी इंसान हैं, कौन कहता है कि हम भावनात्मक रूप से पिघल नहीं सकते? मैं अपना आपा खो देती, लेकिन फिर वापस आ जाती, लेकिन जब मैं अपनी सीमा तय कर रही थी तो मुझे पागल क्यों समझा गया? कम से कम मैंने अभद्र भाषा का इस्तेमाल नहीं किया, आपको लगता है, मुझे करणवीर से डर लग गया था।

# नाना पाटेकर ने ऐसे तय किया आर्मी से लेकर अभिनय तक का सफर, आज मना रहे 74वां जन्मदिन



बॉलीवुड के मंझे हुए अभिनेता नाना पाटेकर आज यानी की 01 जनवरी को अपना 74वां जन्मदिन मना रहे हैं। उनका पूरा नाम विश्ननाथ गजानन पाटेकर है। वह सिर्फ अभिनय ही नहीं बल्कि फिल्म मेकिंग और स्क्रिप्ट राइटिंग के लिए भी जाने जाते हैं। इसके साथ ही नाना पाटेकर को 3 राष्ट्रीय पुरस्कार और 4 फिल्मफेयर पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है। फिर साल 2013 में नाना पाटेकर को पद्म भूषण से भी सम्मानित किया गया था। तो आइए जानते हैं उनके जन्मदिन के मौके पर अभिनेता नाना पाटेकर के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले के गांव मुरुद-जंजीरा में 01 जनवरी 1951 को नाना पाटेकर का जन्म हुआ था। उन्होंने कठिन दौर में फिल्मी करियर की शुरूआत की थी और मजह 13 साल की उम्र से वह काम करने लगे थे। नाना ने हिंदी और मराठी फिल्मों में काम किया है और अपने अलग अंदाज से दर्शकों का दिल जीता है। एक समय वह भी था जब नाना दिन की केवल एक मील लिया करते थे और उनकी कमाई सिर्फ 35 रुपए महीना हुआ करती थी। लेकिन वर्तमान समय में नाना पाटेकर करोड़ों रुपए के मालिक हैं। अभिनेता ने अपने फिल्मी करियर की शुरूआत फिल्म गगन से की थी। इस फिल्म में नाना ने निगेटिव रोल निभाया था।

बता दें कि नाना पाटेकर को साल 1986 में पहली बार कामयाबी मिली थी। जब उनकी फिल्म अंकुश को दर्शकों का ढेर सारा प्यार मिला था। इस फिल्म में नाना के सिग्नेचर स्टाइल पर फैंस अपना दिल दे बैठे थे। उनकी फिल्मों की बात करें तो अभिनेता ने क्रांतिवीर, अग्नि साक्षी, परिंदा, तिरंगा, खामोशी और भूत जैसी फिल्मों में अपने अभिनय का लोहा मनवाया है। वहीं फिल्म अग्नि साक्षी में अभिनेता को बेस्ट सपोर्टिंग रोल के लिए नेशनल अवॉर्ड भी मिला है।

फिल्मों में नाना पाटेकर की डायलॉग डिलीवरी का तो हर कोई दीवाना है। उनकी डायलॉग डिलीवरी और गुस्सैल एक्सप्रेशन के चलने उन्होंने कई फिल्मों में पुलिस इंस्पेक्टर का रोल निभाया है। एक समय था जब नाना के बोले डायलॉग कॉपी किए जाते थे। इसी तरह से फिल्म वेलकम में नाना पाटेकर ने उदय शेट्टी का रोल निभाया था, जिसे दर्शक आज तक नहीं भूल पाए हैं। इसके अलावा फिल्म शागिर्द, टैक्सी नंबर 9211 और अब तक छप्पन में अभिनेता ने शानदार एक्टिंग की है।

साल 2016 में नाना ने एक मराठी फिल्म नटसम्राट की थी। इस फिल्म में दर्शक आज भी उनके अभिनय को याद करते हैं। विक्रम गोखले और मेधा मांजेकर स्टार्र फिल्म में अभिनेता ने रिटायर शख्स का रोल किया था। साल 1990 में नाना पाटेकर ने इंडियन टेरिटोरियल आर्मी में बतौर कैप्टन ज्वॉइन किया। वहीं फिल्म प्रहार-द फाइनल अटैक में अभिनेता ने मेजर के रोल में फिट होने के लिए 3 साल आर्मी ट्रेनिंग ली थी। इस दौरान नाना ने जनरल वीके सिंह के साथ काम किया था।

बता दें कि साल 1999 में कारगिल युद्ध के दौरान नाना पाटेकर ने अभिनय को छोड़कर मराठा लाइट इन्फेंट्री रेजिमेंट के साथ मिलकर युद्ध में योगदान दिया। हाल ही में अभिनेता नाना पाटेकर की फिल्म वनवास रिलीज हुई

## नए साल में एयर इंडिया का यात्रियों को गिफ्ट




**नई दिल्ली।** एयरलाइन की तरफ से जारी एक बयान में बताया गया कि, एयरबस ए 350, बोइंग 787-9 और चुनिंदा एयरबस ए 321 नियो फ्लाइट में सवार यात्री 10,000 फीट से ऊपर उड़ान भरते हुए ब्राउजिंग कर सकेंगे। यात्री सोशल मीडिया चेक कर सकेंगे। वहीं, इंटरनेट से जुड़ा काम कर सकेंगे। इसके अलावा अपने दोस्तों और परिजन को मैसेज कर सकेंगे। अगर आप अक्सर फ्लाइट में सफर करते है तो यह खबर आपके काम की है। साल 2025 के पहले दिन एयर इंडिया ने घरेलू रूट पर सफर करने वाले यात्रियों को तोहफा दिया है। टाटा ग्रुप की एयरलाइन एयर इंडिया ने बुधवार को एलान किया कि वह देश की पहली ऐसी एयरलाइन बन गई है जिसने डोमेस्टिक फ्लाइट में इन-फ्लाइट वाई-फाई कनेक्टिविटी को देना शुरू किया है। एयर इंडिया ऐसी पहली एयरलाइन है जिसकी तरफ से डोमेस्टिक रूट पर वाई-फाई की सुविधा शुरू की गई है। एयरलाइन की तरफ से जारी एक बयान में बताया गया कि, एयरबस ए 350, बोइंग 787-9 और चुनिंदा एयरबस ए 321 नियो फ्लाइट में सवार यात्री 10,000 फीट से ऊपर उड़ान भरते हुए ब्राउजिंग कर सकेंगे। यात्री सोशल मीडिया चेक कर सकेंगे। वहीं, इंटरनेट से जुड़ा काम कर सकेंगे। इसके अलावा अपने दोस्तों और परिजन को मैसेज कर सकेंगे। एयरलाइन की तरफ से बताया गया कि, वाई-फाई सर्विस लैपटॉप, टैबलेट और आईओएस या एंड्रॉयड ओएस वाले स्मार्टफोन पर फ्री में मिलेगी। इस तरह यात्री एक बार में कई डिवाइस पर इंटरनेट का यूज कर सकेंगे। दरअसल, यह सर्विस एयर इंडिया के इंटरनेशनल रूट न्यूयॉर्क, लंदन, पेरिस और सिंगापुर रूट पर पहले से ही दी जा रही है। लेकिन अब इसे डोमेस्टिक रूट पर पायलट प्रोजेक्ट प्रोग्राम के तहत शुरू किया गया है।

# दो युद्धपोतों और एक पनडुब्बी को कमीशन करेगी नौसेना, बढ़ेगी युद्ध क्षमता

**निर्मित**

भारतीय नौसेना 15 जनवरी को दो स्वदेशी रूप से निर्मित युद्धपोतों और एक डीजल-इलेक्ट्रिक पनडुब्बी को कमीशन करेगी।



**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से कदम आगे बढ़ा रही है। अब जनवरी के मध्य दो स्वदेशी युद्धपोतों और एक डीजल-इलेक्ट्रिक पनडुब्बी को नौसेना में कमीशन किया जाएगा। इससे नौसेना की युद्ध क्षमता में इजाफा होगा।

भारतीय नौसेना 15 जनवरी को दो स्वदेशी रूप से निर्मित युद्धपोतों और एक डीजल-इलेक्ट्रिक पनडुब्बी को कमीशन करेगी। इससे नौसेना की युद्ध क्षमता बढ़ेगी। तीनों प्लेटफॉर्म गाइडेड-मिसाइल डेस्ट्रॉयर सूरत, स्टेल्थ फ्रिगेट नीलगिरी और पनडुब्बी वाग्शीर आधुनिकतम हथियारों और सेंसर से लैस हैं, जो नौसेना के सामने आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार है। यह युद्धपोत और पनडुब्बी मुंबई के नौसैनिक डॉकयार्ड में एक समारोह के दौरान कमीशन किए जाएंगे। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया, इन दो युद्धपोतों में महिला अधिकारी और नाविकों के लिए विशेष आवास की व्यवस्था की गई है। यह भारतीय नौसेना द्वारा अग्रिम मोर्चे पर युद्ध की भूमिकाओं को समावेशी बनाने के प्रयासों का हिस्सा है।

उन्होंने कहा, यह ऐतिहासिक घटना नौसेना की ताकत को बढ़ाने के साथ-साथ की भारत की शिपबिल्डिंग क्षमता को भी दिखाएगी। दोनों युद्धपोत और पनडुब्बी मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड में बनाए गए हैं, जो भारत की रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता का प्रतीक हैं। नीलगिरी (फ्रिगेट): यह प्रोजेक्ट 17ए के तहत निर्मित सात फ्रिगेट में पहला है। इसमें स्टेल्थ तकनीक है, जिससे यह दुश्मन के रडार से छिप सकता है। सूरत (डेस्ट्रॉयर): यह प्रोजेक्ट 15बी के तहत निर्मित प्रमुख डेस्ट्रॉयर है और कोलकाता क्लास (प्रोजेक्ट 15ए) डेस्ट्रॉयर का एक उन्नत संस्करण है। इसमें डिजाइन और क्षमता में महत्वपूर्ण सुधार किए गए हैं।

वाग्शीर (पनडुब्बी): यह स्कॉर्पीन क्लास पनडुब्बियों का छठा मॉडल है, जिसे प्रोजेक्ट 75 के तहत विकसित किया गया है। यह पनडुब्बी एंटी-शिप युद्ध, एंटी-सबमरीन युद्ध, खुफिया जानकारी एकत्र करना और विशेष ऑपरेशन जैसे कई प्रकार के मिशनों को अंजाम दे सकती है।

इन युद्धपोतों में अत्याधुनिक हथियार और सेंसर लगे हैं, जो इन्हें भविष्य की युद्ध क्षमताओं में भी सक्षम बनाते हैं।

## कॉलेजियम के प्रस्ताव को सिंघवी ने सराहा, हाईकोर्ट में जजों के करीबियों की सिफारिश न करने से जुड़ा है मामला



**नई दिल्ली।** अभिषेक सिंघवी ने सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम के हाईकोर्ट में जजों के करीबी रिश्तेदारों की नियुक्ति के खिलाफ तैयार किए जा रहे प्रस्ताव की सराहना की है। उन्होंने कहा इस प्रस्ताव को जल्द लागू किया जाए। क्योंकि अब न्यायिक नियुक्तियों का कोई उद्देश्य नहीं रह गया है। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम के विचाराधीन दोनों प्रस्ताव क्रांतिकारी और अच्छे हैं।

कांग्रेस नेता और प्रसिद्ध वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम के हाईकोर्ट में जजों के करीबी रिश्तेदारों की नियुक्ति के खिलाफ तैयार किए जा रहे प्रस्ताव की सराहना की है। उन्होंने कहा इस प्रस्ताव को जल्द लागू किया जाए। क्योंकि अब न्यायिक नियुक्तियों का कोई उद्देश्य नहीं रह गया है। एक्स पर पोस्ट में कांग्रेस नेता ने लिखा कि यदि सच है, तो सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम के विचाराधीन दोनों प्रस्ताव क्रांतिकारी और अच्छे हैं। इन्हें जल्द से जल्द लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि न्यायिक नियुक्तियों की वास्तविकता मूल रूप से कल्पना की तुलना में बहुत अधिक अस्पष्ट और बहुत अधिक गैर-उद्देश्यपूर्ण है। आपसी पीठ खुजाना, चाचा जज, पारिवारिक वंश आदि दूसरों का मनोबल गिराते हैं और कोर्ट की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाते हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि कहना आसान है, करना मुश्किल। अभी तक हम हाईकोर्ट में जज के रिश्तेदारों के रूप में वकील रिश्तेदारों के अभ्यास पर प्रतिबंध लगाने में असमर्थ हैं। यह व्यवस्था सुधार के लिए वांछनीय आवेगों से अधिक मजबूत साबित हुई है।

उन्होंने कहा कि मैंने दशकों पहले लिखा था कि कॉलेजियम के न्यायाधीशों को खुद को छिपाना चाहिए और उन न्यायाधीशों की अदालतों में बैठना चाहिए जिन्हें पदोन्नति के लिए चुना गया है या पदोन्नति से पहले कार्यवाई कर के लिए वकीलों को यह मौका दिया जाए। जैसे पुराने समय के कुछ सुल्तानों ने अपने जागीर की वास्तविक समस्याओं को जानने के लिए किया था। हम सभी सीवी और वास्तविकता के बीच कागजी मूल्यांकन बनाम अदालत के प्रदर्शन के बीच के अंतराल पर चकित होंगे। अब प्रस्तावित साक्षात्कार मेरे सुझाव के अनुसार अच्छे नहीं है, लेकिन कम से कम दूसरा सबसे अच्छा है। हालांकि छिपे हुए आश्चर्य की जांच पूरी तरह से अवास्तविक नहीं है।

## करोड़ों बहनों का प्यारा भाई बनना सबसे बड़ा सम्मान

**मुंबई।** डिप्टी सीएम शिंदे ने कहा कि मुझे गर्व है कि 2.40 करोड़ लड़की बहनों ने मुझे अपना लड़का भाऊ (प्यारा भाई) माना है। यह मान्यता मेरे लिए सबसे बड़ा सम्मान है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के विकास के लिए पूरा समर्थन देने का वादा किया है। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने हाल ही में बीते महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की मुख्य कड़ी रही लाड़की बहिन योजना पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि राज्य की महिलाएं उन्हें अपना प्यारा भाई मानती हैं, जो उनके लिए सबसे बड़ा सम्मान है। डिप्टी सीएम ने बात सोमवार रात ठाणे जिले के दिवा महोत्सव में दिया। बता दें कि महाराष्ट्र में महिलाओं को वित्तीय सहायता देने के लिए शुरू की गई।

## सीआरपीएफ और आईटीबीपी सहित सभी सीएपीएफ में रिटायरमेंट से 30 दिन पहले कंधे पर लगेगा अगला रैंक



**नई दिल्ली।** पूर्व डीजी अनीश दयाल सिंह ने अपने एक वीडियो संदेश में कहा, यह पहल जवानों का मनोबल बढ़ाने के लिए है। जब वे रिटायरमेंट पर अपने घर जाएं तो उनके परिजनों, दोस्तों और रिश्तेदारों को यह खुशी हो कि उनका अपना इस रैंक से रिटायर हुआ है। रिटायरमेंट होने वाले व्यक्ति को भी यह अहसास हो कि उसके साथ न्याय हुआ है। देश के सबसे बड़े केंद्रीय अर्धसैनिक बल सीआरपीएफ के महानिदेशक अनीश दयाल सिंह 31 दिसंबर को रिटायर हो गए हैं। उन्होंने अपनी सेवानिवृत्ति के मौके पर एक अहम घोषणा कर दी है। उसे लेकर जवान और अधिकारी, कई तरह की प्रतिक्रिया दे रहे हैं। इस घोषणा में कहा गया है कि सीआरपीएफ में सिपाही से लेकर सब इंस्पेक्टर तक अपनी रिटायरमेंट से तीस दिन पहले अपने कंधे पर अगला रैंक लगा सकते हैं। यानी कोई सिपाही है तो वह हवलदार का रैंक लगा सकता है।

हवलदार, एएसआई का रैंक लगाएंगे और एसआई, इंस्पेक्टर का रैंक लगाएंगे। यह योजना सीआरपीएफ और आईटीबीपी के अलावा दूसरे केंद्रीय अर्धसैनिक बलों पर भी लागू होगी। इस योजना का मकसद, उन जवानों का हौसला बढ़ाना है, जो किन्हीं कारणों से पदोन्नति नहीं ले पाए हैं।

हालांकि इस योजना में एक शर्त भी है। तीस दिन पहले रैंक लेने वाले कार्मिक, मॉडिफाइड एश्योर्ड करियर प्रोग्रेशन (एमएसीपी) योजना के तहत आने चाहिएं। यानी उन्हें एमएसीपी मिल रहा हो, लेकिन किन्हीं वजह से उस रैंक की पदोन्नति नहीं मिल सकी। पूर्व डीजी अनीश दयाल सिंह ने अपने एक वीडियो संदेश में कहा, यह पहल जवानों का मनोबल बढ़ाने के लिए है।

# 2015 के ड्रग्स जब्ती मामले में आठ पाकिस्तानियों को 20 साल की कैद

**अदालत**

कोर्ट ने उन्हें अधिकतम 20 साल की सजा सुनाई। इसके साथ ही अदालत ने प्रत्येक दोषी पर 2 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया।



**मुंबई।** 2015 के ड्रग्स जब्ती मामले में सुनवाई कर रहे विशेष न्यायाधीश शशिकांत बांगर ने इन आठ लोगों को नशीले पदार्थों से संबंधित अपराधों के लिए दोषी ठहराया। कोर्ट ने उन्हें अधिकतम 20 साल की सजा सुनाई। इसके साथ ही अदालत ने प्रत्येक दोषी पर 2 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। मुंबई से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां बुधवार को एक विशेष अदालत ने 2015 में 200 किलोग्राम से अधिक नशीले पदार्थ जब्त करने के मामले में आठ पाकिस्तानी नागरिकों को 20 साल की सजा सुनाई। साथ ही सभी दोषी को 2-2 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। बता दें कि इन नशीले पदार्थों की कीमत करीब 7 करोड़ रुपये थी। मामले में सुनवाई के दौरान एनडीपीएस अधिनियम मामलों के विशेष न्यायाधीश शशिकांत बांगर ने इन आठ लोगों को मादक पदार्थों से संबंधित अपराधों के लिए दोषी ठहराया और उन्हें अधिकतम 20 साल की सजा सुनाई। इसके साथ ही अदालत ने प्रत्येक दोषी पर 2 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। गौरतलब है कि 2015 में भारतीय तटरक्षक बल ने गुजरात के तट से 232 किलोग्राम हेरोइन जब्त की थी, जिसकी कीमत 6.96 करोड़ रुपये थी। इस मादक पदार्थ को एक नाव से ले जाया जा रहा था, जिसमें 11 ड्रम थे, जिनमें 20 प्लास्टिक पाउच में गेहूं रंग का पाउडर था।

## ग्रामीणों ने शुरू किया जल समाधि आंदोलन, आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

**मुंबई।** बीड में सरपंच हत्या मामले में न्याय की मांग के लिए बीड के एक गांव में कई ग्रामीणों ने जल समाधि आंदोलन शुरू किया। इसके लिए ग्रामीणों ने मासजोग की एक झील में घुसकर कमर तक पानी में खड़े हो गए और फरार आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की।

महाराष्ट्र के बीड में सरपंच संतोष देशमुख हत्या मामले ने पूरे महाराष्ट्र का सियासत गर्म कर रखा है। आरोप-प्रत्यारोप के बीच बीड जिले के एक गांव में बुधवार को कई लोगों ने हत्या मामले में आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर जल समाधि आंदोलन शुरू किया। ये प्रदर्शन ऐसे समय में शुरू किया गया जब महाराष्ट्र के एनसीपी मंत्री धनंजय मुंडे के करीबी और हत्या मामले में आरोपी वाल्मीक कराड पुणे में पुलिस के सामने आत्मसमर्पण करने के बाद 14 दिन की पुलिस हिरासत में भेजे गए थे।

बता दें कि बीड जिले के केज तहसील के मासजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख को पिछले महीने अपहरण कर लिया गया था और 9 दिसंबर को कुछ लोगों द्वारा एक पवनचक्की कंपनी से पैसे मांगने के विरोध में उनकी बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। हालांकि मामले की जांच अपराध जांच विभाग (सीआईडी) कर रही है। बुधवार को कई ग्रामीण मासजोग की एक झील में घुसकर कमर तक पानी में खड़े हो गए और फरार आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। मामले में एक प्रदर्शनकारी ने कहा कि हमें संतोष देशमुख को न्याय दिलाना है। हत्या के 23 दिन बाद भी आरोपी पकड़े नहीं गए हैं।

# कीव ने मॉस्को के साथ गैस समझौते को आगे बढ़ाने से किया इनकार, गैजप्रोम ने यूक्रेन से रोकी सप्लाई



**मॉस्को।** गैजप्रोम और यूक्रेन की नाफ्टोगाज के बीच गैस आपूर्ति बंद हो गई है। इसे लेकर ऊर्जा कंपनी गैजप्रोम ने बुधवार को कहा कि उसने यूक्रेन के माध्यम से रूसी गैस की आपूर्ति रोक दी है, क्योंकि कीव ने मॉस्को के साथ गैस ट्रांजिट समझौते को बढ़ाने से मना कर दिया था। रूस की समाचार एजेंसी तास की रिपोर्ट के अनुसार, रूसी स्वामित्व वाली ऊर्जा कंपनी गैजप्रोम ने बुधवार को कहा कि उसने यूक्रेन के माध्यम से गैस की आपूर्ति रोक दी है, क्योंकि कीव ने मॉस्को के साथ गैस ट्रांजिट समझौते को बढ़ाने से मना कर दिया था। ऊर्जा कंपनी गैजप्रोम नहो एक बयान में कहा कि गैजप्रोम और यूक्रेन की नाफ्टोगाज के बीच पांच साल का समझौता 1 जनवरी को खत्म हो गया था। गैजप्रोम के बयान में कहा गया, चूंकि यूक्रेन ने बार-बार और स्पष्ट रूप से इन समझौतों को बढ़ाने से मना कर दिया, गैजप्रोम को 1 जनवरी 2025 से यूक्रेन के माध्यम से गैस आपूर्ति करने की तकनीकी और कानूनी क्षमता नहीं रही। मॉस्को समय के अनुसार सुबह 8:00 बजे से यूक्रेन के माध्यम से गैस की आपूर्ति रोक दी गई।

बता दें कि, यह समझौता हर साल यूक्रेन के माध्यम से 40 अरब क्यूबिक मीटर रूसी गैस के ट्रांजिट की सुविधा प्रदान करता था। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पहले कहा था कि गैस ट्रांजिट के लिए एक नया समझौता संभव नहीं होगा, क्योंकि नए साल से पहले समझौता करने के लिए बहुत देर हो चुकी थी। इसके जवाब में कीव ने रूसी गैस के ट्रांजिट को खत्म करने का इरादा घोषित किया। कुछ दिन पहले, गैजप्रोम ने घोषणा की थी कि वह 1 जनवरी 2025 से मोल्दोवा को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति पूरी तरह से रोक देगा, यह कहते हुए कि मोल्दोवा सरकार ने गैस की आपूर्ति के लिए बकाया राशि का भुगतान नहीं किया। रूसी ऊर्जा कंपनी ने एक बयान में कहा कि उसने मोल्दोवागाज को शनिवार को सूचित किया था कि मोल्दोवा ने वर्तमान समझौते के तहत भुगतान की अपनी जिम्मेदारियों को बार-बार पूरा नहीं किया, जो इसके शर्तों का उल्लंघन है।

गैजप्रोम ने एक बयान में कहा, इस संबंध में, समझौते और रूसी कानून के प्रावधानों के आधार पर, पीजेएससी गैजप्रोम 1 जनवरी 2025 से मोल्दोवा गणराज्य को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति को शून्य क्यूबिक मीटर प्रति दिन तक सीमित कर देगा। कंपनी ने यह भी कहा कि यह प्रतिबंध तब तक प्रभावी रहेगा जब तक गैजप्रोम मोल्दोवागाज को अन्यथा सूचित नहीं करता। गैजप्रोम ने यह स्पष्ट किया कि उसके पास कानूनी अधिकार सुरक्षित है, जिसमें समझौते को समाप्त करने और मोल्दोवागाज से हर्जाना और दंड वसूलने का विकल्प भी शामिल है।

# डोनाल्ड ट्रंप ने दी नए साल की शानदार पार्टी, एलन मस्क भी रहे मौजूद

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी पत्नी मेलानिया ट्रंप द्वारा आयोजित फ्लोरिडा के मार ए लागो बीच पर आयोजित नए साल के जश्न में शामिल हुए। इस समारोह में टेस्ला के सीईओ एलन मस्क भी मौजूद रहे। उन्होंने सोशल मीडिया पर इस कार्यक्रम की तस्वीरें साझा की। इन तस्वीरों के साथ उन्होंने कैप्शन भी लिखा। उन्होंने कैप्शन में बताया कि उन्हें 2025 के बारे में अच्छा महसूस हो रहा है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ट्रंप की टीम ने इस जश्न की तस्वीरें साझा की।

**साझा**

इस समारोह में टेस्ला के सीईओ एलन मस्क भी मौजूद रहें। उन्होंने सोशल मीडिया पर इस कार्यक्रम की तस्वीरें साझा की।



स्वर्ण युग की शुरुआत का प्रतीक है। जश्न के दौरान पत्रकारों ने ट्रंप से नए साल के संकल्पों के बारे में सवाल पूछा। इस सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा, "मैं चाहता हूं कि सभी खुश रहें, स्वस्थ रहें और ठीक रहें।" बता दें कि मौजूदा समय में ट्रंप और मस्क एक-दूसरे के समर्थन बनकर उभरे हैं। इससे पहले ट्रंप ने अमेरिका में अप्रवासियों के योगदान पर एलन मस्क के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया था।

एलन मस्क ने सोशल मीडिया पोस्ट पर कहा, "मुझे 2025 के बारे में अच्छा महसूस हो रहा है।" ट्रंप की टीम ने इस पोस्ट को दोबारा पोस्ट करते हुए कहा, "नए साल की शुभकामनाएं। 2025 अमेरिका के

टेस्ला सीईओ एलन मस्क ने राष्ट्र के लिए योगदान देने वाले लोगों के मूल्यों पर जोर दिया और उनसे देश की पहचान को संरक्षित करने की अपील की। एक पोस्ट में उन्होंने कहा, "किसी भी जाति या राष्ट्र का कोई भी व्यक्ति अगर अमेरिका में आकर इस देश में योगदान देने के लिए कड़ी मेहनत करता है तो उसके लिए हमेशा मेरे दिल में सम्मान रहेगा। मस्क ने अमेरिका को स्वतंत्र और अवसर की भूमि बताया और लोगों से देश को इसी तरह बनाए रखने की अपील की। मस्क का समर्थन करते हुए अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उनके पोस्ट को दोबारा पोस्ट किया। बता दें कि पहले ट्रंप ने एच-1बी वीजा कार्यक्रम के लिए अपनी सहमति जताई थी। उन्होंने इसे अपनी संपत्ति के लिए, बार-बार इस्तेमाल करने की बात स्वीकार करते हुए इसे महान कार्यक्रम बताया था।

## अमेरिकी रक्षा विभाग को बड़ा झटका, अदालत ने बरकरार रखा हमले के मास्टरमाइंड के साथ किया गया समझौता

**रद्द**

अदालत ने कहा कि ऑस्टिन ने आरोपियों के साथ किए गए समझौते को रद्द करके अपने अधिकारों का गलत इस्तेमाल किया।



**वॉशिंगटन।** अमेरिकी अभियोजकों ने 09/11 के मास्टरमाइंड खालिद शेख मोहम्मद के साथ एक समझौता किया था। इस समझौते के तहत अमेरिका मास्टरमाइंड खालिद शेख द्वारा आरोप स्वीकार करने के बदले मौत की सजा खत्म करने को तैयार है। बाद में रक्षा सचिव लॉयड आस्टिन ने समझौते को रद्द कर दिया था। अब अदालत ने समझौते को बरकरार रखा। अमेरिकी रक्षा विभाग को बड़ा झटका लगा है। अमेरिका की अपील अदालत ने 09/11 हमले के मास्टरमाइंड और अन्य आरोपियों के साथ किए गए समझौते को बरकरार रखा। अदालत ने रक्षा सचिव लॉयड आस्टिन को फटकार लगाई। अदालत ने कहा कि ऑस्टिन ने आरोपियों के साथ किए गए समझौते को रद्द करके अपने अधिकारों का गलत इस्तेमाल किया। अब अमेरिकी सरकार आरोपियों के साथ किए गए समझौते को लेकर आगे की कार्रवाई पर मंथन कर रही है। 11 सितंबर 2001 को अमेरिका में हुए आतंकी हमले में 3000 के करीब लोगों की मौत हुई थी और इस आतंकी हमले ने पूरी दुनिया को हिलाकर रख दिया था। अपहरणकर्ताओं ने पहले दो विमानों को न्यूयॉर्क शहर में वर्ल्ड ट्रेड सेंटर के ट्विन टावरों से टकराया और तीसरे विमान को वर्जीनिया के अर्लिंग्टन में पेंटागन से टकराया। चौथे विमान को वॉशिंगटन डीसी में एक संघीय सरकारी इमारत को टक्कर मारनी थी, लेकिन वह एक खेत में गिर गया था। इस हमले के आरोपी खालिद शेख मोहम्मद और उसके दो साथी वालिद बिन अताश और मुस्तफा अल-हौसावी को मौत की सजा सुनाई गई है। 11 सितंबर के आतंकी हमले के पांच साजिशकर्ता ग्वांतानामो बे जेल में बंद है। कुछ महीने पहले अमेरिकी अभियोजकों ने 09/11 के मास्टरमाइंड खालिद शेख मोहम्मद के साथ एक समझौता किया था। इस समझौते के तहत अमेरिका मास्टरमाइंड खालिद शेख द्वारा आरोप स्वीकार करने के बदले मौत की सजा खत्म करने को तैयार है।

## कराची में एमडब्ल्यूएम का विरोध प्रदर्शन हुआ हिंसक, पुलिस पर हमला



**कराची।** पाकिस्तान के पाराचिनार के लोगों के समर्थन के लिए एमडब्ल्यूएम पार्टी का विरोध प्रदर्शन हिंसक हो गया। इस दौरान पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर नियंत्रण पाने के लिए गोलीबारी की, जिससे प्रदर्शनकारी और हिंसक हो गए हैं और पत्थरबाजी करने लगे। पाकिस्तान से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां कराची में मजलिस वहदत-ए-मुसलमीन (एमडब्ल्यूएम) पार्टी का विरोध प्रदर्शन मंगलवार को हिंसक हो गया। पुलिस ने नुमाइश चौरंगी पर प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए गोलीबारी की, जिसके बाद प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पत्थर फेंके। इस हिंसा में पुलिस के कई अधिकारी घायल हो गए, जिनमें एसएसपी केमरी फैजान अली और एसएसपी के कमांडो शामिल थे। पुलिस ने कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया। सिंध के मुख्यमंत्री मुराद अली शाह ने इस हिंसा की निंदा की। उन्होंने कहा कि किसी को भी सार्वजनिक या निजी संपत्ति को नुकसान नहीं पहुंचाने दिया जाएगा। अली ने कहा कि हर किसी को विरोध करने का अधिकार है, लेकिन सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाना गलत है। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि विरोध प्रदर्शन के लिए उचित स्थान दिए गए हैं और उम्मीद है कि उनका सही तरीके से उपयोग किया जाएगा।

## भारत आएगा मुंबई हमले का मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा, अमेरिकी अदालत ने दी प्रत्यर्पण को मंजूरी

**वॉशिंगटन।** भारत ने अमेरिका से तहव्वुर राणा का प्रत्यर्पण मांगा था। राणा ने अमेरिकी कोर्ट में याचिका दायर करके प्रत्यर्पण को रोकने की मांग की थी, मगर कोर्ट से उसे राहत नहीं मिली। इसके बाद राणा के भारत प्रत्यर्पण का रास्ता साफ हो गया है। भारत ने उसे यहां लाने की प्रक्रिया तेज कर दी है। राणा मुंबई में 2008 में हुए आतंकी हमले का मास्टरमाइंड है।



मुंबई में 2008 में हुए आतंकी हमले का मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा भारत लाया जाएगा। अमेरिका की अदालत ने उसके भारत प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी है। अब भारत ने उसे यहां लाने की प्रक्रिया तेज कर दी है।

भारत ने अमेरिका से तहव्वुर राणा का प्रत्यर्पण मांगा था। राणा ने निचली अदालतों में याचिका दायर करके प्रत्यर्पण को रोकने की मांग की थी, मगर कोर्ट से उसे राहत नहीं मिली। इन अदालतों के फैसले राणा का भारत प्रत्यर्पण करने के पक्ष में थे। इसके बाद 13 नवंबर को राणा ने अमेरिकी कोर्ट में एक याचिका दायर की थी, जिसमें उसने वही दलील दी, जो उसने पहले निचली अदालतों में दी थी कि 2008 के मुंबई आतंकी हमले के आरोपों में उसे शिकागो की एक संघीय अदालत ने मुकदमे से बरी किया है। राणा की याचिका को बाइडन प्रशासन ने सुप्रीम कोर्ट से खारिज करने की मांग की थी।

अमेरिकी सॉलिसिटर जनरल प्रीलोगर आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा की याचिका को असहमत थे। उन्होंने कहा था कि सरकार नहीं मानती कि जिस आचरण पर भारत प्रत्यर्पण चाहता है वह अमेरिकी सरकार के अभियोजन के दायरे में था। भारत का जालसाजी के आरोप संयुक्त राज्य अमेरिका से अलग है। आरोपी ने इमिग्रेशन लॉ सेंटर का शाखा कार्यालय खोलने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक को सौंपे गए आवेदन में गलत जानकारी दी है। अब अमेरिकी कोर्ट ने राणा की याचिका खारिज कर दी है। इसके बाद राणा के भारत प्रत्यर्पण का रास्ता साफ हो गया है। भारत ने उसे यहां लाने की प्रक्रिया तेज कर दी है।

साल 2008 में पाकिस्तान से नाव में आए लश्कर-ए-तैयबा के 10 आतंकियों ने करीब 60 घंटे तक मुंबई को बंधक बनाए रखा था। आतंकियों ने इस दौरान 160 से ज्यादा लोगों की जान ले ली थी। जवाबी कार्रवाई में सुरक्षा बलों ने नौ आतंकियों को मौके पर ढेर कर दिया था, जबकि एक आतंकी अजमल कसाब जिंदा पकड़ा गया था। जिसे बाद में फांसी दे दी गई थी।

# मेहनत करता है जो उसे उसका परिणाम अवश्य मिलता है: डीएम

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र के द्वारा तहसील केराकत के गांव बिसुही बराही में पहुंचकर गोरखपुर से सांसद रविकिशन शुक्ला के पिताजी स्व0 प0 श्याम नारायण शुक्ला के पांचवी पुण्यतिथि पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि आज स्व0 प0 श्याम नारायण शुक्ला की पुण्यतिथि में आने का अवसर प्राप्त हुआ है, सर्वप्रथम उस पुण्य आत्मा को नमन करता हूं। मुझे प्रसन्नता है कि इतनी कठिन चुनौतियों और व्यस्तता के बावजूद भी सांसद रविकिशन शुक्ल अपने गांव से जुड़े हुए है।

आज कोई भी व्यक्ति इस भारतीय लोकतन्त्र में केवल शिक्षा और कठिन परिश्रम के माध्यम से अपले सपनों का साकार कर सकता है। जिलाधिकारी ने कहा कि कोई भी कार्य कठिन नही है, जो मेहनत करता है उसे उसका परिणाम अवश्य मिलता है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में कोई भी ऐसा अवरोध उत्पन्न नही हो सकता है जो उसके प्रगति में बाधा बन सके। इसके पश्चात जिलाधिकारी के द्वारा धंन्वतरि, लालता, विभूति को आयुष्मान कार्ड, मुर्तजा, लौटु, माता प्रसाद को खतौनी और बखेडु, जोगेन्द्र, अंबावती, बैजनाथ को घरौनी वितरित किया। इसके साथ ही जिलाधिकारी के द्वारा आयुष, रूही का अन्नप्रासन और मनीषा, सुनीता की गोदभरायी की गयी। इस दौरान जिलाधिकारी के द्वारा वृद्वजन तथा गरीब जन में कम्बल वितरण किया गया तथा विभिन्न विभागों के द्वारा कैम्प लगागार शासन के द्वारा संचालित योजनाओं का पंजीकरण और फार्मर रजिस्ट्री का कार्य, पेंशन, खतौनी और घरौनी वितरण किया गया। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री की प्रेरणा से शासन द्वारा संचालित योजनाओं से सभी पात्र व्यक्तियों को चिन्हित करते हुए लाभान्वित किया जायेगा। इसके साथ ही जिलाधिकारी द्वारा सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में दर्शन पूजन भी किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट इशिता किशोर, जिला विकास अधिकारी मीनाक्षी देवी, उप जिलाधिकारी केराकत सुनील कुमार सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण तथा स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## कलेक्ट्रट सभागार में फैमिली आईडी के प्रगति के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक संपन्न

**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र के द्वारा कलेक्ट्रट सभागार में फैमिली आई0डी0 के प्रगति के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में फैमिली आई0डी0 बनाने के कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिया कि अपेक्षित सुधार लायी जाए अन्यथा कार्यवाही की जाएगी। फैमिली आई0डी0 कार्यक्रम हेतु जनपद स्तर से नामित नोडल अधिकारी जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी को निर्देशित किया है कि उक्त योजनाओं का पर्यवेक्षण करते हुए निकाय स्तर के नामित अधिकारी से समन्वय स्थापित कर शासन द्वारा माह तक आवंटित लक्ष्य के अनुरूप प्रगति प्राप्त कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि इस निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्य विकास अधिकारी और उनकी टीम द्वारा यह संकल्प लिया गया था कि नव वर्ष में निराश्रित गौशालाओं में पशुआहार दिया जाएगा जिसके क्रम में आज गौशालाओं में बीडीओ के माध्यम से पशु आहार का पैकेट दिया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम, जिला विकास अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारीगण सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सेंट्रल हॉस्पिटल में साल के पहले दिन 900 मरीजों का उपचार

- मरीजों को मिलने लगीं अत्याधुनिक सुविधाएं, रोज 800 से 900 मरीजों का हो रहा इलाज



अवधनामा संवाददाता

**महाकुम्भनगर।** नया साल शुरू होते ही महाकुम्भ के महाआयोजन को लेकर लोगों का उत्साह चरम पर पहुंचने लगा है। योगी सरकार की चाक चौबंद व्यवस्था का परिणाम ये है कि अभी से देश विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का महाकुम्भनगर में आगमन रफ्तार पकड़ने लगा है। साल के पहले दिन महाकुम्भ नगर के सेंट्रल हॉस्पिटल में भी 900 लोगों ने पहुंचकर स्वास्थ्य लाभ लिया। देश के किसी भी बड़े हॉस्पिटल की तर्ज पर हाईटेक टेक्नोलॉजी का यहां लोगों की देखभाल में इस्तेमाल किया जा रहा है। साल के पहले दिन से ही ईसीजी की भी सुविधा शुरू हो गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ चाहते हैं कि महाकुम्भ का आयोजन ऐसा हो, जो पहले के किसी भी कुम्भ से ज्यादा दिव्य और भव्य हो। दुनिया में यूपी की बेहतरीन छवि बने, इसके लिए मुख्यमंत्री ने चुन चुनकर अफसरों की यहां तैनाती की है। महाकुम्भ में पहुंचकर विभिन्न प्रदेशों से आए श्रद्धालु स्वास्थ्य लाभ लेने भी लगे हैं। आस्था के इस महाकुम्भ में चिकित्सकों का भी उत्साह देखते बन रहा है। कई बार डॉक्टरों को खुद आगे बढ़कर मरीजों का सहयोग करते देखा जा सकता है। महाकुम्भ मेला के नोडल चिकित्सा स्थापना डॉक्टर गौरव दुबे ने बताया कि महाकुम्भनगर में यहां सेंट्रल हॉस्पिटल में साल के पहले दिन 900 मरीजों की ओपीडी हुई। यहां देश के विभिन्न राज्यों से पहुंच रहे 800 से 900 लोग प्रतिदिन स्वास्थ्य लाभ लेने आ रहे हैं। इनकी देखभाल के लिए स्पेशलिस्ट डॉक्टरों ने व्यवस्था संभाल ली है। सीएम योगी के निर्देश पर यहां मरीजों को अत्याधुनिक सुविधाएं मिलने लगी हैं। ईसीजी की भी सुविधा शुरू हो चुकी है। साथ ही केंद्रीय पैथोलॉजी में 100 से ज्यादा लोगों का प्रतिदिन टेस्ट शुरू हो गया है। यहां मेले में श्रद्धालुओं को 50 से अधिक तरह का फ्री टेस्ट कराने की सुविधा प्रदान की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### एडीओ पंचायत ने एक दर्जन से अधिक गांव में वितरण कंबल



**जौनपुर।** खुटहन ब्लाक के एडीओ पंचायत रामअवध ने गांव मुबारकपुर में एक दर्जन से अधिक गावों गरीब असहाय बुजुर्ग लोगों को कम्बल वितरित किये बुजुर्गो का आशीर्वाद भी लिया उन्होंने कहा रुके हुये वृद्धा,विधवा,विकलांग पेंशन और शौचालय उन गरीब परिवारों को मुहैया कराया जाएगा। वहीं कपसिया गांव निवासी समाजसेवी प्रदीप कुमार यादव (एडवोकेट ) के सौजन्य से चार सौ जरूरतमंदो में कंबलों का वितरत किया बीडीसी ने कहा कि देश को खुशहाल और गरीबों के चेहरे पर मुस्कान तभी आ सकती है जब समाज के सभी सक्षम लोग जमीन पर उतर उनकी हर संभव मदद करें। मंच से घोषणाएं और आदर्श वाक्य बोलने से गरीबों का भला होने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि सबसे सार्थक दान वही है,जो पाने वालों के चेहरे पर खुशी ला सके। इस कड़ाके की ठंड में गर्म वस्त्र जरूरतमंदो को निहायत आवश्यक है। इससे उन्हें सहूलियत मिलेगी। इस मौके पर लालचंद यादव (एडवोकेट) हवलदार रामदास, हिमांशु, सुभाष,राम इकबाल, सत्यम यादव सूबेदार यादव स्वामीनाथ यादव प्रमोद यादव विकास यादव विपुल यादव राम मूरत यादव राजेश आदि लोग मौजूद रहे।

### एमटेक इ.इ. पाठ्यक्रम का रिजल्ट हुआ जारी

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के परिसर पाठ्यक्रमों की सत्र 2024-25 ,विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं के प्रथम परीक्षा परिणाम (एम. टेक इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग तृतीय सेमेस्टर) की घोषणा आज की गई।उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 16 दिसंबर 2024 को प्रारंभ हुआ था परीक्षा परिणाम का ऐलान आज 1 जनवरी 2025 को किया गया। परीक्षा नियंत्रक डॉ विनोद कुमार सिंह ने बताया कि इस सत्र के पहले परिणाम को पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ तैयार किया गया है। हम विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हैं और साथ ही आगे के प्रयासों के लिए प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद कुमार सिंह, केंद्राध्यक्ष मूल्यांकन डॉ अमरेन्द्र कुमार सिंह, सह-केंद्राध्यक्ष मूल्यांकन डॉ. प्रवीण कुमार सिंह, डॉ. धर्मेन्द्र सिंह, इंजी. अशोक कुमार यादव, इंजी. सत्यम कुमार उपाध्याय, उपस्थित रहे।

### श्री सहायक क्लब ने उद्धाटन मुकाबला जीता



**प्रयागराज।** श्री सहायक क्लब ने पीए यूनिटी क्लब को 22 रन से हराकर विंटर त्रिकोणीय क्रिकेट सीरीज में पूरे अंक प्राप्त किये। डॉ. केएन काटजू कॉलेज मैदान पर मंगलवार से शुरू हुई प्रतियोगिता में श्री सहायक क्लब ने 26.2 ओवर में 134 रन (विराट पांडेय 62, अंशुमान शर्मा 22, नादिर सफीर खान 3/08, अभिजीत चौधरी 2/05, अर्पित 2/21) बनाये। जवाब में पीए यूनिटी क्लब की टीम 27 ओवर में 112 रन (अजमीर आलम 37, नादिर सफीर खान 27, जय प्रकाश 3/12, काव्यांशु 3/22, सूर्याश 2/24) पर सिमट गई। सीरीज का उद्घाटन मुख्य अतिथि एनआईएस क्रिकेट कोच परवेज आलम ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके किया। प्रणय गुप्ता ने मुख्य अतिथि का स्वागत, हृदय नारायण पांडेय (मुन्ना) ने धन्यवाद ज्ञापित एवं मोहम्मद जेब फारान ने कार्यक्रम का संचालन किया। गुरुवार को श्री सहायक क्लब का मुकाबला डीएसए क्लब से होगा।

### श्री सहायक लाल अंडर-12 क्रिकेट 21 से

**प्रयागराज।** श्री सहायक लाल अंडर-12 क्रिकेट प्रतियोगिता 21 जून से डॉ. केएन काटजू इंटर कॉलेज मैदान पर शुरू होगी। लीग कम नॉकआउट आधार पर खेली जाने वाली इस प्रतियोगिता में प्रवेश की इच्छुक टीमें प्रणय गुप्ता (6392518689) अथवा हृदय नारायण पाण्डेय (9580070303) से संपर्क कर सकती हैं।

### कात्यायनी यूपी की अंडर-19 टीम में



**प्रयागराज।** आशीष नेहरा क्रिकेट अकादमी की प्रशिक्षु कात्यायनी पाठक का चयन उत्तर प्रदेश की अंडर-19 वूमेंस वनडे टीम में किया गया है। उत्तर प्रदेश की टीम चार जनवरी से नागपुर में हरियाणा के खिलाफ अपना पहला मुकाबला खेलेगी। विनायक नगर नैनी निवासी जय कृष्ण पाठक एवं किरन पाठक की पुत्री कात्यायनी दाहिने हाथ की बल्लेबाज है। कात्यायनी के चयन पर अकादमी की कोच स्वाति सिंह, यशवर्धन उचहारिया, शिवराम पटेल, मोहसिन अली ने हर्ष जताते हुए शुभकामनाएं दी हैं।

### कूट रचित दस्तावेज तैयार कराकर 30 लाख रुपयें की धोखाधड़ी करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**आजमगढ़।** थाना कोतवाली पूर्व की घटना,इतिहास आवेदक राहुल कुमार गुप्ता एक्सिस बैंक ब्रांच मैनेजर पुत्र स्व0 त्रिलोकीनाथ गुप्ता निवासी रैदोपुर थाना कोतवाली आजमगढ़ द्वारा दिये गये। प्रार्थना पत्र कि एक खाता संख्या 91301003 खाता धारक सलाहुद्दीन आजमी पुत्र स्व0 इजहारूल हक निवासी ककरहटा थाना कोतवाली आजमगढ़ जो एक एनआरआई थे तथा वर्ष 2017 से इंग्लैंड गये तथा 2022 मे मृत्यु हो गयी तथा भारत वापस नही आये। उसके बावजूद भी उनके खाते से लेन देन होता रहा , उनका मो0न0 व ईमेल बदल कर चेकबुक व एटीएम प्राप्त कर फर्जी हस्ताक्षर व कूट रचित दस्तावेज तैयार कराकर 30 लाख रूपये का फ्राड किया गया। प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना कोतवाली पर मु0अ0सं0 659द्23 धारा 419,420,467,468,471 भादवि बनाम अज्ञात दिनांक 19.11.23 को पंजीकृत किया गया।

## सदर अस्पताल में बनाए गए रैंन बसेरों का मंडलायुक्त व जिलाधिकारी किया निरीक्षण



**आजमगढ़।** मंडलायुक्त मनीष चौहान एवं जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल द्वारा ठंड व शीतलहर को देखते हुए रोडवेज बस स्टैंड आजमगढ़, करतालपुर के पास मुसहर बस्ती एवं सदर अस्पताल में बनाए गए रैन बसेरा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त एवं जिलाधिकारी द्वारा जरूरतमंदों को कंबल का वितरण किया गया एवं वहां की व्यवस्थाओं तथा समस्याओ के बारे में जानकारी प्राप्त कर कमियों को दूर करने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान सभी स्थानों पर अलाव जलते पाए गए। इसी के साथ ही निर्देश दिया गया कि जिन स्थानों पर अलाव नहीं जल रहें हैं। वहां पर तत्काल अलाव जलाया जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व आजाद भगत सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सुनील कुमार धनवंता, सीओ सिटी गौरव शर्मा, तहसीलदार सदर एवं अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

## काली पट्टी बांधकर आठ घंटे की बजाय नौ घंटे कार्य करते हुए निजीकरण का विरोध

**आजमगढ़।** विद्युत संविदा कर्मचारी महासंघ उप्र के आवाहन पर उपभोक्ता संपर्क दिवस के तहत विद्युत संविदा मजदूर संगठन उप्र0, विद्युत संविदा कर्मचारी संघ उप्र0, केस्को संविदा कर्मचारी संगठन, निविदा संविदा सेवा समिति तथा दैनिक वेतन विद्युत कर्मचारी संघ के द्वारा पूर्वांचल एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के द्वारा निजीकरण के विरोध में बुधवार को सभी कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर आठ घंटे की बजाय नौ घंटे कार्य करते हुए निजीकरण का विरोध किया है।

## हनुमानगंज ए एस की जीत में अनुभव व सानू का बहुमुखी खेल



**प्रयागराज।** हनुमानगंज ए एस क्रिकेट क्लब ने मोती लाल सर्व समाज कल्याण अंडर - 14 क्रिकेट प्रतियोगिता में भवम क्रिकेट क्लब को सात विकेट से हराकर पूर्ण अंक अर्जित किए हैं। विजेता टीम के अनुभव गुप्ता (38 रन, 53 गेंद, दो चौके एवं 6-0-35-4) व सानू यादव के नाबाद (67 रन, 71 गेंद, दस चौके) बहुमुखी खेल से अपनी टीम को जीत दिलाई हैं। बुधवार को भानु प्रताप मैदान पर भवम क्रिकेट क्लब टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए तीस ओवर में नौ विकेट पर 132 रन ( अनुराग 25, आदर्श सिंह 21, इस्माइल 20, ऋषभ श्रीवास्तव 17 रन, अनुभव गुप्ता 4/35, सानू यादव 2/23, प्रेरक पाल 1/09) पर बनाए। जवाब में हनुमानगंज ए एस क्रिकेट क्लब की टीम ने 24.1 ओवर में तीन विकेट पर 133 रन (सानू यादव 67 नाबाद, अनुभव गुप्ता 38 अविजित, दिव्यांश 15 रन, यश पाल 1/20, शिवम यादव 1/29) पर बना लिए। प्रतियोगिता में गुरुवार को विप्लव सपोर्टिंग क्लब व राइजिंग स्टार फाउंडेशन क्रिकेट क्लब के बीच प्रातः नौ बजे से खेला जाएगा।

# आपदा प्रबंधन के लिए योगी सरकार का मास्टर प्लान

- किसी भी तरह की आपदा में मंडल, जनपद और मेला क्षेत्र में अधिकारी करेंगे त्वरित कार्यवाही
- महाकुम्भ के आयोजन को कुशल और सुरक्षित बनाने के लिए सरकार ने स्पष्ट की जिम्मेदारियां

अवधनामा संवाददाता

**महाकुम्भ नगर।** मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के रूप में विख्यात महाकुम्भ 2025 को आपदा मुक्त संपन्न करने के लिए योगी सरकार ने पूरी ताकत झोंक दी है। किसी भी तरह की अप्रिय घटना को रोकने और उससे निपटने के लिए पूरी तरह प्रशिक्षित और सक्षम फोर्स को तैनात कर दिया गया है। इसी क्रम में अब क्विक रिस्पॉन्स के साथ ही जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए इंसिडेंट रिस्पॉन्स सिस्टम का गठन किया गया है। इसके तहत, मंडल, जनपद और मेला स्तर पर जिम्मेदारियां निर्धारित की गई हैं। मेला क्षेत्र के अंतर्गत किसी भी आपात स्थिति या आपदा के घटित होने पर रिस्पांसिबिल टीम तत्काल क्रियाशील हो जाएगी। योगी सरकार के राजस्व विभाग द्वारा आईआरएस का गठन किया गया है। इसमें प्रयागराज मंडल के तहत मण्डलायुक्त, प्रयागराज एवं अध्यक्ष, प्रयागराज मेला प्राधिकरण को रिस्पॉन्सिबल अधिकारी बनाया गया है। वहीं, पुलिस आयुक्त, प्रयागराज को सुरक्षा अधिकारी की जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह, जनपद स्तर पर जिला मजिस्ट्रेट, प्रयागराज एवं अध्यक्ष, डीडीएमए, प्रयागराज को इंसिडेंट कमाण्डर, अपर जिलाधिकारी को डिप्टी इंसिडेंट कमाण्डर और डीसीपी नगर, प्रयागराज को सुरक्षा अधिकारी नियुक्त किया गया है।

मेला क्षेत्र के लिए मेला अधिकारी को इंसिडेंट कमाण्डर मेला क्षेत्र नियुक्त किया गया है। सहायक मेला अधिकारी को उप इंसिडेंट कमाण्डर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, कुंभ मेला को सुरक्षा अधिकारी, एसडीएम सेक्टर को इसिडेंट कमाण्डर मेला सेक्टर और एडिशनल एसपी/डिप्टी एसपी, सेक्टर को सुरक्षा अधिकारी मेला सेक्टर निर्धारित किया गया है। इन सभी का मुख्य कार्य आपदा की स्थिति में तुरंत क्रियाशील होना होगा।

### जारी हुई अधिसूचना

**प्रयागराज।** प्रमुख सचिव पी गुरुप्रसाद की ओर से इसकी अधिसूचना जारी कर दी गई है। जारी अधिसूचना के अनुसार, महाकुम्भ 2025, प्रयागराज केह सुचारू संचालन के लिए मेले के आयोजन के दौरान किसी भी आपदा पर त्वरित, कुशल एवं प्रभावी गति से कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने के लिए संगठनातमक संरचना के अनुसार प्रत्येक हितधारक/उत्तरदाता की भूमिकाओं और जिम्मेदारियों को स्पष्ट किए जाने के उद्देश्य से इंसिडेंट रिस्पॉन्स सिस्टम को महाकुम्भ मेला जनपद क्षेत्र के लिए गठित किया गया है। मेला क्षेत्र के अन्तर्गत किसी आपात स्थिति/आपदा के घटित होने पर यह रिस्पांसिबिल टीम क्रियाशील रहेगी।

# सफलता प्राप्त करने का कोई शार्टकट नहीं: डा0 उमाकान्तानन्द जी महाराज

अवधनामा संवाददाता



- हाईकोर्ट एक्टस् की पुस्तक हैण्डबुक आफ सिविल एण्ड क्रीमीनल एक्ट्स एलांग विथ इलाहाबाद हाईकोर्ट रूल्स पुस्तक का विमोचन कार्यक्रम सम्पन्न

**प्रयागराज।** जीवन जीने की कला एवं सफलता प्राप्त करने का कोई शार्टकट नही होता है। जीवन में संघर्ष नाम का कोई शब्द नही है। जीवन में प्रयास करना और अपने लक्ष्य की ओर आगे बढना ही अजेय को भेद सकता है। उक्त बाते हाईकोर्ट के गेट न0 6 के सामने नववर्ष के उपलक्ष्य में पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में जूना अखाड़े के महामण्डलेश्वर डा0 स्वामी उमाकान्तानन्द जी महाराज ने कही। उक्त अवसर पर उन्होने हैण्डबुक आफ सिविल एण्ड क्रीमीनल एक्ट्स एलांग विथ इलाहाबाद हाईकोर्ट रूल्स पुस्तक का विमोचन किया। इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के आगामी होने वाले चुनाव के पूर्व नववर्ष की प्रातः बेला पर पुस्तक विमोचन के आयोजन कर्ता एवं महासचिव पद के प्रत्याशी धमेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि यह पुस्तक यंग लायर्स के लिए पथ प्रदर्शक का काम करेगी। इस अवसर कार्यक्रम की शुरूआत अपर महाधिवक्ता अशोक मेहता ने कहा कि हाईकोर्ट की गरिमा एवं अखण्डता के सापेक्ष यह पुस्तक ज्ञान का भण्डार लिये हुए है। उन्होने पुस्तक विमोचन अवसर पर कहा कि एक ही पुस्तक में नये कानून के लागू हो जाने पर सिविल एवं क्रिमिनल दोनो के एक्ट्स देखने को मिलते है। कार्यक्रम के समापन अवसर में डा0 उमाकान्तानन्द जी महाराज में धमेन्द्र प्रताप सिंह को आगामी होने वाले हाइकोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव में महासचिव पद के रूप में विजय होने का आर्शीवाद व आर्शीवचन दिया। इस अवसर पर हजारो की संख्या में उपस्थित सभी अधिवक्ताओं को पुस्तक की प्रति प्रदान किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता आर0सी0 त्रिपाठी, वरिष्ठ अधिवक्ता ओपी सिंह, पूर्व अध्यक्ष कैट बार एसोसिएशन अनिल सिंह, महिला वरिष्ठ अधिवक्ता कमला सिंह, उष्मा मिश्रा, रामसुमेर सिंह, शिवगोपाल सिंह, संजीव कुमार साहू, विनय कुमार गुप्ता, जय चन्द्र सिंह आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

## साधु संतों ने जलाया आतंकी पन्नू का पोस्टर

**प्रयागराज।** खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह उर्फ पन्नू की धमकी के बाद महाकुंभ में आए संतों में जबरदस्त उबाल है। महाकुंभ मेले के सेक्टर-16 में अयोध्या छावनी के जगतगुरु परमहंस दास जी महाराज के नेतृत्व में संतों ने आतंकी पन्नू का पोस्टर जलाया। उसके खिलाफ संतों ने जोरदार नारेबाजी की। स्वामी परमहंस दास बोले कि अगर आतंकी पन्नू महाकुंभ में दिखा तो उसे जिंदा जमीन में दबा देंगे। खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की धमकी के बाद सुरक्षा और कड़ी कर दी गई है। पिछले सप्ताह सुरक्षा का जिम्मा खुद एडीजी लॉ एंड ऑर्डर अमिताभ यश ने ले लिया था। बातचीत के दौरान उन्होंने बताया था कि हर तरह की स्थिति में सभी सुरक्षा एजेंसियां तैयार हैं।बता दें कि सोमवार को यूपी के पीलीभीत जिले में तीन खालिस्तानी आतंकवादियों वीरेंद्र सिंह, गुरविंदर सिंह और जसनप्रीत सिंह के एनकाउंटर के बाद पन्नू ने अमेरिका से वीडियो जारी कर कहा कि वह इस घटना का बदला महाकुंभ में लेगा। उसने इस आयोजन को 'हिंदुओं का आखिरी महाकुंभ' बनाने और तीन शाही स्नानों मकर संक्रांति, मौनी अमावस्या और बसंत पंचमी को निशाना बनाने की धमकी दी थी।

# नव वर्ष पर चलाया हर दुकान दस्तक अभियान




अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** नगर निगम प्रयागराज द्वारा स्वच्छ महाकुंभ स्वच्छ प्रयागराज के दृष्टिगत प्रतिदिन शहर भर में हर दुकान दस्तक अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत शहर के सभी इलाकों में मार्गो पर हर दुकान के सामने दो प्रकार के कूड़ेदान रखवाए जा रहे हैं। इसके साथ ही नगर निगम की आईईसी टीम श्रृष्टि वेस्ट मैनेजमेंट के आईईसी प्रमुख कृष्ण कुमार मौर्य ने बताया दुकान के सामने साफ-सफाई रखने और सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध के बारे में आमजन को जागरूक कर रही है। इसी क्रम में नए साल पर बुधवार को हर दुकान दस्तक अभियान दारागंज घाट से संगम नोज तक चलाया गया।

1000 से ज्यादा दुकानों पर जाकर लोगों को स्वच्छता का महत्व बताते हुए महाकुम्भ 2025 को स्वच्छ, भव्य और दिव्य बनाने में सहयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान शहर की प्रतिष्ठित संस्थान नुक्कड़ नाट्य अभिनय संस्थान द्वारा नुक्कड़ नाटक का मंचन कर स्वच्छ सुंदर पवित्र और प्लास्टिक मुक्त महाकुंभ बनाने का संकल्प लिया गया साथ ही रैली निकाल कर स्वच्छता का सन्देश दिया। टीम ने 3 किलोमीटर पैदल यात्रा करते हुए गंगा बचाओ, हर दुकान पर डस्टबिन लगाओ और युवाओं साथ आओ के नारे भी लगाए। जागरूकता कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण के लिए पदयात्रा कर रहे आशुतोष पांडेय, दिव्यांशु, अयोध्या से आए आचार्य अभिषेक, सौरभ, राकेश, अमित, हिमांशु जयपुर से आए नितीश और मेरठ से आए सावन कनौजिया समेत 100 अन्य लोग भी शामिल हुए।

## शहीद कारगिल फाईटर की जयंती पर कवि सम्मेलन का आयोजन

**आजमगढ़।** शहीद की जयंती पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कारगिल विजयी शहीद सुनील कुमार पाठक की 51वीं जयंती उनके निज आवास लीलापुर में मनाई गई। इस अवसर पर कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि बेंच ऑफ मजिस्ट्रेट न्यायधीश बाल कल्याण समिति व कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ कवि डॉ प्रमोद वाचस्पति राष्ट्रीय अध्यक्ष ईजा, मिर्जापुर से कवियत्री पूनम श्रीवास्तव, वरिष्ठ साहित्यकार श्रमिक नेता प्रभुनारायण पाण्डेय प्रेमी, परिजनों व कार्यक्रम में पहुंचे अन्य लोगों द्वारा शहीद सुनील पाठक और भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम के दौरान शहीद सुनील को यादकर सभी की आंखे नम हो गई। कार्यक्रम में पहुंचे कवियों व अतिथियों ने भी अपनी कविता और गीत गजल के माध्यम से शहीदों को नमन देते हुए कार्यक्रम में समा बांध दिया था।

# गलत ब्लड चढ़ाये जाने के बाद हुई मृत्यु का मामला पकड़ता जा रहा तूल

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** एक निजी हास्पिटल द्वारा मरीज को गलत ब्लड चढ़ाये जाने के बाद हुई मृत्यु का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। इसी प्रकरण को लेकर प्रयास संस्था का एक प्रतिनिधिमंडल केंद्रीय अध्यक्ष रणजीत सिंह की अगुवाई में जिलाधिकारी को संबोधित पत्रक जिला प्रशासन को सौंपा। मांग किया कि स्वयं डीएम की निगरानी में एक जांच टीम गठित हो और दोषी पाए जाने वाले पर सख्त कार्यवाही की जाए। पत्रक सौंपते हुए केंद्रीय उपाध्यक्ष शमशाद अहमद ने कहा कि आजमगढ़ नगर के सिधारी में स्थित एक निजी हास्पिटल द्वारा एक मरीज को गलत ब्लड चढ़ाने का मामला अत्यंत ही दुर्भाग्यपूर्ण हैं। कोई भी मरीज अपने उत्तम स्वास्थ्य के लिए पूर्ण विश्वास के साथ किसी भी हास्पिटल या चिकित्सक से चिकित्सकीय परामर्श लेता है लेकिन मरीज को गलत रक्त चढ़ाया जाना घोर चिकित्सकीय लापरवाही के साथ-साथ जानलेवा कृत्य है। उक्त मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी को दंडित किया जाना आवश्यक हैं ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सकें। प्रयास सचिव इंजी सुनी यादव ने कहाकि न्याय मिलने तक संगठन मृतक परिजनों के साथ खड़ा है, उनके द्वारा सिधारी थाने पर दिए गये तहरीर के आधार पर निष्पक्ष कार्यवाही किए जाने की मांग करता है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहाकि पूर्व में भी सीएमओ द्वारा कई जांचो को दबाकर दोषी को बचाए जाने का प्रयास किया गया है ऐसे में डीएम अपने निगरानी में टीम गठित करके पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराए ताकि मृतक परिजनों को न्याय मिल सकें। इस अवसर पर शिवप्रसाद पाठक, राजीव शर्मा, अंगद शाहनी, ओमनरायन श्रीवास्तव, इंजी अमित, शम्भूदयाल सोनकर आदि मौजूद रहे।

## कार्यालय ग्राम पंचायत नैनहा बर्तली विकास खंड अमेठी जनपद- अमेठी

पत्रांक-: /01 पंचायत/ टेंडर/ कार्य 2024 25 दिनांक 01/01/ 2025

**निविदा आमंत्रण**

एसएलडब्ल्यूएम योजनान्तर्गत एवं राज्य वित्त एवं केन्द्रीय वित्त के अन्तर्गत कराएं जाने वाले निम्नलिखित कार्यो पर सामग्री हेतु पंजीकृत फार्मो पर टिन नंबर धारकों/भट्ठा मालिकों से दिनांक 01.01. 2025 से दिनांक 7.1.2025 तक दोपहर 2:00 बजे तक निविदाएं/कोटेशन आमंत्रित की जाती है। निविदाओं को दिनांक 7.1.2025 शाम 3:00 बजे फॉर्म एवं उनके नामित प्रतिनिधियों के समक्ष कार्यालय में गठित समिति सदस्यों के समक्ष खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|
| 1 | सामुदायिक एवं संस्थागत खाद गड्ढा कंपोष्टपिट | 02 नग | 10400.00 लाख |
| 2 | कचरा वाहन ई रिक्शा | 02 नग | 250000.00 लाख |
| 3 | एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र | 01 नग | |
| 4 | सोकपिट। | 07 नग | 959000.000 |
| 5 | सिटट केचर। | 04 नग | 14000.00 |
| 6 | अष्ट स्वच्छता कार्य। | | 5000.00 रुपये |

**नियम शर्ते निम्नवत हैं-**

1- एक अथवा समस्त निविदाओं /कोटेशन बिना कारण बताएं निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।
2- मात्रा आवश्यकतानुसार हटाए बढ़ाया जा सकता है।
3- समस्त सामग्री की आपूर्ति कार्यस्थल पर की जाएगी।

कुंवर बहादुर सिंह
ग्राम प्रधान

सचिव
श्री चंदन

# नए साल पर एनपीसीआई ने इन पेमेंट ऐप कंपनियों को दी बड़ी राहत, वॉल्यूम कैप लागू करने की समयसीमा दो साल बढ़ाई


**नई दिल्ली।** फोनपे और गूगल पे जैसी बड़ी कंपनियों को राहत देते हुए एनपीसीआई ने थर्ड पार्टी यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) ऐप पर 30 प्रतिशत वॉल्यूम कैप लागू करने की समयसीमा को दो साल बढ़ाकर 31 दिसंबर, 2026 तक कर दिया है। यह तीसरी बार है जब एनपीसीआई ने समयसीमा बढ़ाई है।

नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने थर्ड पार्टी एप फोनपे और गूगल पे के लिए यूपीआई में बाजार हिस्सेदारी कम करने की समयसीमा दो साल के लिए बढ़ा दी है। यह दूसरा मौका है जब एनपीसीआई ने समयसीमा बढ़ाई है। ये दोनों एप ने नई कंपनियों के आने के बाद भी बाजार हिस्सेदारी क्रमशः 48 प्रतिशत और 37 प्रतिशत तक बढ़ाई है।

**फोनपे और गूगल पे की बाजार हिस्सेदारी में तेजी जारी**

नवंबर, 2020 में एनपीसीआई ने कहा था कि 31 दिसंबर, 2024 तक किसी भी थर्ड पार्टी एप प्रोवाइडर के पास कुल यूपीआई लेनदेन वॉल्यूम का 30 प्रतिशत से अधिक बाजार हिस्सा नहीं होना चाहिए। हालांकि फोनपे और गूगल पे की बाजार हिस्सेदारी में लगातार तेजी जारी है क्योंकि पेटीएम को पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर आरबीआई की कार्रवाई के कारण चुनौतियों का सामना करना पड़ा था।

> **समयसीमा**
>
> नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने थर्ड पार्टी एप फोनपे और गूगल पे के लिए यूपीआई में बाजार हिस्सेदारी कम करने की समयसीमा दो साल के लिए बढ़ा दी




**बैंक भी बना रहे हैं अपनी यूपीआई ऐप रणनीति**


पिछले महीने 22.3 लाख करोड़ रुपये के 1,613 करोड़ यूपीआई लेनदेन हुए। पेटीएम फिर से बाजार हिस्सेदारी हासिल कर रहा है। इसके साथ ही नावी, क्रेड, भीम, व्हाट्सएप पे और अन्य नए एप मजबूती से बढ़ रहे हैं। बैंक भी अपनी यूपीआई ऐप रणनीति बना रहे हैं। ऐसे में आने वाले समय में गूगल और फोन पे की अपने आप ही बाजार हिस्सेदारी घट सकती है।

**व्हाट्सएप पे पर थी उपयोगकर्ताओं की सीमा**

वहीं एक दिन पहले व्हाट्सएप को बड़ी राहत देते हुए एनपीसीआई ने तत्काल प्रभाव से थर्ड-पार्टी ऐप प्रदाता व्हाट्सएप पे के लिए यूपीआई उपयोगकर्ताओं को शामिल करने की सीमा हटा दी है। इसके साथ, व्हाट्सएप पे अब भारत में अपने पूरे उपयोगकर्ता आधार को यूपीआई सेवाएं प्रदान कर सकता है।

इससे पहले, एनपीसीआई ने व्हाट्सएप पे को चरणबद्ध तरीके से अपने यूपीआई उपयोगकर्ता आधार का विस्तार करने की अनुमति दी थी। बता दें कि व्हाट्सएप पे को 100 मिलियन उपयोगकर्ताओं की सीमा थी जिसे एनपीसीआई ने हटा दिया है। एनपीसीआई, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और भारतीय बैंक संघ (आईबीए) की एक पहल है, जो भारत में खुदरा भुगतान और निपटान प्रणालियों के संचालन के लिए एक छत्र संगठन है।

# नए साल पर किसानों को मोदी सरकार का तोहफा, डीएपी पर सब्सिडी बढ़ाने का एलान



**नई दिल्ली।** नए साल के पहले दिन मोदी सरकार ने किसानों को बड़ा तोहफा दिया है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट के फैसलों की जानकारी दते हुए डीएपी पर सब्सिडी बढ़ाने का एलान किया है। इसके लिए 3,850 करोड़ रुपये तक के एकमुश्त विशेष पैकेज को कैबिनेट ने अपनी मंजूरी दी है। नए साल के पहले दिन मोदी सरकार ने किसानों को बड़ा तोहफा दिया है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट के फैसलों की जानकारी दते हुए डीएपी पर सब्सिडी बढ़ाने का एलान किया है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि डीएपी उर्वरक के लिए 3,850 करोड़ रुपये तक के एकमुश्त विशेष पैकेज को कैबिनेट की मंजूरी दे दी है। इससे 50 किलोग्राम का डीएपी का बैग 1,350 रुपये में ही मिलता रहेगा। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि नए साल का पहला फैसला करोड़ों किसान भाई-बहनों को समर्पित है।

पिछले साल केंद्र सरकार ने एक अप्रैल से 31 दिसंबर, 2024 तक के लिए 3,500 रुपये प्रति टन के हिसाब से डाइ-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) पर 2,625 करोड़ रुपये का एकबारगी विशेष पैकेज देने की घोषणा की थी। यह पैकेज गैर-यूरिया पोषक तत्वों पर सरकार की तरफ से तय पोषक तत्व-आधारित सब्सिडी (एनबीएस) के अतिरिक्त था।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस विशेष पैकेज को एक जनवरी, 2025 से अगले आदेश तक की अवधि के लिए बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इसमें डीएपी पर 3,500 रुपये प्रति टन की दर से सब्सिडी देने का प्रावधान है। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, किसानों को सस्ती कीमतों पर डीएपी की लगातार उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए यह निर्णय लिया गया है।

डीएपी पर विशेष पैकेज पोषक तत्व-आधारित सब्सिडी के अलावा दिया जाएगा ताकि किसानों को सस्ते दाम पर डीएपी उर्वरक उपलब्ध कराई जा सके।

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा कि किसानों को 1,350 रुपये प्रति बोरी की दर से डीएपी उर्वरक मिलती रहेगी और इस पर पड़ने वाला अतिरिक्त बोझ केंद्र सरकार वहन करेगी।

# नए साल पर सोने-चांदी के बढ़े दाम; 440 रु. महंगा हुआ सोना, चांदी ने 800 रुपये की लगाई छलांग

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने का भाव 440 रुपये बढ़कर 79,390 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। वहीं चांदी ने भी 800 रुपये की छलांग के साथ 90,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। आइए जानें सर्राफा बाजार का हाल, विस्तार से। नए साल 2025 की शुरुआत के साथ ही सोने और चांदी के दामों में इजाफा भी हुआ है। जानकारी के मुताबिक, स्टॉकिस्टों की ताजा खरीदारी के कारण बुधवार को सोने की कीमत 440 रुपये बढ़कर 79,390 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई, जिससे नए साल की शुरुआत मजबूती के साथ हुई।

**31 दिसंबर को 78,950 रुपये/10 ग्राम था सोने का दाम**

मंगलवार को सोने की कीमत 78,950 रुपये प्रति 10 ग्राम पर थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 440 रुपये बढ़कर 78,840 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोने की कीमत 78,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।



**सोने के दामों में बढ़ोतरी की क्या है वजह?**

एचडीएफसी सिक्योरिटीज में कमोडिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, क्रिसमस की छुट्टियों के कारण इस सप्ताह अब तक सोने की कीमतें नरम दायरे में कारोबार कर रही हैं और बाजार प्रतिभागी बाजार की अगली दिशा में कदम बढ़ाने के लिए और अधिक बुनियादी संकेतों की तलाश कर रहे हैं।

**नए साल पर चांदी भी 800 रुपये चमकी**

वहीं बुधवार को चांदी की कीमत भी 800 रुपये बढ़कर 90,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। पिछले सत्र में यह सफेद धातु 89,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एमसीएक्स पर वायदा कारोबार में, फरवरी डिलीवरी के लिए सोने के अनुबंध बुधवार को 76,893 रुपये प्रति 10 ग्राम पर स्थिर बंद हुए।

**बुधवार को शाम के सत्र के लिए बंद रहा कारोबार**

कमोडिटी एक्सचेंज पर वायदा कारोबार में मार्च डिलीवरी के लिए चांदी के अनुबंध 28 रुपये या 0.03 प्रतिशत की गिरावट के साथ 87,550 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुए। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) ने पहले आधे हिस्से में कारोबार किया। हालांकि, नए साल के दिन के कारण बुधवार को शाम के सत्र के लिए कारोबार बंद रहेगा। इसपर सौमिल गांधी ने कहा कि नए साल की छुट्टी के कारण सभी विदेशी बाजार भी बंद रहे।

# जीएसटी संग्रह दिसंबर में 7.3 प्रतिशत बढ़कर 1.77 लाख करोड़ रुपये पर, सरकारी आंकड़े जारी

**नई दिल्ली।** कुल सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व दिसंबर में 7.3 प्रतिशत बढ़कर 1.77 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि एक साल पहले इसी महीने में यह 1.65 लाख करोड़ रुपये था। आइए इस बारे में विस्तार से जानें।

केंद्रीय जीएसटी संग्रह 32,836 करोड़ रुपये, राज्य जीएसटी 40,499 करोड़ रुपये, एकीकृत आईजीएसटी 47,783 करोड़ रुपये और उपकर 11,471 करोड़ रुपये रहा। बुधवार को सरकार की ओर से इससे जुड़े आंकड़े जारी किए गए।

कुल सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व दिसंबर में 7.3 प्रतिशत बढ़कर 1.77 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि एक साल पहले इसी महीने में यह 1.65 लाख करोड़ रुपये था।

समीक्षाधीन महीने के दौरान घरेलू लेनदेन से जीएसटी राजस्व 8.4 प्रतिशत बढ़कर 1.32 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि आयात पर कर से राजस्व लगभग 4 प्रतिशत बढ़कर 44,268 करोड़ रुपये हो गया।

नवंबर में जीएसटी संग्रह 8.5 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि के साथ 1.82 लाख करोड़ रुपये रहा। अब तक का सर्वाधिक संग्रह अप्रैल 2024 में 2.10 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा।

इस महीने के दौरान 22,490 करोड़ रुपये के रिफंड जारी किए गए, जो पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 31 प्रतिशत अधिक है। रिफंड समायोजित करने के बाद, शुद्ध जीएसटी संग्रह 3.3 प्रतिशत बढ़कर 1.54 लाख करोड़ रुपये हो गया।

# भारत रक्षा के अलावा बहुत कुछ करने की स्थिति में, नए साल के संदेश में बोले आनंद महिंद्रा



**नई दिल्ली।** नए साल पर समूह के कर्मचारियों को भेजे गए संदेश में आनंद महिंद्रा ने कहा कि भारत के अंतरराष्ट्रीय संबंध अधिकाधिक लेन-देन वाले बन सकते हैं, यह राष्ट्रीय हित और राष्ट्रीय ताकत के दम पर संचालित होंगे। महिंद्रा समूह के मुखिया ने आगे क्या कहा, आइए जानें।

भारत वैश्विक गठबंधनों में बदलाव के अवसर का लाभ उठाकर अपनी आर्थिक क्षमता को बढ़ा सकता है और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला प्रणाली में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रह सकती है। महिंद्रा समूह के अध्यक्ष आनंद महिंद्रा ने अपने नए साल के संदेश में यह बात कही है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत सिर्फ अपनी रक्षा करने के अलावा और भी बहुत कुछ करने की स्थिति में है। नए साल पर समूह के कर्मचारियों को भेजे गए संदेश में महिंद्रा ने कहा कि भारत के अंतरराष्ट्रीय संबंध अधिकाधिक लेन-देन वाले बन सकते हैं, यह राष्ट्रीय हित और राष्ट्रीय ताकत के दम पर संचालित होंगे। महिंद्रा ने लिखा, ''वैश्विक स्तर पर पिछले कुछ वर्ष झटकों, बदलावों और अनिश्चितताओं से भरे रहे हैं। बीता वर्ष भी इसका अपवाद नहीं है। हम एक परिवर्तनशील विश्व देख रहे हैं, जहां परस्पर निर्भरता और समतल विश्व अतीत की बातें हो सकती हैं।''

महिंद्रा ने कहा, ''भारत अपनी रक्षा करने के अलावा और भी बहुत कुछ करने की स्थिति में है...यह सैन्य शक्ति का प्रदर्शन कर सकता है। यह राजनीतिक स्थिरता का दावा कर सकता है, जो इसके मजबूत लोकतंत्र पर आधारित है जो आम चुनाव में पूरी तरह से प्रदर्शित हुआ। आम चुनाव में एक अरब से अधिक लोगों के देश ने निर्बाध, शांतिपूर्ण व प्रभावी ढंग से मतदान किया।''

# 2024 में कंपनियों ने आईपीओ के जरिए 1.67 लाख करोड़ जुटाए, एनएसई का मार्केट कैप 438.9 लाख करोड़ हुआ

**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार ने 2024 में पर्याप्त वृद्धि देखी। लिस्टिंग, बाजार पूंजीकरण, निवेशक भागीदारी और फंड जुटाने में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की वृद्धि पिछले वर्ष की तुलना में बेहतर है। एनएसई की वार्षिक रिपोर्ट के आंकड़ों से पता चलता है कि 31 दिसंबर, 2024 तक कुल 2,671 कंपनियां स्टॉक एक्सचेंज पर सूचीबद्ध थी, 2023 में यह आंकड़ा 2,527 का था। इन सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2023 के अंत में 361.05 लाख करोड़ रुपये (4.34 ट्रिलियन डॉलर) था जो 2024 में 21.5 प्रतिशत बढ़कर 438.9 लाख करोड़ रुपये (5.13 ट्रिलियन डॉलर) हो गया।




2024 में आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के जरिए 1.67 लाख करोड़ रुपये जुटाए गए। इस दौरान 90 कंपनियां मुख्य खंड में सूचीबद्ध हुईं। सबसे बड़ा आईपीओ हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड का था, जिसने रिकॉर्ड 27,859 करोड़ रुपये जुटाए। लघु व मध्यम उद्यम (एसएमई) खंड में भी उल्लेखनीय गतिविधि देखी गई। जिसमें 178 कंपनियों ने आईपीओ के माध्यम से 7,348 करोड़ रुपये जुटाए। 2024 में प्राथमिक इक्विटी बाजारों के माध्यम से जुटाई गई कुल राशि, जिसमें आईपीओ, एफपीओ और राइट्स इश्यू शामिल हैं, लगभग 3.98 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गई।

एनएसई निफ्टी50 ने 2024 में 8.8 प्रतिशत की वृद्धि हासिल की और 31 दिसंबर, 2024 तक 23,645 स्तर पर पहुंच गई। 2023 के अंत में यह 21,731 के स्तर पर थी। दिलचस्प बात यह है कि निफ्टी नेक्स्ट50 में 27.4 प्रतिशत की सबसे अधिक वृद्धि दिखी और यह साल के आखिरी दिन 67,988 पर बंद हुई। निफ्टी मिडकैप50 और निफ्टी स्मॉलकैप50 जैसे अन्य सूचकांकों में भी क्रमशः 21.5 प्रतिशत और 25.3 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई।

एनएसई के वार्षिक आंकड़ों से पता चलता है कि कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2024 में जीडीपी अनुपात की तुलना में बढ़कर 145 प्रतिशत हो गया। 2023 में यह 117% था। यह आंकड़ा घरेलू इक्विटी बाजारों के मजबूत प्रदर्शन का सबूत है। निवेशकों की संख्या में पिछले वर्ष की तुलना में 27.2% की वृद्धि देखी गई। 26 दिसंबर, 2024 तक निवेशकों की संख्या 10.9 करोड़ पर पहुंच गई। निफ्टी सूचकांकों पर निर्भर फंड्स के प्रबंधन के तहत परिसंपत्तियों (एयूएम) में भी उल्लेखनीय वृद्धि देखी दिखी। दिसंबर 2023 के 5.9 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर नवंबर 2024 तक यह आंकड़ा 7.6 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। वैश्विक स्तर पर भी एनएसई ने अपनी स्थिति को मजबूत रखा है। बाजार पूंजीकरण के मामले में एनएसई वैश्विक स्तर पर चौथे स्थान पर और इक्विटी डेरिवेटिव्स में पहले स्थान पर रहा। एक्सचेंज ने इक्विटी डेरिवेटिव अनुबंधों में अपनी वैश्विक हिस्सेदारी भी 2024 में 82 प्रतिशत तक बढ़ा ली, यह 2023 में 74 प्रतिशत थी। एनएसई पर 2024 में म्यूनिसिपल बॉन्ड और सामाजिक प्रभाव क्षेत्रों में भी प्रगति दिखी। म्यूनिसिपल बॉन्ड बाजार ने छह निर्गमों से 1,058.9 करोड़ रुपये जुटाए, जिनमें राजकोट नगर निगम और अहमदाबाद नगर निगम के उल्लेखनीय बॉन्ड शामिल हैं।

# अब भी हैं जनता के पास 6,691 करोड़ रुपये के 2000 के नोट, ऐसे कर सकते हैं बैंक में जमा

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने 2000 रुपये के नोटों को लेकर अहम जानकारी साझा की है। आरबीआई ने बुधवार को बताया कि 2000 रुपये के 98.12 प्रतिशत नोट अबतक बैंकिंग प्रणाली में वापस आ चुके हैं, जबकि 6,691 करोड़ रुपये मूल्य के ऐसे नोट अब भी लोगों ने वापस नहीं किए हैं।



आरबीआई ने 19 मई 2023 को 2000 रुपये मूल्य के बैंक नोटों को चलन से वापस लेने का एलान किया था। उसके बाद से ही इन नोटों को वापस लेने की प्रक्रिया चल रही है। आरबीआई ने बयान में कहा कि चलन में मौजूद 2000 रुपये के बैंक नोटों का कुल मूल्य 31 दिसंबर, 2024 को कारोबार की समाप्ति पर 6,691 करोड़ रुपये रह गया। यह मूल्य 19 मई, 2023 को आरबीआई के फैसले के दिन 3.56 लाख करोड़ रुपये था।

**अभी भी जमा कर सकते हैं 2000 के नोट**

आरबीआई ने बताया कि, अभी तक 19 मई, 2023 तक चलन में मौजूद 2000 रुपये के कुल 98.12 प्रतिशत नोट वापस आ चुके हैं। सरकार की ओर से इन नोटों को जमा करने या बदलने की सुविधा सात अक्टूबर 2023 तक सभी बैंक शाखाओं में उपलब्ध थी। हालांकि अब भी रिजर्व बैंक के 19 निर्गम कार्यालयों में यह सुविधा उपलब्ध है। लोग इन कार्यालयों में जाकर 2000 के नोट जमा कर सकते हैं।

**अभी भी वैध मुद्रा है 2000 रुपये के नोट**

इसके अलावा आम लोग देश के किसी भी डाकघर से डाक के जरिये 2000 रुपये के नोट आरबीआई के किसी भी निर्गम कार्यालय को अपने बैंक खातों में जमा करने के लिए भेज सकते हैं।

चलन से वापस लिए जाने के बावजूद 2000 रुपये के नोट वैध मुद्रा बने हुए हैं। आरबीआई ने नवंबर 2016 में तत्कालीन प्रचलित 1,000 रुपये और 500 रुपये के बैंक नोटों को चलन से हटाए जाने के बाद 2000 रुपये के नोट जारी किए थे।

# फाउंडेशन ट्रस्ट के द्वारा वितरण किए गए 151 कंबल







**काकोरी।** लखनऊ में सामाजिक संस्था यूनिक इंडियन फाउंडेशन ट्रस्ट ने गरीब झोपड़ पट्टियों में रहने वाले 151 से ज्यादा बुजुर्गों को कम्बल वितरण देकर नव वर्ष का शुभारम्भ किया।लगातार 10 वर्षों से संस्था प्रत्येक नव वर्ष पर गरीबों की सेवा और ठंड से बचाने के लिए कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन करती है।इसी कड़ी में नववर्ष 2025 में स्कूटर इंडिया, केशरी खेड़ा और अन्य जगह पर झोपड़ पट्टियों में रहकर अपना जीवन यापन करने वाले लोगों को संस्था की तरफ से चलाई जा रही मुहिम अब न लगेगी ठंड के माध्यम से 151 से ज्यादा लोगों को कम्बल वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हर शरण लाल गुप्ता, ने संस्था के साथ मिलकर कम्बल वितरण किया।संस्था ने कई जगह के बूढ़े बुजुर्ग और माताओं को एक एक करके 151 लोगों को कम्बल देकर नव वर्ष की शुभकामनाएं दी संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि हमारी संस्था पिछले 10 वर्षों से लगातार प्रत्येक नववर्ष पर दिसंबर और जनवरी की भयंकर ठंड से बचाने के लिए कम्बल वितरण करती है ।हमारी मुहिम अब न लगेगी ठंड के माध्यम से सैकड़ों लोगों को कम्बल देकर ठंड से बचाने का प्रयास करती है और इससे अच्छी शुरुआत नव वर्ष पर कुछ और नहीं हो सकती है।

इसी कड़ी में दिल्ली से आए संस्था के प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक यादव ने बताया कि हमारी संस्था द्वारा 1 जनवरी से पूरे एक सप्ताह तक अभियान चलाया जाएगा जिस माध्यम से सड़कों पर रहने वाले, रिक्शा चलाने वाले गरीब लोगों को ठंड से बचाने के लिए कम्बल वितरित करेगी ताकि हमारी मुहिम अब न लगेगी ठंड को सार्थक कर सके।

# 11,676 यूनिट्स की होलसेल बिक्री के साथ निसान के लिए बीता सबसे अच्छा दिसंबर, नई निसान मैग्नाइट के लिए मिलीं 10 हजार से ज्यादा बुकिंग

**गुरुग्राम।** निसान मोटर इंडिया ने नए साल की शुरुआत पर बड़ी उपलब्धि पाने का एलान किया है। कंपनी ने बताया है कि नई निसान मैग्नाइट के लिए बुकिंग का आंकड़ा 10 हजार यूनिट से ऊपर पहुंच गया है। साथ ही, जनवरी से दिसंबर 2024 के बीच कंपनी ने कुल 91,184 यूनिट्स की बिक्री की। इस उपलब्धि के साथ कंपनी ने एक और रिकॉर्ड बनाया है। दिसंबर, 2024 में कंपनी ने होलसेल में कुल 11,676 यूनिट्स की बिक्री की। प्रदर्शन की दृष्टि से कंपनी के लिए यह सर्वश्रेष्ठ दिसंबर रहा। इन आंकड़ों से घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय बाजारों में निसान कारों की जबर्दस्त मांग का पता चलता है।

दिसंबर में निर्यात होलसेल का आंकड़ा 9,558 यूनिट्स और घरेलू बिक्री का आंकड़ा 2,118 यूनिट्स का रहा। निर्यात का आंकड़ा दिसंबर, 2023 के 5,561 यूनिट्स की तुलना में 72 प्रतिशत बढ़ा है। वहीं नवंबर, 2024 के 6,698 यूनिट्स की तुलना में यह 43 प्रतिशत ज्यादा है।

चालू वित्त वर्ष के शुरुआती नौ महीनों में कंपनी का निर्यात पिछले वित्त वर्ष की समीक्षाधीन तिमाही की तुलना में 63 प्रतिशत बढ़ा है। कंपनी का यह जबर्दस्त प्रदर्शन निसान की कारों के प्रति लोगों के बढ़ते भरोसे और उत्साह का प्रमाण है।

निसान मोटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री सौरभ वत्स ने कहा, 'वर्ष 2024 भारत में निसान के लिए बड़े बदलावों का वर्ष रहा है। इस साल हमने व्यापक बदलाव देखे और 4ह्लद्धजनरेशन निसान एक्स-ट्रेल और नई निसान मैग्नाइट जैसे नए मॉडल्स पेश किए। दिसंबर में कंपनी का ऐतिहासिक प्रदर्शन घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय बाजारों में हमारी कारों के प्रति ग्राहकों के भरोसे का भी प्रतीक है। नासिक और गोरखपुर जैसे शहरों में हाल में नेटवर्क विस्तार की दिशा में उठाए गए हमारे कदम और इस वित्त वर्ष के अंत तक टचपॉइंट्स की संख्या को 300 तक पहुंचाने का हमारा लक्ष्य देशभर में ग्राहकों तक पहुंच एवं उनके अनुभव को बेहतर बनाने की दिशा में हमारे फोकस को दिखाता है।'

उन्होंने आगे कहा, 'हम भारत में अपने डीलर्स, पार्टनर्स और हितधारकों को लेकर प्रतिबद्ध हैं और भारत में अपने टर्नअराउंड प्लान के अनुरूप आगे बढ़ने पर फोकस कर रहे हैं। हम नए साल में अपने ग्राहकों को और भी बेहतर मूल्य देने की दिशा में अपनी गति को बढ़ाने को लेकर आशान्वित हैं।'

भारत में अपनी विकास रणनीति के तहत निसान मोटर इंडिया (एनएमआईपीएल) ने हाल ही में चेन्नई में अलायंस जेवी प्लांट में अपने पहले अत्याधुनिक नेशनल ट्रेनिंग सेंटर निसान एकेडमी की शुरुआत की है। इस एकेडमी का उद्देश्य देशभर में निसान की डीलरशिप एवं सर्विस स्टाफ नेटवर्क के कौशल एवं उनकी क्षमताओं को निखारना है। इसमें ग्राहकों को अनूठा अनुभव देने के ब्रांड के फोकस पर जोर दिया जाएगा।

'वन कार, वन वर्ल्ड' की बढ़ती मांग के बीच भारत में निर्मित नई निसान मैग्नाइट ने अंतरराष्ट्रीय बाजारों में निसान के विस्तार को गति दी है। इसका निर्यात 45 से ज्यादा नए बाजारों में हो रहा है, जिससे कंपनी का निर्यात कुल 65 से अधिक देशों में पहुंच गया है। इनमें जल्द ही जुड़ने जा रहे लेफ्ट-हैंड ड्राइव (एलएचडी) बाजार भी शामिल हैं।

अपनी 'वन कार, वन वर्ल्ड' की फिलॉसफी पर आगे बढ़ते हुए निसान मोटर इंडिया ने हाल ही में लॉन्च की गई एसयूवी नई निसान मैग्नाइट का निर्यात दक्षिण अफ्रीका में शुरू किया है। बीते साल अक्टूबर में नई निसान मैग्नाइट की लॉन्चिंग के समय की गई अपनी घोषणा के ही अनुरूप कंपनी ने अंतरराष्ट्रीय बाजारों के लिए चेन्नई स्थित अपने अलायंस जेवी प्लांट से नए मॉडल को रोलआउट करना शुरू किया है। दक्षिण अफ्रीका पहला देश बना है, जहां नई निसान मैग्नाइट निर्यात की गई ह

भारत में हुई अंतरराष्ट्रीय लॉन्चिंग के बाद महीनेभर के भीतर चेन्नई बंदरगाह से 2,700 से ज्यादा नई मैग्नाइट एसयूवी का निर्यात किया गया है। नई निसान मैग्नाइट निसान के 'मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड' विजन का प्रमाण है। दिसंबर, 2020 में अपनी लॉन्चिंग के बाद से अब तक 1,50,000 से ज्यादा यूनिट्स की कुल बिक्री के साथ मैग्नाइट ने भारतीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजारों पर गहरा प्रभाव डाला है।

# बुद्ध स्थलीय से नववर्ष का आगाज तो पनियहवा में पिकनिक स्पॉट का लोगों ने उठाया लुत्फ

## नए वर्ष पर कुशीनगर में लगा मेला, दिनभर रही चहल-पहल बौद्ध मंदिर, रामा भार स्तूप, मुख्य मंदिर सहित अन्य दर्शनीय स्थलों पर लोगो ने किया भ्रमण



नए वर्ष पर भगवान बुद्ध का दर्शन करते लोग



पनियहवा में पिकनिक स्पॉट का लुत्फ उठाते



मेले का आनंद लेते पूर्व विधायक व अन्य



सुरक्षा के मद्देनजर गश्त करती दिखी पुलिस

शकील अहमद

**कुशीनगर (अवधनामा ब्यूरो)।** नववर्ष के जश्न में बुधवार को सभी लोग सराबोर नजर आए। मंगलवार की मध्य रात्रि से ही आतिशबाजी और गीत-संगीत का जो कार्यक्रम शुरू हुआ, वह बुधवार को भी जारी रहा। सुबह कुशीनगर के बौद्ध मंदिर, रामा भार स्तूप, मुख्य मंदिर सहित अन्य दर्शनीय स्थलों पर भ्रमण के अलावा लोगों ने मदनपुर देवी मंदिर में पूजा-अर्चना से नववर्ष की शुरुआत की। रामकोला का विश्वदर्शन मंदिर और पनियहवा पुल भी पिकनिक स्पॉट के रूप नजर आया। वहां काफी संख्या में लोगों ने मेले का लुत्फ उठाया।

### मेले को सम्पन्न कराने के लिए चौकस रही पुलिस

प्रशासन की ओर से मेले को सकुशल संपन्न कराने के लिए पूरा इंतजाम किया गया था। इसके तहत मुख्य प्रवेश द्वार पर ही जांच के लिए पुलिस तैनात रही। डॉग स्क्वॉड की टीम भी मेला परिक्षेत्र का भ्रमण कर संदिग्ध वस्तुओं की जांच करते हुए देखी गई। बिड़ला धर्मशाला से प्रशासनिक अफसरों की ओर से कंट्रोल रूम बनाया गया था। वहां एसडीएम, तहसीलदार ईओ नगरपालिका परिषद, एसओ आदि मेले की व्यवस्था की मॉनिटरिंग कर रहे थे।

हर वर्ष की भांति भगवान बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली कुशीनगर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच नववर्ष मेला संपन्न हो गया। सुबह से देर शाम तक लोगों की चहल-पहल रही। गोरखपुर मंडल सहित बिहार से भी आए लोगों ने कुशीनगर के बर्मी स्तूप, मुख्य मंदिर, माथा कुंवर मंदिर और रामा भार स्तूप तक पैदल चलकर महात्मा बुद्ध के दर्शन-पूजन किए। मेला सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन काफी सतर्क दिखा। मुख्य गेट से रामा भार स्तूप तक जगह-जगह पुलिस फोर्स तैनात रही। सुबह से ही मुख्य मंदिर में भगवान बुद्ध के दर्शन के लिए लोगों की भीड़ लग गई थी, जो देर शाम तक रही। लोगों ने बर्मी स्तूप, माथा कुंवर मंदिर और रामा भार स्तूप पर कतारबद्ध होकर दर्शन किए। इस दौरान प्रवेश वाले स्थलों पर लोगों की जांच भी की जा रही थी। मेले में आगंतुकों के लिए महात्मा बुद्ध की लेटी हुई प्रतिमा आकर्षण की केंद्र रही।

### रेत पर बने पिकनिक स्पॉट और नौका विहार का खूब लिया आनंद

नए वर्ष के स्वागत के लिए पिकनिक मनाने आए लोगों के लिए पनियहवा पुल के पूरब साइड दो धाराओं के बीच बने पिकनिक स्पॉट का दृश्य मनमोहक था। पहली बार इस तरह का तैयार रेत पर बने पिकनिक स्पॉट को देखने और आनद लेने के लिए लोग उत्सुक थे। सुबह से ही लोग नौका विहार कर गंडक नदी में दूर दूर जाकर भ्रमण कर खुशी जाहिर की। वही गंडक नदी में स्नान के बाद सैलानी धूप सेकने के लिए लगी कुर्सियों पर लेट कर धूप का आंनद लिए। सैलानियों ने रेत पर बैठ कर खूब खुशी मनाई। नदी में कोई हताहत न हो इसके लिए खड्डा एसडीएम के निर्देश पर तैराकों की भी नियुक्ति की गई थी।

### पुल पर सेल्फी रोकने के लिए गश्त कर रही थी पुलिस

बगहा-पनियहवा पुल पर सेल्फी के दौरान प्रत्येक वर्ष होने वाले दुर्घटनाओं को देखते हुए इस वर्ष प्रशासन द्वारा व्यापक रूप से सुरक्षा के इंतजाम किए गए थे। पुलिस बल बाइक से 900 मीटर लंबे पुल पर लगातार गश्त कर रहे थे कि कोई भी रेल ट्रैक पर या पुल की रेलिंग पर चढ़कर सेल्फी न ले रहा हो। वही भींड व पुलिस बल की संख्या में कमी के कारण पुलिस बल परेशान भी दिखे।

# पांच गौ-तस्कर व दो गांजा तस्करों पर गैंगेस्टर एक्ट में कार्रवाई

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** पुलिस अधीक्षक कुशीनगर संतोष कुमार मिश्रा के निर्देशन में जनपद कुशीनगर में कानून व्यवस्था को और सुदृढ बनाए जाने व अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाए जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में बुधवार को उत्तर प्रदेश से बिहार व अन्य जगहों पर गोवंशी पशुओं की तस्करी करने वाले गैंग के पांच अभियुक्तों व पटहेरवा थाना क्षेत्र में दो गांजा तस्करों पर गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई की गई है।

गौ तस्कर मुकेश राय पुत्र स्व. संजय सिंह निवासी करीमना थाना तरया सुजान, नीरज कुमार पुत्र हरिकेश मांझी निवासी शामपुर थाना उचका गांव जनपद गोपालगंज बिहार, सुनील दीक्षित पुत्र स्व. भगवती दीक्षित निवासी चमारी पटटी थाना फुलवरिया जनपद गोपालगंज बिहार, आस मोहम्मद पुत्र डोमा खान निवासी जगदीशपुर पोस्ट पिपरा अगरवा थाना सेवरही जनपद कुशीनगर व भोला प्रसाद पुत्र सुदामा शाह निवासी पेंडुला खास थाना उचका गांव जिला गोपालगंज बिहार के विरुद्ध थाना पुलिस द्वारा 3 (1) उप्र गैंगेस्टर एक्ट में कार्यवाही की गई है। गैंग लीडर मुकेश राय पुत्र स्व. संजय सिंह निवासी करीमना थाना तरया सुजान जनपद कुशीनगर उपरोक्त ने अपने अन्य सदस्यों के साथ मिल कर गौ तस्करी करने जैसे जघन्य अपराध करते है।

पटहेरवा पुलिस द्वारा गांजा तस्कर संजीव कुमार पाण्डेय पुत्र विजय पाण्डेय निवासी बसडीला गुनाकर थाना तमकुहीराज जनपद कुशीनगर व मनोज पाण्डेय पुत्र स्व. सीताराम पाण्डेय निवासी जलालडीह वार्ड नं. 08 थाना उचका गाँव जनपद गोपालगंज बिहार के विरुद्ध थाना पटहेरवा द्वारा 3 गैंगेस्टर एक्ट की कार्यवाही की गई।

# नववर्ष पर रोटरी ने निःशुल्क ब्लड ग्रुप जांच शिविर का किया आयोजन



शिविर का उद्घाटन करते अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** रोटरी क्लब कुशीनगर ने नए वर्ष की शुरुआत में एक महत्वपूर्ण पहल की, जब रोटरी ने कुशीनगर चैरिटेबल ब्लड बैंक के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क ब्लड ग्रुप जांच शिविर का आयोजन किया। इस शिविर के माध्यम से नव वर्ष के मेले में लोगों ने मुफ्त में अपने ब्लड ग्रुप की जांच कराई। इस पहल के माध्यम से क्लब ने समाज में स्वास्थ्य संचार को बढ़ावा देने का संकल्प लिया है। कार्यक्रम का उद्घाटन नगर पालिका कुशीनगर के अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जायसवाल व अधिशासी अधिकारी अंकिता शुक्ला ने फीता काट कर एवं अपना ब्लड ग्रुप जांच कराते हुए किया। मुख्य अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि भाग दौड़ की वर्तमान जिन्दगी में प्रत्येक व्यक्ति के लिए अपने ब्लड ग्रुप की जानकारी रखना बहुत जरूरी है। इससे खुद के किसी दुर्घटना का शिकार होने या मौका पड़ने पर किसी को रक्त देने व लेने में सहायता मिलती है। रोटरी के अध्यक्ष वाहिद अली ने बताया कि ब्लड ग्रुप पता होने से रोगों से मुक्ति एवं आकस्मिक संकट के समय विशेष लाभ मिल जाता है, साथ ही जिनका ब्लड ग्रुप एबी निगेटिव है जो कम लोगों में पाया जाता है, किसी को भी एबी निगेटिव रक्त की आवश्यकता पड़े तो वे सहर्ष रक्तदान कर लोगों के जीवन बचाने में सहयोग कर सकेंगे।

### देवरिया पुलिस द्वारा चला बैंक चेकिंग अभियान

**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक देवरिया विक्रान्त वीर के निर्देशन में नव वर्ष के दृष्टिगत जनपद में शांति एवं कानून बनाए रखने हेतु तथा अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम के लिए अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) सुनील कुमार सिंह व श्रीमान् अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) दीपेन्द्रनाथ चौधरी के कुशल पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त सर्किल के क्षेत्राधिकारीगण के नेतृत्व में सभी थानों के प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा टीम बनाकर 1 जनवरी को बैंक चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसके तहत सभी थानों द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्र में पड़ने वाले बैंक की चेकिंग की गयी। उक्त बैंक चेकिंग अभियान का मुख्य उद्देश्य जनपद में कानून/शांति व्यवस्था बनाए रखना तथा बैंक की सुरक्षा करना, जनपद में किसी प्रकार की लूट/छिनैती की घटना न हो, किसी भी व्यक्ति के साथ ए.टी.एम में किसी प्रकार की धोखा धड़ी की घटना न हो, पेट्रोल पंप पर किसी प्रकार की घटना न हो, बैंक के आस पास दिख रहे संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी।

# विवाहिता की संदिग्ध मौत, मायके वालों ने हत्या का लगाया आरोप

अवधनामा ब्यूरो



मृतक किरण की फाइल फोटो

**पडरौना कोतवाली क्षेत्र के त्रिलोक बुजुर्ग गांव का मामला**

**कुशीनगर।** पडरौना कोतवाली क्षेत्र के बांसी चौकी अंतर्गत ग्राम पंचायत लालगंज निवासिनी एक महिला की हुई संदिग्ध मौत के मामले में मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग किया। मृतका किरन पुत्री व्यास यादव निवासी बबुईया हरपुर की शादी करीब पांच वर्ष पूर्व पडरौना कोतवाली थाना क्षेत्र की बांसी चौकी अंतर्गत ग्राम पंचायत त्रिलोकपुर बुजुर्ग टोला लालगंज निवासी योगेन्द्र यादव के पुत्र अमन के साथ हुई थी जिसकी बीते मंगलवार की देर शाम संदिग्ध परिस्थिति में मृत्यु हो गई। मृतका के मायके वालों ने गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। मृतका की दो संतानों में एक ढाई वर्षीय बालक व छः माह की बच्ची होने की बात बताई जा रही है। मंगलवार की देर शाम हुई घटना की सूचना पाकर पहुंची सम्बन्धित पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय स्थित शव भेज दिया। इस सम्बन्ध में बांसी चौकी प्रभारी विपिन सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

**53 ग्राम पंचायतों में 7.94 करोड़ की अनियमितता**

# देवरिया डीएम ने नोटिस भेजकर मांगा स्पष्टीकरण

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** देवरिया में जिला लेखा परीक्षा अधिकारी, सहकारी समितियां एवं पंचायतें की तरफ से कराए गए आडिट में 53 ग्राम पंचायतों में 7.94 करोड़ की अनियमितता सामने आई है। डीएम दिव्या मित्तल की तरफ से तत्कालीन प्रधानों और सचिवों के विरुद्ध नोटिस जारी किया गया है। संतोषजनक स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होने पर उप्र पंचायत राज अधिनियम के तहत कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

जिले के ग्राम पंचायतों का वित्तीय वर्ष 2018-19 की आडिट कराई गई, जिसमें पता चला है कि बैतालपुर विकास खंड के नेरुई अमवा, अहलादपुर मरकड़ी, बेलडरिया, हड़ही नदोलवा, जोकहा, जंगल माहीगंज, मेदनापुर, सकरापार बुजुर्ग, सकरापार खुर्द व उसरा बाजार, सलेमपुर विकास खंड के अनुआपार, बढ़पुरवा, बनकटा मिश्र, बरसीपार, घनघड़ा, धनौती राय, हड़हुआ उर्फ औरंगाबाद, जमुई, जिरासो, कोड़रा ठाकुर, मल्हना, मुजुरी खुर्द, नादघाट, निजामाबाद, पड़ी झिल्लीपार, पयासी और विशुनपुरा में अनियमितता की पुष्टि हुई है। इसके अलावा पथरदेवा विकास खंड के रामपुर धौताल, पिपरा, मठिया रत्ती, रुद्रपुर विकास खंड के जगत माझा, भागलपुर विकास खंड के बढौना हरदो, देवरिया सदर विकास खंड के बतरौली, बनकटा विकास खंड के अघांव, अहिरौली बघेल, इंगुरी सराय, कुरमौली, गौरा, चकरवा टोला प्रेमराय, छेरिया, नियरवा, पड़ी, परसौनी रघुनाथ, बंगरा, बखरी, बलुआ, राजपुर, बौलिया पांडेय, मठिया, भड़सर, लक्ष्मणचक, हाता और छितौनी शामिल है। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने कहा कि लेखा परीक्षा में अनियमितता सामने आई है। सभी संबंधित ग्राम पंचायतों के तत्कालीन प्रधानों और सचिवों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है। निर्धारित समय के भीतर संतोषजनक जवाब नहीं मिलने और जवाब के बाद भी निर्दोष सिद्ध नहीं होने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# नव निर्वाचित मंडल अध्यक्षों और जिला प्रतिनिधियों को किया गया सम्मानित

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** नये साल के पहले दिन भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में नव निर्वाचित मंडल अध्यक्षों और जिला प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। अभिनंदन समारोह में जिला अध्यक्ष राम प्रसाद मिश्र के साथ पार्टी की जिला कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे। तिलोई विधानसभा के जायस नगर मंडल अध्यक्ष अनोखेलाल जिला प्रतिनिधि तीर्थराज सिंह तिलोई मंडल में पंकज अवस्थी अध्यक्ष सोनू सिंह जिला प्रतिनिधि सिंहपुर मंडल में गौरव श्रीवास्तव मंडल अध्यक्ष सुनील पासी जिला प्रतिनिधि राजाफत्ते पुर मंडल में सत्यनारायण सिंह मंडल अध्यक्ष इंद्रेश कुमार पांडेय जिला प्रतिनिधि जगदीशपुर विधानसभा के रानीगंज मंडल में अध्यक्ष अमरनाथ पासी जिला प्रतिनिधि संजीत कोरी जगदीशपुर मंडल में शेखर तिवारी अध्यक्ष धर्मचन्द्र कौशल जिला प्रतिनिधि विश्वकर्मा नगर मंडल में राजेश सिंह मंडल अध्यक्ष दीप चंद्र पांडेय जिला प्रतिनिधि गौरीगंज विधानसभा के क्रमशः शाहगढ़ मंडल में काशी प्रसाद मिश्रा राधेश्याम चौहान जिला प्रतिनिधि गौरीगंज ग्रामीण अजय सिंह गौर मंडल अध्यक्ष अरुण कुमार मौर्य जिला प्रतिनिधि मुसाफिरखाना मंडल में रामगोपाल कौशल मंडल अध्यक्ष महेंद्र मिश्रा जिला प्रतिनिधि अमेठी विधानसभा के संग्रामपुर मंडल में राजेश कुमार शुक्ला मंडल अध्यक्ष चंद्रकेश यादव जिला प्रतिनिधि का अंगवस्त्रम एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से काशी प्रसाद तिवारी चन्द्रमौलि सिंह भवानी दत्त दीक्षित राकेश त्रिपाठी सुधांशु शुक्ला गिरीश शुक्ला केशव सिंह भागीरथी मौर्य अशोक मौर्य अतुल सिंह प्रभात शुक्ला मनोज जायसवाल रणवीर सिंह मनोज तिवारी शंकर बक्श सिंह शाहिद आदि मौजूद रहे।

# तुर्कपट्टी को हराकर नैनीताल ने सेमी फाइनल में किया प्रवेश

## ईमानदार खिलाड़ी ही आसमान छूता है : डॉ अमृत सिंह

अवधनामा संवाददाता



प्रतियोगिता का फीता काटकर शुभारंभ करते मुख्य अतिथि डॉ अमृत सिंह

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** कस्बे में चल रहे मथौली क्रिकेट कप प्रतियोगिता के पांचवे दिन बुधवार को तुर्कपट्टी व नैनीताल के बीच खेला गया। इसमें नैनीताल ने तुर्कपट्टी को 88 रनों से हराकर सेमी फाइनल में प्रवेश कर लिया। टॉस जीतकर तुर्कपट्टी की टीम ने पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। बल्लेबाल करने उतरी नैनीताल की टीम ने निर्धारित 10 ओवर में 153 रन का लक्ष्य दिया।

जवाबी कार्रवाई में उतरी तुर्कपट्टी की टीम मात्र 65 रनों पर ही ढेर हो गई। इस तरह से नैनीताल ने 88 रनों से मैच जीतकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। नैनीताल के विस्फोटक बल्लेबाज अमित कुमार 40 रन व तीन विकेट लेकर मैन ऑफ द मैच का हकदार बने। इसके पूर्व मैच का उद्घाटन समाजसेवी व चिकित्सक डॉ अमृत सिंह ने फीता काटकर व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। श्री सिंह ने कहा कि युवाओं को खेल के प्रति जागरूक होना चाहिए, जिससे खेल के साथ युवाओं की शारीरिक कसरत भी हो सके। कहा कि खेल को टीम भावना के साथ खेलना चाहिए, ईमानदार खिलाड़ी ही ऊंचे मुकाम पर पहुंचता है। मैच का निर्णायक सुनील व बिट्टू मद्धेशिया ने किया जबकि कमेंटेटर प्रिंस जायसवाल व प्रिंस मद्धेशिया ने किया। मैच का स्कोरिंग मिंटू सिंह व आकाश ने किया। इस मौके पर अदालत प्रसाद, बृजेश उपाध्याय, त्रिलोकी जायसवाल, रविंद्र सैनी, महेंद्र यादव, मनीष सिंह, अमन जायसवाल, विजय सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### सीएचसी में पार्क का निर्माण शुरू

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** नये साल में नगर पंचायत नगर में दो पार्को के साथ रामलीला मैदान का सौन्दर्यीकरण कराएगी। बोर्ड की बैठक में प्रस्ताव पारित कर शासन से धनावंटन की मांग की गई है।

**रामलीला मैदान का भी सौन्दर्यीकरण कराएगी नगर पंचायत**

स्टाम्प शुल्क मद से प्राप्त धनराशि से दस लाख रुपए की लागत से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पार्क का निर्माण शुरू हो गया है। अधिशासी अधिकारी अभिनव यादव ने बताया कि चेयरमैन अंजू कसौंधन की अध्यक्षता में हुई बोर्ड की बैठक में अम्बेडकर पार्क कोतवाली के सामने पुलिस पार्क और रामलीला मैदान के सौन्दर्यीकरण के प्रस्ताव पारित हुए हैं। जल निकासी के लिए नगर के विभिन्न वार्डो में लगभग 2.5 किमी लम्बाई में नालों का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि नगर पंचायत की ओर से नगर में बीस स्थलों पर अलाव जलवाए गये है।

### आशिक ने किया ब्लैकमेल तो लड़की ने की खुदकशी



**तरकुलवा देवरिया अवधनामा संवाददाता।** प्रेम में कोई अपनी जिंदगी भी खो देगा ऐसी घटनाएं आए दिन देखने को मिलती है जनपद के थाना तरकुलवा अंतर्गत कस्बा पथरादेवा में एक लड़की ने ठीक वैशी ही घटना को अंजाम देते हुए फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। बताते चले कि माइक्रो फाइनेंस में काम करने वाली कुमारी चारू यादव पुत्री शैलेन्द्र यादव थाना भलुअनी के सोनाडी की निवासी थी जो कि पत्थरदेवा के माइक्रो फाइनेंस आफिस में कार्यरत थी और भाड़े के मकान में रहती थी। मृतका के पिता के अनुसार लड़की का चक्कर किसी लड़के के साथ कई साल से चल रहा था। जिसको लेकर लड़की के पिता द्वारा अपने थाने में लड़के के कारनामे को लेकर एक बार तहरीर भी दिए थे परंतु कोई कार्यवाही नहीं हुई। घटना की सूचना मकान मालिक के द्वारा पुलिस को दी गई मौके पर पहुंचे थाना अध्यक्ष तरकुलवा ने उक्त घटना की सूचना क्षेत्राधिकार को दी। जिससे मौके पर क्षेत्राधिकार पहुंचे। लाश को अपने कब्जे में लेते हुए तरकुलवा पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। घटनास्थल पर मृतका के माता-पिता दोनों पहुंच चुके थे। इस विषय में पूछे जाने पर थानाध्यक्ष तरकुलवा मृत्युंजय राय ने बताया कि मृतका के आत्महत्या करने का कोई भी साक्ष्य घटनास्थल से प्राप्त नहीं हुआ है। मृतका के पिता के द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आगे जांच का विषय है पुलिस जांच में जुट गई है।

### चकबंदी कार्यो को लेकर डीएम ने की समीक्षा बैठक

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी निशा अनंत ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में चकबंदी विभाग के अधिकारियों के साथ जनपद में चल रहे चकबंदी कार्यों की समीक्षा बैठक किया। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद में चल रही चकबंदी प्रक्रिया के संबंध में बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी से जानकारी ली जिस पर बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी केलकर सिंह ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष में जनपद में चकबंदी की प्रक्रिया में 52 गांव शामिल थे जिसमें से अब तक 6 गांव की चकबंदी प्रक्रिया पूर्ण की जा चुकी है गांव के अभिलेख तहसील को भेजे जा चुके हैं।

# नये साल में जिले के सत्रह हजार से अधिक निर्धन परिवारों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाएगी सरकार

अवधनामा संवाददाता

**फैमिली आई डी बनाने के लिए सीडीओ ने दिए सख्त निर्देश**

सोमवार को जिले के सात विकास खंडों में फैमिली आई डी जारी करने के काम की निराशाजनक प्रगति पर सी डी ओ ने नाराजगी जताई है और एक जनवरी को अभियान चलाकर प्रगति में सुधार के लिए सख्त निर्देश दिए हैं।

**तीस दिसंबर तक 75 फीसदी पूरा हुआ निर्धनतम परिवारों के सर्वेक्षण का काम**

**अमेठी।** नये साल में सरकार जिले के सत्रह हजार से अधिक गरीब परिवारों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाएगी। निर्धनतम परिवारों का सर्वेक्षण पूरा करने के लिए साल के आखिरी दिन अवशेष लक्ष्य को पूरा करने के लिए अभियान चलाया गया। मंगलवार तक सर्वेक्षण की प्रगति 75 फीसदी रही है। निर्धनतम परिवारों का चिन्हांकन कर उन्हें गरीबी रेखा से ऊपर उठाने के सरकार ने अभियान चलाया है।हर जिले में सर्वेक्षण के बाद पात्रता स्क्रीनिंग कमेटी जांच करेगी। स्क्रीनिंग कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर गरीबी रेखा के नीचे के निर्धनतम परिवारों को सरकार की ऐसी सभी योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा,जिनका लाभ उन्हें अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है। शासन की ओर से प्रत्येक ग्राम पंचायत में 25निर्धनतम परिवारों को चिंहित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। डी पी आर ओ की ओर से सर्वेक्षण के लिए 31 दिसम्बर डेट लाइन निर्धारित की गई है। मंगलवार को सभी विकास खंडों में अवशेष काम करने और फैमिली आई डी की प्रगति में सुधार के लिए अभियान चलाया गया। अमेठी में खंड विकास अधिकारी विनय कुमार वर्मा ने जीरो पावर्टी सर्वेक्षण और फैमिली आई डी जारी करने के काम की प्रगति की समीक्षा की। विकास खंड की 48ग्राम पंचायतों में सर्वेक्षण का काम पूरा हो चुका है। फैमिली आई डी की प्रगति बढ़ाने के लिए बी डी ओ ने वर्चुअल समीक्षा की। जिले की 682 ग्राम पंचायतों में सोमवार की शाम तक 12803 निर्धनतम परिवारों का सर्वेक्षण हो चुका था। मंगलवार को अवशेष काम पूरा करने के लिए दिन भर अभियान चलाया गया। मनोज कुमार त्यागी जिला पंचायत राज अधिकारी, अमेठी ने कहा जीरो पावर्टी सर्वे की स्क्रीनिंग के बाद पात्र पाए गए सभी निर्धनतम परिवारों को आवास, पेंशन, राशन आदि सभी योजनाओं से लाभान्वित करने के साथ उनकी आमदनी के जरिए भी विकसित किए जायेंगे। सरकार सभी परिवारों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाएगी।

# कांग्रेसियों ने चौपाल लगाकर, मनमोहन सिंह के योगदान की लोगों के बीच की चर्चा

अवधनामा संवाददाता



**शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर हुआ बरियारपुर चौराहे पर चौपाल का आयोजन**

**देवरिया।** शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने निवर्तमान जिलाध्यक्ष रामजी गिरि के नेतृत्व में तहसील क्षेत्र के बरियारपुर चौराहे पर चौपाल का आयोजन कर व लोगों के बीच जाकर देश के विकास में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के किए गए योगदान की चर्चा की।

इस दौरान रामजी गिरि ने कहा कि देश की डूबती अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का काम मनमोहन सिंह ने किया। उनके द्वारा लागू किए गए सूचना का अधिकार अधिनियम, खाद्य सुरक्षा अधिनियम, मनरेगा, आधार कार्ड आदि योजनाओं का लाभ पूरा देश उठा रहा है।मनमोहन सिंह ने लोकतांत्रिक मूल्यों की राजनीति किया।कभी भी विरोधी दल के लोंगो को फर्जी मुकदमे में फंसाने का कार्य नही किया। आज के परिवेश में इतना विद्वान प्रधानमंत्री मिलना मुश्किल है। देश उनके द्वारा किए गए जनहितकारी कार्यो को लेकर हमेशा याद करता रहेगा।उनकी कमी सदैव ही महसूस होगी। वह ईमानदारी व सादगी के प्रतीक थे। आज देश में सुचिता पूर्ण राजनीति का अभाव हो गया है। भाजपा को जनता के भलाई के लिए कार्य करने का समय नही है। अब बिना कांग्रेस के इस देश का भला नहीं होने वाला है। चौपाल को वरुण राय, समीर पांडेय, नागेन्द्र शुक्ल, आलोक त्रिपाठी राजन, विजय शंकर मिश्र, उत्तेज मिश्र, धर्मेन्द्र पांडेय, संजीव मिश्र, पवहारी पासवान, बाबूनन्दन प्रसाद, मुकेश यादव, गोधन गुप्ता, सूर्यनाथ तिवारी, वेदप्रकाश पांडेय, अजय त्रिपाठी, पंचानंद मिश्र आदि ने सम्बोधित किया। चौपाल की अध्यक्षता रामजी गिरि व संचालन आलोक त्रिपाठी राजन ने किया।

# डॉ. दीपा द्विवेदी को ललिता तिवारी स्मृति न्यास ने किया सम्मान

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** ललिता तिवारी स्मृति न्यास ने डॉक्टर दीपा द्विवेदी को एक शिक्षक के रूप में उनके विशिष्ट और प्रेरक योगदान के लिए सम्मानित किया। एक स्थानीय रेस्टोरेंट के सभा कक्ष में आयोजित भव्य कार्यक्रम में डॉक्टर द्विवेदी को जिला विद्यालय निरीक्षक रवि शंकर ने प्रशस्ति पत्र, उत्तरीय वस्त्र,महत्वपूर्ण पुस्तकें भेंट कीं। केशकुमारी इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या श्रीमती पल्लवी सिंह ने उन्हें पुष्प गुच्छ प्रदान किया। अपने संबोधन में रविशंकर ने कहा कि राज्य अध्यापक पुरस्कार और न्यास का सम्मान डॉक्टर द्विवेदी को नई ऊर्जा - उत्साह के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगा। पूर्व में ही अनेक सम्मानों से अलंकृत स्थानीय केश कुमारी बालिका इंटर कॉलेज की हिंदी प्रवक्ता डॉक्टर द्विवेदी को 2024 के उत्तर प्रदेश राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। न्यास ने राज्य पुरस्कार के लिए उनके नाम की घोषणा को सुल्तानपुर के लिए गर्व और गौरव का विषय बताया है। न्यास के प्रबंध न्यासी वरिष्ठ पत्रकार सत्य देव तिवारी ने डॉक्टर द्विवेदी के विशद अध्ययन-विद्वता, सरलता -सहजता, शिक्षण की अनूठी शैली और दायित्वों के प्रति अटूट समर्पण की उन्मुक्त सराहना करते हुए उनके योगदान को प्रेरक बताया। सम्मान के लिए आभार प्रदर्शित करते हुए डॉक्टर द्विवेदी ने कहा कि सम्मान अगर सुख देता है तो उसी के साथ अपेक्षाओं की कसौटी पर खरे उतरने के लिए आगे कुछ और बेहतर करने के लिए प्रेरित करता है। डॉक्टर द्विवेदी ने न्यास के प्रबंध न्यासी सत्यदेव तिवारी द्वारा अभिभावक के रूप में निरंतर प्रेरित - प्रोत्साहित करने के प्रति विशेष रूप से कृतज्ञता ज्ञापित की। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर, विशिष्ट अतिथि अमित मोहन मिश्र (वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक - माध्यमिक), सह जिला विद्यालय निरीक्षक जटा शंकर यादव ,केश कुमारी बालिका इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य अरविंद पांडे,वर्तमान प्रधानाचार्या श्रीमती पल्लवी सिंह, राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर मनोज तिवारी,अभिनव पन्ना टिकरी के प्रधानाचार्य संतोष कुमार मिश्र, डायट प्रतापगढ़ के वरिष्ठ प्रवक्ता अमरेंद्र मिश्र तथा समाजसेवी भानु प्रताप सिंह का भी न्यास की ओर से सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन और आभार प्रदर्शन सत्यदेव तिवारी ने किया।

## तमंचा सहित एक पुलिस गिरफ्त में

**फिरोजाबाद।** थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा एक अभियुक्त को 01 अवैध तमंचा व 01 जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद फिरोजाबाद द्वारा अपराध पर अंकुश लगाने व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर एक अभियुक्त इमरान उर्फ एक किलो पुत्र अनवर निवासी मौहल्ला कुरैशियान नालबन्द चौराहा थाना दक्षिण फिरोजाबाद को अवैध तमंचा व 01 जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध बरामदगी के आधार पर मु0अ0सं0 03/ 2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में पजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है गिरफ्तार अभियुक्त इमरान उर्फ एक किलो उपरोक्त को न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार, उ0नि0 विमल कुमार, उ0नि0प्रशि0 आदित्य प्रताप सिंह, है0का0 1023 मो0 आफ्ताब थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद शामिल रहे।

# कलेक्ट्रेट परिसर स्थित भगवा चेंबर पर हुई अलाव की व्यवस्था



अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** तेज हवाओं के चलते बढ़ते कड़ाके की ठंड ने राहगीर को गर्म आग की तपन के पास बैठने को मजबूर कर दिया है। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित भगवा चेंबर के पास स्वयं के खर्चे से खरीदे सुखी लड़कियां जलाकर वरिष्ठ अधिवक्ता जयशंकर दुबे ने समाज को एक नया आईना दिखाने का काम कर रहे है।

कलेक्ट्रेट परिसरस्थित भगवा चेंबर के संस्थापक वरिष्ठ अधिवक्ता जयशंकर दुबे ने बताया कि शर्द हवाओं के बीच एक तरफ जहां ठंड अपने चरम पर है, प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 14 जनवरी मकर संक्रांति तक प्रतिदिन अलाव जलाने की व्यवस्था की गई है। अपने दैनिक कार्य के लिए घर से निकले राहगीर, जरूरतमंद,सिविल, राजस्व सहित अन्य वादों की पैरवी के लिये कलेक्ट्रेट में आते हैं। नगर में अलाव जलनें की व्यवस्था भले कहीं दिखाई देती है, अब यह व्यवस्था कलेक्ट्रेट परिसर स्थित भगवा चेबर के सामने प्रतिदिन स्वयं के खर्चे से की गई है। उन्होंने जरूरतमंद राहगीर लोगों से अपेक्षा की है कि वै ठंड से बचने के लिए आग का सहारा ले सकते हैं। अधिवक्ताओं, बुद्धजीवियों में सुभाष चन्द्र पाठक, एडवोकेट आशुतोष मिश्रा, एडवोकेट अनिल अग्रहरि, अमन पांडेय, शिवशंकर पांडेय, रामसमुझ आदि का मानना है कि धीरे-धीरे इस पुनीत कार्य में पहले से चर्चित भगवा चैम्बर को बड़ी सफलता मिल रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### जीएस मोबाइल केयर का उद्घाटन सुल्तानपुर में



**सुल्तानपुर।** जनपद में जीएस मोबाइल केयर की नई शॉप का उद्घाटन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में ब्लैक स्क्वाड ग्रुप के सीईओ इंतेखाब खान उपस्थित थे। शॉप का उद्घाटन 1 जनवरी 2025 को सुबह 11 बजे सुपर मार्केट, सुल्तानपुर में स्थित शॉप नंबर ए3 में हुआ। इस अवसर पर रेड कार्पेट इवेंट ने इवेंट मैनेजमेंट की जिम्मेदारी संभाली। जीएस मोबाइल केयर में मोबाइल रिपेयरिंग और सेवा की सुविधा उपलब्ध है। शॉप में बेंगलुरु से प्रशिक्षित मास्टर माइंड मेकैनिक मौजूद हैं, जो मोबाइल की दुनिया में कुछ खास और रिपेयरिंग करने में सक्षम हैं। शॉप के मालिक गुलाम मोहम्मद के पिता इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में एक जाना-माना नाम हैं। इस शॉप में अन्य स्थानों पर उपलब्ध न होने पर भी उत्पाद उपलब्ध होंगे। इस अवसर पर मीडिया रिपोर्टर सलीम इदरीसी ने बताया कि यह शॉप सुल्तानपुर के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण सेवा प्रदान करेगी।


### ग्राम प्रधान ने जांच करने पहुंची महिला ब्लॉक कर्मी को किया बंधक बनाने का प्रयास

**दुबेपुर,सुल्तानपुर।** शौचालयों के आवेदन की स्थलीय जांच करने पहुंची महिला कर्मचारी से ग्राम प्रधान द्वारा अभद्रता की गई। पंचायत भवन के कर्मियों के नदारद रहने का वीडियो वायरल होने से ग्राम प्रधान सूर्य मणि मिश्रा आक्रोशित हो गए।ग्राम प्रधान द्वारा पंचायत भवन निजी रूप से उपयोग किया जाता है,जिसका वीडियो वायरल होने से अपनी कलई खुलते देखकर वे आपे से बाहर हो गए।जांच करने गई महिला कर्मी को धमका कर बंधक बनाने का ग्राम प्रधान पर आरोप लगा है।ब्लॉक स्तर पर शौचालय के आवेदन की स्थलीय जांच के दौरान शुरू हुआ विवाद बताया जाता है। ग्राम प्रधान द्वारा महिला कर्मी के साथ अभद्रता करने व धमकी देने का वीडियो वायरल होते ही ब्लॉक कर्मी आक्रोशित हो गए।मामले की रिपोर्ट केस दर्ज कराने को लेकर विभाग के आला अधिकारियों से की गई शिकायत के बावजूद 24 घंटे बीत जाने के बाद भी मुकदमा नहीं दर्ज हो सका। दूबेपुर ब्लॉक क्षेत्र के सौरमऊ देहात से जुड़ा मामला बताया जा रहा है।महिला कर्मचारी संगीता शुक्ल ने ग्राम प्रधान सौरमऊ देहात सूर्यमणि मिश्रा पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

### को-आपरेटिव बैंक वार्षिक बैठक 05 जनवरी को

**बहराइच।** डिस्ट्रिक्ट को-आपरेटिव बैंक लिमिटेड बहराइच की 53वीं वार्षिक सामान्य बैठक 05 जनवरी 2025 को पूर्वान्ह 11 बजे कृषि विज्ञान केन्द्र बहराइच में आहूत की गयी है। यह जानकारी सचिव/मुख्य कार्यपालक अधिकारी डिस्ट्रिक्ट को-आपरेटिव बैंक लि. बहराइच ने दी।

### गौशाला निरीक्षण में पायी गयीं कमियों में सुधार लाएं



**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष रमाकांत उपाध्याय ने आज जनपद में बत्रा गौशाला, गडोरा गौशाला, हाथवंत स्थित गौशाला का निरीक्षण किया, इस निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया की इन गौशालाओं में गायों के लिए ठंडी के मद्देनजर जो व्यवस्था होनी चाहिए उसका अभाव हैं, साथ ही गायों को दिए जा रहे चारे में हरे चारे की उपलब्धता नहीं हैं, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष ने इन परिस्थितियों में सुधार लाने के निर्देश दिए हैं, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष ने गडोरा गौशाला के निरीक्षण करने पर स्थितियां और खराब पाई गई यहां पर रजिस्टर में दर्ज 72 गोवंश थे परंतु मौके पर 52 पाए गए, उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि इन स्थितियों में सुधार लाएं अन्यथा कार्रवाई की जाएगी।

# डीएम के हाथों ज़रूरतमन्दों को मिली कम्बल की सौगात

- रैन बसेरों व अलाव व्यवस्था का डीएम ने लिया जायज़ा



अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** . मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व शासन के निर्देश पर अत्यधिक ठण्ड एवं शीतलहरी से उत्पन्न होने वाली समस्याओं के दृष्टिगत निराश्रित एवं असहाय तथा कमज़ोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियों को राहत पहुँचाये जाने के उद्देश्य से नव वर्ष 2025 की पूर्व संध्या पर जिलाधिकारी मोनिका रानी ने मंगलवार को देर रात्रि नगर क्षेत्र का भ्रमण कर रोडवेज़ व महर्षि बालार्क चिकित्सालय में संचालित रैन बसेरों का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया तथा मौके पर मौजूद गरीब मुसाफिरों, रिक्शा चालकों, मरीज़ों के तीमारदारों व अन्य जरूरतमंदो को कम्बल का वितरण किया।

महर्षि बालार्क चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान डीएम ने मौके पर मौजूद मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार को निर्देश दिया कि सभी सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर अलाव की व्यवस्था की जाये तथा चिकित्सालय के प्रसव कक्ष, इमरजेन्सी व अन्य वार्डों में रूम हीटर लगवाये तथा शरद ऋतु के दौरान भर्ती मरीज़ों के लिए कम्बल की माकूल व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। निरीक्षण के दौरान डीएम ने बताया कि जनपद में 250 से अधिक स्थानों पर अलाव जलवाये जा रहे हैं।

डीएम ने बताया कि राजस्व अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मार्फत नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में रैन बसेरों व अलाव की निरन्तर चेकिंग करायी जा रही है तथा जरूरतमन्द लोगों को कम्बल का वितरण भी किया जा रहा है। इस अवसर पर तहसीलदार सदर अनिरूद्ध कुमार यादव, डीएचईआईओ बृजेश कुमार सिंह, आयुष चिकित्साधिकारी डॉ. पीयूष नायक सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## धूमधाम से मना जेपी इंटर कॉलेज का वार्षिकोत्सव

**टूंडला।** जेपी इंटर कॉलेज का वार्षिक समारोह बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक टूंडला प्रेमपाल सिंह घनगर ने किया इस मौके पर उन्होंने कहा कि वार्षिक समारोह में जो भी बच्चे भाग लेते हैं ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से उनकी प्रतिभा का निखार होता है शिक्षा एक ऐसी चाबी है जिसके माध्यम से विकास और उन्नति के सारे ताले खुलते हैं शिक्षा एक ऐसा खजाना भी है जिसको ना तो कोई लूट सकता है ना कोई बांट सकता है और इसकी विशेषता यह है कि इसको जितना खर्च किया जाता है उतना ही उसमें बढ़ोतरी होती है उन्होंने इस कार्यक्रम के लिए कॉलेज संचालकों को बधाई दी इसी क्रम में कॉलेज के प्रबंधक मनीष चौधरी ने कहा कि स्कूल में शिक्षा के साथ-साथ कंप्यूटर व खेलकूद की भी बच्चों को शिक्षा दी जाती है समय-समय पर खेल प्रतियोगिताएं कर बच्चों को एक अच्छा खिलाड़ी बनने का प्रयास भी रहता है उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर विकास चंदानी सुशीला घाकरे सुधा अमित त्यागी जितेंद्र सत्य प्रकाश पंजवानी लोकेश देवेंद्र मनीषा सुनीता अजीत पवन बबलू ललित आदि उपस्थित रहे।

# छात्रों को मिले उचित मार्ग-दर्शन: जिलाधिकारी

अवधनामा संवाददाता



- छात्र लक्ष्य निर्धारित कर समय, संसाधनों का सदुपयोग कर जीवन में करें सफलता अर्जित :अंजनी कुमार

**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने राजकीय पुस्तकालय में संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदया योजना के तहत यू.पी.पी.सी.एस., एस.एस.सी., नीट एवं पुस्तकालय में विभिन्न प्रतियोगात्मक परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं से संवाद करते हुए कहा कि समय, संसाधनों का सदुपयोग कर लक्ष्य प्राप्त करने के लिए ईमानदारी से तैयारी करें, आपको सफलता अवश्य मिलेगी। उन्होंने नीट की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं से कहा कि प्रतिदिन अधिक से अधिक प्रश्नों को हल करें, विगत वर्षों के पेपर को सॉल्व करें, भौतिक, रासायनिक विज्ञान के प्रश्नों को हल करने में तेजी करें, निरंतर प्रश्न हल करने से आपकी बौद्धिक क्षमता विकसित होगी और आपको सफलता दिलाने में सहायक सिद्ध होगी। उन्होने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं से संवाद करते हुये कहा कि अपनी योग्यता को विस्तार, परिश्रम को मुकाम दें, सफलता के लिए एक योजना, लक्ष्य बनायें, लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए टाइम मैनेजमेंट कर सार्थक प्रयास करें, आप सभी को सफलता अवश्य मिलेगी। उन्होने विशेषज्ञ शिक्षकों से कहा कि विभिन्न प्रतियोगात्मक परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों को अपने-अपने विषय की बेहतर जानकारी प्रदान करें। जानकारी करने पर मा. मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अन्तर्गत मेधावी छात्र-छात्राओं को अनुभवी, शिक्षित शिक्षकों द्वारा नीट, यू.पी.पी.सी.एस., जे.ई.ई., एन.ई.ई.टी., ए.डी.ए.-सी.डी.एस. आदि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करायी जा रही है, छात्र-छात्राओं को पाठ्य पुस्तक विभाग की लाइब्रेरी से उपलब्ध करायी गयीं हैं, 52 अभ्यर्थी नीट की परीक्षा, 94 अभ्यर्थी यू.पी.पी.सी.एस. एवं 130 अभ्यर्थी एस.एस.सी. की तैयारी करने हेतु पंजीकृत हैं, जिन्हें निर्धारित शेड्यूल के अनुसार विषय विशेषज्ञों द्वारा उक्त परीक्षाओं की तैयारी करायी जा रही है।

निरीक्षण के दौरान उन्होने मौके पर उपस्थित अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका को आदेशित करते हुये कहा कि राजकीय पुस्तकालय के शौचालयों, यूरिनल, परिसर की नियमित सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करें, सफाईकर्मी की ड्यूटी लगाकर प्रतिदिन परिसर, शोचालयों की सफाई करायी जाये। इस दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी अशोक कुमार, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका बुद्धी प्रकाश, पुस्तकालयाध्यक्ष संजय यादव, कोर्स कोर्डिनेटर जय प्रकाश, अनिल सक्सैना, अनुज कुमार सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## लकी पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने बिखेरा जलवा

**शिकोहाबाद।** मैनपुरी रोड स्थित लकी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी अंकित वर्मा रहे। वहीं गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में ज्ञानदीप सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल की डायरेक्टर-प्रिंसिपल डॉ रजनी यादव थी। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ ही स्कूली बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना तथा स्वागत गीत प्रस्तुत किये गए। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस मौके पर एसडीएम अंकित वर्मा ने कहा कि बच्चों के अंदर प्रतिभा छिपी होती है, बस इसको निकालने की जरूरत है। वहीं बच्चों को भी चाहिए कि वो भी अपने अंदर छिपी हुई प्रतिभा को सभी के सामने प्रस्तुत करें।

# पुलिस मुठभेड़ में एक शातिर अभियुक्त गिरफ्त में, असलाह बरामद

अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में थाना रामगढ पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 784/24 के शातिर अभियुक्त को पुलिस मुठभेड के दौरान गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 मोटरसाइकिल, 01 तमंचा 315 बोर, 02 जिंदा व 03 खोखा कारतूस बरामद किया है।

वादी खालिद अनवर पुत्र अनवर हुसैन निवासी कश्मीरी गेट गली नं0 5 थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद ने थाना रामगढ़ पर अभियुक्त फैजान पुत्र इकबाल, फराज पुत्र इकबाल निवासीगण बगिया मौहल्ला थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद, आठ-दस अज्ञात लोग द्वारा अवैध असलाह से लैस होकर वादी के घर में घुसकर माँ बहिन की गाली गलौज करना व घर का सारा सामान फैक देना व जान से मारने की धमकी देना उसके बाद जान से मारने की नियत से वादी के ऊपर दो फायर करने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र दिया जिसके आधार मु0अ0सं0-784/24 धारा 191(2),191(3),190,333, 352,324(2),351(3),109 बीएनएस पंजीकृत किया गया ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में मु0अ0सं0 784/2024 के अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु 03 पुलिस टीमों का गठन किया गया था। इसी क्रम में 31-12/01-01 की रात्रि में गठित पुलिस टीम को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि मु0अ0सं0 784/24 के वांछित अभियुक्त फैजान कही भागने की फिराक में है।



सूचना का संज्ञान लेकर पुलिस टीम द्वारा फैक्ट्री ऐरिया से लिंक रोड़ पर चैकिंग की जा रही थी। तभी एक मोटरसाइकिल सवार संदिग्ध व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया जिसे पुलिस टीम द्वारा रुकने का इशारा किया गया। उक्त मोटरसाईकिल सवार संदिग्ध व्यक्ति मोटरसाइकिल को वापस मोडकर भागने का प्रयास करने लगा जिससे हड़बड़ाहट में मोटरसाइकिल फिसलकर गिर गयी। पुलिस टीम को अपनी तरफ आता देख संदिग्ध व्यक्ति द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत फायरिंग कर दी, पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ फायरिंग में अभियुक्त के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। अभियुक्त को घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त की पहचान फैजान पुत्र इकबाल के रुप में हुई है। जो कि थाना रामगढ़ के मु0अ0सं0 784/24 में वांछित अभियुक्त है। अभियुक्त के कब्जे से एक मोटरसाइकिल बिना नम्बर, एक तमंचा 315 बोर, 02 जिंदा कारतूस, 03 खोखा कारतूस बरामद किये गये है। घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्र0नि0 संजीव कुमार दुबे, उ0नि0 राजकुमार सिंह, उ0नि0 विवेक कुमार शर्मा, उ0नि0 धर्मेन्द्र कुमार, उ0नि0 अजय कुमार, उ0नि0 सुभम सागर, है0का0 306 राजकुमार सोलंकी, है0का0 343 योगेश कुमार, का0 1556 रवि मलिक, का0 301 सुशील कुमार, का0 720 चन्द्रशेखर थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद सम्मिलित रहे।

# रामपुर रवानिया से रेवती के पुरवा तक सड़क निर्माण ठप

अवधनामा संवाददाता



- धूल की परेशानी में फंसे ग्रामीण, यात्री और स्कूली बच्चे
- प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत अधूरी सड़क बनी बड़ी समस्या, प्रशासन की लापरवाही से नाराज लोग

**अलीगंज, सुलतानपुर।** सौली विधानसभा क्षेत्र के रामपुर रवानिया से रेवती का पुरवा के बीच बन रही 5 किलोमीटर लंबी प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत सड़क का निर्माण पिछले कई महीने से बंद पड़ा है। यह सड़क, जो स्थानीय यात्रियों, ग्रामीणों और स्कूली बच्चों के लिए बेहद अहम है, अब धूल और मिट्टी का अड्डा बन गई है। अधूरी सड़क के चलते लोग गंभीर परेशानियों का सामना कर रहे हैं।

**ग्रामीणों और छात्रों की मुश्किलें बढ़ीं–** स्थानीय ग्रामीणों और यात्रियों ने बताया कि सड़क पर उड़ती धूल ने जीना मुश्किल कर दिया है। बच्चों को स्कूल जाने में भारी कठिनाई हो रही है, क्योंकि धूल भरे माहौल में चलना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक साबित हो रहा है। पैदल चलने वाले राहगीरों और दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह सड़क खतरनाक बन चुकी है। आए दिन टायर पंचर हो रहे हैं। **प्रशासन और ठेकेदार की लापरवाही–** ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य अचानक रुक गया और कई महीने से कोई प्रगति नहीं हुआ । ठेकेदार और प्रशासन दोनों ने समस्या की ओर ध्यान नहीं दिया, जिससे लोगों में गुस्सा बढ़ता जा रहा है। शिकायतें करने के बावजूद अधिकारियों ने अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है।

**धूल बनी सेहत की दुश्मन–**सड़क पर उठने वाली धूल के कारण लोगों को सांस लेने में तकलीफ हो रही है। खासतौर पर बुजुर्ग, बच्चे और दमा जैसी बीमारियों से पीड़ित लोग सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्दी ही सड़क का निर्माण शुरू नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने पर मजबूर होंगे।

**विकास कार्यों पर लगा ब्रेक विधायक जी की निगरानी में हो रहा है कार्य–** इसौली विधायक ताहिर खान की महत्वाकांक्षा योजना के अंतर्गत यह सड़क का निर्माण हो रहा है लेकिन विधायक जी ने अभी तक ध्यान नहीं दिया, यह सड़क न केवल कई गांवों को जोड़ती है, बल्कि क्षेत्रीय विकास के लिए भी महत्वपूर्ण है। इसके अधूरे रहने से गांव के व्यापारियों और किसानों को भी नुकसान हो रहा है।

**सवाल–** ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और इसौली के जनप्रतिनिधियों से सवाल किया है कि आखिर कब तक उनकी अनदेखी की जाएगी? क्या यह सड़क कभी पूरी होगी, या फिर यह समस्या और लंबी खिंचती जाएगी?

# एनएसएस छात्राओं ने पानी बचाओ जागरूकता रैली निकाली



अवधनामा संवाददाता

**टूंडला।** कृषक इंटर कॉलेज पचोखरा फिरोजाबाद की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों ने प्रधानाचार्य रंगेश कुमार उपाध्याय के निर्देशन में गांव जोरी गढ़ी में ''पानी बचाओ, बिजली बचाओ'' जागरूकता रैली के माध्यम से ग्रामवासियों को जागरूक किया।रैली का शुभारंभ एनसीसी अधिकारी अमित कुमार उपाध्याय ने हरी झंडी दिखाकर किया। उन्होंने ग्राम वासियों से कहा कि पानी का दोहन लगातार हो रहा है। पानी हमारे जीवन में अमूल्य है। पानी की बर्बादी को रोकना हम सब का दायित्व है। बिजली की सुरक्षा के लिए बचत ही एकमात्र उपाय है।

कुल ऊर्जा खपत को कम करने के लिए बिजली की बचत करना आवश्यक है। ऊर्जा की बर्बादी जलवायु परिवर्तन को बढ़ाती है और गैर नवीकरणीय संसाधनों को नष्ट करती है। स्वयंसेवकों ने घर-घर महिलाओं व पुरुषों को पानी व बिजली बचत के लिए जागरूक किया तथा इससे होने वाले दुष्प्रभावों को बताया। इस अवसर पर भूपेन्द्र पाराशर, कौशल शर्मा आदि उपस्थित रहे।

उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **22.01.2025** को **15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुयल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | |
|---|---|
| 1 | **निविदा सूचना संख्या :** 14902024 दिनांक 30.12.2024 |
| 2 | **निविदा संख्या :** **(1)** 28/ Sr.DEN-I/LK0/2024-25, **(2)** 29/ Sr.DEN-I/LK0/2024-25, **(3)** 30/ Sr.DEN-I/LK0/2024-25, **(4)** 31/ Sr.DEN-I/LK0/2024-25, **(5)** 32/ Sr. DEN-I/LK0/2024-25 |
| 3 | **कार्य का नाम : (1)** लखनऊ, सहायक मण्डल इंजीनियर/मुख्यालय/लखनऊ के अधीन वरि. खण्ड अभियन्ता/कार्य/आलमबाग पश्चिम/लखनऊ के खण्ड में के अधीन डिप्टी सीओएस कॉलोनी के पीछे, धोबी घाट कॉलोनी, आरपीएसएफ फैमिली लाइन कॉलोनी, आरपीएफ फैमिली लाइन कॉलोनी आदि। पुराने और नए कानपुर सेंट्रल लाइन कॉलोनी के कर्मचारी क्वार्टर और अधिकारी बंगलों की आंतरिक और बाहरी सतह, दरवाजे और खिड़कियां, पानी की आपूर्ति और सैनिटरी फिटिंग, फर्श और रास्ते की भारी मरम्मत। **(2)** लखनऊ, सहायक मण्डल इंजीनियर/मुख्यालय/लखनऊ के अधीन वरि. खण्ड अभियन्ता/कार्य/(आलमबाग पश्चिम/लखनऊ के खण्ड में अन्य सेवा भवन, गंगा बैरक, भागीरथी बैरक, एसओ की बैरक, संगम बैरक, रवि बैरक और यमुना बैरक की भारी मरम्मत, क्षतिग्रस्त दरवाजों और खिड़कियों को बदलना, टपकते शौचालयों का नवीनीकरण, आंतरिक और बाहरी सतह में सुधार और आरपीएसआर 3 बीएन/एलकेओ और अन्य विविध मरम्मत कार्य। **(3)** लखनऊ, सहायक मण्डल इंजीनियर/मुख्यालय/लखनऊ के अधीन वरि. खण्ड अभियन्ता/कार्य/चारबाग/लखनऊ के खण्ड में स्टेशन भवन की भारी मरम्मत का कार्य, प्लास्टरिंग, दीवार की फिनिशिंग, फर्श, छत, पानी के बूथ, पीएफ कॉपिंग, प्लेटफार्म दीवार, सेनेटरी का कार्य, स्वच्छता और शौचालय फिटिंग आदि। साथ ही असुरक्षित केबिन एच, सी, बी, डी, ई, एफ, आलमबाग पश्चिम से सटे गेट नंबर 1ए और निकास लाइन गुमटी (कुल 09 केबिन) की भारी मरम्मत। **(4)** लखनऊ, सहायक मण्डल इंजीनियर/मुख्यालय/लखनऊ के अधीन वरि. खण्ड अभियन्ता/कार्य/चारबाग के खण्ड में विभिन्न कॉलोनियों में स्थित कर्मचारी क्वार्टरों और अधिकारियों के बंगलों में विविध कार्य जैसे कि दीवार की फिनिशिंगए फर्श, छत का उपचार, स्वच्छता कार्य, जंग लगी और घिसी हुई पाइप लाइनों को बदलना, दरवाजे और खिड़कियों की मरम्मत, फुटपाथ और मार्ग की सतह का कार्य। **(5)** सहायक मण्डल इंजीनियर/वर्कशॉप/आलमबाग/लखनऊ के अधीन वरि. खण्ड अभियन्ता/कार्य/वर्कशॉप/आलमबाग के खण्ड में कैरिज वर्कशॉप, आलमबाग के अंदर उत्कृष्टता केंद्र के रूप में ट्रिमिंग शॉप का विकास, कैरिज वर्कशॉप – आलमबाग के अंदर उत्कृष्टता केंद्र के रूप में बायो टैंक रिपेयर शॉप का विकास, कैरिज वर्कशॉप – आलमबाग के अंदर उत्कृष्टता केंद्र के रूप में रोलर बियरिंग का विकास और कैरिज वर्कशॉप आलमबाग के अंदर नए गैस गोदाम का निर्माण कार्य। |
| 4 | **अनुमानित लागत : (1)** रु. 99,99,511.70, **(2)** रु. 89,96,327.47, **(3)** रु. 2,20,40,499.17, **(4)** रु. 99,93,787.86, **(5)** रु. 2,74,43,481.91 |
| 5 | **धरोहर राशि : (1)** रु. 2,00,000.00, **(2)** रु. 1,79,900.00, **(3)** रु. 2,60,200.00, **(4)** रु. 1,99,900.00, **(5)** रु. 2,87,200.00 |
| 6 | **कार्य की समापन अवधि : क्रम संख्या 01 से 05 तक के लिये: (1)** स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छः माह। |
| 7 | **निविदा डालने का प्रारंभ :** 08.01.2025 |
| 8 | **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 22.01.2025, 15:00 बजे |
| 9 | **बेबसाईट : www.ireps.gov.in** |

नोटः- निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त बेबसाईट पर उपलब्ध है। **3997/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई–प्रणाली के अंतर्गत मद की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबंधक उत्तर रेलवे, चारबाग, लखनऊ–226005 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मद के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैं:–

| निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 56246193 | Supply, installation and commissioning of Two Stage Heavy Duty Racking system (TSHDRS) in storage wards of size 27450x11500mm each in Charbagh Stores Depot as per specifications and Drawing attached as Annexure-A, B & C including 112 Nos. of steel caged pallets of dimensions 1200Wx 1200Dx850H of UDL capacity 1000 kg per pallet as per specification and drawing attached as annexure-D & E with two plates of each size 200 x 100 mm on front and back side of pallet (one each side). One set of TSHDRS and steel caged pallets (112 Nos. each set) will be required for one storage ward. | 02 सेट | 31.01.2025 |

निविदा शर्तें: 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।

टेंडर नोटिस सं.: ईपीएस/56/2024–25 **04/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# जिलाधिकारी ने फल और कम्बल बांट वृद्धाश्रम में मनाया नया साल

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** नववर्ष के अवसर पर जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने जनपद मुख्यालय स्थित वृद्धाश्रम में पहुंचकर वृद्धजनों के साथ नव वर्ष मनाया। नववर्ष के अवसर पर जिलाधिकारी ने वहां निवासरत समस्त वृद्धजनों को फल व मिष्ठान वितरण किया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने समस्त वृद्धजनों को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी तथा उनके सुखद जीवन हेतु ईश्वर से कामना की। इस मौके पर जिलाधिकारी ने बताया कि जिला प्रशासन की पहल के तहत आज वृद्धा आश्रम में वृद्धजनों को फल व मिष्ठान्न का वितरण किया गया है ताकि यहां पर निवासरत वृद्धजनों को सुखद अनुभूति हो। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वृद्ध आश्रम में चिकित्सा शिविर लगाकर वृद्ध जनों के स्वास्थ्य की जांच भी की जाए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि वृद्ध आश्रम में वृद्धजनों को किसी भी प्रकार की असुविधा / परेशानी न होने पाए। वृद्ध आश्रम में निवासरत वृद्धजनों को शासन द्वारा अनुमन्य सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। इस मौके पर जिलाधिकारी ने समस्त जनपद वासियों को भी नववर्ष की शुभकामनाएं दी है। ज्ञात हो कि 2 दिन पूर्व जिलाधिकारी ने जनपद में पढ़ रहे ठंड के दृष्टिगत वृद्धाश्रम में जाकर वृद्धजनों से हाल-चाल जाना था तथा लगभग 105 वृद्धजनों को कंबल भी वितरित किया था। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक डॉ नागेंद्र नाथ यादव, जिला समाज कल्याण अधिकारी राम शंकर पटेल, जलीस खान तथा अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## दंगल में पहलवानों ने दिखाए दांवपेंच

**सुमेरपुर हमीरपुर।** मौहर के बजरंगबली आश्रम के मेले में बुधवार को संपन्न हुए विशाल दंगल में दो दर्जन पहलवानों के मध्य रोचक कुश्ती संपन्न हुई। दंगल का शुभारंभ सपा नेता रामप्रकाश प्रजापति ने पहलवानों के हाथ मिलवाकर किया। दंगल देखने के लिए आसपास के गांवों से ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी। मौहर किसवाही के मध्य बजरंगबली आश्रम के मेले में आयोजित दंगल में बुधवार को दो दर्जन पहलवानों के मध्य रोचक कुश्तियां संपन्न हुई। धीरू मुंगुश ने अंकुश मौदहा को चित किया। अंश सिसोलर ने अखिलेश मौहर को हराया।। गौरव एटा एवं श्याम मुंगुस बराबरी पर रहे। कुलदीप टेढ़ा ने सुमित एटा को जोरदार पटखनी दी। छोटू बांदा ने अंकुश एटा को चित किया। ओमप्रकाश फतेहगढ़ ने छोटे कन्नौज को हराया। मदनपाल खपटिहा एवं कल्लू इंगोहटा, नंदू मुंगुस व रामफल खपटिहा, वीरेंद्र टेढ़ा व शनि दिल्ली के मध्य हुई कुश्तियां बराबरी पर रही। इसके अलावा एक दर्जन से ज्यादा कुश्ती संपन्न कराई गई। रेफरी की भूमिका रामकिशन नन्ना एवं सूरजपाल सिंह तिलतरस ने निभाई। संचालन सुरेश यादव व वीरेंद्र यादव ने किया।

# वकीलों का अनशन जारी



अवधनामा संवाददाता

**मौदहा हमीरपुर।** नगर के तहसील प्रशासन पर कानून को ताख पर रख अपनी मनमानी करने वाले राजस्व कर्मियों के खिलाफ अधिवक्ताओं का क्रमिक अनशन 13वें दिन लगातार जारी रहा इस मौके पर अधिवक्ता संघ ने उप जिला अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेज अपनी समस्याओं का निस्तारण होने पर 8 तारीख से आमरण अनशन करने की चेतावनी दी है। अवगत हो कि तहसील मौदहा के अधिवक्ता संघ ने तहसील के राजस्व कर्मियों पर भ्रष्टाचार व कानून को ताक में रख अपनी मनमानी ढंग से काम करने का आरोप लगाते हुए 20 तारीख से क्रमिक अनशन शुरू किया था। क्रमिक अनशन के तेरह दिन बीत जाने के बावजूद किसी भी जिम्मेदार अधिकारी द्वारा अधिवक्ताओं की मांगों को पूरा करने की बात तो दूर कोई उनकी सुधि लेने तक नहीं पहुंचा है जिससे अधिवक्ताओं में अच्छा खासा आक्रोश व्याप्त है। अनशनकारियों का कहना है कि वह तीन जनवरी को न्याय के लिए कटोरा लेकर भीख मांगने को निकलेंगे उसमें जो भी राशि एकत्रित होगी वह मुख्यमंत्री कोष में जमा की जाएगी। क्रमिक अनशन के 13वें दिन पूर्व मंत्री बादशाह सिंह ने अनशन स्थल पर पहुंच अनशनकारी अधिवक्ताओं की हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया है वहीं अनशनकारी अधिवक्ता जय हिंद सिंह, ज्ञानचंद द्विवेदी, रविकांत, दुष्यंत व रिजवान भाई कहना है कि यदि 7 जनवरी तक उनकी समस्याओं का निस्तारण नहीं किया जाता है तो उनका यह क्रमिक अनशन आठ जनवरी से आमरण अनशन में बदल जाएगा। इस संबंध में उन्होंने उप जिला अधिकारी मौदहा के माध्यम से एक ज्ञापन मुख्यमंत्री को भेज भेजा है।

# नये वर्ष पर सर्ग फाउण्डेशन ने कराया साईकिल रेस



अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** सर्ग फाउंडेशन द्वारा चुर्कनिजी कंपनी से सर्किट हाउस टोल प्लाजा तक साइकिल रेस का आयोजन किया गया था यह आयोजन स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने का एक अभिनव प्रयास था जिसमें 25 लोगों ने भाग लिया सर्ग फाउंडेशन द्वारा साइकिल रेस निकलने का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण को स्वच्छ बनाना और अधिक से अधिक लोगो को साइकिल चलाने के लिए प्रेरित करना है मुख्य अतिथि नगर पंचायत चुर्क अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं भाजपा पिछड़ा मोर्चा के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश यादव व पूर्व नगर अध्यक्ष संजय जायसवाल द्वारा हरी झंडी दिखा कर रेस का शुभारंभ किया प्रतियोगिता में नई बाजार निवासी अशरफ ने प्रथम, ग्राम बबुरा के संदीप ने द्वितीय तथा चुर्क गांव निवासी ओम प्रकाश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को नगर पंचायत चुर्क के चेयरमैन प्रतिनिधि ओम प्रकाश यादव ने पदक प्रदान किए।इस साइकिल रैली का मुख्य उद्देश्य वाहनों से होने वाले प्रदूषण को कम करने और नियमित व्यायाम के महत्व को बताना था। साइकिल चलाने से न केवल शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार होता है बल्कि यह पर्यावरण के लिए भी लाभदायक है।

## मधुरिमा साहित्य गोष्ठी आज



**सोनभद्र।** मधुरिमा साहित्य गोष्ठी द्वारा 62 वां अखिल भारतीय कवि सम्मेलन राबर्ट्सगंज स्थित आरटीएस क्लब में 2 जनवरी 2025 कोआयोजित किया गया है जिसमे डा.अनिल मिश्र, डा. सुरेश नोएडा, डा. बुद्धिनाथ मिश्र देहरादून, मनमोहन मिश्र गोरखपुर, नन्द जी नंदा बलिया, सलीम शिवलवी वाराणसी, डा. धर्म प्रकाश मिश्र वाराणसी, मनोज द्विवेदी मधुर चंदौली, डा. रचना तिवारी, अनुपम वाणी गोरखपुर, दिव्या राय आजमगढ़, कौशल्या चौहान आदि के अतिरिक्त जनपद के प्रमुख कविगण शिरकत करेंगे। उक्त आशय की जानकारी मधुरिमा साहित्य गोष्ठी के उप निदेशक आशुतोष पाण्डेय ने दी।

## मौदहा के पूर्व चेयरमैन रामकृष्ण अग्रवाल की पुण्यस्मृति में कंबल वितरण

**मौदहा, हमीरपुर।** मौदहा कस्बा में बुधवार को नगरपालिका के पूर्व चेयरमैन स्व. रामकृष्ण अग्रवाल की पुण्यतिथि पर जरूरतमंदों के लिए बड़ी संख्या में कंबल वितरित किए गए हैं। मौदहा नगर में स्थित शंकर भवन में बुधवार को भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष अरुण अग्रवाल द्वारा अपने पिता व नगर पालिका परिषद मौदहा के पूर्व चेयरमैन स्व. रामकृष्ण अग्रवाल की पुण्यस्मृति में जरूरत मंदों के लिए कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें पूर्व कैबिनेट मंत्री बादशाह सिंह, एसडीएम राजकुमार गुप्ता पुलिस क्षेत्राधिकारी बबीता पहल ने कस्बा सहित आसपास के गांवों से आये सैकड़ों जरूरत मंदों को कंबल ओढ़ाया तो वहीं सर्दी और शीतलहर में कंबल पाकर इन जरूरतमंदों के चेहरे खिल उठे हैं। इस मौके पर कार्यक्रम के आयोजक अरुण अग्रवाल ने सभी अतिथियों को साल ओढ़ाकर सम्मानित करते हुए कहा है कि जरूरत मंदों की सेवा सबसे बड़ी पूजा व इबादत है और सभी सक्षम लोगों को इसमें बढ़-चढ़कर कर भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए।

# छात्र-छात्राओं ने खेलों में जमकर ज़ोर आजमाइश की

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा/फतेहपुर।** ब्रिलियंट ओरियंटल स्कूल में इंद्रधनुष स्पोर्ट्स सप्ताह के दौरान नववर्ष पर बैडमिंटन सीनियर वर्ग, खो-खो सीनियर वर्ग, रस्साकशी में छात्र-छात्राओं ने जोरआजमाइश की। इसके अलावा गायन, भाषण और नात प्रतियोगिताओं में बच्चों ने हिस्सा लिया।

बैडमिंटन में रेड, ग्रीन, ब्लू और यलो हाउस की टीमों ने भाग लिया। इसमें ब्लू और ग्रीन हाउस ने फाइनल में जगह बनाई। बैडमिंटन में अम्मार और अजीम ने बेहतरीन खेल का मुजाहिरा करते हुए फाइनल में प्रवेश किया। रस्साकशी ब्व्याज में चारों हाउस ने भाग लिया। इसमें ब्लू हाउस विजेता रहा। विजेता टीम में अम्मार, अजीम, आकिब, समद, अमीर हमजा आदि रहे। खो-खो में चारो हाउस ने भाग लिया। इसमें सभी टीमों ने जोश के साथ भाग लिया। रेड हाउस को हराकर ग्रीन हाउस की टीम विजेता रही। विजेता टीम में मुस्फिरा, लिबा, लायबा, मुनैमा, अतिया, अफीफा, अलविया, रिजा हसीन, मरियम, शफक, रिहाब, अलविया सिद्दीकी, इल्मा रिजवान शामिल रहीं। रस्साकशी गर्लस में ग्रीन हाउस फाइनल में पहुंची। जबकि यलो और रेड में गुरुवार को मुकाबला होगा। कबड्डी जूनियर में रेड और ग्रीन के बीच फाइनल खेला गया। इसमें रेड हाउस ने ग्रीन को पटखनली देकर फाइनल जीत लिया। मैदान के साथ ही इंडडोर गेम्स में भी बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। सिंगिंग प्रतियोगिता में आरजू रेड हाउस से पहले स्थान, मुनीबा द्वितीय स्थान पर रही। नात प्रतियोगिता में अर्श हुसैन पहले स्थान पर रहे। जबकि हाशमी दूसरे स्थान पर रहे। भाषण प्रतियोगिता में उर्दू श्रेणी में हादिया अव्वल, इंग्लिश में बुशरा अव्वल, हिंदी में उमरा प्रथम स्थान पर रही। इन प्रतियोगिताओं के सफल संचालन में हेरा, आसफा फारूकी, अदीबा, अजहर, सानिया मिर्जा, उबैद, अफजल, ताहिर हसन, जुलेखा, समन, जोहा, फरहीन नकवी, जायर आदि रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## इधर उधर भागकर मुंह से जार हटाने का प्रयास करता रहा लकड़बग्घा



**हमीरपुर।** एक जंगली जानवर के मुंह में प्लास्टिक का जार फंसा हुआ वीडियो सामने आया है। गर्दन फंसने से जानवर बेचैन होकर इधर उधर भाग रहा है। जानकारों ने बताया की कुत्ते की तरह दिखने वाला यह जानवर लकड़बग्घा है जिसने जार में कुछ खाने का सामान देख कर उसमें मुंह डाल दिया और जार उसके मुंह में फंस गया। वायरल वीडियो यमुना-बेतवा पट्टी पर स्थित सिटी फॉरेस्ट के पास का बताया जा रहा है। बुधवार सुबह मुंह में प्लास्टिक का जार फंसाए हुए घूमते लकड़बग्घे को देख कर किसी ने इसका वीडियो बनाया और वायरल कर दिया। सिटी फॉरेस्ट इलाके में बड़ी संख्या में लकड़बग्घों का झुंड अक्सर देखने को मिलता है। शहर से करीब सिटी फॉरेस्ट के एक तरफ बेतवा और दूसरी तरफ यमुना नदी बहती है। यह इलाका बबूल सहित अन्य घने पेंडों से घिरा हुआ है। जहां लकड़बग्घे, सियार और लोमड़ी जैसे जंगली जानवर रहते हैं। बुधवार की सुबह सिटी फॉरेस्ट के पास स्थित कब्रिस्तान के निकट मुंह में प्लास्टिक का जार फंसाए लकड़बग्घे को देख किसी ने इसका वीडियो बनाया और वायरल कर दिया। कुत्ते के आकार का यह जानवर जिसके मुंह में जार फंसे होने की वजह से यह बेचैन होकर इधर से उधर भागता दिखाई दे रहा है।

## चार दिन बाद निकली धूप से राहत, बढेगी गलन

**सुमेरपुर हमीरपुर।** चार दिन बाद बुधवार को दोपहर में धूप निकलने पर पशु पक्षियों के साथ लोगों ने राहत महसूस की। लेकिन गलन भरी ठंड का एहसास धूप के बाद भी होता रहा। चार दिनों के बाद दोपहर को सूर्यदेव के दर्शन होने पर लोगों ने राहत की सांस ली। दोपहर में धूप जरूर खिली। लेकिन गलन भरी सर्द हवाओं का एहसास लोगों को दिनभर होता रहा। धूप खिलने से सबसे ज्यादा राहत पशु पक्षियों को मिली है। विशेष कर अस्थाई गौशाला में संरक्षित गोवंश ने राहत की सांस ली है। प्रकृति का यह रूप अभी कितने दिन बना रहेगा, कुछ कहा नहीं जा सकता है। क्योंकि मौसम साफ होने के बाद अब और गलन बढ़ने का अनुमान लगाया जा रहा है। कृषि रक्षा इकाई के तकनीकी सहायक अजित कुमार शुक्ला ने कहा कि धूप खिलने से फसलों की ग्रोथ बढ़ेगी और बारिश के बाद धूप का लाभ फसलों को मिलेगा।

## कानपुर मानिकपुर और कानपुर खजुराहो सवारी गाड़ियों के नम्बरों में हुआ बदलाव

**सुमेरपुर हमीरपुर।** झांसी रेल मंडल के अंतर्गत संचालित होने वाली यात्री गाड़ियों के नंबर में बदलाव किया है। इनके संचालन का समय यथावत रखा गया है। झांसी रेल मंडल की जनसंपर्क अधिकारी मनोज कुमार की ओर से जारी किए गए आदेशानुसार कानपुर मानिकपुर के मध्य चलने वाली मेमू ट्रेन का नंबर बदलकर 64602 किया गया है। इसका पहले नंबर 01802 था। इसी तरह कानपुर खजुराहो के मध्य चलने वाली पैसेंजर ट्रेन का नंबर 54102 हो गया है पहले इसका नंबर 04144 था। इन यात्री ट्रेनों के संचालन का समय सुबह शाम यथावत रखा गया है। यह दोनों ट्रेन पूर्व के समय पर ही चलेगी।

## जिला महामंत्री ने छात्रों के साथ मनाया जन्मदिन



**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जिला महामंत्री रमेश यादव ने छात्रों के साथ अपना जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर प्रदेश एवं जिले के तमाम पदाधिकारी की उपस्थिति में बच्चों के साथ केक काटा गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के जिला अध्यक्ष संतोष सिंह चौहान प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ एके शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष एमपी सिंह तोमर प्रदेश वरिष्ठ जिला महामंत्री हरि गोपाल शुक्ला जिला कोषाध्यक्ष लालजी पोरवाल जिला संरक्षक नरेश चंद्र यादव शहर अध्यक्ष ओम रतन कश्यप युवा जिला अध्यक्ष अजय गुप्ता महिला जिला अध्यक्ष सुनीता कुशवाहा जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोरखनाथ वर्मा धर्मेंद्र भदोरिया शहर उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह राजावत युवा शहर अध्यक्ष मुकेश दुबे महामंत्री अनिल यादव कोषाध्यक्ष गोविंद कृष्णा भदोरिया उपाध्यक्ष आशीष तिवारी सरला जाटव शकीला बेगम आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## धीशवरी देवी का उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने किया सम्मान



**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** जगतगुरु कृपालु जी महाराज की शिष्य धीशवरी देवी का उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने किया सम्मान। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष संतोष सिंह चौहान जिला वरिष्ठ महामंत्री हरि गोपाल शुक्ला शहर अध्यक्ष ओम रतन कश्यप युवा जिला अध्यक्ष अजय गुप्ता महिला जिला अध्यक्ष सुनीता कुशवाहा जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोरखनाथ वर्मा धर्मेंद्र भदोरिया उपाध्यक्ष बंटू यादव संगठन मंत्री अवधेश दुबे महिला जिला उपाध्यक्ष शकीला बेगम युवा जिला महामंत्री राघव यादव आदि उपस्थित रहे।

## नव वर्ष पर पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में हवन पूजन



**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में नववर्ष के अवसर पर एक विशेष हवन और पूजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ.कैलाश चंद्र यादव (सीबीएसई डीटीसी) ने की। इसमें समस्त शिक्षकों, स्टाफ और विद्यार्थियों ने पूरे श्रद्धा भाव से भाग लिया। हवन के दौरान ईश्वर से प्रार्थना की गई कि यह नववर्ष सभी के लिए शुभ और मंगलकारी हो तथा समाज में सुख, समृद्धि और खुशहाली का वातावरण बने। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में संस्कार और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना था। पूजन अर्चन के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया, जिससे सभी में खुशी और उमंग का माहौल छा गया। इस आयोजन ने विद्यालय परिवार को एकजुटता और सामूहिकता का संदेश दिया। कार्यक्रम का समापन शांति और सद्भावना के संकल्प के साथ हुआ।

## श्री राम राज्याभिषेक की सजी भव्य झाकी

**सोनभद्र।** नगर के आरटीएस क्लब में चल रहे श्री रामचरितमानस नवाह पाठ महायज्ञ के नौवें दिन भगवान श्री राम का राज्याभिषेक हुआ। इस अवसर पर मानस पंडाल को फूलों से सज्जित किया गया और भगवान श्री राम की दिव्य आरती भक्तों द्वारा की गई। वही वशिष्ठ की भूमिका निभा रहे मंच आचार्य एवं संचालक आचार्य संतोष कुमार द्विवेदी ने श्री राम का तिलक लगाकर राज्याभिषेक किया इसके पश्चात वहां उपस्थित समिति के अध्यक्ष सत्यपाल जैन, महामंत्री सुशील पाठक, शिशु त्रिपाठी सहित भारी संख्या में भक्तजनों ने भगवान श्री राम दरबार की दिव्य आरती की।

# फार्मर रजिस्ट्री बनाने के लिए लगाये गये कैम्प का किया निरीक्षण

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह व पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने आज फार्मर रजिस्ट्री बनाने के लिए फार्मर रजिस्ट्री कैम्प ओबराडीह का औचक निरीक्षण किये। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने फार्मर रजिस्ट्री फीडिंग करने के कार्य का जायजा लिये, जिस पर मौके पर उपस्थित टी0ए0सी0 ने जानकारी दी कि किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है, जो भी किसान कैम्प पर आ रहे हैं उनका पोर्टल पर फार्मर रजिस्ट्री का कार्य किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने मौके पर किसानों से वार्ता कर फार्मर रजिस्ट्री बनाने के कार्य के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त किये, जिस पर किसानों द्वारा बताया गया कि यहां हम लोगों को किसी प्रकार की समस्या नहीं है, कार्मिकों द्वारा बेहतर तरीके से फार्मर रजिस्ट्री का कार्य किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कार्य में लगे सम्बन्धित को निर्देशित किया कि कैम्प में आने वाले किसानों को इस बात की जानकारी दी जाये कि फार्मर रजिस्ट्री बनाने में लगने वाले प्रपत्र जैसे आधार, खतौनी लाना अनिवार्य होगा। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सम्बन्धितों को निर्देशित करते हुए कहा कि फार्मर रजिस्ट्री फीडिंग करने के दौरान अगर पोर्टल पर सर्वर या अन्य तकनीकी सम्बन्धी समस्या आ जाती है, तो मौके पर उपस्थित किसानों का फेस का फोटो खिचने के साथ ही उनके प्रपत्र को इकठ्ठा अवश्व कर लिया जाये, ताकि समस्या दूर होते ही फार्मर रजिस्ट्री बनाने का कार्य शुरू कर दिया जाय। कैम्प में आने वाले किसानों को यह भी सूचित किया जाये कि आपका फार्म भरा जायेगा, ओ0टी0पी0 के लिए फोन को पास रखें, सम्बन्धित कार्मिकों द्वारा ओ0टी0पी0 मांगने पर उपलब्ध कराया जाये, जिससे फार्मर रजिस्ट्री बनाने का कार्य तेजी के साथ ही सफलता पूर्वक किया जा सके। उन्होंने कहा कि किसानों को फार्मर रजिस्ट्री बनाने से होने वाले लाभ जैसे-किसान सम्मान निधि, कई स्थानों की जमीनों का डाटा इकठ्ठा होना, एग्री स्टेट के अन्तर्गत के0सी0सी0 लोन लेने में सुविधा होना, फसली ऋण का लाभ, फसली बीमा क्षतिपूर्ति व आपदा राहत में सुगमता आदि की भी जानकारी दी जाये। इस मौके पर जिला उद्यान अधिकारी मेवाराम, टी0ए0सी0 संतराज वर्मा सहित अन्य किसानगण उपस्थित रहें।

# ठंड के दौरान खुले आसमान में कोई न सोए, उन्हें शेल्टर होम लाए: डीएम

वहाज अली निहाल



**इटावा।** रात्रि में जिलाधिकारी अवनीश राय द्वारा जनपद में शीतलहर के दृष्टिगत रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड, जिला अस्पताल, सुंदरपुर पर संचालित रैन बसेरों, नुमाईश प्रदर्शनी, अलाव स्थल आदि का निरीक्षण किया और शहर में मुख्य मार्गो व चौराहों पर जरूरतमंद व्यक्तियों को कम्बल वितरण किया गया। निरीक्षण के दौरान आश्रय गृह में कंबल, रजाई, गद्दे, चादर, पीने के पानी, प्रकाश, अलाव की व्यवस्था, पुरुष व महिलाओं के लिए अलग शौचालय आदि की समुचित व्यवस्थाएँ सुनिश्चित मिली। उन्होंने वहाँ ठहरे हुए लोगों से बात की और सुविधाओं के बारे में जानकारी ली कि कोई समस्या तो नहीं है। उन्होंने आस पास से आए असहाय, गरीब, बेसहारा और जरुरतमंद लोगों को ठंड से बचाव के लिए कंबल वितरित किया। उनसे कहा कि ठंढ़ से बचाव के लिए सरकार द्वारा कम्बल वितरित कराया जा रहा है। उन्होंने लोगों को ठंड से बचने की सलाह दी। उन्होंने शहर के सार्वजनिक स्थलों जैसे रेलवे स्टेशन, बस अड्डे, अस्थाई रैन बसेरे, प्रमुख मंदिरों के बाहर ठंड से बचाव के लिए नियमित अलाव जलाने की व्यवस्था करने तथा संबंधित अधिकारीगण को निर्देशित किया कि वह उक्त रैन बसरों के प्रचार प्रसार के लिए बैनर व होडिंग आदि मुख्य मार्ग पर लगाये जायें, जिससे जरूरतमंद व्यक्तियों को रैन बसरे की सुविधा प्राप्त हो सके तथा शहर के मुख्य मार्गो एवं चौराहों व स्थानों पर अलाव आदि की पर्याप्त व्यवस्था की जाये एवं आवश्यकता पड़ने पर उक्त रैन बसेरों की क्षमता एवं अलावों की संख्या बढ़ाये जाने पर विशेष ध्यान रखा जाये। इस दौरान अपर ज़िलाधिकारी , उपजिलाधिकारी सदर, तहसीलदार सदर, नायब तहसीलदार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# याद किए गए पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय डॉ. मनमोहन सिंह

अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** सोनभद्र शहर कांग्रेस कमेटी के तरफ से नव वर्ष 2025 का अनोखे तरीके से सेलिब्रेशन किया गया प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर सोनभद्र शहर में कांग्रेस जनों ने कार्यवाहक अध्यक्ष राजीव त्रिपाठी के नेतृत्व में नगर के दलित बस्ती वार्ड नंबर 2 विकास नगर काशीराम आवास में जगह-जगह लोगों से मिलकर उनको गुलाब का फूल देकर नव वर्ष की मंगलमय शुभकामना एवं बधाई दी और लोगों को पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह के द्वारा उनके प्रधानमंत्री रहते हुए दिए गए अधिकारों को बताया शहर अध्यक्ष राजीव त्रिपाठी ने लोगों को बताया कि प्रधानमंत्री स्वर्गीय डॉक्टर मनमोहन सिंह जी ने देश के लिए मनरेगा जैसा कानून दिया जिसमें 100 दिन की गारंटी से रोजगार प्राप्त करने का अधिकार मिला, शिक्षा का अधिकार, वनाधिकार का कानून, भोजन का अधिकार, किसानों के लिए संपूर्ण कृषि ऋण माफ योजना, परमाणु समझौता, आधार स्कीम, राष्ट्रीय फूड सिक्योरिटी एक्ट, भूमि अधिग्रहण अधिनियम, सूचना का अधिकार जैसे सशक्त कानून देश को दिए आज हम कांग्रेस जन उनको नववर्ष के उपलक्ष में विनम्र श्रद्धांजलि देते हैं ऐसे महापुरुष को युगों युगों तक याद रखा जाएगा। इंजीनियर जितेंद्र पासवान ने कहा कि डॉक्टर मनमोहन सिंह जी ने देश में आर्थिक असमानता को दूर किया और गरीब आदिवासियों दलित तबके के लोगों को भी आर्थिक समृद्धि प्रदान की। हाजी फरीद अहमद ने कहा कि डॉक्टर साहब ने देश के लिए ऐसे कानून दिए जिससे हर वर्ग को अधिकार प्राप्त हुए और खुशहाली का जीवन जीने का अवसर प्राप्त हुआ।

# कर्मचारियों के सेवानिवृत होने पर दी गई विदाई

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/ विंध्यनगर।** एनटीपीसी-विंध्याचल परियोजना मे दिनांक 31.12.2024 को अपनी दीर्घ सेवा देने के पश्चात कुल 10 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी इस प्रकार से हैं :- अतुल मरखेडकर, अपर महाप्रबंधक(नगर अनुरक्षण), परशुराम देव, वरिष्ठ प्रबंधक (सुरक्षा), ऋषि नारायण सिंह, अभियंता(ईधन प्रबंधन), उमेश कुमार पाण्डेय, अभियंता/ एसएलपीएस (प्रचालन), राजमणि पटेल, अभियंता/ एसएलपीएस (प्रचालन), रामजियावन नामदेव, अभियंता/ एसएलपीएस(प्रचालन), गोपाल कृष्ण सिरोटिया, अधिकारी/ एसएलपीएस (चिकित्सा), राम सहाय, प्रचालक (प्रचालन), हरी प्रसाद, प्रचालक(ईधन प्रबंधन) एवं लगनधारी चर्मकार, प्रचालक (टीएमडी)। एनटीपीसी-विंध्याचल प्रबंधन द्वारा सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों का सम्मान परियोजना के उमंग भवन के सभागार में किया गया। स्वागत की कड़ी में कार्यकारी निदेशक(विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार एवं महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) संजीब कुमार साहा नें सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों का पुष्पमाला से स्वागत किया। साथ ही परियोजना की यूनियन/एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने भी पुष्पमाला पहनाकर अतिथि कर्मचारियों का स्वागत किया। इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार नें सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि एनटीपीसी-विंध्याचल को वर्तमान ऊंचाइयों तक पहुंचाने में आपके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा और एनटीपीसी-विंध्याचल सदा ही आपकी सेवा के लिए आपका कृतज्ञ रहेगा। साथ ही महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) संजीब कुमार साहा नें सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को अपने जीवन की नई पारी की नए सिरे से शुरुआत करने हेतु शुभकामनायें दीं तथा सभी के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इसी कड़ी मे विभागाध्यक्षों ने भी सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को शुभकामनायें दीं तथा सभी के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।सम्मान की कड़ी में सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों का कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार एवं अन्य महाप्रबंधकगणों द्वारा फल, शाल एवं स्मृति-चिन्ह से सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को एनटीपीसी मे उनके द्वारा दी गई दीर्घ सेवाओं के लिए दीर्घ सेवा प्रमाण-पत्र आदि भी प्रदान किया गया। तत्पश्चात सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों ने बारी-बारी से एनटीपीसी से जुड़ी अपनी यादों को साझा किया। सभी नें एनटीपीसी में अपने बिताए समय को अविस्मरणीय कहा। उन्होने कहा कि उनकी पहचान एनटीपीसी के कारण ही बनी है और वे अपने आप को गौरवान्वित महसूस करते हैं।

# गोसंरक्षण केन्द्रों के लोकार्पण की तैयारियां शीघ्र पूरी की जाए: धर्मपाल

## पशु चिकित्साधिकारी गोआश्रय स्थलों का अनिवार्य रूप से निरीक्षण कर रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड करें

अवधनामा ब्यूरो

- गोआश्रय संबंधी किसी भी शिकायत या समस्या का तुरन्त समाधान किया जाए
- गोआश्रय स्थलों पर ठंड से बचाव हेतु पर्याप्त व्यवस्थायें की जाए: धर्मपाल सिंह



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा है कि निराश्रित गोवंश के संरक्षण कार्य नियमित रूप से संचालित किया जाए तथा गोआश्रय स्थलों में खंडविकास अधिकारियों एवं पशुचिकित्सा अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से भ्रमण करते हुए शत-प्रतिशत पर्यवेक्षण किया जाए। निराश्रित गोवंशों के कारण हो रही दुर्घटनाओं एवं अन्य शिकायतों का त्वरित संज्ञान लेकर उसका निस्तारण किया जाए। इसके साथ ही चारागाह/गोचर भूमि को शत-प्रतिशत कब्जा मुक्त कराकर हरा चारा उत्पादन कराया जाए और चारा विकास कार्यक्रम पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने नव निर्मित 15 वृहद गोसंरक्षण केन्द्रों के लोकार्पण की तैयारियां शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिये। धर्मपाल सिंह ने आज यहां विधानभवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में पशुधन विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि गोआश्रय स्थलों में गोवंश के ठंड से बचाव हेतु तिरपाल, अलाव व अन्य आवश्यक व्यवस्थायें तथा चारा, भूसा, पानी, प्रकाश, औषधि की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। सिंह ने निर्देश दिये कि बकरी पालन तथा मुर्गी पालन की योजनाओं का व्यापक प्रचार करते हुए पात्र परिवारों को योजना का लाभ दिया जाए। वृहद गोसंरक्षण केन्द्रों का निर्माण ससमय पूर्ण किये जाए तथा गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए।सिंह ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री के दिशा-निर्देशन में निराश्रित गोवंश के संरक्षण एवं संवर्द्धन का कार्य निरन्तर किया जा रहा है। पशुपालकों एवं किसानों की आय में बढ़ोत्तरी करना सरकार का मुख्य उद्देश्य है। नस्ल सुधार एवं कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रमों को युद्ध स्तर पर संचालित किया जाए। गोशालाओं में गोवंश के भरण पोषण की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाया जाए। पशुधन मंत्री ने निराश्रित गोवंश संरक्षण की अद्यतन स्थिति, प्रदेश में साइलेज टेंडर की समीक्षा, निराश्रित गोवंश के संरक्षण हेतु अभियान, गोआश्रय पोर्टल में कब्जामुक्त भूमि एवं हरे चारे की बुआई, वृहद गोसंरक्षण केन्द्रों की स्थिति आदि बिन्दुओं की गहन समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।बैठक में पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग के प्रमुख सचिव के0 रवीन्द्र नायक ने मंत्री को विभागीय योजनाओं की अद्यतन प्रगति से अवगत कराया। वर्तमान में 7695 गोआश्रय स्थलों पर 1231198 निराश्रित गोवंश संरक्षित हैं। प्रमुख सचिव ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि निराश्रित गोंवश के ठंड से बचाव हेतु पर्याप्त इंतजाम किये जाए और जहां कहीं भी कोई समस्या हो उसे तत्काल शासन को अवगत कराया जाए। गोआश्रय स्थलों के निरीक्षण के समय पशु चिकित्साधिकारी सभी बिन्दुओं की समीक्षा करें और निरीक्षण रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड करें। बैठक में पशुधन विभाग के विशेष सचिव देवेन्द्र पाण्डेय, पशुपालन निदेशालय के अपर निदेशक डा0 जयकेश पाण्डेय, संयुक्त निदेशक डा0 पी0एन0 सिंह सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# लिटिल नेस्ट पब्लिक स्कूल में मनाया गया वार्षिकोत्सव



अवधनामा ब्यूरो

**बाराबंकी/लखनऊ।** बाराबंकी क्षेत्र के ग्राम जरगावां में लिटिल नेस्ट पब्लिक स्कूल में हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें स्कूल के बच्चों के द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी व बाल मेला का आयोजन किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने अपने हाथों से बनाएं प्रोजेक्ट प्रदर्शित किए जिसे देख अभिभावक व आए हुए लोगों खूब सराहा। दूसरी तरफ बच्चों ने बाल मेला में भी अच्छा प्रदर्शन करते हुए नई-नई प्रकार की दुकानों को सुसज्जित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के परंपरागत तरीके से हुआ, जिसमें सर्वप्रथम उस्ताद मो आबिस रिज़्वी प्रवक्ता श्री रामाभिलाष स्मारक इण्टर कॉलेज नसीपुर ने तिलावते हदीसे किसा से किया। कार्यक्रम का संचालन अली जाफ़र ज़ैदी ने किया। प्रदर्शनी और मेला का उद्घाटन ग्राम पंचायत जरगांवा श्रीमती रजनी जायसवाल और प्रधान प्रतिनिधि अनिल जायसवाल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कार्यक्रम में मास्टर राम नारायण यादव, मास्टर सिद्धार्थ प्रकाश शर्मा, राम जी द्विवेदी, मौलाना अयाज़ हुसैन, हसन रज़ा, शबीब हैदर,शुजा अब्बास, अजीजुल हसन, ज़ामिन आलमपुरी, मो सामिन, रज़ाउल मुस्तफा,शिव हर्ष वर्मा,प्रवेश यादव, अखिलेश यादव, शाने आलम, मो तालिब के अलावा अभिभावकों व क्षेत्र के सम्मानित लोगों ने हिस्सा लिया। वार्षिकोत्सव में आए हुए सभी लोगों का विद्यालय के प्रबंधक एजाज़ हैदर व प्रधानाचार्य असद अब्बास ने धन्यवाद व्यक्त किया।

# परीक्षा केंद्रों पर पहुंचा प्रश्नपत्र

- दो से 12 तक होंगी सेमेस्टर परीक्षाएं

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय और उससे संबद्ध कॉलेजों में दो जनवरी से शुरू होने वाली सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए केंद्रों पर कॉपी और प्रश्नपत्र पहुंच गए हैं। देशभर में बने 325 केंद्रों पर होने वाली परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय की ओर से पर्यवेक्षक भी भेजे गए हैं। इस बीच कुलपति ने परीक्षा की तैयारियों का जायजा लिया। कहा कि परीक्षा से संबंधित जो भी नियम व निर्देश जारी किए गए हैं, उसे न मानने वाले कॉलेजों की मान्यता समाप्त करने की कार्रवाई की जाएगी। सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय और कॉलेजों की 2 से 12 जनवरी तक शास्त्री प्रथम सेमेस्टर सत्र की बैक परीक्षा एवं शास्त्री तृतीय सेमेस्टर सत्र (2023-2026), चतुर्थ सेमेस्टर सत्र (2022-2025) और आचार्य प्रथम सेमेस्टर सत्र (2024-2026), आचार्य तृतीय सेमेस्टर सत्र (2023-2025) के संस्थागत, व्यक्तिगत, भूतपूर्व, बैक/श्रेणी सुधार/ एकविषयक परीक्षा कराई जाएगी। इसके लिए परीक्षा संबंधी सभी गोपनीय प्रपत्रों का थैला व अन्य सामग्री का वितरण विश्वविद्यालय में बने तीन काउंटर से करवाया गया। दूसरे दिन उत्तर प्रदेश के वाराणसी, मिर्जापुर, बलिया, आजमगढ़, मऊ सहित अन्य जिलों के केंद्राध्यक्षों ने गोपनीय सामग्री ली। कुलपति प्रो. बिहारीलाल शर्मा ने सभी केंद्राध्यक्षों से कहा कि यदि किसी केंद्र पर सामूहिक नकल होती है या किसी परीक्षार्थी के स्थान पर दूसरे व्यक्ति से परीक्षा दिलवाई जाती है तो कॉलेज की मान्यता समाप्त कर दी जाएगी।परीक्षा नियंत्रक प्रो. सुधाकर मिश्र ने बताया कि परीक्षा से संबंधित किसी भी कदाचार को लेकर यदि परीक्षा समिति किसी महाविद्यालय पर कोई अवमानना शुल्क नियोजित करती है तो, वह अवमानना शुल्क महाविद्यालय को देना होगा।

## डॉक्टर जगन्नाथ साहू की 88 वीं जयंती मनाई गई

**लखनऊ।** अखिल भारतीय साहू वैश्य महासभा के संस्थापक अध्यक्ष परम श्रद्धेय डॉक्टर जगन्नाथ साहू की 88 वीं जयंती राम दुलारी साहू भवन जल निगम रोड बालागंज में सम्पन्न हुई, सर्वप्रथम उपस्थित लोगों ने डॉक्टर जगन्नाथ साहू के चित्र पर माल्यार्पण किया, इसके पश्चात उत्तर प्रदेश तैलिक साहू महासभा के प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष दिलीप साहू ने स्वर्गीय डॉक्टर जगन्नाथ साहू के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि परम स्व. डॉ. जगन्नाथ साहू का जन्म 1 जनवरी 1937 को छत्तीसगढ़ प्रदेश के रायपुर जिले में हुआ था और 5 अक्टूबर 2018 को दिल्ली में ब्रह्मलीन हुए। जिन्हें सभी लोग आदर से बाबूजी कहकर बुलाते थे। कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेसु कदाचन की राह पर चलते हुये डॉ. जगन्नाथ ने समाज की निस्वार्थ सेवा करते हुये अपने जीवन काल में अनेकों सामूहिक विवाह, सम्मेलन करवायें एवं विगत 37 वर्षो से अखिल भारतीय साहू वैश्य महासभा की मासिक पत्रिका का अनवरत सम्पादन किया। समाज को एकीकृत संगठित करने के लिये अपनी पेंशन, सम्पत्ति सब कुछ समाज को न्यौछावर कर दिया,रोहिणी स्थित अपने लगभग 25 करोड़ मूल्य के बंगले एवं समस्त बैंक बैलेंश, सम्पत्ति को संस्था के नाम पर कर दिया।

# परिवहन मंत्री ने शहीद एक्सप्रेस बस सेवा को हरी झंडी दिखायी

- शहीद एक्सप्रेस बस सेवा प्रतिदिन लखनऊ से देवरिया तक संचालित होगी

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने लखनऊ के बुद्धेश्वर चौराहा से देवरिया जिले के लिए चलने वाली शहीद एक्सप्रेस साधारण बस सेवा के शुभारम्भ के अवसर पर आज राजाजीपुरम (बुद्धेश्वर चौराहा) पर स्थापित शहीद कैप्टन अंशुमान सिंह मूर्ति स्थल से उक्त बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने बताया कि यह बस सेवा प्रतिदिन आलमबाग से प्रातः 10:30 बजे रवाना होगी और बरडीहा वाया गोरखपुर देवरिया लार रोड के लिए संचालित की जायेगी। यह बस बरडीहा 08:30 बजे पहुंचेगी एवं बरडीहा से प्रतिदिन प्रातः 07 बजे से चलकर शाम 04:30 बजे लखनऊ पहुंचेगी। लखनऊ से बरडीहा का किराया 585 रूपये और कुल 406 किमी0 की दूरी होगी। भविष्य में आवश्यकतानुसार उक्त बस का संचालन कानपुर से किया जायेगा।

परिवहन मंत्री ने शहीद एक्सप्रेस बस सेवा के शुभारम्भ के अवसर पर आज बुद्धेश्वर स्थित शहीद कैप्टन अंशुमान सिंह के मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि कैप्टन अंशुमान सिंह देवरिया जिले के बरडीहा दलपत गांव के रहने वाले थे और सियाचिन ग्लेशियर में इनकी तैनाती थी। 19 जुलाई, 2023 को सार्ट सर्किट की वजह से आग लगने के कारण कई जवान बंकर में फंस गये थे, जवानों को बचाने के लिए इन्होंने अपने जान की परवाह न करते हुए बंकर में दाखिल हुए और बुरी तरह जख्मी हो गये। बाद में इलाज के दौरान इनकी दुखद मृत्यु हो गयी। इन्होंने देवरिया जनपद का नाम रोशन किया। कैप्टन अंशुमान सिंह जैसे वीर सपूतों पर देश हमेशा गर्व करेगा।

इस अवसर पर मलावा (हरदोई) के विधायक आशू सिंह, शहीद कैप्टन अंशुमान सिंह के माता-पिता एवं परिवार के अन्य सदस्य एवं आरएम लखनऊ आर0के0 त्रिपाठी, एसएम लखनऊ विनोद कुमार, एआरएम अशोक कुमार मेहरोत्रा, राजेश कुमार सिंह, योगेन्द्र सेठ, एस0एन0 चौधरी, जगदीश प्रसाद, जीतेन्द्र प्रसाद सहित अन्य विभागीय अधिकारी भी

## ऑल इन्डिया शिया हुसैनी फॅन्ड ने शियों की हत्या पर भारत सरकार और यूएनओ को लिखा पत्र

**लखनऊ।** ऑल इन्डिया शिया हुसैनी फॅन्ड की एक सभा चेयरमैन मोहम्मद ज़की की अध्यक्षता में पाकिस्तान सरकार के विरुद्ध आयोजित हुई। सभा में महासचिव हसन मेहदी झब्बू ने कहा कि पारा-चिनार में आंतकवादियों के साथ पाक सेना तथा सरकार मिलकर शियों की हत्याऐं कर रही है। बच्चों को भोजन तथा दवाईयों रोक कर उन्हें मरने के लिए छोड़ रही है। सारे पारा-चिनार के रास्ते पाक सेना ने बन्द करके शियों को मार डालने की बड़ी साजिश करके आंतकवादियों का साथ दे रही है। सभा में उपसचिव इसरारूल हसन ने कहा कि हम भारत के शिया पारा-चिनार के शियों पर हो रहे अत्याचारों पर चुप नही रह सकते। सभा में भारत के प्रधानमंत्री को पत्र भेजकर उनसे ये अपील की गई वो यू.एन.ओ. को भारत के शियों की पारा-चिनार के शियों की हत्याओं से अवगत करायें उन पर हो रहे अत्याचारों को बन्द कराये। सभा में साबिर अब्बास एडवोकेट, मोहम्मद शाहिद काज़िम, अलीम हुसैन आदि ने भी अपने विचार पेश किये।

नववर्ष 2025 की हार्दिक शुभकामनाएं





# माहे रजब का चांद दिखा

**लखनऊ।** इस्लामी महीने जमादिस्सानी की 29 तारीख बुधवार को माहे रजब का चांद हो गया। मरकजी चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली और शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास नकवी ने ऐलान किया कि गुरुवार 2 जनवरी को रजब की पहली तारीख होगी। मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने बताया कि शबे मेराज 26 जनवरी को होगी। मौलाना सैफ अब्बास नकवी ने बताया कि हजरत अली का जन्मदिन 13 रजब 14 जनवरी को है। वहीं आल इंडिया शिया चांद कमेटी के महासचिव मौलाना तसनीम मेहदी और इदारए शरैय्या फिरंगी महल के अध्यक्ष मौलाना अबुल इरफान ने भी बुधवार को रजब का चांद होने का ऐलान किया। मौलाना तसनीम मेहदी ने कहा कि लैलतुल रगाएब के दिन पहली रजब से शुरू हो गये हैं। इन दिनों में रोजा रखने और इबादत का बहुत सवाब है।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्व. डॉ. मनमोहन की उपलब्धियां बताई

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** शहर कांग्रेस कमेटी की ओर से पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय डॉ. मनमोहन सिंह की याद में नये साल पर पुराने लखनऊ के हुसैनाबाद स्थित ऐतिहासिक आसिफी इमामबाड़े और छोटे इमामबाड़े के पास पर शहर अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी और डॉ. शहजाद आलम के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आम जनता को स्वर्गीय डॉ. सिंह की उपलब्धियां बताई। शहर अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी और डॉ. शहजाद आलम ने लोगों से मुलाकात कर स्वर्गीय डॉ. के प्रधानमंत्री काल में देश के लोगों के लिए चलाई योजनाओं की जानकारी दी। नेताद्वय ने कहा कि स्वर्गीय डॉ. सिंह ने अपने कार्यकाल में कई ऐसी योजनाएं दीं जिससे आम जनमानस के जीवन में सहजता और सरलता आई। उनके इस योगदान को भारत और यहां रहने वाले लोग कभी भूल नहीं सकते। जननी सुरक्षा योजना, मनरेगा, सम्पूर्ण कृषि कर्ज माफी, सूचना का अधिकार अधिनियम, परमाणु समझौता, फॉरेस्ट राइट एक्ट, आधार योजना, शिक्षा का अधिकार अधिनियम, राष्ट्रीय फूड सिक्योरिटी एक्ट, भूमि अधिग्रहण अधिनियम सहित तमाम राष्ट्र हित की योजनाएं देश को पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. सिंह ने समर्पित कीं। इस मौके पर शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष किश्वर जहां, फखरुल इस्लाम, अजय वर्मा, आकिल हुसैन शीजू, मोहम्मद नोमान, नावेद नकवी, इशरत अली, जमाल खान, इबरत खान, माता प्रसाद नेता, तनवीर फातिमा, बाकर मेहदी, मोहम्मद इरफान, रफीक गाजी, पूर्व पार्षद अजहर बेग, मोहम्मद इस्हाक, शहाबुद्दीन सहित अन्य पदाधिकारी शामिल थे।

# दो से तीन दिनों में करवट लेगा मौसम हवा का रुख बदलेगा, कम होगी गलन

- तेज हवाओं की वजह से प्रदेश में कोहरा छंटेगा, धूप खिलेगी

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** नए विकसित हो रहे पश्चिमी विक्षोभ के असर से बृहस्पतिवार से मौसम फिर से करवट लेगा। तेज हवाओं की वजह से प्रदेश में कोहरा छंटेगा, धूप खिलेगी और अगले दो से तीन दिनों में दिन के तापमान में 4 से 6 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। इससे कड़ाके की सर्दी, घने कोहरे और गलन भरी हवा से फौरी तौर पर राहत मिलने वाली है।

मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से पहाड़ों से आ रही उत्तरी पश्चिमी हवाओं का रुख बदलेगा। पछुआ के साथ दक्षिण की हवा भी शामिल होने से दिन और रात दोनों के तापमान में हल्की बढ़त देखने को मिलेगी साथ ही कोहरा छंटने से धूप खिलेगी और गलन भरी हवा से कुछ राहत मिलने के आसार हैं। हालांकि इस बीच प्रदेश के तराई इलाकों समेत कहीं कहीं हल्के से मध्यम कोहरा देखने को मिलेगा। राजधानी लखनऊ की बात करें तो नए साल के पहले दिन बुधवार को सुबह सर्द पछुआ हवाएं चलीं, लेकिन दोपहर बाद धूप खिलने से मौसम खुशनुमा हो गया। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह का कहना है कि मौसम के बदलाव के बीच अब उत्तर के पहाड़ों की ओर से आ रही हवा का रुख बदलेगा। कोहरा छंटेगा और धूप खिलने की परिस्थितियां बनेंगी। अगले दो से तीन दिन में रात के पारे में 2 से 4 डिग्री और दिन के पारे में 4 से 6 डिग्री की बढ़ोतरी देखने को मिलेगी।

क्षेत्र एवं देशवासियों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
न्यू बलरामपुर डायग्नोस्टिक एण्ड सी.टी. स्कैन सेन्टर
हमारे यहाँ सी.टी. स्कैन, हाई फ्रीक्वेंसी एक्स रे मशीन, ई.सी.जी., अल्ट्रासाउंड, ऑटो एनालाइजर, ऑटो सेल काउंटर आदि सुविधाएं उपलब्ध है।
प्रोपराइटर- डॉ अजय प्रकाश श्रीवास्तव
पता- प्राइवेट बस स्टॉप तिराहा ब्लॉक रोड बढ़नी बाजार-सिद्धार्थ नगर

क्षेत्र एवं देशवासियों को भारती कृषक एसोसिएशन प्रदेशध्यक्ष रामलाल गुप्ता जनपद फर्रुखाबाद उत्तर प्रदेश की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं



रामलाल गुप्ता
प्रदेशध्यक्ष
जनपद फर्रुखाबाद

# आगरा में ताज महोत्सव-2025 आगामी 18 फरवरी से शुरू होगा

- ताज महोत्सव में कला-संस्कृति तथा ऐतिहासिक धरोहरों की जानकारी का संगम बनेगा: जयवीर सिंह

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** आगरा जनपद में ताज महोत्सव-2025 आगामी 18 फरवरी से 02 मार्च, 2025 तक आयोजित किया जा रहा है। इस महोत्सव में भारतीय कला संस्कृति का संगम देखने को मिलेगा। विभिन्न प्रदेशों के शिल्पकार अपनी-अपनी शिल्प कला का प्रदर्शन करेंगे। यह ताज महोत्सव घरेलू एवं दुनिया के पर्यटकों को आकर्षित करता है। ताज महोत्सव में हस्तशिल्प, कला, संस्कृति, स्थानीय व्यंजन, आगरा के गौरवशाली इतिहास, सांस्कृतिक विविधिता का आगन्तुक आनंद ले सकेगे।यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने आज यहां दी। उन्होंने बताया कि ताज महोत्सव प्रति वर्ष बड़ी संख्या में घरेलू और विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करता है। महोत्सव के इस बार की थीम इसे और खास बनाएगी। सिंफनी ऑफ साउंड्स (देशभर के संगीत की मिठास), डिजिटल देसी (परंपरा में आधुनिक तकनीक का समावेश) और कलर्स ऑफ इंडिया (त्योहारों का अनोखा संगम) जैसे विषयों के जरिए यह आयोजन आधुनिकता और परंपरा के बीच संतुलन को दर्शाएगा।

जयवीर सिंह ने बताया कि ताज महल दुनिया का अजूबा होने के कारण देश-विदेश के पर्यटक आगरा पहुंचते हैं। ताज महोत्सव समिति द्वारा आयोजित यह महोत्सव हर साल लाखों पर्यटकों को आकर्षित करता है। भारतीय संस्कृति का जश्न मनाने का यह अद्वितीय मंच प्रदान करता है। तकरीबन 23 वर्ष पहले 1992 में शुरू हुए इस महोत्सव ने भारत के पर्यटन कैलेंडर में अपना विशेष स्थान बनाया है। हर वर्ष वसंत ऋतु में आगरा इस उत्सव के जरिए कला, संगीत और उमंग से भर जाता है। महोत्सव में लगभग 400 शिल्पकार अपने बेहतरीन हस्तशिल्प, जैसे- लकड़ी की नक्काशी, संगमरमर की इनले वर्क और हाथ से बने वस्त्रों को प्रदर्शित करेंगे।पर्यटन मंत्री ने बताया कि सांस्कृतिक प्रस्तुति के लिए यह महोत्सव प्रसिद्ध है।

## आल इंडिया मोहम्मदी मिशन ने गर्म कपड़ों का किया वितरण

**लखनऊ।** आल इंडिया मोहम्मदी मिशन की ओर से बुधवार को तालकटोरा इंडस्ट्रियल एरिया स्थित मिशन कार्यालय में लगभग 4 दर्जन जरूरतमंद और विधवा महिलाओं को 500 रुपये से लेकर 1500 रुपये तक वजीफा और गर्म कपड़े वितरित किये गये। मौलाना अबुल इरफान फिरंगी महली की सरपरस्ती और मिशन अध्यक्ष इकबाल हाशमी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में समाजसेवी नईम सिद्दीकी, एएमयू ओल्ड ब्वायज एसोसिएशन की सचिव शहला हक, पूर्व निदेशक यूनानी चिकित्सा आफताब अहमद हाशमी सहित अन्य अतिथि उपस्थित थे। इस मौके पर मौलाना अबुल इरफान फिरंगी महली ने कहा कि अल्लाह ने अपने रसूल को तमाम कायनात के लिए रहमत बना कर भेजा। रसूले अकरम ने भी उम्मत को पैगाम दिया कि तुम जमीन वालों पर रहम करो ताकि आसमान वाला तुम पर रहम करे। मौलाना ने लोगों से औलिया अल्लाह की जिंदगी के बारे में पढने् और उसे समझ कर उसके मुताबिक जिंदगी गुजारने की अपील की। नईम सिद्दीकी ने संस्था के प्रयासों की सराहना की।

# तकरोही में सुन्दर काण्ड एवं भण्डारे का आयोजन



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** इंदिरा नगर, तकरोही बाजार में अन्नया फैशन बुटिक, संस्था द्वारा भव्य सुन्दर काण्ड, एवं भण्डारें का आयोजन किया गया, साथ ही गरीब एवं असहाय लोगों को भण्डारें का प्रसाद तथा कम्बल, वितरित किया गया। जिसमें आर्दश व्यापार मंडल प्रदेश अध्यक्ष, संजय गुप्ता, सीता नेगी, अध्यक्ष, महिला मोर्चा भाजपा लखनऊ महानगर, वर्तमान पार्षद अरविन्द यादव, पुर्व पार्षद डा0 काशीराम, युवा नेता कल्येश द्विवेदी, ,तकरोही इंदिरा नगर, अध्यक्ष कुलदीप यादव, महामंत्री जितेन्द्र सिंह ,एवं अन्य गणमान्य लोगों ने अपस्थित होकर प्रसाद और कम्बल वितरित किया। प्रबंधक अन्नया फैशन बुटिक, संस्था, माधुरी जैसवॉरा, ममता सिंह राठौर, मो0 हारुन, रोली सिह, सुनीता देवी सहित सभी सदस्य उपस्थित रहें। आज कल गरीबों के लिए काफी संस्थाएं काम कर रही है, लेकिन हमारा उद्देश्य गरीबों, पिछड़ो ,एवं असहायों की सहायता करने के साथ ही समाज के लोगों को जागरुक करना भी है, ताकि समाज के किसी भी वर्ग को किसी तरह की परेशानियों का सामना न करना पड़े, इसलिए हमारी संस्था बढ़चढ़ कर समय-समय पर विभिन्न चौराहों, पर गरीबों के लिए अलॉव, जलवाने, कपड़े वितरण करना ,तथा पैरों में पहनने के लिए चप्पल, जूता मोजा, टोपी, वितरित करने का कार्य भी हमारी संस्था करती रहती है।

क्षेत्र एवं देशवासियों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं



कुलदीप सिंह
जीएम चीनी मिल
कायमगंज जनपद
फर्रुखाबाद